सूर्योदय : 6:50
सूर्यास्त : 5:50
अधिकतम तापमान : 27.0
न्यूनतम : 16.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-224 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 05 फरवरी 2025
06 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# हम संविधान को जीते हैं : मोदी

- राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का प्रधानमंत्री ने दिया जवाब
- जाति की बातें करना कुछ लोगों का फैशन बन गया



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम संविधान को जीते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान में जो धाराएं हैं, एक स्पिरिट भी है। मोदी ने कहा कि संविधान को मजबूती देने के लिए संविधान की भावना को जीना पड़ता है। हम वो लोग हैं जो संविधान को जीते हैं।

मोदी ने कहा कि 2014 में जब हम आए, तब मान्य विपक्ष नहीं था। उतने अंक लेकर भी कोई नहीं आया था। भारत के अनेक कानून ऐसे थे कि हमें पूरी स्वतंत्रता थी उस कानून के हिसाब से काम करने की। अनेक कमेटियां भी ऐसी थीं, जिसमें लिखा था विपक्ष के नेता उसमें आएंगे, लेकिन विपक्ष कोई था ही नहीं। प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि ये हमारा संविधान जीने का स्वभाव था, हमने तय किया कि भले मान्य विपक्ष नहीं होगा, लेकिन जो सबसे बड़े दल का नेता है, उसे मीटिंग्स में बुलाएंगे। उन्होंने कहा कि जब सत्ता सेवा बन जाए, तो राष्ट्र निर्माण होता है। जब सत्ता को विरासत बना दिया जाए, तो लोकतंत्र खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि हम संविधान की भावना को लेकर चलते हैं, हम जहर की राजनीति नहीं करते हैं। हम देश की एकता को सर्वोपरि रखते हैं और इसलिए सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाते हैं। जो दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि सात दशक तक जम्मू-कश्मीर-लद्दाख को संविधान के अधिकारों को अलग रखा गया। ये संविधान के साथ भी अन्याय था और जम्मू-कश्मीर-लद्दाख के साथ भी अन्याय था। हमने अनुच्छेद 370 की दीवार गिरा दी। अब जम्मू-कश्मीर-लद्दाख को देशवासियों को जो अधिकार हैं, वो अधिकर उन्हें मिल रहे हैं। हम संविधान के महात्म्य को जानते हैं। संविधान की भावना को जीते हैं, इसलिए ऐसे मजबूत निर्णय भी हम करते हैं। कहा कि जाति की बातें करना कुछ लोगों का फैशन बन गया है। पिछले 30 साल से सदन में आने वाले ओबीसी समाज के सांसद दलों के भेदभाव से ऊपर उठकर एक होकर मांग कर रहे थे कि ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा दिया जाए। जिन लोगों को आज जातिवाद में मलाई दिखती है, उन लोगों को उस समय ओबीसी की याद नहीं आई। हमने ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा दिया। हमारा निरंतर प्रयास है कि हर योजना का शत प्रतिशत लाभ हर लाभार्थी को मिले। लेकिन कुछ लोगों ने मॉडल ही ऐसा बनाया था कि कुछ ही लोगों को दो औरों को तड़पाओ और तुष्टिकरण की राजनीति करो।

### विदेश नीति को लेकर पीएम का राहुल पर पलटवार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और विपक्षी दलों पर जमकर हमले किए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग विदेश नीति पर ऐसे ही बात कर देते हैं, ताकि वे परिपक्व दिखें, भले ही उन्हें इसके बारे में ज्यादा जानकारी न हो। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सुझाव दिया कि वह जेएफके फोर्गोटेन क्राइसिस- तिबत, द सीआईए एंड द सिनो-इंडियन वॉर किताबों को पढ़ें। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी तब की है, जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में विदेश नीति पर बात की। मोदी ने कहा, कुछ लोग विदेश नीति पर ऐसे ही बोल देते हैं, चाहे उन्हें इसके बारे में गहरी जानकारी न हो और चाहे इससे देश को कुछ भी नुकसान हो।

# प्रदेश के आठ जिलों में सवैतनिक अवकाश

- एक जिले में घोषित हुआ सार्वजनिक अवकाश
- सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त



**लखनऊ।** शासन ने पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आठ जिलों के मतदाता कर्मचारियों के लिए बुधवार को सवैतनिक अवकाश घोषित किया है।

अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन जितेन्द्र कुमार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद की भांति पास के जिलों बागपत, बुलंदशहर, हापुड़, मुजफ्फरनगर, शामली तथा मेरठ में कार्यरत मतदाताओं को भी सवैतनिक अवकाश दिया जायेगा। उन्होंने इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। यह आदेश सरकारी के साथ-साथ प्राइवेट कर्मचारियों पर भी लागू होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बताया कि पांच फरवरी को जिले में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। जिले के कोषागार व उप कोषागार भी बंद रहेंगे। जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा ने बताया कि बुधवार को कचहरी में भी अवकाश घोषित किया गया है। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलसचिव उमानाथ ने बताया कि आवासीय परिसर के साथ जिले के संबद्ध कॉलेजों में अवकाश रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बताया कि उपचुनाव में मतदाताओं को मतदान पर्चियां वितरित की जा चुकी हैं।

## न्यूज डायरी

### पीएम मोदी संगम में लगाएंगे डुबकी

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में पूर्वाह्न 11 बजे संगम में डुबकी लगाएंगे और गंगा आरती में शामिल होंगे। एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी। विज्ञप्ति के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी पूर्वाह्न 11 बजे संगम में डुबकी लगाएंगे। मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री के आगमन से पहले मंगलवार को सभी तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। पिछले वर्ष 13 दिसंबर को प्रधानमंत्री ने अपनी प्रयागराज यात्रा के दौरान 5,500 करोड़ रुपये की 167 परियोजनाओं का लोकार्पण किया था। इस वर्ष 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में सोमवार तक 37.54 करोड़ से अधिक लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं और मंगलवार शाम छह बजे तक 71.62 लाख लोगों ने संगम में स्नान किया था।

### सत्येंद्र दास का हाल लेने पहुंचे सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार शाम एसजीपीजीआई पहुंचकर आचार्य सत्येंद्र दास का कुशलक्षेम जाना। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास को रविवार को पक्षघात (स्ट्रोक) के चलते पहले अयोध्या के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उन्हें चिकित्सकों ने एसजी पीजीआई के लिए रेफर कर दिया। एसजी पीजीआई अस्पताल प्रशासन द्वारा हेल्थ बुलेटिन के अनुसार वे मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी गंभीर बीमारियों से भी ग्रस्त हैं। फिलहाल उन्हें न्यूरोलॉजी आईसीयू में रखा गया है और डॉक्टरों की गहन निगरानी में उनका इलाज जारी है।

### लोकसभा स्पीकर से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** ओम बिरला ने निचले सदन की कार्यवाही देखने के लिए संघीय विधानसभा के राज्य ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोडिन के नेतृत्व में रूसी संसदीय प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया। भारत-रूस संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण यात्रा के तहत प्रतिनिधिमंडल भारत में है। ओम बिरला ने प्रतिष्ठित प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे आप सभी को यह सूचित करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमारे विशिष्ट सम्मान बॉक्स में रूसी संघ के राज्य ड्यूमा के अध्यक्ष, व्याचेस्लाव वोलोडिन वोलोडिन के नेतृत्व में रूसी संसदीय प्रतिनिधिमंडल उपस्थित है।

# अमेरिका से सैकड़ों भारतीय डिपोर्ट

- 205 लोगों को लेकर आ रहा यूएस आर्मी का विमान
- अमृतसर एयरपोर्ट पर करेगा लैंड
- डौंकी लगवाकर जाते हैं लोग



**अमृतसर।** यूनाइटेड स्टेट अमेरिका (यूएस) में राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप की ओर से अवैध तरीके से रह रहे लोगों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी के तहत अमेरिका से डिपोर्ट होकर आ रहे 205 भारतीय लोगों का विमान बुधवार सुबह श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट अमृतसर पर लैंड करेगा। इस संबंधी जिला प्रशासन की ओर से इन सभी भारतीय को डिटेन किया जाएगा। एयरपोर्ट पर इनके दस्तावेज की जांच करने के बाद इन सभी को इनके घरों की तरफ रवाना कर दिया जाएगा।

जानकारी मुताबिक अमेरिका आर्मी का एक जहाज सी-17 ने मंगलवार को अमेरिका के सैन एंटोनियो से अमृतसर एयरपोर्ट के लिए उड़ान भर चुका है। इसमें कुल 205 भारतीय लोग सवार है। इन्हें अभी कुछ दिन पहले ही अमेरिका की पुलिस की ओर से गिरफ्तार किया गया था। भारतीय समय के मुताबिक यह जहाज बुधवार सुबह करीब नौ बजे एयरपोर्ट पर लैंड करेगा। इसके बाद सभी लोगों की इमीग्रेशन जांच होगी। इसके साथ ही यह भी संदेह है कि बहुत सारे ऐसे भी लोग हो सकते है, जिनके खिलाफ पंजाब के विभिन्न शहरों में अपराधिक केस दर्ज हैं। ऐसे में उन लोगों की भी पहचान कर मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जितने भी लोगों को अब अमेरिका की ओर से वापिस भेजा जा रहा है। वह सभी एजेंटों के जरिये डौंकी लगवाकर जाते हैं। इस तरह एजेंट प्रति व्यक्ति 35 से 40 लाख रुपये लेते हैं। इन सभी लोगों को मैक्सिको, पनामा आदि के जंगलों के जरिये अमेरिका में गैर-कानूनी तरीके से प्रवेश करवाया जाता है।

# दिल्ली में वोटिंग से पहले माहौल खराब करने की कोशिश : चुनाव आयोग

- ईसी ने एक्स पर पोस्ट डालकर आशंका जताई
- कानून के तहत काम कर रहे अधिकारी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव के बीच चुनाव आयोग का बड़ा बयान सामने आया है। राजनीतिक दलों के द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए जा रहे आरोपों का जवाब दिया गया है।

चुनाव आयोग ने कहा कि तीन सदस्यीय आयोग ने सामूहिक रूप से चुनावों में चुनाव आयोग को बदनाम करने के लिए बार-बार जानबूझकर दबाव बनाने की रणनीति पर ध्यान दिया। आगे कहा कि लोगों को लगता है कि जैसे ये एक एकल सदस्यीय निकाय है। लेकिन इसने संवैधानिक संयम बरतने का निर्णय लिया गया है। इस तरह के आक्षेपों को बुद्धिमत्तापूर्वक, धैर्यपूर्वक सहन किया है और इससे प्रभावित नहीं हुआ है। चुनाव आयोग ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि दिल्ली चुनाव में राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से उठाए गए मुद्दों पर 1.5 लाख से अधिक अधिकारी काम कर रहे हैं। उठाए गए मुद्दों पर कार्रवाई की जा रही है, जो निष्पक्ष और गैर-पक्षपातपूर्ण हो रही है। सारे अधिकारी मजबूत प्रक्रियाओं और एसओपी के तहत काम कर रहे हैं। जानकारी के लिए बता दें कि आम आदमी पार्टी की ओर से लगातार चुनाव आयोग के कार्य पर सवाल उठाए जा रहे हैं। ताजा मामला दिल्ली में आचार संहिता को लेकर है। जहां सीएम आतिशी ने भाजपा समर्थकों की आयोग से शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सीएम आतिशी के खिलाफ ही मामला दर्ज कर लिया और वहीं भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के बेटे के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कर ली। जिसके बाद मुख्यमंत्री आतिशी और राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कार्रवाई पर सवाल उठाए। सीएम आतिशी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि चुनाव आयोग भी गजब है।

# भूटान नरेश संग मुख्यमंत्री योगी ने संगम में लगाई पावन डुबकी

- महाकुम्भ का वैभव देख अभिभूत हुए भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक
- भूटान नरेश ने सीएम संग की गंगा, यमुना और सरस्वती की विधि-विधान से उपासना



**महाकुम्भ नगर।** भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संग त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई।

भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक सोमवार को ही लखनऊ पहुंचे थे, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। वहीं मंगलवार को नामग्याल वांगचुक के साथ मुख्यमंत्री प्रयागराज पहुंचे और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। भूटान नरेश संगम में आस्था की डुबकी लगाने के बाद अक्षय वट और बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन के लिए गये। दोनों नेताओं ने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र का भी दौरा किया। सदी के सबसे बड़े आयोजन महाकुम्भ 2025 में स्नान के लिए पूरी दुनिया लालायित है। इसी क्रम में भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भी गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम में पुण्य की डुबकी लगाने प्रयागराज पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें त्रिवेणी संगम पर विधिवत स्नान और पूजा-अर्चना कराई। जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक सोमवार को ही थिम्फू से लखनऊ पहुंचे थे, जहां सीएम योगी ने उनका स्वागत किया। संगम में स्नान-ध्यान के उपरांत भूटान नरेश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अक्षयवट का दर्शन करने पहुंचे। इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान जी के मंदिर में मत्था टेका। इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान मंदिर के नजदीक बने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र पहुंचकर महाकुम्भ के दिव्य-भव्य और डिजिटल स्वरूप का भी अवलोकन किया। भूटान नरेश का यह दौरा भारत-भूटान मित्रता एवं सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर वोटिंग आज

- 699 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला ईवीएम में होगी कैद

**नई दिल्ली।** दिल्लीवासी बुधवार को अपनी सरकार चुनेंगे। 70 विधानसभा सीटों पर 699 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला 1.56 करोड़ मतदाता करेंगे। 13,766 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। इसके लिए दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से तैयारियां पूरी कर ली हैं। मंगलवार दोपहर बाद ईवीएम के साथ मतदानकर्मियों ने पोलिंग स्टेशन पर पहुंचकर जिम्मा भी संभाल लिया। सबसे कम उम्मीदवार पटेल नगर और कस्तूरबा नगर में पांच-पांच हैं, जबकि नई दिल्ली सीट पर 23 उम्मीदवार हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, नियत समय 6 बजे तक यदि कोई शख्स लाइन में लगेगा तो वह मतदान कर सकेगा। इसके लिए अतिरिक्त समय भी दिया जाएगा। एक ईवीएम में 16 प्रत्याशियों के ही चुनाव चिह्न हो सकते हैं। इससे अधिक उम्मीदवार होने पर दूसरी ईवीएम रखी गई है। जनकपुरी व नई दिल्ली सीटों के मतदान केंद्रों पर ईवीएम में दो ईवीएम इस्तेमाल की जाएंगी। बाकी 68 सीटों के केंद्रों पर एक ईवीएम होगी। आपात स्थिति के लिए करीब 20 प्रतिशत ईवीएम रिजर्व में रखी गई हैं, ताकि कहीं कोई खराबी या ईवीएम में समस्या आने पर तत्काल बदली जा सकें। मतदान के लिए मतदाता सूची में नाम होना जरूरी है। मतदाता सूची में नाम होने पर मतदाता पहचान पत्र न होने की स्थिति में वोट दिया जा सकता है।

## अखिलेश यादव ने लोकसभा में उठाया महाकुंभ में हुई भगदड़ का मुद्दा

# मरने वालों के आंकड़े सामने लाए जाएं : अखिलेश

- स्पष्टीकरण देने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए
- जिम्मेदार लोगों पर घोर दंडात्मक कार्रवाई हो



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज महाकुंभ में मची भगदड़ के मारे गए लोगों के आंकड़े छिपाए जाने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को मांग की कि महाकुंभ की व्यवस्था के बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए और वहां विभिन्न व्यवस्थाएं सेना के हवाले की जाएं।

अखिलेश यादव ने मंगलवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि जिस तरह सरकार बजट के आंकड़े दे रही है, महाकुंभ में मरने वालों के आंकड़े भी दे तथा घायलों के इलाज, भोजन, परिवहन आदि का आंकड़ा संसद में पेश किया जाए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ की व्यवस्था के बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए और वहां खोया पाया, प्रबंधन आदि की जिम्मेदारी सेना को दी जाए। यादव ने केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लेते हुए मृतकों के आंकड़े छिपाए जाने का आरोप लगाया तथा हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों पर घोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''जिन्होंने सच छिपाया, उन्हें दंडित किया जाए। अगर (सरकार को) अपराध बोध नहीं है तो आंकड़े दबाए, छिपाए और मिटाए क्यों गए। आंकड़े छिपाने के लिए मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। जहां इंतजाम होना चाहिए था, वहां प्रचार हो रहा था। धार्मिक समागम में सरकार का प्रचार निंदनीय है। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि ''डिजिटल कुंभ कराने का दावा करने वाले मृतकों की डिजिट (संख्या) नहीं दे पा रहे।'' उन्होंने दावा किया कि महाकुंभ में भगदड़ के बाद संतों के एक निश्चित मुहूर्त में स्नान की परंपरा भी टूट गई। सपा सांसद ने कहा, ''अगर मेरी बात गलत है तो नेता सदन (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) चर्चा के जवाब में बताएं। उन्होंने यह दावा भी किया कि भगदड़ की घटना के 17 घंटे बीत जाने पर और राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री के शोक संदेश के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने लोगों के मारे जाने की बात स्वीकार की।

### आपस में टकरा रहे हैं डबल इंजन

अखिलेश यादव ने चुटकी लेते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी 'डबल इंजन' की सरकार का दावा करती है लेकिन ''अब उसके इंजन तो टकरा ही रहे हैं, बल्कि डिब्बे भी टकराने लगे हैं। कहा कि दस साल पहले वाराणसी को जापान के क्योटो शहर जैसा बनाने का दावा किया गया था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी का निर्वाचन क्षेत्र होने के बावजूद आज तक वहां मेट्रो शुरू नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में चुनाव है और अभिभाषण में दिल्ली मेट्रो के विस्तार का उल्लेख है, लेकिन जो दिल्ली में मेट्रो बना रहे हैं, बनारस में क्यों नहीं बना पा रहे? उन्होंने दावा किया, ''उत्तर प्रदेश में जितनी मेट्रो चल रही हैं, (पूर्ववर्ती) सपा सरकार की देन हैं, आपकी (भाजप की) नहीं।''

# केजरीवाल पर एक और केस

**शाहबाद पुलिस ने पांच धाराओं के तहत दर्ज की एफआईआर**

**शाहाबाद।** आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ शाहाबाद पुलिस स्टेशन में केस दर्ज हुआ है। मंगलवार शाम को पुलिस ने यह मामला दर्ज किया है।

यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिवक्ता जगमोहन मनचंदा की शिकायत पर हुई है। उन्होंने केजरीवाल पर हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को भड़काने और दो प्रदेशों के लोगों के बीच उकसावे वाली बयानबाजी करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके चलते भारतीय न्याय संहिता की धारा 192, 196, 197, 248-ए एवं 299 के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिवक्ता जगमोहन मनचंदा ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से हरियाणा सरकार पर यमुना नदी के पानी में जहर मिलाने वाला बयान निराधार व अप्रमाणित हैं। यह बयान न केवल जनता के बीच हरियाणा के शासन पर संदेह पैदा करने वाला है अपितु इस बयान से आम लोगों से मन में दहशत और कलह को बढ़ाने की क्षमता भी है। उन्होंने कहा कि यमुना नदी हरियाणा के लोगों और बड़े पैमाने पर करोड़ों हिंदुओं के लिए आस्था का प्रतीक है और केजरीवाल के बयान से लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। उच्च सार्वजनिक जिम्मेदारी वाले पद पर रहे व्यक्ति की तरफ से की गई ऐसी अपुष्ट और अपमानजनक टिप्पणी न केवल अंतरराज्यीय सद्भाव को कमजोर करती है बल्कि सरकारी संस्थाओं में जनता के विश्वास को भी खत्म करती है। एडवोकेट जगमोहन मनचंदा ने बताया कि अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है, जिसकी जांच पुलिस को करनी है।



# भगदड़ में मारे गये तीर्थ यात्रियों के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला व महानगर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ के दौरान मारे गए तीर्थ यात्रियों के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपकर इस मामले में उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा, महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में हुई यह दुर्घटना अत्यंत दुखदायी है। उन्होंने सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार आज तक मृतकों की सूची जारी नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि जहां एक और प्रतिदिन सरकार कुंभ में स्नान करने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं का आंकड़ा देती है, वहीं दूसरी ओर इस भगदड़ में मारे गए सैकड़ो तीर्थ यात्रियों की लिस्ट भी जारी नहीं कर रही है। जिलाध्यक्ष ने प्रदेश सरकार की इस नीति की आलोचना करते हुए कहा कि लिस्ट जारी न होने की वजह से पीड़ित परिवारों को भयंकर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें यह ज्ञात ही नहीं कि उनके परिजन कहां और किस हाल में है, जिंदा भी है या भगदड़ की घटना में उनका निधन हो गया है। उन्होंने मृतकों की सूची के साथ-साथ महाकुंभ में लापता हुए लोगों को शीघ्र खोजे जाने व शीघ्र ढूंढे जाने की भी मांग की। प्रदर्शनकारियों में प्रदेश सचिव अशोक सैनी, पूर्व प्रदेश सचिव प्रवीण चौधरी, पीसीसी सदस्य अक्षय चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मनीष त्यागी, आरिफ खान, सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, जिला कोषाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, गुलफाम अंसारी, इकराम खान, मौहम्मद इनाम, नसीब खान, रफत अब्बास, सतीश कश्यप, राजेश, राकेश वर्मा आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

# मंडलायुक्त ने जनपद में मदर न्यूबोर्न केयर यूनिट का किया उद्घाटन

■ मण्डलायुक्त ने की जिलाधिकारी द्वारा एमएनसीयू की पहल की प्रशंसा

■ निजी अस्पतालों से बेहतर एमएनसीयू वार्ड में मिलेंगी सुविधाएं

## माँ और शिशुओं को एक साथ रख कर किया जाएगा उपचारः मण्डलायुक्त



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त अटल कुमार राय ने जिला महिला चिकित्सालय व सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर बनाए गए मदर न्यूबोर्न केयर यूनिट का उद्घाटन किया।

जिला महिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में मदर न्यूबोर्न केयर यूनिट का शुभारंभ करने के पश्चात मण्डलायुक्त अटल कुमार राय ने एमएनसीयू में जाकर भर्ती महिलाओं से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मण्डलायुक्त ने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा किया गया प्रयास सराहनीय है। इस सुविधा के अन्तर्गत माँ एवं शिशु दोनों की देखभाल अच्छे से की जाएगी जिससे दोनों के स्वास्थ्य को बहुत लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनपद में समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला महिला चिकित्सालय को एमएनसीयू से संतृप्त किया गया है। एमएनसीयू वार्ड में नवजात शिशु को मां के साथ बेहतर से बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी, जो नवजात शिशु को नया जीवन देने का कार्य करेंगी। उन्होंने चिकित्सकों एवं वार्ड में तैनात स्टॉफ को जच्चा व बच्चा का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि जनपद में नवजात शिशु मृत्यु दर को कम करने और माँ एवं शिशु को एकसाथ रखते हुए उनके स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए यह मुहिम प्रारंभ की गई है। जिसके तहत ज़िले के सभी सीएचसी और ज़िला महिला चिकित्सालय में एमएनसीयू और सीएनसीयू वार्ड बनाए गए हैं। जिसमें जच्चा और बच्चा को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। एमएनसीयू वार्ड में नवजात शिशु को मां के साथ केएमसी देते हुए बेहतर तरीके से उपचार किया जाएगा, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। एमएनसीयू वार्ड निर्माण में कम्यूनिटी एम्पावरमेंट लैब (सीईएल) का वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहयोग लिया गया है।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि मदर न्यू बोर्न केयर यूनिट (एमएनसीयू) वार्ड में नवजात शिशु को मां के साथ-साथ उपचार कराया जाएगा। जनपद में बनाए गए एमएनसीयू वार्ड को विशेष सुविधाओं के साथ तैयार किया गया है, जहां मां के साथ ही नवजात शिशु को प्रशिक्षित स्टाफ़ नर्स, चिकित्सक द्वारा उपचार दिया जाएगा। जिसमें नवजात शिशु के अनुसार तापमान रखा जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण भी किया गया और वहां उपस्थित मरीजों एवं तीमारदारों से हाल जाना। अवगत कराना है कि जिलाधिकारी द्वारा बनाई गई रणनीति से मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन एवं सीएमएस महिला चिकित्सालय द्वारा कार्यान्वित किया गया।

# 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना पढुआ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 46/2025 धारा 87/ 137 (2) /103 (1) /238/3 (5) / 61(2)/140(1)/70(1) BNS व 5(G)/6 पॉक्सो एक्ट व 3/5 उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त सफीक पुत्र मकबूल नि0 गौरिया थाना पढुआ व 01 नफर वांछित अभियुक्ता मजलूमा पत्नी मकबूल नि0 ग्राम गौरिया थाना पढुआ गिरफ्तार कर न्यायालय लखीमपुर रवाना किया गया।

# शराब की होम डिलीवरी का अजीबोगरीब मामला आया सामने

**लखीमपुर खीरी।** अभी तक अपने तमाम चीजों की होम डिलीवरी होते हुए सुना होगा लेकिन अब शहर में शराब की होम डिलीवरी का भी अजीबोगरीब मामला सामने आया है शहर में पंजाबी कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति शराब की होम डिलीवरी का काम कर रहा था पुष्ट सूचना पर आबकारी निरीक्षक ने सदर कोतवाली पुलिस सहित आरोपी के घर पर छापा मारा, जहां पर आरोपी तो घर पर नहीं मिला लेकिन तलाशी के दौरान एक कमरे से शराब की होमडिलीवरी के पंफलेट बरामद हुए हैं पंफलेट पर शराब पर 10% डिस्काउंट के साथ होम डिलीवरी देने का एक व्हाट्सएप नंबर भी लिखा हुआ है।

# एक भी कागज इधर से उधर नहीं होता पैसे के बिना

**लखीमपुर खीरी।** रजिस्टार भानु प्रताप सिंह इनकी अकड़ देखिए यह अपनी मनमानी करते हैं सरकारी नुमाइंदे करते हैं अपने हिसाब से काम यह किसी से डरते नहीं भ्रष्टाचार इनके ऑफिस में दीमक की तरह जकड़ा हुआ है। बिना पैसे के इनके ऑफिस में एक भी कागज इधर से उधर नहीं होता।

# लखीमपुर-गोला हाईवे बंद होने से लोगों को काफी दिक्कतों का करना पड़ रहा है सामना

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर-गोला हाईवे बंद होने से आवागमन पर बड़ा संकट हो गया। हाईवे बंद होने से सभी वाहन सोमवार को अलीगंज और सिकंदराबाद होकर गुजरे हैं। ऐसे में वाहन चालकों को लंबा फेरा तय करना पड़ रहा है, जिसकी वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई चालकों को जानकारी न होने पर वापस लौटना पड़ा। इधर, कुंभी और गोला चीनी मिल के करीब एक दर्जन गन्ना सेंटर की तौल प्रभावित होने से किसान परेशान हो गए। किसान नेता ने चीनी मिल चालू रहने तक हाईवे न बंद करने की मांग की। गोला एवं फरधान में रेलवे क्रॉसिंग पर सेतु निर्माण चल रहा है, जिसका अधिकांश काम हो चुका है। क्रॉसिंग के पास का निर्माण होना शेष है। इसको लेकर रविवार रात 12 बजे से गोला और फरधान में रेलवे क्रॉसिंग को पूरी तरह बंद कर दिया गया।अब बहराइच-नानपारा से पीलीभीत-बरेली आने-जाने वाले वाहनों को मनिकापुर तिराहे से होते हुए लखीमपुर-मोहम्मदी मार्ग से सिकंदराबाद चौराहे से निकाला गया। वहीं दूसरा मार्ग देवकली रोड अलीगंज का है। सोमवार को सबसे ज्यादा वाहन सिकंदराबाद वाले मार्ग से गुजरे।

# खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने किया उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन

**सहारनपुर।** स्मॉल वंडर्स स्कूल में आयोजित खेल कार्यक्रम में नन्हे मुन्हे बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

स्मॉल वंडर्स स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों के अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर खेलों का आनंद उठाया। खेल प्रतियोगिता विजेता बच्चों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रिंस अरोड़ा, हर्ष गांधी, अंकुर, पारुथी, दीवांशु मदान, सौरभ मोगा, कुश दुआ, गौरव छाबड़ा, सोनू चोपड़ा, विशाल गुप्ता, डॉक्टर दलजीत सिंह, नमन चानना, डॉक्टर कमलजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने दबोचा वाहन चोर, एक बाईक बरामद



**सहारनपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने एक शातिर चोर को दबोचकर उसके कब्जे से फर्जी नम्बर प्लेट लगी एक बाईक बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना फतेहपुर प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि आज उपनिरीक्षक सौरभ यादव व विजयपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान देहरादून रोड स्थित बाबा निरंकारी सत्संग के पास से एक शातिर चोर रोबिन पुत्र प्रदीप सिंह निवासी कलालहटी थाना फतेहपुर को फर्जी नम्बर प्लेट लगी एक बाईक के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में दबोचे गये आरोपी रोबिन ने बताया कि बरामद बाईक उसने 30 हजार रूपये में वर्ष 2020 में खरीदी थी। बेचने वाले व्यक्ति ने उसे बताया था कि इस बाईक पर बैंक का लोन है इसलिए वह उसे सस्ती बेच रहा है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# चिकित्सकों ने छात्राओं को प्रथम मासिक धर्म के बारे में दी जानकारी



**सहारनपुर।** रोटरी क्लब सहारनपुर के तत्वाधान में एक बालिका विद्यालय में आयोजित सेमिनार में छात्राओं को प्रथम मासिक धर्म शुरू होने पर शरीर में होने वाले बदलाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई। सेमिनार में महिला चिकित्सक डा.नैना मिगलानी द्वारा छात्राओं को शरीर में होने वाले बदलावों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह प्राकृतिक बदलाव है और इससे बिल्कुल भी डरने की जरूरत नहीं है। इस समय शरीर को स्वच्छ रखने की जरुरत होती है। सेमिनार में डॉ.मिगलानी ने छात्राओं द्वारा बरती जाने वाले सावधानी के बारे में पूछे गये सवालों का जवाब दिया। इस दौरान स्कूल की महिला शिक्षकों ने लगभग 300 छात्राओं को रोटरी क्लब सहारनपुर की ओर से सैनिटरी नैपकिनस निशुल्क वितरित किए। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन राकेश अरोड़ा ने बताया कि अगले माह इसी स्कूल में 6 पिंक टायलेट क्लब द्वारा बनाए जाएंगे। सहायक गवर्नर रोटेरियन आलोक अरोड़ा ने बताया कि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 ने पिछले माह एक दिन में 25 लाख सैनिटरी नैपकिन बाट कर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। क्लब की तरफ से डा.नैना मिगलानी, स्कूल प्रधानाचार्य व समाज सेवी निशा शर्मा को पौधे स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किये। स्कूल प्रधानाचार्य ने डा. नैना मिगलानी को पुष्प गुच्छ भेंट किया। इस दौरान श्रीमती रेणु अरोड़ा, श्रीमती काजल जसूजा, श्रीमती हिमानी धीगंणा, श्रीमती निशा शर्मा, सचिव रोहित धीगंणा, प्रोग्राम चेयरमेन विनोद बजाज, प्रेजिडेंट इलेक्ट सुशील जसूजा, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन सतीश ठकराल, स.सुरेन्दर पाल सिंह, ठाकुर एसपी सिंह, एनएम जोशी, संजय त्यागी, राकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# स्मार्ट रोड पर मीटर लगाने का कार्य प्राथमिकता से करेंः राय

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी चेयरमैन/मंडलायुक्त अटल कुमार राय ने हैबीटेट सेंटर का निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएन के परियोजना अधिकारी से निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर समय और गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को भी स्मार्ट रोड पर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य 15 दिन के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।

स्मार्ट सिटी चेयरमैन अटल कुमार राय मंडलायुक्त/चेयरमैन का पदभार संभालने के बाद पहली बार स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा कर रहे थे। स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त संजय चौहान ने चेयरमैन अटल कुमार राय का स्मार्ट सिटी की ओर से स्वागत व अभिनंदन किया। सीईओ चौहान ने चेयरमैन एसएससीएल को अवगत कराया कि एसएससीएल (सहारनपुर स्मार्ट सिटी लि.) का चयन चतुर्थ



चरण में जनवरी 2018 में हुआ था। जिसका संचालन एसपीवी द्वारा किया जाता है, जो स्मार्ट सिटी गाइड लाइन के अंतर्गत कार्य करती है। एसएससीएल द्वारा 103 परियोजनाओं का चयन किया गया था। जिनमें से 89 परियोजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 14 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। निर्माणाधीन सभी 14 परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति, पीपीटी के माध्यम से प्रदर्श की गयी।

प्रदर्श की गयी उक्त 14 परियोजनाओं में हैबीटेट सेंटर, महाड़ी का तालाब, स्मार्ट सिटी गैराज, हकीकत नगर स्थित सीनियर सिटीजन केयर सेंटर, वूमैन हॉस्टल, राकेश सिनेमा रोड पर बनाये जा रहे पुल की रिटेनिंग वाल, कम्पनी बाग सौंदर्यीकरण व अन्य कार्य, महानगर में सात स्मार्ट टॉयलेट, निगम ई-ऑफिस, पिंजौरा सीसी रोड, ताहरपुर सीसी रोड आदि परियोजनाएं शामिल रही। मंडलायुक्त ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि स्मार्ट रोड पर स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करें ताकि स्मार्ट सड़कों का लुक दिखायी दे।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक परियोजना समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण की जाए। विभागीय अधिकारी तथा जनपद स्तर से जो टीमें पर्यवेक्षण हेतु लगायी गयी हैं वे भी परियोजना की सतत निगरानी करती रहें। चेयरमैन राय ने स्मार्ट क्लासेज, स्मार्ट लाइब्रेरी व अम्बेडकर स्टेडियम से सम्बद्ध विभिन्न परियोजनाओं सहित पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं की भी जानकारी ली। समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त व नगरायुक्त के अतिरिक्त अपर नगरायुक्त राजेश यादव, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, स्मार्ट सिटी के जीएम दिनेश सिंघल, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी गगन सिंह, कंपनी सचिव शंकर तायल, डीजीएम फाइनेंस मोहित मिश्रा, परियोजना प्रबंधक जितेंद्र सिंह आदि अनेक अधिकारी शामिल रहे।

# खेत से गन्ना चोरी करने वाले आरोपी को भेजा जेल



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** गंगोह कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को दबोचकर खेत से गन्ना चोरी की घटना का खुलासा करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया गन्ना व घटना में प्रयुक्त दो ट्रैक्टर-ट्राली बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। गंगोह कोतवाली प्रभारी रोजन्त त्यागी ने पत्रकारों को बताया कि विगत् 3 फरवरी को वादी सुरेश कुमार पुत्र सेवाराम निवासी शेरगढ टापू थाना कुंजपुरा जनपद करनाल हरियाणा की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ वादी के खेत से गन्ना चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना गंगोह पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मामले में जांच के आधार पर शाकिब पुत्र इस्तकार व फैजान पुत्र मौ.उस्मान निवासीगण समसपुर, थाना सरसावा के नाम प्रकाश में आये थे।

उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षम राम किशन राणा व हरिओम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नकुड़ रोड स्थित पशु पैठ चौराहे के पास से एक आरोपी शाकिब पुत्र इस्तकार को घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्राली के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दबोचे गये आरोपी शाकिब ने खुलासा किया कि वह और उसका साथी फैजान करनाल से अपने-अपने ट्रैक्टरों से आ रहे थे, जब हम यमुना नदी के पास गांव शेरगढ़ टापू पहुंचे, तो पास के खेत में गन्नो को देखकर उनके मन में लालच आ गया था।

# विभिन्न मांगों के निराकरण को लेकर भाकिसं ने किया प्रदर्शन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों ने विभिन्न समस्याओं के खिलाफ जिला मुख्यालय पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की।

भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष चौ.अनिल महला व जिला मंत्री अमरीश राणा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर एकत्र हुए तथा किसानों की समस्याओं के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए भाकिसं के जिलाध्यक्ष चौ.अनिल महला ने कहा कि नागल ब्लॉक के गांव खेड़ा मुगल के ग्रामीण पानी की निकासी न होने के कारण जलभराव से बहुत परेशान है। दूसरे समुदाय के लोगों ने पानी की निकासी में अवरोध लगा रखा है, जिससे गाँव के लोगों के घरो में पानी भर जाता है, जिससे आसपास के खेतो में खड़ी फसलों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने



प्रशासन से इस समस्या का त्वरित निस्तारण कराने की मांग की। उनका कहना था कि नानौता ब्लॉक के बकडौली, जन्धेडी व देवपुरा में भी बरसाती पानी से हर साल सैकड़ो बीघा जमीन में पानी भरने से फसलें बर्बाद हो जाती है। गंगनहर के नीचे बनी पानी की निकासी लाइन को खोलना आवश्यक है, जिससे किसानो की फसलों को नुकसान नही हो। जिला मंत्री अमरीश राणा ने कहा कि छुट्टा पशु लगातार किसानों की फसलो को नुकसान पहुंचा रहे है तथा अनेक दुर्घटनाओं का सबब बन रहे है। इसलिए इन पशुओं को गौशाला में भिजवाया जाये, ताकि किसानो को हानि व दुर्घटनाओं से बचाया जा सकें। इस दौरान ठा.राजपाल किरणपाल, विजय, रामकुमार, सुरेन्द्र, मोनू सैनी, कंवरपाल सैनी, सुशील, रवि, रामपाल, अमित त्यागी, राकेश त्यागी, नीतीश त्यागी, शैलेस, विशाल भारद्वाज, अमित पंडित, राजकुमार, अंजेश, विजेन्द्र, अमरीश प्रधान, काला राणा, रविन्द्र प्रधान, नवनीत राणा, मोहित चौधरी, वरुण चौधरी, अरविन्द शर्मा, राकेश शर्मा, देवेन्द्र प्रधान, रामपाल, मन्नु चौधरी, सोनू, प्रदीप, कटार सिंह, अनिल जेहरा, प्रवीन, राजीव जन्धेडी, सोमपाल, राकेश खड़लाना, बिल्लू राणा, प्रवीन काशीपुर, श्रेष्ठ गर्ग, सोमलाल गुप्ता, अमित कुमार आदि किसान मौजूद रहे।

# अवैध हथियारों के बल पर व्यापारी से लूट की घटना में वांछित 25,000 रुपए का इनामियां अभियुक्त गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** थाना रकाबगंज पुलिस द्वारा मगंलवार को अवैध हथियारों



के बल पर व्यापारी को डरा-धमकाकर लूट की घटना में वांछित 25,000 रुपए के इनामियां अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। वही अभियुक्त के 3 अन्य साथी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पूर्व में ही जेल भेजा जा चुका है।

पुलिस द्वारा दी जानकारी अनुसार 26 दिसंबर 2024 को व्यापारी द्वारा थाना रकाबगंज पर सूचना दी गयी की उसका छिपीटोला मार्केट में गोदाम है और वह रात को गोदाम में सामान रख रहे थे तभी चार लड़के पिस्टल लेकर गोदाम में घुसे और उसके के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए वादी के गले की सोने की चैन तोड़कर भाग गए। गोदाम में घुसकर अवैध हथियारों के बल पर व्यापारी को डरा-धमकाकर लूट की घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना रकाबगंज पर पुलिस टीम का गठन किया गया था। मगंलवार को थाना रकाबगंज पुलिस टीम द्वारा गश्त/चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर चीलगढ़ चौराहे से बिजलीघर फोर्ट की तरफ जाने वाली रोड पर चैकिंग के दौरान अभियुक्त विशाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 1 मोटरसाइकिल, 1 अवैध तमंचा मय 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 1चॉबी मोटरसाइकिल की, 1 मोबाइल फोन, रू0 2,680/- बरामद हुए।

वही पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त से बरामदगी के सम्बन्ध में पूछताछ कि गई तो अभियुक्त विशाल ने बताया कि दिनांक 26.12.2024 की रात को उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर ज्यादा शराब पी ली थी और गोदाम मालिक से अपनी पुरानी रंजिश निकालने के लिए अपने दोस्तों को उससे मारपीट व लूट करने के लिये भेजा था। क्योंकि ओलिया रोड पर अभियुक्त विशाल को सभी लोग जानते थे। तो वह उनके साथ नहीं गया था तथा बाहर दूर से ही बरामद मोटरसाइकिल से रेकी कर रहा था जिससे कोई आये तो मैं उन्हे सूचित कर सके।

# राष्ट्रीय राजमार्ग से कैलाश मंदिर जाने वाले मार्ग को मिली वित्तीय स्वीकृति

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** मगंलवार को जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कैलाश मंदिर कॉरिडोर के विकास हेतु तीन चरणों में कैलाश मंदिर कॉरिडोर का विकास एवं सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है। उक्त के क्रम में शासन द्वारा धर्मार्थ मार्गों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण व विकास योजनांतर्गत जनपद के कैलाश मंदिर मार्ग के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण व विकास हेतु वित्तीय स्वीकृति प्राप्ति के साथ स्वीकृति लागत 384.56 लाख की धनराशि में से 307.64 लाख की राशि अवमुक्त हो गई है। जिलाधिकारी ने सभी तकनीकी व अन्य स्वीकृति प्राप्त कर संबंधित को जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग-2 से जुगसाना, बलदेव, बरौली, कैलाश मंदिर जाने वाले मार्ग के चौड़ीकरण के साथ निर्माण किया जाना है।राष्ट्रीय राजमार्ग से कैलाश मंदिर जाने वाले मार्ग पर दोनों ओर किनारे वृक्षारोपण, वन विभाग क्षेत्र में मार्ग के दोनों ओर बैरिकेडिंग और प्लाटेंशन का कार्य एवं विद्युत पोल पर सोलर लाइट लगाये जाने का कार्य भी किया जाएगा।

गौरतलब है कि कैलाश मंदिर कॉरिडोर विकास के पहले चरण में लगभग 4.11 करोड़ की लागत से मुख्य द्वार का निर्माण और यमुना नदी किनारे घाट का निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। दूसरे चरण में लगभग 15 करोड़ की लागत से दूसरे बड़े घाट का निर्माण, भण्डार गृह, पाथवे, नाली, यमुना दर्शन स्थल, सोलर पॉवर सिस्टम और स्टोन बैंच का निर्माण किया जाएगा।

वहीं तीसरे चरण की कार्ययोजना तैयार की जा रही है जिसमें मुख्यतः पार्किंग, स्ट्रीट लाइट, घाट का सौंदर्यीकरण, फर्नीचर, कियोस्क, डेकोरेटिव लाइटिंग आदि कार्य शामिल है।

# आगरा कमिश्नरेट में 3 नए थाने बनने के बाद सुरक्षा व्यवस्था होगी और मजबूत

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** एक ओर जहां आगरा पुलिस का मिजाज बदलने वाला है तो वही आगरा में जल्द ही थानों की संख्या बढ़ी दिखने वाली है। पहले जिस पुलिस के कड़क मिजाज से आम लोग सहज नजर आते थे और थाने चौकी जाने में डरते थे। अब पुलिस का मिजाज बदल रहा है। पुलिस अब आपसे तू नहीं बल्कि आप कहेगी। पुलिस अब आपसे शिष्टाचार के साथ बात करेगी और आपकी समस्या का समाधान करेगी। पुलिस के मिजाज को सुधारने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त जे रविंद्र गोड़ ने एक योजना तैयार की है जिसे नाम दिया गया है शिष्टाचार संवाद नीति इससे 2 जनवरी से लागू कर दिया गया है। यह सब बदलाव दिख रहे हैं पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड के कमान संभालने के बाद से। वही अगर सबकुछ ठीक रहा तो आगरा में तीन और नये थाने बनेंगे। आगरा में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत करने के लिए तीन नए थानों का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। जानकारी अनुसार ये 3 नये थाने बुंदू कटरा, एकता चौकी और रुनकता होंगे। बुंदू कटरा और एकता चौकी पर थाना बनाने के लिए पर्याप्त भूमि है तो वहीं रुनकता के लिए जमीन का अभी अंतिम निर्णय किया जाना है। जमीन मिलने पर प्रस्ताव को हरी झंडी मिल जाएगी। अगर ये 3 नये थाने बन जाते हैं तो आगरा में थानों की संख्या 25 हो जाएगी।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सैनिक बन्धु बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई सम्पन्न



**आगरा।** माह फरवरी की सैनिक बन्धु बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन (नौसेना) सुनील कुमार (अ0प्रा0) द्वारा किया गया। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारिजनों द्वारा स्वयं जिलाधिकारी के समक्ष अपनी अपनी समस्याओं को विस्तार से बताया गया। जिलाधिकारी द्वारा भूतपूर्व सैनिकों से जुडी हुई विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुनकर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों को संबंधितों को उपलब्ध कराते हुए नियमानुसार कार्यवाही कराते हुए उचित निस्तारण कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश आवेदक को कृत कार्यवाही से भी अवगत कराया जाए।

बैठक में सुरेन्द्र यादव अपर आयुक्त नगर निगम, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अंकित सहगल, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुशील सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी सौरभ, जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह, इंसपेक्टर राजीव कुमार एवं विभिन्न ब्लॉक के सैनिक बन्धु सदस्य उपस्थित रहे।

# यतीमखाने वाले वक्फ़ नम्बर 87 का हाल बेहाल

मनव्वर रिज़वी

- वक्फ़ डीड के विपरीत यतीमों के वक्फ़ पर मोतवल्ली का कब्ज़ा
- वक्फ़ की अन्य सम्पत्तियों पर भी काबिज़ हैं हारिस मोतवल्ली

**गोरखपुर।** जिले में बड़ी संख्या में ऐसी वक्फ़ सम्पत्तियां है जिसपर एक व्यक्ति या परिवार का कब्ज़ा है। ऐसा ही एक वक्फ़ है जो सुन्नी सेंट्रल वक्फ़ बोर्ड में वक्फ़ खान बहादुर मौलवी हमीदुल्लाह खान, वक्फ़ नम्बर 87 दर्ज है। जिसको यतीमखाने वाले वक्फ़ के नाम से लोग जानते और पहचानते हैं। शहर के जाफरा बाज़ार में कर्बला रोड पर कभी यतीमखाना हुआ करता था जो अब इतिहास में कहीं खो गया है। एक अनुमान के मुताबिक इस वक्फ़ में 2 से ढाई हजार एकड़ ज़मीन दर्ज है। जिसको खान बहादुर मौलवी हमीदुल्लाह ने सन 1941 में रजिस्टर्ड डीड के माध्यम से वक्फ़ किया था जो वर्तमान में गोरखपुर और बस्ती मण्डल में फैली है।

महबूब सईद हारिस इस वक्फ़ के मोतवल्ली हैं, जबकि उससे पहले इनके पिता हामिद अली इस वक्फ़ के मोतवल्ली हुआ करते थे। महबूब सईद हारिस के बारे में यह कहना गलत नही होगा कि गोरखपुर जिले के अधिकांश बड़े वक्फ़ इनके कब्ज़े में या उनमे इनका दखल है। हारिस बाबू की गिनती शहर के बड़े मुस्लिम रईसों में होती है। वर्तमान में यह मियां साहब इस्लामियां इंटर कालेज के प्रबंधक हैं, इसके अलावा अंजुमन इस्लामियां व जव्वाद अली शाह पीजी कालेज की कमेटी में भी इनका दखल है। **मोतवल्ली व इंतजामिया वक्फ़ कमेटी का गठन और अधिकार–** बात वक्फ़ नम्बर 87 की करें तो वक्फ़ डीड के अनुसार मोतवल्ली के अलावा इसकी चार सदस्यों की इंतेजामिया वक्फ़ कमेटी होगी। सैयद जाहिद अली सब्ज़पोश इस वक्फ़ के पहले मोतवल्ली नियुक्त किए गए उसके बाद सैयद काजिम अली को मौलवी साहब ने मोतवल्ली की जिम्मेदारी सौंपने और बाद में करीबी रिश्तेदार को मोतवल्ली पद पर वरीयता देने की बात वक्फ़ डीड में कही गई। इसी प्रकार 4 सदस्यों की एक इंतजामिया वक्फ़ कमेटी बनाई जिसका काम यतीमखाने की पूरी तरह देखभाल करने के अलावा मोतवल्ली के कामों पर नज़र रखना और साल में एक बार हिसाब किताब करना था। किसी सदस्य का स्थान रिक्त होने पर नए सदस्य की नियुक्ति का प्रावधान भी मोतवल्ली की तरह डीड में दर्ज है। इस वक्फ़ नंबर 87 की पहली इंतेजामिया वक्फ़ कमेटी में काजी तलम्मुज़ हुसैन, काजी अजिमउल हक, मोहम्मद इब्राहिम व मुंशी अब्दुल मजीद शामिल थे।

**यतीमखाने के साथ गायब हो गई इंतेजामिया वक्फ़ कमेटी–** हज़ार एकड़ से ज़्यादा सम्पत्ति वाले इस वक्फ़ की आमदनी का 50 प्रतिशत हिस्सा यतीमखाने पर खर्च करने की बात वक्फ़ डीड में दर्ज है। लेकिन आज न तो यतीमखाना बचा और न ही कोई इंतेजामिया वक्फ़ कमेटी ही वजूद में है। यानी करोड़ो रूपये की आमदनी वाले इस वक्फ़ की सारी आमदनी मोतवल्ली की जेब में जा रही है। वक्फ़ डीड के विपरीत जाफरा बाज़ार यतीमखाने को बंद करके वहां अन्य धार्मिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। कहना गलत नही होगा कि गरीबों, बेसहारा, बेवाओं और यतीमों के लिए बनाए गए इस वक्फ़ पर एक व्यक्ति का कब्ज़ा हो चुका है और हज़ारों एकड़ की सम्पत्ति वाला ये वक्फ़ उनकी निजी मिल्कियत में लगभग शामिल हो गया है। वक्फ़ नम्बर 87 की वक्फ़ डीड के मुताबिक इस वक्फ़ की सम्पत्ति तत्कालीन बस्ती जिले में कुल 7 जगहों पर जबकि गोरखपुर में 10 जगहों पर स्थित है। जिसमे जगदीशपुर खुर्द, मुडिला, भीमापार टुकड़ा दोयम, गंगइचा में 16 आना यानी 100 प्रतिशत जबकि तत्कालीन गोरखपुर के 10 अलग अलग जगहों पर सैकड़ों एकड़ की सम्पत्ति दर्ज है।

गोरखपुर में अकेले सिर्फ जंगल ज़ैनुलआब्दीन उर्फ जैनपुर में ही वक्फ़ नम्बर 87 की कुल सम्पत्ति 9 आना 3 पाई दर्ज है, जो लगभग 360 एकड़ होती है। लेकिन यहां वर्तमान समय में 87 या 88आ एकड़ ज़मीन ही बची है। बाकी ज़मीन कहाँ गई इसका जवाब वर्तमान मोतवल्ली ही दे सकते हैं। फिलहाल 21 सितम्बर 2024 को वक्फ़ सर्वे आयुक्त की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने मुख्य राजस्व अधिकारी को जांच कर कार्यवाही के लिए लिखा है। इस सम्बंध में जब मुख्य राजस्व अधिकारी से उनके दूरभाष नम्बर पर बात की गई तो उनका कहना था कि मैं अभी नया आया हूँ, मुझे इस सम्बंध में जानकारी नही है, पता करके बताऊंगा। धार्मिक संस्था के लिए प्रयोग की जा रही वक्फ़ की संपत्ति का कोई भी लाभ यदि व्यक्तिगत रूप से लिया जा रहा है तो वह संपत्ति सीलिंग के दायरे में आएगी। इस सम्बंध में सिलिग एक्ट की धारा 6(च) में उल्लेख है कि वह भूमि जो 1959 से पहले किसी ऐसे सार्वजनिक धार्मिक या पूर्व वक्फ़/न्यास/विन्यास या संस्था द्वारा या उसके अधीन धृत (धारण) हो, जिनकी आय का उपभोग धार्मिक या पूर्व प्रयोजन के लिए किया जाता हो, और वह ऐसा वक्फ़, न्यास, विन्यास न हो जिसका पूर्णता अथवा आंशिक रूप से लाभार्थी उसका संस्थापक या उसके परिवार के सदस्य या उसके वंशज हो।

## डिजिटल एमबी को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**गोरखपुर।** सहजनवा ब्लाक मुख्यालय में डिजिटल एमबी को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बीडीओ सत्यकाम तोमर की अध्यक्षता में हुई। कार्यशाला में तकनीकी सहायकों से कहा कि पूर्व में जो एमबी (माप पुस्तिका) में मैनुअली की जाती थी। उसको अब डिजिटल तरीके ऑनलाइन फीडिंग करनी पड़ेगी। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। लापरवाही पाने जाने पर तकनीकी सहायक के खिलाफ कार्रवाई भी होगी। यह भी बताया कि यह ऑनलाइन फीडिंग तीन दिन के अंदर कर देना है। रोजगार सेवकों से कहा गया कि सभी बिंदुओं पर आप लोग सहयोग करेंगे।अपने जिम्मेदारी से भागेंगे नहीं। मौके पर काम करने वाले श्रमिकों का जाबकार्ड भी रहना चाहिए।मस्टरोल नरेगा मजदूरों के उपस्थिति के अनुसार ही भरा जाना चाहिए।

एडीओ पंचायत रामधारी प्रसाद, एपीओ अवधेश वर्मा, जेई रविन्द्र कुशवाहा आदि ने भी तकनीकी जानकारी दी।

## पूर्व सपा विधायक अजीत कठेरिया के समर्थन में पीडीए की चर्चा चौपाल, सुल्तानगंज खरेटा में संपन्न हुई




**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** सुरक्षित कायमगंज विधानसभा क्षेत्र में पी डी ए चर्चा चौपाल पूर्व सपा विधायक अजीत कठेरिया के नेतृत्व में ग्राम सुल्तानगंज खरेटा में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता धनीराम शाक्य ने की संचालन राकेश कुमार पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने किया आयोजक कन्हैया लाल दिवखान, फाजिल खान, सुधीर शाक्य, इस अवसर पर युवजन सभा जिला अध्यक्ष शिवम यादव, इंद्रेश यादव, राजपाल यादव, पूर्व प्रधान सुरेंद्र कश्यप, पूर्व प्रधान कश्मीर बाथम, पूर्व प्रधान सरवन कठेरिया, अशोक दुबे, असलम खान, सरफुद्दीन मंसूरी, शाकिर मियां, रामसेवक वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## पांच दिव्यांग स्वयं सहायता समूह बनाकर रोजगार से जोड़ा गया



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** दिव्यांगों को रोजगार से जोड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आधा सैकड़ा दिव्यांगों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ते हुए पांच दिव्यांग स्वयं सहायता समूहों का निर्माण किया गया। तहसील कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम ज्योति सिंह की उपस्थिति में पांच दिव्यांग स्वयं सहायता समूह गठित किए गए। प्रत्येक समूह में 10-10 दिव्यांगों को शामिल किया गया है। इनमें अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष सहित बाकी सदस्य बनाए गए हैं। एसडीएम ने कहा, दिव्यांगों के सशक्तिकरण और रोजगार से जोड़कर सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें मिल सके इसके लिए उन्हें समूह से जोड़ा गया है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस दौरान दिव्यांग संतोष पटेल, सचिन दुवे, सियाराम, संगीता, मंजू, वकील अहमद, दीपक, अशोक, रामसिंह, श्याम सुंदर आदि उपस्थित रहे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पाली क्षेत्र के विडार गांव हो रहे नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ के शुभारंभ के लिए मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। हाथी,घोडे गाजे बाजे के श्रद्धालु हाथों में कलश लेकर यज्ञाचार्य राजेश के नेतृत्व में यज्ञ स्थल से निकले। हर हर महादेव व जय श्रीराम के जयघोष के श्रद्धालु विडार, मांट, चडराव, भक्सा समेत अन्य गांव भ्रमण करते हुए सिसई गांव स्थित राप्ती नदी के तट पर पहुचें। आचार्यों के मंत्रोच्चार के उपरांत श्रद्धालुओ ने कलश में चल भरा।पुनः उसी रास्ते विधि विधान के साथ यज्ञ स्थल पर स्थापित किया।महायज्ञ में आचार्यों द्वारा प्रतिदिन कथा का रसपान कराया जायेगा।साथ रात्रि में रामलीला का आयोजन होगा।महायज्ञ में भाजपा जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह पत्नी मीना सिंह, बेचन सिंह पत्नी विद्यावती सिंह,जितेंद्र मोहन सिंह,वेद प्रकाश सिंह विनय सिंह,जवाहिर साहनी मुख्य यजमान है।कलश यात्रा में सहजनवा विधायक प्रदीप कुमार शुक्ल, ब्लाक प्रमुख ई शशी प्रताप सिंह,चेयरमैन प्रभाकर दुबे,उमेश दुबे, प्रमुख पिपरौली दिलीप यादव,प्रधान ई.रमेंद्र नाथ मिश्र,जिला उपाध्यक्ष छोटे लाल मौर्या,मनोज सिंह,नरेंद्र शुक्ला शिवचरण प्रसाद,युवा नेता रोशन सिंह,डॉ विजय सिंह,अनिल सिंह,चंद्रभान साहनी समेत तमाम श्रद्धालु शामिल हुए।



## डीईओ ने पंचायत उप निर्वाचन की घोषणा की

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संजीव रंजन द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिले में रिक्त ग्राम प्रधानों एवं ग्राम पंचायत सदस्यों के निर्वाचन के लिए उप निर्वाचन की घोषणा कर दी है। उन्होंने बताया कि उप निर्वाचन उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1994 के अनुसार संपन्न कराया जाएगा। डीईओ ने उप निर्वाचन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि उप निर्वाचन के लिए सभी निर्वाचन अधिकारी अपने से संबंधित ग्राम पंचायतों के प्रधानों एवं सदस्यों के रिक्त पदों पर निर्वाचन के लिए रिक्त प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का पूर्ण विवरण देते हुए अपने स्तर से 05 फरवरी को संबंधित क्षेत्र पंचायत मुख्यालय से सार्वजनिक सूचना निर्गत करेंगे। उन्होंने उप निर्वाचन के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों में व्यापक प्रचार-प्रसार एवं मुनादी कराए जाने के साथ ही सार्वजनिक जानकारी के लिए ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत मुख्यालय एवं तहसील कार्यालयों पर चस्पा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र विक्रय, नामांकन पत्र दाखिल करने, जांच, उम्मीदवारी वापसी, चुनाव चिन्ह आवंटन, मतों की गणना एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा का कार्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर किया जाएगा। डीईओ ने उप निर्वाचन की समय सारणी की जानकारी देते हुए बताया कि 08 फरवरी के अपरान्ह 02 बजे तक नामांकन किया जा सकेगा। 10 फरवरी को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी, 11 फरवरी को अपरान्ह 03 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे और प्रतीक आवंटन का कार्य अपरान्ह 03 बजे के उपरांत किया जाएगा। 19 फरवरी को प्रातः 07 बजे से सांय 05 बजे तक मतदान और 21 फरवरी को प्रातः 08 बजे से मतगणना कराई जाएगी।

# पूजनोपयोगी पात्र वीथिका का हुआ शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** मॉ वीणा पाणिनी के प्रकाट्य उत्सव के महापर्व पर पूजन में उपयोग में आनेवाले पात्रों की वीथिका का शुभारम्भ हुआ। जनपद के जिला पंचायत राज्य अधिकारी श्री राम अयोध्या प्रसाद गुप्त ने प्रथम पूज्य श्री गणेशजी व ज्ञान दायिनी माता सरस्वती जी के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पूजनोपयोगी पात्र वीथिका का शुभारम्भ किया।

वीथिका अवलोकन के समय मुख्य अतिथि श्री राम अयोध्या प्रसाद गुप्त ने कहा कि आज मैने अद्भुत वीथिका देखी।पूजन में उपयोग में आनेवाले विभिन्न प्रकार के प्राचीन और नवीन पात्रों का विलक्षण संगम इस वीथिका में देखने को मिला।डा0 पुरवार की अटूट लगन की स्पष्ट छाप वीथिका में दृष्टिगोचर हुई। इस वीथिका में हवन कुण्ड से लेकर हवन के उपयोग में आनेवाले काष्ठ पात्र स्रुवा , प्रोक्तनी , आदि के साथ-साथ पीतल की बनी दक्षिण भारतीय स्रुवा आदि विशेष हैं। हवन के अलावा भगवान की विभिन्न प्रकार की आरतियां , कपूर आरतियां, धूप आरतियां, हस्त दीप, विभिन्न प्रकार के कलश , जलार्पण लोरियां, गुलाब जल के छिड़काव वाले गुलाब पांस, झूला,दीप धारणियां, गंगाजली , प्रसाद कटोरा , भोजन थाल , घन्टियां, घन्टे गरुण घन्टियां भी इस वीथिका में प्रदर्शित की गई हैं।वीथिका का विशेष आकर्षण वीथिका में प्रदर्शित आचमनियां तथा पंच पात्र हैं।आचमनियों में श्री गणेश आचमनियां, श्री गरुण आचमनियां, श्री विष्णु आचमनियां, श्री शिव आचमनियां, श्री कृष्ण आचमनियां, छींटा प्रसादी आचमनियों के साथ साथ सब्जी प्रसाद वितरणी, जल प्रसाद वितरणी, जल संग्रहणी जंगाल, बाल्टियां, आदि भी प्रदर्शित की गई। वीथिका में मॉ सरस्वती जी के चित्र से युक्त अपने भारत व इन्डोनेशिया के डाक टिकट तथा दक्षिण भारतीय तन्जावुल, मदुरै रियासतों की पन्द्रहवीं शताब्दी की ताम्र मुद्राओं के साथ पलाऊ देश की रंगीन मुद्रा अति विशिष्ट है। वीथिका में 12 वीं शताब्दी की बलुआ पत्थर पर उकेरी गई मॉ वीणा धारिणी की मूर्ति अति दुर्लभ व विशिष्ट है। वीथिका में ईश आराधना तथा कीर्तन आदि के समय उपयोग में आनेवाले वाद्य यन्त्र जैसे ढोलक, चटकोला, झांझ, घडयाल, लुप्तप्राय रमतूला, मजींरा, सिंगारी, बांसुरी, शंख आदि भी दृष्टव्य हैं। वीथिका में प्रदर्शित समस्त सामग्री श्री मती सन्ध्या पुरवार व डा0 हरी मोहन पुरवार के निजी संग्रह से प्रस्तुत की गई। वीथिका अवलोकन में श्री मती प्रियन्का अग्रवाल, श्री मती ऊषा सिंह निरंजन, श्रीमती मनीषा द्विवेदी सक्सेना, राहुल पाटकर, डा0 रघुवीर सिंह मण्डलोई, श्री मती सपना व्यास, प्यारी स्वरा मण्डलोई आदि का विशेष योगदान रहा। अंत में डा0 हरी मोहन पुरवार ने मुख्य अतिथि श्री राम अयोध्या प्रसाद जी को अंग वस्त्र उढाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया।



## 14 तक करें आवेदन

**अलीगढ़।** सहायक निदेशक मत्स्य प्रियंका आर्या ने प्रेस विज्ञप्ति के से मत्स्य पालकों को सूचित किया है कि उप्र मत्स्य पालक कल्याण कोष योजनान्तर्गत प्रशिक्षण एवं अंतर्राज्जीय भ्रमण के लिए इच्छुक मत्स्य पालक एवं मछुआरों के 14 फरवरी तक आनलाईन आवेदन कराए जाने हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक मत्स्य पालक एवं मछुआरे अपना आवेदन आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बी0पी0एल0 काई एवं बैक पासबुक की छायाप्रति सहित 14 फरवरी तक किसी भी कार्य दिवस में जेल रोड स्थित 4/9 जॉनसन कंपाउण्ड, सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय में उपलब्ध करा दें।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रविन्द्र उर्फ ओम प्रकाश पुत्र फागू हैं। मैं ग्राम पंचायत गजहड़ा पोस्ट महथा बाजार थाना व तहसील शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थ नगर का मूल निवासी हूं। पहले मुझे रविन्द्र के नाम से जाना जाता था। मेरा पूरा नाम रविन्द्र उर्फ ओमप्रकाश पुत्र फागू हैं। इसी नाम से एलआईसी डुमरियागंज में PN 292973812 संचालित है। अब मेरा वास्तविक नाम ओमप्रकाश पुत्र फागू है जो विभिन्न अभिलेखों में दर्ज है अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाता है। इस नाम व पता पर मेरे गांव में अन्य कोई व्यक्ति नहीं है और ना ही रहा है इस संबंध में अगर किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 30 दिन के अंदर आपत्ति करें।


**रविन्द्र उर्फ ओमप्रकाश**
**पुत्र फागू**
**ग्राम- गजहड़ा**
**पोस्ट -महथा बाजार**
**जनपद- सिद्धार्थनगर**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2020 अनुक्रमांक 2877256 व इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2227068647 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**शनिदेवल पुत्र श्री नन्दलाल**
**पता- ग्राम बर्डपुर न.13 टोला शिवराजपुर पोस्ट- नौगढ़**
**जिला- सिद्धार्थनगर (यूपी)।**

## गृहे गृहे संस्कृतम् योजना के सरल संस्कृत भाषा शिक्षण कक्षाओं का हुआ ऑनलाइन उद्घाटन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा संचालित गृहे गृहे संस्कृतम् योजना के अंतर्गत फरवरी मासीय बारह दिवसीय संस्कृत शिक्षण शिविर केंद्रों का उद्घाटन आभाषिक पटल पर सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण दिनांक 03 फरवरी 2025 से 17 फरवरी 2025 तक संचालित होगा। इस प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 54 प्रशिक्षक सरल संस्कृत भाषा शिक्षण कक्षा का संचालन करेंगे। निदेशक श्री विनय श्रीवास्तव ने कहा कि गृहे-गृहे संस्कृतम् योजना संस्थान की विशिष्ट योजना है जो लघु-लघु छात्रों के लिए प्रेरणादायी, तथा संस्कृत भाषा में व्यवहारिकता प्रदान करने में कारगर सिद्ध हो रही है। भविष्य में यह भाषा घर-घर की भाषा बनेगी ऐसा विश्वास है। संस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री दिनेश मिश्र जी ने कहा कि गृहे गृहे संस्कृतम् योजना के शिक्षकों के अथक प्रयास से यह योजना पुष्पित हो रही है। समाज में व्याप्त भ्रान्ति है कि संस्कृत भाषा कठिन है। यह भ्रान्ति गृहे गृहे संस्कृतम् योजना के द्वारा समाप्त हो रही है। किसी को भी यदि ऐसा प्रतीत हो रहा हो कि संस्कृत भाषा कठिन है तो वह आंनलाइन संस्कृत सम्भाषण योजना तथा गृहे गृहे संस्कृतम् योजना में जुड़कर संस्कृत भाषा को सरल रीति सीख सकता है। समन्वयक धीरज मौठाणी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की गृहे गृहे संस्कृतम् योजना जनपद ही नही ग्रामीण स्तर पर संचालित होकर पूरे प्रदेश में संस्कृत का प्रचार-प्रसार हो रहा है।

## डीडीयू चिकित्सालय का किया मण्डलायुक्त ने निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** आयुक्त अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ संगीता सिंह द्वारा मंगलवार को पं0 दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजैंसी में भर्ती मरीज चंदनियां की मोना एवं गूलर रोड के राजेन्द्र कुमार वार्ष्णेय से उनके स्वास्थ्य एवं ईलाज के संबंध में जानकारी की, जिस पर मरीजों ने संतोषजनक फीडबैक प्राप्त हुआ। उन्होंने इमरजैंसी वार्ड में जीवन रक्षक दवाओं का स्टॉक चैक किया जिसमें सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध मिलीं। शौचालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई पर असंतोष प्रकट करते हुए समुचित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। फिजियोथैरपी वार्ड में मरीजों का समुचित ईलाज होता पाया गया। कमिश्नर से वार्ता के दौरान मरीजों ने फिजियोथैरपी से आराम मिलने की बात कही। एक्स-रे एवं सीटी स्कैन कक्ष के निरीक्षण में पाया गया कि प्रतिदिन लगभग 100 एक्स-रे और 25-30 सीटी-स्कैन किए जा रहे हैं। कमिश्नर ने मौके पर सुश्री सरिता की स्कैनिंग को देखा। उन्होंने सीएमएस को निर्देशित किया कि यदि किसी मरीज की रिपोर्ट में गंभीर समस्या मिलती है तो उसे तत्काल मोबाइल पर सूचित किया जाए ताकि वह जल्द से जल्द अपना इलाज शुरू करा सके। एंटी स्नेक वेनिम और एंटी रैबीज कक्ष के निरीक्षण में पाया गया कि माह जनवरी में सांप काटे का कोई प्रकरण नहीं आया है जबकि विगत माह में कुत्ता काटे के 1019 प्रकरण आए हैं। जिसमें जीवनगढ़, क्वार्सी, केलानगर और जमालपुर हॉट स्पॉट एरिया चिन्हित किए गए हैं। कमिश्नर ने इस संबंध में नगर आयुक्त एवं वन विभाग को पत्र प्रेषित कर संयुक्त रूप चिकिन्हत स्थानों पर समुचित कार्यवाही कराने के निर्देश दिए।

## स्टाम्प वादों की समाधान योजना : स्टाम्प वादों से मुक्ति का सुनहरा अवसर

अवधनामा संवाददाता

- गोरखपुर में स्टाम्प वाद समाधान योजना लागू, 31 मार्च 2025 तक उठाएं लाभ



**गोरखपुर।** स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, जनपद गोरखपुर ने स्टाम्प वादों के शीघ्र निस्तारण के लिए एक विशेष स्टाम्प वाद समाधान योजना लागू की है। इस योजना के तहत नागरिकों को मात्र 100 के आर्थिक दंड के साथ अपने स्टाम्प वादों का निपटारा करने का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है।

स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा घोषित इस योजना के तहत स्टाम्प की कमी एवं उस पर लगने वाले ब्याज की राशि का भुगतान कर मात्र 100 अर्थदंड जमा करके स्टाम्प वाद से मुक्ति पाई जा सकती है। यह योजना 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगी, जिसके बाद इस विशेष राहत का लाभ नहीं लिया जा सकेगा। इस योजना का लाभ उन नागरिकों को मिलेगा जिनके नाम पर स्टाम्प वाद लंबित हैं। विशेष रूप से वे लोग, जिन्होंने स्टाम्प ड्यूटी का पूर्ण भुगतान नहीं किया है या जिनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई चल रही है, वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने मामलों का त्वरित समाधान कर सकते हैं। गोरखपुर के उपमहानिरीक्षक स्टाम्प, मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि यह योजना सरकार द्वारा नागरिकों को राहत देने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री करने वाले लोग एवं अन्य संबंधित व्यक्ति इस योजना का लाभ उठाकर स्टाम्प वादों से शीघ्र मुक्ति पा सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति गोरखपुर स्थित स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। आवश्यक दस्तावेज एवं शुल्क जमा कर वे अपने स्टाम्प वादों का निपटारा कर सकते हैं। स्टाम्प वाद समाधान योजना 31 मार्च 2025 तक ही मान्य है। अतः नागरिकों से अपील की जाती है कि वे समय रहते इस योजना का लाभ उठाएं और अनावश्यक कानूनी प्रक्रिया से बचें यह समाधान योजना उन नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो स्टाम्प वादों से जुड़े कानूनी मामलों का त्वरित समाधान चाहते हैं। केवल 100 के अर्थदंड और बकाया शुल्क जमा कर इस योजना का लाभ उठाया जा सकता है। अतः जिनके पास लंबित स्टाम्प वाद हैं, वे जल्द से जल्द स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग से संपर्क करें।

## सात वाहनों का चालान

**उरई (जालौन)।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान में सात वाहनों का चालान किया। मंडी चौकी प्रभारी नितीश कुमार, दरोगा मनीष तिवारी और आबिद खान ने दोपहर नगर के प्रमुख मारकंडेयश्वर तिराहे पर पुलिस बल के साथ वाहनों की सघन चेकिंग की।

# सी. पी. इंटरनेशनल स्कूल, फर्रुखाबाद में कक्षा 12 के छात्रों का भव्य विदाई समारोह

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** सी. पी. इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-पूजन से हुई, जिसमें सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से भाग लिया।

विद्यालय में सीनियर छात्रों के सम्मान में कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने विशेष टाइटल पहनाकर उन्हें सम्मानित किया और उनके सुनहरे भविष्य की मंगलकामना की। प्रधानाचार्य श्री संजय बिष्ट ने विद्यार्थियों को परीक्षा प्रवेश पत्र के साथ उपहार भेंट किए और आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने सभी से ईमानदारी और धैर्य के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने का आग्रह किया। इस अवसर पर विद्यालय की सम्माननीय निर्देशिका डॉ. मिथिलेश अग्रवाल, उप-निर्देशिका श्रीमती अंजू राजे एवं प्रधानाचार्य श्री संजय बिष्ट ने अपने प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने छात्रों को आत्मनिर्भर बनने, सदैव सीखते रहने और समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। विदाई समारोह में छात्रों की भावनाएँ मुखरित हुई। कुछ की आँखें नम थीं, तो कुछ अपने शिक्षकों और साथियों के साथ बिताए पलों को याद कर भावुक हो उठे। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में एक पारिवारिक माहौल देखने को मिला। समारोह का समापन भोजन के उपरांत शुभकामनाओं और उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर इस क्षण को अविस्मरणीय बनाया।



## चार ब्रांडेड कंपनियों के कुछ उत्पादों के बिक्री पर रोक

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चार ब्रांडेड कंपनियों के कुछ बैच के खाद्य उत्पादों की बिक्री पर प्रदेशभर में प्रतिबंध लगा दिया गया है। असिस्टेंट फूड कमिश्नर डॉ सुधीर कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित बैच के प्रोडक्ट बाजार में नहीं बेचे जा सकेंगे। यदि कोई व्यापारी इन प्रतिबंधित उत्पादों की बिक्री करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि वे प्रतिबंधित बैच के उत्पाद न खरीदें और संदिग्ध उत्पादों की जानकारी तुरंत संबंधित विभाग को दें। असिस्टेंट फूड कमिश्नर डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ से निर्देश प्राप्त हुआ है कि चार ब्रांडेड कंपनी के प्रोडक्ट जिसमें आपके फूड इंडस्ट्रीज राधा नगर मुगल रोड आगरा से हींग प्रोडक्ट को unsafe पाया गया है, राहुल ब्रांड शाहजहांपुर का हल्दी पाउडर, हंस ब्रांड मऊ का घी, बिंद फ़ूड इंडस्ट्रीज का शाही मंसूर नमकीन को unsafe पाया गया है

### सूचना

सभी को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स जय स्टील्स, मेरठ रोड़ एवरी ऑटोमैटिक धर्म कांटा मुजफ्फरनगर का रजिस्ट्रेशन सहायक निबन्धक कार्यालय मेरठ क्षेत्र मेरठ के यहां से दि़श 8.12.1986 को हुआ था फर्म में दि. 3.10.2024 को फार्म न 7 के अनुसार सहायक निबन्धक फर्म सोसायटी एवं चिट्स सहारनपुर मण्डल सहारनपुर द्वारा विजय पाल सिंह, शेलेन्द्र कुमार निवासीगण 570, सिविल लाईन, (नोर्थ) अंसारी रोड़ मुजफ्फरगर पार्टनर के नाम पंजीकृत हुये थे और अब दि़श 1.12.2024 की पार्टनरशीप डीड केअनुसार शेलेन्द्र कुमार पार्टनर ने पार्टनरशीप से त्याग पत्र दे दिया है और उसी दि. 1.12.2024 को फर्म में श्रीमती आशा रानी नये पार्टनर के रूप में फर्म में शामिल हो गयी। वर्तमान में फर्म में विजय पाल सिंह व श्रीमती आशा रानी पार्टनर रह गये है।

**विजय पाल सिंह (पार्टनर)**

### सूचना

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब आर्डर 5 कायदा 1 व 5 न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश (परिवार न्यायालय) सहारनपुर वाद संख्या-527 सन 2024 श्रीमति ममता पत्नी धर्मवीर सिंह पुत्री श्री आशा राम निवासी मौहल्ला चौधरियान कस्बा नकुड तहसील नकुड जिला सहारनपुर(वादनी).....बनाम धर्मवीर पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम रोशनपुर थाना नकुड जिला सहारनपुर हाल निवासी मौहल्ला कोटला कस्बा गंगोह तहसील नकुड जिला सहारनपुर.....हरगाह वादिया ने के आपके नाम एक नालिश बाबत विवाह विच्छेद दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दि.1-3-2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहारों के लिए मुर्करर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमें की तजवीज हुई है बस आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों को जिनकी शहादत पर आपको नाज़ हो पेश करें आपको इत्तला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा। बसब्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 4 माह 02 सन 2025 ई0 जारी किया गया।

**आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी**
**प्रधान न्यायधीश परिवार**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: 01-DYCEGA-2025**

उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते है:–
**क्रम सं.-1,** कार्य का विवरण: गोरखपुर में–उप मुख्य इन्जीनियर/गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-20 के जोन कार्य के अन्तर्गत सनइं/उत्तर के कार्यक्षेत्र में सड़क मरम्मत का कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 1,09,60,420/-, बयाने की राशि: ₹ 2,04,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, कार्य की समापन तिथि: 04 माह, कुल योग: ₹ 1,09,60,420/-
• ई–निविदा के खुलने की तिथि दिनांक 27-02-2025 को 11:00 बजे, • ई–निविदा की बिडिंग तिथि 13-02-2025 से 27-02-2025 समय 10:59 बजे तक। • उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाईट *https://ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। • यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे.,
मुजाधि/डब्लू–391 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# मिल्कीपुर उपचुनाव की तैयारियां पूरी, मतदान आज

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** जनपद मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उपचुनाव बुधवार 5 फरवरी, 2025 को आयोजित होगा। निर्वाचन अधिकारी ने यह जानकारी दी कि इस दिन सुबह 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू होगी और शाम 5 बजे तक चलेगी। आपको बताते चलें कि मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर 2022 में समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद ने जीत हासिल की थी, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में अयोध्या से सांसद चुने जाने के बाद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके कारण इस सीट पर उपचुनाव कराना जरूरी हुआ। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में इस उपचुनाव में कुल 10 उम्मीदवार मैदान में हैं, हालांकि कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) ने चुनाव से दूरी बनाई है, जबकि कांग्रेस ने सपा को समर्थन दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) ने इस उपचुनाव में चंद्रभानु प्रसाद को अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि समाजवादी पार्टी ने सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को मैदान में उतारा है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि भाजपा ने इस उपचुनाव को सपा पर परिवारवाद का आरोप लगाने और राष्ट्रवाद के मुद्दे को तूल देने के रूप में देखा है। वहीं, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने भी मिल्कीपुर उपचुनाव में अपना उम्मीदवार खड़ा किया है। जानकारों के अनुसार, 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा के अवधेश प्रसाद की फैजाबाद सीट पर जीत को भाजपा के लिए एक बड़ा झटका माना गया था, जिससे उबरने के लिए भाजपा पूरी ताकत से इस उपचुनाव में जीत हासिल करने के लिए जुटी हुई है।

मतदान प्रक्रिया के लिए विशेष इंतजाम

अधिकारियों के अनुसार, इस उपचुनाव के तहत कुल 3,70,829 मतदाता वोट देंगे, जिनमें 1,92,984 पुरुष, 1,77,838 महिला और 7 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र में 4,811 नए युवा मतदाता हैं। इस उपचुनाव में 414 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनकी सुरक्षा कड़ी होगी। 210 मतदेय स्थलों की वेब कास्टिंग की जाएगी और 25 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की जाएगी। मतदान केंद्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर, उड़नदस्ता, स्टेटिक निगरानी, वीडियो निगरानी, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। मतदान के दिन 9 उड़नदस्ता टीम, 9 स्टेटिक निगरानी टीम, 6 वीडियो निगरानी टीम, 2 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, और 4 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात होंगे। मतदान के दिन सिविल पुलिस, पीएसी और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

**निर्वाचन अधिकारी ने दी अहम जानकारी**

जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह ने मतदाताओं को मतदान के दिन आवश्यक जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 5 फरवरी को सुबह 7 बजे से 5 बजे तक मतदान होगा। इसके अलावा, मतदाताओं को अपनी पहचान साबित करने के लिए वोटर आईडी या अन्य 12 पहचान पत्रों में से किसी एक को प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि मतदाता पर्ची का वितरण 97.26 प्रतिशत हुआ है, जो मतदाताओं की पहचान में मदद करेगी।

**मतदान में विशेष निर्देश**

मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर मोबाइल फोन, स्मार्टफोन आदि लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा, यदि किसी मतदाता के पास मतदाता पर्ची नहीं है, तो भी उसे मतदान करने से नहीं रोका जाएगा।

## सचलदल व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी एलएलबी परीक्षा

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की एलएलबी त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय सेमेस्टर परीक्षा 07 फरवरी से शुरू होकर 14 फरवरी तक चलेगी। इन दो पालियों की परीक्षा के लिए विभिन्न जनपदों में कुल 14 केन्द्र बनाये गए है जिसमें 21,603 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश शासन के मंशानुरूप परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा तैयारियां पूरी की गई। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में एलएलबी सेमेस्टर की परीक्षा कराई जायेगी। पारदर्शीपूर्ण परीक्षा के लिए सभी केन्द्रों को सूचित किया गया है। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से बताया कि विवि से सम्बद्ध महाविद्यालयों के एलएलबी त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय सेमेस्टर परीक्षा 07 फरवरी से 14 केन्द्रों पर शुरू हो रही है जो 14 फरवरी तक चलेगी।

# पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे नेता विरोधी दल, माता प्रसाद पाण्डेय, सख्त कार्यवाही की मांग

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** नगर निगम के सरदार पटेल वार्ड में युवती के साथ हुए वीभत्स कांड की जानकारी मिलते ही नेता विरोधी दल, माता प्रसाद पाण्डेय ने पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।माता प्रसाद पाण्डेय ने इस घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा, ÷यह बेहद दुःख की बात है कि सूबे की वर्तमान सरकार बेटियों की सुरक्षा में पूरी तरह विफल रही है। सरकार और उसका तंत्र सुरक्षा देने के बजाय पूरी तरह से बेबस और लाचार नजर आता है। उन्होंने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी, अखिलेश यादव के नेतृत्व में, इस कठिन घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और हर संभव मदद करेगी। इस मौके पर सांसद आर के चौधरी ने भी पीड़ित परिवार को हर प्रकार की मदद देने का आश्वासन दिया।पूर्व विधायक जय शंकर पाण्डेय ने कहा कि प्रशासन को पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दोषियों को कड़ी सजा मिले।

## महाकुंभ में देवदूत बने इलाहाबाद वि.वि. के छात्र

**अयोध्या।** तीर्थनगरी प्रयागराज में चल रहे दिव्य, भव्य एवं विशाल महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन हुई भगदड़ से पूरा देश दुखी है पर इसी घटना के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कुछ छात्र-छात्राएं देवदूत की तरह प्रकट हुए व महाकुंभ में लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करके मानवता की मिशाल कायम कर दी। इस पावन-पुनीत कार्य का कुशल संचालन कर रहे सर पीसीबी छात्रावास के अन्तेवासी छात्रनेता अमन मिश्र ने बताया कि मौनी अमावस्या के दिन से अनावरत लल्ला चुंगी (महिला छात्रावास गेट) पर भंडारा चल रहा है व जिन श्रद्धालुओं को मौसम अनुकूल न होने के कारण रुकने में समस्या हो रही थी उनके रुकने की व्यवस्था भी की जा रही है, इस पुनीत कार्य में रामनगरी अयोध्या के कुमारगंज निवासी शिवांश सिंह भी अपना भरपूर सहयोग दे रहे है, शिवांश सिंह ने बताया की हमारे छात्रावास के ही भव भारत सिंघल, प्रीत उपाध्याय, सूर्यांशु मिश्रा, सुजल सिंह, अतुल सिंह, राहुल गौंड, मदन गुप्ता, अनूप यादव, सूरज यादव, निखिल व महिला छात्रावास की रिया सिंह, शैवालिनी, कीर्ति,जाह्नवी,प्रतीक्षा, स्मृति, विभूति, दिव्या आदि का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

# वृक्षों के टैटू बनाकर पर्यावरण सैनिक नीता ने मनाया जन्मदिन



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** धरती पर हरियाली बढ़ाने हेतु ग्रीन गैंग से जुड़े पर्यावरण सैनिक लगातार जन-प्रेरणा का उपक्रम करते रहते हैं। पर्यावरण सैनिक नीता वर्मा ने भी अपने 30वें जन्मदिवस पर कुछ ऐसा ही नायाब किया है। ग्रीन गैंग महिला विंग की समन्वयक सिद्धौर ब्लॉक के ग्राम डिघावां निवासी नीता वर्मा ग्रीन गैंग के गठन से ही जुड़कर धरती पर हरियाली बढ़ाने की मुहिम में कार्य कर रही हैं। इनकी संलग्नता व लक्ष्य के लिए समर्पण को देखकर संचालक मंडल की संस्तुति पर इन्हें महिला विंग का समन्वयक नामित किया। ग्रीन गैंग की स्थापना के समय संस्थापक प्रदीप सारंग ने सार्वजनिक रूप से अपने बाल हरे रँगवाये तो नीता की प्रेरणा से उपस्थित सभी ने विशेष कर महिलाओं बालिकाओं ने हरे टैटू गालों और हाथों में बनवाये थे। मंगलवार को अपने 30वें जन्मदिवस पर भावी पीढ़ी के दिल दिमाग मे हरियाली की पसन्दगी का वातावरण बनाने के उद्देश्य से नीता वर्मा पोस्टर कलर लेकर पड़ोस के एक स्कूल जाती हैं और छोटे छोटे बच्चों को उपहार देते हुए उनसे ढेर सारी बातें करती हैं और उनके गालों व हथेलियों पर हरे रंग से वृक्ष के टैटू बनाती हैं। बच्चों को हरियाली की महत्ता पर जानकारी देते हुए आसपास पौधे लगाकर बचाने की प्रेरणा भी देती हैं। श्रीमती नीता ने बच्चों से बात करते हुए कहा कि बच्चे ही भावी राष्ट्र निर्माता हैं, जैसी इनकी सोच होगी वैसा ही भविष्य का भारत बनेगा। 30 वें जन्मदिन पर ग्रीन गैंग संस्थापक प्रदीप सारंग, आंखें फाउंडेशन अध्यक्ष सदानंद वर्मा, ग्रीन गैंग अध्यक्ष एड रजत बहादुर वर्मा, संचालक मण्डल सदस्य रमेश चंद्र रावत, संचालक मण्डल सदस्य अब्दुल खालिक, कुलदीप, आकांक्षा वर्मा, काजल वर्मा, रीता वर्मा, प्रीति वर्मा, सरिता देवी, गुलजार बानो, सुलोचना यादव, सहित अनेक पर्यावरण सैनिकों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# बजरंगबली के जयघोष के साथ कटहरा में निकली महाध्वज यात्रा

**प्राचीन शिव मंदिर कटहरा में 20 फरवरी से महाशिवरात्रि पर आयोजित होगा महायज्ञ**



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सदर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सभा कटहरा में मंगलवार को धूमधाम से बजरंगबली की महाध्वज यात्रा निकाली गई। ध्वज यात्रा में शामिल श्रद्धालु जय श्रीराम एवं जय बजरंगबली का गगनभेदी जयकारे व हनुमान चालीसा गाते हुए आगे बढ़ रहे थे। प्राचीन शिव मंदिर पर आगामी 20 फ़रवरी से श्री श्री रुद्र महामृत्युंजय महायज्ञ का भव्य आयोजन होना है। बजरंगबली के महाध्वज यात्रा का शुभारंभ कटहरा शिव मंदिर से किया गया। ध्वज यात्रा प्राचीन शिव मंदिर से निकली और कटहरा चौराहा, आजाद नगर, कबिलासपुर, काली मंदिर, बैजनाथपुर, रामनगर, रामपुर टोला, शिवपुर, आनंदनगर टोला, उसरहवा गांव होते हुए पुनः शिव मंदिर पहुंची। मंदिर पर वैदिक मन्त्रोच्चार के साथ ध्वज को स्थापित किया गया। पंडित अभयानंद पांडेय ने बताया कि किसी भी यज्ञ के अग्रिम देवता हनुमान जी को माना गया है। यदि कहीं भी संकीर्तन या भगवान का उद्घोष किया जाता है तो वे सर्वप्रथम वहां पहुंचते हैं। इसलिए हनुमान जी का महाध्वज निकालकर सभी देवी देवताओं को निमंत्रण देकर उन्हें स्थापित किया गया। इससे यज्ञ मंडप और इस क्षेत्र के धर्मस्थल पर कोई बाधा न आने पाए, हनुमान जी उसके रक्षक बन जाते हैं। इस दौरान ग्राम प्रधान कमलेश सिंह, संरक्षक मिथिलेश सिंह, समाजसेवी रवींद्र जैन, अध्यक्ष सोमनाथ सिंह, गोविंद चौधरी, मन्नू यादव, पप्पू सिंह, जमुना चौहान, ज्ञानप्रकाश राय, बृजेश सिंह, रामबृक्ष साहनी, रामबचन साहनी, सत्यपाल चौहान, सिकंदर, धर्मेंद्र पहलवान सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## बसंत पंचमी पर मां शांति सेवा फाउंडेशन द्वारा महाकुंभ से लौटे श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा

अयोध्या। मां शांति सेवा फाउंडेशन ने बसंत पंचमी के पावन अवसर पर संस्था के संस्थापक बसंत राम जी का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर महाकुंभ से लौटे श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती नेहा कुमारी एवं संस्था के सदस्यों ने इस दिन को विशेष रूप से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि राकेश कुमार मिश्रा, उप निरीक्षक, ने मां सरस्वती और संस्था की प्रेरणा स्रोत स्वर्गीय श्रीमती शांति देवी जी के चित्र पर माल्यार्पण और पूजन करके की। अध्यक्ष नेहा कुमारी ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा अयोध्या में आए श्रद्धालुओं के लिए पांच दिवसीय चाय और जलपान वितरण का आयोजन किया जा रहा है, और आज चौथे दिन इस आयोजन को बसंत पंचमी के उत्सव के रूप में मनाया गया।संस्थापक बसंत राम ने अपने 20 वर्षों के सामाजिक कार्यकर्ता के सफर को याद करते हुए कहा, ÷मेरे जीवन का सबसे बड़ा अवार्ड सामाजिक कार्य से प्राप्त आत्म संतुष्टि है। हम सभी को अपनी सामर्थ्य के अनुसार समाज की सेवा करनी चाहिए।÷इस अवसर पर संस्था की टीम ने संस्थापक व अध्यक्ष के नेतृत्व में महाकुंभ से अयोध्या धाम आए श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा और मानवता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर उप निरीक्षक राकेश कुमार मिश्रा को सम्मानित किया। उन्हें रामलाल का चित्र भेंट करके माल्यार्पण और पट्टिका समर्पित की गई।

## तीन दिवसीय बुद्ध कथा का आयोजन हुआ

**बाराबंकी।** देवा ब्लाक के ग्राम् नरतला मजरे सरसोदी मे तीन दिवसीय बुद्ध कथा का आयोजन समता सैनिक दल के नेतृत मे किया गया कथा के अंतिम दिन डा अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच के युवा जिला अध्यक्ष दीपराज रावत ने कहा की हमारा पसी समाज आज अपने आप को पासी राजाओ का वंसज तो बता रहा है लेकिन करता सामन्य वर्ग की गुलामी है पासी समाज को पता होना चाहिए की अगर बाबा साहब डा अम्बेडकर जी ने संबिधान मे हमे समानता का अधिकार नही दिया होता तोआज हमारा पासी समाज भी गुलाम बना होता बुद्ध कथा के अंतिम दिन कथा वाचिका जुली गौतम ने महार तालाब की करुण कथा का पसंग सुना कर जनता का मन मोह लिया। इस मौके पर संगठन के जिला महासचिव डा प्रमोद वर्मा गोबिंद जाटव, अमन पेंटर, राहुल कुमार, अंकित कुमार, साजन कुमार, ब्रजेंद्र कुमार, आसाराम, अजय कुमार, मोनिका गौतम आदि सैकडो लोग उपस्थिति थे

## कवरेज के दौरान अभद्रता करने पर पत्रकारों में रोष



**निचलौल(महराजगंज)।** जर्नलिस्टस प्रेस क्लब तहसील इकाई निचलौल के तत्वाधान में मंगलवार को पत्रकारों ने वरिष्ठ पत्रकार विपिन चौबे के साथ प्रयागराज में हुए दुर्व्यवहार को लेकर राज्यपाल और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार गौतम को ज्ञापन सौप कार्रवाई की मांग किया। पत्रकारों ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार विपिन चौबे जो देश के एक प्रतिष्ठित न्यूज़ चैनल के संवाददाता है। प्रयागराज के पीएम हाउस मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में न्यूज़ कवरेज कर रहे थे। जहां पुलिस व प्रशासनिक के द्वारा उनका न्यूज़ कवरेज करने से रोका गया और उनके साथ अभद्रता करते हुए उनको गिरफ्तार करने की भी धमकी दी गई। पत्रकारों ने घोर निंदा करते हुए अभद्रता करने वाले लोगों की खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग किया है। इस दौरान अध्यक्ष विकास रौनियार, महामंत्री दिनेश रौनियार, उपाध्यक्ष गोविंद साहनी, मंत्री इजहार सिद्दीकी, पुर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार गौड़, नवीन मिश्रा, आलम अंसारी, हैदर अली, इनामुल्लाह, रुतुत पाठक, मनीष, प्रवीण मिश्रा,धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, राजु मद्धेशिया,आदि उपस्थित रहे।

# महाकुंभ में हुई भगदड़ में मृतकों की सूची सार्वजनिक करे कांग्रेस, सौपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश सरकार मौनी अमावस्या के दिन कुम्भ के मेले में हुयी भगदड़ में मृतकों एवं घायल श्रद्धालुओं की सूची सार्वजनिक करे जिससे श्रद्धालुओं को अपने प्रियजनों की वास्तविक स्थित की जानकारी हो सके। उक्त आशय की मांग प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो0 मोहसिन की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के महामहिम राज्यपाल को जिलाधिकारी के प्रतिनिधि उपजिलाधिकारी विवेकशील यादव को ज्ञापन प्रेषित करके की। महामहिम को प्रेषित ज्ञापन में कांग्रेसजनों ने मांग की है कि, 29 जनवरी 2025 को मौनी अमावस्याके दिन प्रयागराज संगम में भारी संख्या में स्नान हेतु श्रद्धालु एकत्र हुये थे लेकिन अचानक हुयी भगदड़ में कुछ श्रद्धालुओं की मौत हो गयी। और बड़ी संख्या में श्रद्धालु गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिनकी सही जानकारी उत्तर प्रदेश सरकार तथा मेला प्रबन्धन द्वारा न मिलने के कारण उनके परिवारजन इस बात को लेकर चिन्तित है कि, आखिर उनके प्रियजन कहाँ और किस हाल में हैं। इसलिये श्रद्धालुओं के परिवारजन अपने बिछड़ों से मिल सके इसके लिये प्रदेश सरकार को महामहिम राज्यपाल महोदय निर्देशित करें कि वो, मौनी अमावस्याके दिन कुम्भ के मेले में हुयी भगदड़ में मृतकों एवं घायल श्रद्धालुओं की सही सूची जारी करे, जो अभी तक सार्वजनिक नही की गयी है। जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित करने वालों में से मुख्य रूप से राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला आदर्श पटेल सरजू शर्मा, शबनम वारिस, साईस्ता अख्तर, के0सी0 श्रीवास्तव, दिलशाद वारसी, देवेन्द्र प्रताप यादव, अनुराग यादव, वीरेन्द्र प्रताप यादव, मोहम्मद इजहार सिद्धीकी, देवेन्द्र सिंह मोनू, अजीत वर्मा, राजेन्द्र गोस्वामी, राम हरख रावत, नेकचन्द्र त्रिपाठी, फरहान वारसी, मोईनुद्दीन अंसारी, मोहम्मद आरिफ, सुरेन्द्र मिश्रा, फरीद अहमद, प्रशान्त सिंह, अनुरूद्ध सिंह, आरके तिवारी, कौशल किशोर वर्मा, रमेश कश्यप, तस्लीमन खांन, प्रीती शुक्ला, सना चौधरी, श्रीकान्त मिश्रा सहित दर्जनों की संख्या में कांग्रेसजन थें।

## बसंत पंचमी उल्लास का प्रतीक हैः डॉ संगीता मोहन



**शाहजहांपुर।** मुमुक्षु शिक्षा संकुल के तत्वावधान में बसंत ऋतु के आगमन पर ÷बसंतोत्सव÷ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेविका व चिकित्सक डा. संगीता मोहन तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कवियत्री सरिता बाजपेयी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ की प्रधानाचार्या डॉ मेघना मेहंदीरत्ता ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। डॉ प्रतिभा सक्सेना ने सरस्वती वंदना एवं लोकगीत प्रस्तुत किया। डॉ कविता भटनागर ने बसंत नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ संगीता मोहन ने इस अवसर पर उदबोधन देते हुए कहा कि बसंत का आगमन नव उल्लास एवं प्रसन्नता के संचार का प्रतीक है। विशिष्ट अतिथि सरिता बाजपेयी ने काव्यपाठ किया। इसके अतिरिक्त एस एस एम वी के विद्यार्थियों के द्वारा गरबा नृत्य तथा स्टाफ के द्वारा समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। एस एस एम वी की शिक्षिका अंजली मिश्रा ने लोकगीत प्रस्तुत किया। काव्या बाजपेयी, गरिमा मिश्रा, श्रद्धा मिश्रा, शुभा अग्निहोत्री, वैष्णवी गुप्ता, जया कुमार, संगीता, आकांक्षा के द्वारा भी विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। मुख्य अतिथि को कार्यक्रम संयोजक डॉ कविता भटनागर ने, विशिष्ट अतिथि को प्रो पूनम दोहरे ने एवं कार्यक्रम अध्यक्ष को डॉ प्रतिभा सक्सेना ने अंगवस्त्र व स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। संचालन बृजलाली चौबे ने एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक डा. कविता भटनागर ने किया। कार्यक्रम के अंत में सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ दीप्ति गंगवार, डॉ बरखा सक्सेना, डॉ अर्चना गर्ग, डॉ विनीता राठौर, ममता सिंह, श्रीमती झरना रस्तोगी, डॉ अंजू अग्निहोत्री, किरन मेहरोत्रा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# प्रतिभावान बच्चों को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा(महराजगंज)।** मिठौरा क्षेत्र के नंदाभार में स्थित केडी इंटर कालेज में मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। साथ ही स्काउट गाइड का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रिया, शिवानी, अनामिका, तन्नू को सम्मानित किया गया। हिंदी भाषण में आर्यन वर्मा का स्थान प्रथम रहा। नारी शक्ति विषय पर क्लास सात की पारुल पांडेय ने बेहतरीन भाषण देने पर सम्मानित किया गया। भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार और कर्त्तव्य विषय पर आर्यन वर्मा, नितेश, प्रिंस, सहराज, नंदनी, शिवानी, मनीषा, विकास महिमा गुप्ता ने संयुक्त रूप में बेहतर नाटक प्रस्तुत करने पर सम्मानित किया गया। वही अंग्रेजी भाषण में साक्षी को सम्मानित किया गया। कालेज प्रबंधक विपिन श्रीवास्तव ने बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि बच्चों के अंदर असीम प्रतिभा छुपी हुई हैं इन बच्चों को सही स्थान मिलेगा तो भविष्य में भी बेहतर करके दिखाएंगे।

# शिकायत करने पहुची नाबालिग बच्चियों के सामने दबंग दरोगा ने पिता को दी गाली, भगाया


*अवधनामा संवाददाता*



**मसौली बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह की मित्र पुलिस महिला सशक्तीकरण की किस तरह की धज्जियाँ उड़ा रही है जिसका ताजा मामला मसौली पुलिस का देखने को मिला दबँग विपक्षियों का कोपभाजन बनी नाबालिग़ बच्चियां जब अपने पिता के साथ थाने पर तहरीर देने गयी तो मसौली थाने के जाबाज दरोगा राकेश यादव ने

नाबालिंग बच्चियों के सामने पिता को अभद्र गालियों से अपमानित कर थाने से भगा दिया और विपक्षियों की तहरीर पर पीड़ित परिवार के ही खिलाफ मुकदमा दर्ज कर महिला सशक्तीकरण का गला घोट देने का काम किया है। परेशान पिता पुलिस के व्यवहार से परेशान होकर नाबालिग बच्चियों के साथ पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगायी है। बताते चले कि रविवार की शाम को थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुरवा निवासी गरीब मजदूर नाजिम अली की तीन नाबालिग़ बच्चियों अपने दरवाज़े बैठकर पढ़ाई कर रही थी इसी बींच पड़ोसी कल्लू की बकरी ने आकर बच्चियों की किताब को फाड़ दिया बच्चियों द्वारा बकरी हाकने प ीआक्रोशित कल्लू अपने पुत्र अशरफ, पुत्री शाहीन, नाजिया, नसरीन के साथ मिलकर घुस लातो से जमकर पिटाई कर दी इस दौरान बिन माँ की बच्चियों के पिता मजदूरी के लिए घर पर नही था। विपक्षियों की मारपीट मे बच्चियों की उंगलियों एव हाथ मे काफी चोटे आयी है। रविवार को रात्रि हो जाने के कारण सोमवार की सुबह जब बच्चियों के साथ थाने तहरीर लेकर गया थाने पर मौजूद हल्का दरोगा राकेश यादव ने सारी हदे पार करते नाबालिग़ बच्चियों के सामने अभद्र एव गंदी गंदी गालियों की बौछार करते हुए थाने से भगा दिया हद तो तब हो गयी विपक्षी की तहरीर पर पीड़ित पिता एव नाबालिग बच्चियों के ही विरुद्व मुकदमा दर्ज कर वाह वाही लूट रही है। पुलिस की करतूतों से परेशान नाबालिग बच्चियों के पिता नाजिम ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है अब देखना है कि महिला सशक्तीकरण का दम भरने वाली पुलिस नाबालिग़ बच्चियों को न्याय दिलाएगा या महिला सशक्तीकरण की धज्जिया उड़ाई जायेगी। कहने को विपक्षी कल्लू दबँग व रसुखदार है वही पीड़ित बच्चियां बिन माँ व मजदूर पिता की बेटिया है जिन्हे पुलिस भी न्याय नही दिला रहा है। इस सम्बंध मे जब प्रभारी निरीक्षक यसकांत सिंह से जानकारी ली तो प्रभारी निरीक्षक ने भी दबँग का पक्ष लेते हुए नाबालिग बच्चियों को ही दोषी बताया।

## आपार आईडी शासन की शीर्ष प्राथमिकता हैः डीएम



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा के कक्षा 1 से 12 में अध्ययनरत छात्रों के अपार आईडी निर्माण के संदर्भ में जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्यों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गई। जिसमें उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को कड़ा निर्देश देते हुए फरवरी के अंत तक न्यूनतम 75 प्रतिशत छात्रों की अपार आईडी बनवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त विद्यालयों में विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ बैठक आयोजित कर उनसे अपार आईडी के निर्माण के संदर्भ में सहमति पत्र प्राप्त कर, आईडी निर्माण के कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने शून्य प्रगति वाले विद्यालयों को चेतावनी देते हुए अपार आईडी के निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी महोदय ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि जिन परिषदीय विद्यालयों में 90 प्रतिशत से अधिक मामले लंबित हैं, उनमें प्रधानाचार्यों का वेतन रोकने के कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने कहा कि अपार आईडी शासन की शीर्ष प्राथमिकता है और विद्यालय इसको गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही करें। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक पी.के. शर्मा, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी विपिन यादव सहित अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

# वेतन आयोग के समक्ष कर्मचारी शिक्षकों का पक्ष रखेगें ई. हरिकिशोर तिवारी

## केंद्रीय सुझाव समिति के सदस्य नामित हुए कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** आठवें वेतन आयोग की घोषणा के बाद कर्मचारी और शिक्षक समुदाय से सुझाव मांगे जाएगें। इसके लिए एनजेसीए के संयोजक कॉमरेड शिवगोपाल मिश्रा ने कर्मचारी शिक्षक का पक्ष आयोग के समक्ष रखने के लिए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी को सदस्य नामित किया हे।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति ने कहा कि राज्य कर्मचारियों व शिक्षकों के लिए खुशखबरी व सम्मान का विषय है कि केंद्रीय वेतन आयोग के गठन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कॉ. शिवगोपाल मिश्रा ने राज्यकर्मचारियों के वेतन भत्ते समकक्षता हेतु परिषद के सम्मानित अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी को जो जेएफआरओपीएस/ एनजेसीए की केंद्रीय कमेटी के पहले से ही सदस्य हैं, को आठवें वेतन आयोग के लिए सुझाव प्रेषित करने हेतु गठित कमेटी का सदस्य नामित किया है। परिषद के नेताओं ने इसके लिए कामरेड शिवगोपाल मिश्रा को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह हरिकिशोर तिवारी जी का कर्मचारी शिक्षक के लिए लगातार काम करने का प्रतिफल है। आशा है कि केंद्रीय समानता और राष्ट्रीय स्तर पर वेतन आयोग के समक्ष राज्य कर्मचारियों व शिक्षकों की आवाज बनकर इं. हरि किशोर तिवारी हम सभी का नेतृत्व करेंगे। सिद्धार्थनगर के जिला अध्यक्ष अनिल सिंह, मंत्री शैलेन्द्र गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, आशुतोष यादव, प्रदीप सिंह, वीरेंद्र त्रिपाठी सहित परिषद के सभी घटक संगठनों के अध्यक्ष मंत्रियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# आरटीओ चेकिंग : तीन वाहन सीज



अवधनामा संवाददाता

**इटवा सिद्धार्थनगर।** आरटीओ सुरेश मौर्य ने इटवा में सघन चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें तीन वाहनों को सीज कर एक लाख रुपये से अधिक का जुर्माना व दो ओवरलोडेड वाहन और एक बिना कागजात का टेम्पो पकड़ थाना पहुंच सीज कराया। इस कार्यवाही से ओवरलोड व गलत ढग से चलने वाले वाहनों में इस कार्यवाही से अफरा तफरी मची रही।

चेकिंग के दौरान यूपी 51 एटी 4268 नंबर की गाड़ी को ओवरलोडिंग में पकड़ा गया, जिस पर 46,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। गोल्हौरा थाना क्षेत्र में यूपी 55 टी 4191 टेम्पो को बिना किसी वैध कागजात के पकड़ा गया, जिस पर 27,750 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी क्षेत्र में एक पिकअप वाहन को भी ओवरलोडिंग में पकड़ा गया, जिस पर 31,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। आरटीओ सुरेश मौर्य ने सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने विशेष रूप से ठंड के मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दी। दो पहिया वाहन चालकों को तीन सवारी न बैठाने और हेलमेट पहनने का निर्देश दिया। चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का उपयोग करने और वाहन को नियंत्रित गति में चलाने की सलाह दी गई। कुल मिलाकर तीन वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई, जिनमें इटवा से एक तथा गोल्हौरा थाना क्षेत्र से दो वाहन शामिल थे। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे और ओवरलोडिंग करने वाले वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया है।

> आरटीओ ने यातायात नियमों के पालन की दी हिदायत

# डीएम ने बांसी कस्बे में बने 50 शैय्या के उच्चीकृत अस्पताल का किया निरीक्षण



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने मंगलवार को बांसी कस्बे में बने 50 शैय्या के उच्चीकृत अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था के अवर अभियंता को पंद्रह दिन में कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। वार्डों में मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में लेने के बाद सी एम एस उजैर अतहर को स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के लिए कहा। अस्पताल में अभी पानी और शौचालय की सुविधा होने की जानकारी होने पर उन्होंने कार्यदायी संस्था के अवर अभियंता से सभी सुविधा मुहैया कराने के साथ निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। बताते चले कि 50 बेड के उच्चीकृत अस्पताल का संचालन शुरू करने के लिए विभाग ने सी एम एस सहित ए विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती एक माह पूर्व कर दिया है। इसके बाद भी भवन का काम पूरा नहीं होने और ओ टी, वार्ड व ओ पी डी कक्ष सुविधाओं से लैस न होने से स्वास्थ्य सुविधा मरीजों को नहीं मिल पा रही है तथा चिकित्सकों को बैठने में दिक्कत हो रही है।

# जिलाधिकारी ने किया माघ मेला बांसी का निरीक्षण



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने मंगलवार को माघ मेला बांसी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी माघ मेला परिसर के मध्य में पहुंचकर दुकानदारों से उनका हाल जाना साथ ही यह भी कहा कि किसी तरह की दिक्कत या परेशानी हो तो बताए। सुबह बिजली और तहबाजारी में अधिक वसूली होने का मामला उठने के मामले में उन्होंने मेला के जिम्मेदारों से कहा कि बिजली, तहबाजारी सहित नपा के जो भी दर निर्धारित है उसका डिस्प्ले मेले में जगह जगह लगा दे। जिससे लोगो को जानकारी हो जाए और कोई अधिक वसूली न कर सके। इसके बाद भी अधिक वसूली की शिकायत मिलने पर जिम्मेदारों पर कार्यवाही किया जाएगा। उन्होंने दुकानदारों से दुकान पर अपना परिचय पत्र फोटो सहित लगाने को कहा। इस अवसर पर एस डी एम शशांक शेखर राय, ई ओ मुकेश कुमार, मेला इंचार्ज पुलिस एस आई आनंद कुमार आदि मौजूद रहे।

# डीसी मनरेगा संदीप सिंह द्वारा हरिगाव में चल रहे मनरेगा का किया गया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक क्षेत्र लोटन के ग्राम पंचायत हरिगांव में चल रहे नाले मे मनरेगा के तहत विकास कार्यो का औचक निरीक्षण करने पहुंचे मंगलवार को उपायुक्त मनरेगा संदीप सिंह निरीक्षण के दौरान केस डायरी मनरेगा रजिस्टर की जांच करने के साथ मौजूद मजदूरों व मास्टररोल से मिलान करने के साथ नाम की जांच किया दोपहर तीन बजे पहुंचे डीसी मनरेगा मनरेगा संदीप सिंह ने सबसे पहले गांव से करीब एक किलोमीटर रास्ते पर हो रहे मिट्टी के कच्चे कार्य को देखा।

डीसी मनरेगा ने मौके पर एपीओ सत्यप्रकाश से मजदूरों का हाजिरी रजिस्टर दिखाने को कहां रजिस्टर में कुछ कमियां मिलने पर जल्द से जल्द इसको ठीक करने की हिदायत दी।इसके बाद डी सी मनरेगा व खण्ड विकास अधिकारी द्वारा निर्माणाधीन पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मनरेगा मजदूरों से वार्ता करते हुए जॉब कार्ड बने होने की पूछताछ किया। पूछताछ के दौरान मजदूरों ने तीन महीने से मजदूरी न मिलने की शिकायत की।

डीसी मनरेगा ने बताया कि जैसे पैसा उपलब्ध होगा मजदूरी भुगतान कर दिया जायेगा। इस दौरान प्रधान भारत, नित्यानंद श्रीवास्तव, ग्राम विकास अधिकारी देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, रोजगार सेवक सोनू सहित तमाम मजदूर मौजूद रहें।

# बच्चों के बीच स्वच्छता की पाठशाला का किया संचालन



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** रेकिट इंडिया एवं प्लान इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान के अंतर्गत स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम के तहत विकास खण्ड शोहरतगढ़ क्षेत्र के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय लेदवा में शिक्षक राकेश कुमार राज के द्वारा बच्चों के बीच स्वच्छता की पाठशाला का संचालन किया गया। बच्चों को व्यक्तिगत सफाई में हाथों की सफाई क्यों करनी चाहिए, हमें हाथों को कब धोना चाहिए और अपने हाथों को सही तरीके से साफ करने के लिए हमें क्या करना चाहिए इस पर बच्चों के बीच चर्चा किया गया।

स्कूल के सभी बच्चों के बीच हाथ धोने की विधि के बारे में बताया गया एवं संस्था द्वारा उपलब्ध पोस्टर एवं गेम बॉक्स के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में स्वच्छता का पाठ पढ़ाया गया।ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमन शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा चयनित जनपद सिद्धार्थ नगर के 100 विद्यालयों के शिक्षकों को डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता एवं हाइजीन विषय पर प्रशिक्षण दिया गया है, जिसके उपरांत विद्यालयों को स्वच्छता संबंधित शिक्षक मैनुअल पुस्तक, विद्यार्थियों की कार्य-पुस्तिका, पोस्टर, स्कूल गेम बाक्स किट एवं डायमंड कामिक्स प्रदान किया गया है।

चयनित विद्यालय में सप्ताह में एक दिन 45 मिनट का स्वच्छता की पाठशाला चलाया जाएगा जिसमें स्वच्छता संबंधित टूल के द्वारा बच्चों में स्वच्छता के महत्व को बताते हुए उन्हें स्वच्छ आदतों को अपनाने हेतु जानकारी प्रदान करना एवं उनके व्यवहार में परिवर्तन कर उनमें स्वच्छता के गुणों का विकास करके उन्हें स्वच्छता दूत के रूप में विकसित करना है। इस दौरान प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार, शिक्षक शशि यादव,पवन चौरसिया, सिद्धार्थ कुमार, राकेश जायसवाल, रेनू मद्धेशिया, सरोज श्रीवास्तवा, मनमोहन, राकेश कुमार राज एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमन शर्मा मौजूद रहे।

# डीसी मनरेगा ने सीएलएफ कार्यालय का किया उद्घाटन



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन बाजार के ग्राम पंचायत मे बने पंचायत भवन के परिसर मे नया सवेरा प्रेरणा महिला संकुल समिति (सी एल एफ) कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को डीसी मनरेगा संदीप सिंह, ब्लांक प्रमुख आशीष सिंह, खण्ड विकास अधिकारी श्याम मुरली मनोहर मिश्र द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया। डीसी मनरेगा द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया की सरकार महिलाओ को आत्म निर्भर बनाने के लिए हर ग्राम पंचायत मे समुह का गठन करके सी एल एफ मे जोडा गया है ताकि महिलाएं सशक्त व आत्मा निर्भर बने समुह के महिलाओं को सरकार की हर योजना की जानकारी होना चाहिए ताकी उसका लाभ उन्हें मिल सके और अपने समुह के सदस्यों को भी लाभ दिलाये। अध्यक्ष अनीता, सचिव अंजनी, कोषाध्यक्ष पूनम एंव बैठक में उपस्थित सभी समूह के सदस्यों से वार्ता करते हुए डीसी मनरेगा संदीप सिंह ने बताया की सीएलएफ कार्यालय संचालित होने से रोजगार परख गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। इस दौरान सचिव रविन्द्र कुमार जाटव, ग्राम प्रधान प्रदीप मोदनवाल, सत्य प्रकाश, एडीओ आईएसबी प्रमोद कुमार, बीएमएम गीरिश चंद्र पाण्डेय, चुन्नू गौड़ सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# युवक की सड़क दुर्घटना में इलाज के दौरान मौत

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के मरहरा निवासी सेवाराम मौर्य 38 बीते एक जनवरी शाम को बाइक से अपने ससुराल इटौरा से घर लौट रहे थे। हाजीपुर के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल युवक को स्थानीय व पीआरबी की मदद से सीएचसी नगपुर लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नाजुक स्थिति को देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर भर्ती कराया गया। जहां सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई।

# नाबालिक युवक को तमंचा के साथ किया गिरफ्तार

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** कटका पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक किशोर को अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। कटका थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि मुखबिर को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के पर्वतपुर महुलिया बंधा के पास एक किशोर अवैध तमंचा के साथ मौजूद है।।मुखबिर की सूचना के बाद थाने के उपनिरीक्षक अवधेश कुमार श्रीवास्तव मय हमराहियों के मौके पर पहुंचे और वहां बैठे किशोर को बुलाया तो पुलिस को देख कर वह भागने लगा।जिसे पुलिस ने घेर कर पकड़ लिया। और पूछताछ की तो उस ने अपना नाम उमेश निषाद पुत्र लक्ष्मण निषाद 17 वर्ष निवासी मुंडेरा बताया। जामा तलाशी में उस के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर बरामद हुआ। जिस के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ई-ऑफिस की बैठक आयोजित



**अंबेडकरनगर।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा पूरे प्रदेश की सरकारी कार्यालयो को पेपर लेस किए जाने की अभियान के तहत जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में ई - ऑफिस की बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद अंबेडकर नगर में जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में मुख्य विकास अधिकारी के सराहनीय प्रयास से 37 विभागों को ई - ऑफिस के अंतर्गत लाइव किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि ई - ऑफिस की शुरुआत होने से अब फाइलों के संचालन में तेजी आने के साथ ही साथ पेपर की बचत व पर्यावरण की रक्षा होगी। उन्होंने कहा कि ई - ऑफिस प्रणाली के लागू होने से अब फाइलों के मूवमेंट एवं ट्रैकिंग में सुगमता होगी।इससे दफ्तर में पेपर लेस कामकाज होता है, जिससे कागज की खपत कम होगी और इससे पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी तथा दस्तावेजों की सुरक्षा पहुंच अधिकारियों का प्रबंध आसान होगा। फाइलों का स्थानांतरण डिजिटल माध्यम से होने से समय की बचत होगी। इससे कार्यों में तेजी आएगी और दक्षता बढ़ेगी। ई - ऑफिस से जन सामान्य के कार्यों/ समस्याओं का त्वरित एवं सुगमता पूर्वक निस्तारण होगा। बैठक में जिलाधिकारी ने अवशेष विभागों को भी ई ऑफिस संचालन से संबंधित समस्त कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर समस्त पत्रावलियों का संचालन ई ऑफिस से ही करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.राजकुमार, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, खंड विकास अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# रिश्वत लेते लेखपाल का वीडियो वायरल, निलंबित



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** तमकुहीराज तहसील में तैनात लेखपाल रविकांत का रिश्वत लेते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में लेखपाल को रामनाथ नामक एक व्यक्ति से रिश्वत लेते हुए स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। यह रिश्वत घरौनी (आबादी) प्रमाण पत्र बनाने के लिए मांगी गई थी। इस मामले में जिला प्रशासन ने संबंधित लेखपाल को निलंबित कर दिया है। बताया जाता है कि पीड़ित परिवार ने भ्रष्टाचार का सबूत जुटाने के लिए इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाया है और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि यह वीडियो तीन महीने पुराना बताया जा रहा है। लेकिन अब सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने वीडियो का संज्ञान में लेते हुए तत्काल उक्त लेखपाल को निलंबित कर दिया है।

# बिल्डिंग मैटेरियल्स की दुकान में चोरी

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के महुअवा खुर्द में कप्तानगंज पिपराइच मार्ग पर स्थित एक बिल्डिंग मैटेरियल्स की दुकान में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। प्राप्त सूचना के मुताबिक अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के महुअवा खुर्द निवासी दयाशंकर सिंह पुत्र वशिष्ठ सिंह महुअवा खुर्द चौराहे पर बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान चलाते हैं।जो बीते सोमवार की शाम अपनी दुकान बंद कर अपने परिवार के सदस्यों के साथ एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने चले गए थे। सोमवार की रात चोरों ने छत के रास्ते अन्दर घुस कर उसमें रखे इन्वर्टर बैटरी एल.ईडी.टीवी मोबाइल फोन सहित अन्य सामान की चोरी कर फरार हो गए। मंगलवार की सुबह जब दयाशंकर अपने दुकान पर पहुंचे तो सारा सामान बिखरा देखकर अवाक रह गए। उसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर थानाध्यक्ष अहिरौली बाजार दिनेश कुमार मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गए। इस संबंध में दुकानदार ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सीडीओ ने किया खेल मैदान/मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा मंगलवार को विकास खण्ड उसका बाजार के ग्राम पंचायत चोरवर में जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायत के कन्वर्जेन्स से खेल मैदान/मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

खेल मैदान, मिनी स्टेडियम के संबंध में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि खेल मैदान की बॉउंड्री वॉल का निर्माण जिला पंचायत द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। निरीक्षण के समय पिलर एवं बीम का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मैदान में मिट्टी पटाई कार्य महात्मा गांधी नरेगा से कराया जा रहा है। सीडीओ ने खण्ड विकास अधिकारी उसका को निर्देशित किया कि मानक के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के समय ओम प्रकाश, खण्ड विकास अधिकारी, अभियन्ता जिला पंचायत, अवर अभियंता कंसल्टिंग इंजीनियर एवं ग्राम सचिव उपस्थित रहें।

# सात को जश्ने सरकारे वफ़ा का जलालपुर मे आयोजन

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** लश्कर ए हुसैनी हज़रत अब्बास अलैहिस्सलाम के जन्मदिवस के अवसर पर आगामी सात फरवरी सात शाबान को रात्रि में नगर के मोहल्ला जाफराबाद स्थित अखाड़ा परिसर में जश्न सरकार -ए-वफा में शायरों व उलमाओं का जमावड़ा होगा। बज़्म सरकार-ए-वफा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में अनीस जायसी, सरवर नवाब, बेलाल काजमी, दाबुल शाहिदी इंडोनेशिया, जावेद गोपाल पूरी, काशिफ अयोध्या, सागर बनारसी, जफर नसीराबादी, अज़हर कायमी, अंसर जलालपुरी, अनीस जायसी, मशहद जलालपुरी समेत दर्जनों शायर कलाम पेश करेंगे। उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक रजी इमाम ने दी है।

# प्रयागराज में पत्रकार के साथ हुए दुर्व्यवहार की घटना पर ग्रापए ने जताई नाराजगी

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई डुमरियागंज के पदाधिकारी ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रयागराज में बीते दिनों एक टीवी चैनल के पत्रकार के साथ हुए दुर्व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए संबंधित पुलिस व प्रशासनिक कर्मी के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के डुमरियागंज तहसील अध्यक्ष राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में वरिष्ठ पदाधिकारियों व पत्रकारों के मौजूदगी में पत्रकारगण ब्लॉक गेट से निकल कर पद मार्च कर तहसील में पहुंचे, जहां राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ग्रापए तहसील संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार संजय त्रिपाठी, ठाकुर प्रसाद मिश्रा, रवींद्र कुमार गुप्ता व महामंत्री अफजान फारुकी ने बताया कि प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दरमियान बीते भगदड़ की घटना के बाद एक मेडिकल कॉलेज में समाचार संकलन के दौरान एक टीवी चैनल के पत्रकार विपिन चौबे के साथ वहां मौजूद पुलिस कर्मियों व प्रशासनिक जिम्मेदारों के द्वारा दुर्व्यवहार किया गया। जिसका एक वीडियो क्लिप भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। मामले को लेकर पत्रकारगण काफी आहत हैं। घटना में मृतकों के परिवारों के प्रति ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन संवेदना व्यक्त करता है। लेकिन एक पत्रकार जो सच्चाई दिखाने के उद्देश्य से अपने दायित्व का निर्वहन कर रहा था, उसे रोका जाना और उसके साथ दुर्व्यवहार किया जाना अत्यंत निंदनीय है। ग्रापए ऐसे लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग करता है। तहसील अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने अपनी मांग को अवगत कराया है।

> राज्यपाल को संबोधित एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

# छह शातिर चोरो को पुलिस ने किया गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** सम्मनपुर पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में छह शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी की दर्जनों बैट्री समेत एक कार, बाइक व अन्य सामान पुलिस ने बरामद किए हैं। जरूरी प्रक्रिया के बाद सभी को जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे।

अभियान के तहत सम्मनपुर पुलिस मंगलवार की सुबह सुल्तानगढ़ पुल के पास गश्त पर थी। इस बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ शातिर किस्म के चोर परस कटुई मार्ग पर कार से चोरी का सामान बेचने के लिए जा रहे हैं। पुलिस ने सुबह 5 बजकर पांच मिनट पर जंगलेश्वर मंदिर के पास कार को रुकवाया तो सभी लोग भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी करके सभी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम तुषार गौड़ पुत्र रामनेवाज ग्राम अमिया बाभनपुर थाना बसखारी,आनंद कुमार पुत्र स्व. बलिराम निवासी तेंदुआ पियारेपुर थाना टांडा, सचिन वर्मा पुत्र रमेश वर्मा ग्राम अकूतपुर थाना टांडा, आदित्य तिवारी पुत्र लक्ष्मीनारायण तिवारी बुद्धीपुर थाना टांडा, विवेक वर्मा पुत्र रामविशुन वर्मा ग्राम अशरफपुर सादीपुर थाना अलीगंज व विशाल वर्मा पुत्र विजय लाल वर्मा ग्राम अकूतपुर थाना टांडा जनपद अम्बेडकर नगर बताया। सभी पर विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस ने इनके पास से चोरी हुआ 16 बैटरी, आठ इनवर्टर, 10 मोटर पंप, एक स्टेबलाइजर, एक फ्रिज, एक अदद सीपीयू सीज सुदा, एक अदद बलेनो कार यूपी 50 सीसी 2942, एक मोटरसाइकिल अपाची यूपी 45 एवी 4875 बरामद किया है। गिरफ्तारकर्ता टीम में प्रभारी निरीक्षक जेपी सिंह यादव, उप निरीक्षक संजय सिंह, प्रभारी एसओजी उप निरीक्षक अभिषेक त्रिपाठी समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# मौनी अमावस्या को महाकुंभ में हुई मौतों की संख्या जारी करें सरकार

**अमेठी।** महाकुंभ -2025में मौनी अमावस्या को हुई बड़ी दुर्घटना के मृतकों की संख्या न जारी करने को लेकर कांग्रेस ने योगी सरकार को निशाने पर लिया है। जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देकर राज्य सरकार से मृतकों की संख्या जारी करने की मांग की है। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष शुभम सिंह और जिला उपाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह की अगुवाई में कांग्रेस जनों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशाशन को सौंपा। राज्यपाल से उत्तर प्रदेश सरकार को अविलंब घटना में मारे गए एवं घायल हुए श्रद्धालुओं की सूची जारी करने के निर्देश देने की मांग की। ज्ञापन देने वाले प्रमुख लोगों में डॉ. अरविंद चतुर्वेदी, एन एस यू आई जिलाध्यक्ष सुमित तिवारी, शाहगढ़ ब्लॉक प्रमुख सदाशिव यादव, सर्वेश सिंह, मतीन अहमद, मेराज अहमद, बब्बन द्विवेदी , रामप्रसाद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# महाकुंभ में मरने वालों की सही संख्या बताये सरकार

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** महाकुंभ में हुये हादसे में मतकों की संख्या सार्वजनिक किये जाने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन सौंपने के उपरान्त जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' ने कहा महाकुंभ हादसे में मरने वालों की संख्या को लेकर देश भर में तरह तरह की बातें हो रही हैं। कांग्रेस पार्टी घटना को लेकर मर्माहत है, और मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है। कांग्रेस पार्टी मृतकों के परिवारों को ढ़ाढ़स बधाते हुये उनकी हर संभव मदद करना चाहती है। ऐसे में महाकुंभ में जिन श्रद्धालुओं को अपनी जांन गंवानी पड़ी है उनके बारे में पूरी जानकारी जरूरी है। सूची जारी होने पर तरह तरह के अफवाहों पर विराम भी लगेगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि सरकारी आंकड़ों की मानें तो अभी तक महाकुंभ में पहुंचकर 34 करोड श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। सरकार के पास हर रोज का आंकड़ा है। करोडों की संख्या इतनी आसानी से गिनी जा सकती है तो मरने वालों की संख्या बताने से गुरेज क्यों है। इससे लगता है सरकार कुछ छिपा रही है और बहुत बड़े रहस्य पर परदा डालना चाहती है। ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से मो. रफीक खां, लालजीत पहलवान, डीएन शास्त्री, गंगा मिश्रा, आशुतोष पाण्डेय, चन्द्रप्रकाश पाठक, अतीउल्लाह सिद्धीकी, रामभवन शुक्ल, इजहार अहमद, गिरजेश पाल, लक्ष्मी यादव, अवधेश सिंह, अलीम अख्तर, शब्बीर अहमद, मो. अकरम, आनंद निषाद, सर्वेश शुक्ल, मंजू पाण्डेय, साधूरसन आर्य, संदीप श्रीवास्तव, डा. वाहिद सिद्धीकी, शौकत अली, सेराज अहमद, मो. अशरफ अली, विश्वजीत शुभम, सोनाथ निषाद, सरोज बाला कनौजिया आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य बजट अभी बहुत कम

भारत में औसतन 10,000 लोगों पर मात्र 2-3 डॉक्टर ही हैं। देश में डॉक्टरों की किल्लत है। जो नए एम्स खड़े किए जा रहे हैं, उनमें डॉक्टरों के आधे से अधिक पद खाली पड़े हैं, क्योंकि योग्य और विशेषज्ञ डॉक्टरों का बहुत अभाव है। ऐसे में आगामी 5 सालों में 75,000 मेडिकल सीटों का सृजन महत्वपूर्ण घोषणा है। उनमें से 10,000 सीटें आगामी एक साल में ही सृजित करने का लक्ष्य तय किया गया है, लेकिन यह भी सवालिया है, क्योंकि विशेषज्ञ और वरिष्ठ चिकित्सक मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर आशंकित हैं। फिलहाल देश में 1.16 लाख मेडिकल सीटें हैं। नए बजट में 200 जिला अस्पतालों में कैंसर के डे-केयर सेंटर स्थापित करने की घोषणा भी बेहद मानवीय है, क्योंकि महानगरों को छोड़ दें, तो दूरदराज और कस्बाई इलाकों में कैंसर जैसी घातक बीमारी की जांच और उसके इलाज की बुनियादी सुविधाएं ही नहीं हैं। कैंसर के विशेषज्ञ डॉक्टर भी बहुत कम हैं। राजधानी दिल्ली में ही कैंसर अस्पताल में न तो नियमित डॉक्टर हैं और न ही जांच करने वाली मशीनें कार्यरत हैं। औसतन मरीज को 7-8 महीने बाद की तारीख दी जाती है। इतने अंतराल में मरीज की मौत भी संभावित है, लिहाजा 200 केंद्र खोलने की घोषणा महत्वपूर्ण है, लेकिन यह चरणबद्ध होनी चाहिए कि कब, कितने केंद्र खुलेंगे और बाकायदा सुचारू रूप से काम करना शुरू कर देंगे? यह भी गौरतलब सवाल है कि कैंसर केंद्रों का संचालन कैसे किया जाएगा? क्या उनका संचालन निजी भागीदारी के साथ होगा अथवा सरकार के स्तर पर ही तमाम बंदोबस्त किए जाएंगे? निजी अस्पतालों में कैंसर के इलाज की सुविधाएं तो हैं, लेकिन इलाज बेहद महंगा है। औसत व्यक्ति इतना पैसा खर्च करने में असमर्थ है।

कुछ साल पहले इसी तर्ज पर जिला अस्पतालों में गुर्दा मरीजों के लिए डायलिसिस की सुविधा शुरू की गई थी। उसका फायदा काफी लोगों को मिला था। इसी तरह कैंसर के खिलाफ लड़ाई लड़ी जा सकती है। स्वास्थ्य बजट के राजनीतिक आयाम भी हैं। मोदी सरकार ने 'आयुष्मान भारत' योजना लागू तो कर रखी है, लेकिन उसका भी अर्द्धसत्य यह है कि सिर्फ सर्जरी के मामले में ही वह कार्ड मान्य है। यदि आप अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं, तो 'आयुष्मान' के जरिए इलाज नहीं करा सकते। 'आयुष्मान' की पात्रता के लिए भी कई शर्तें हैं, लिहाजा उन्हीं को यह सेवा उपलब्ध है, जो बिल्कुल वंचित जमात के हैं। विश्व बैंक के अनुसार, भारत में सरकार 50.2 फीसदी इलाज का ही खर्च उठाती है। शेष 49.8 फीसदी लोग अपनी जेब से ही इलाज कराने को विवश हैं। दिल्ली अर्द्धराज्य की सरकार 'मुफ्त स्वास्थ्य' के जुमले का शोर मचाती रही है, लेकिन सरकारी अस्पतालों में आम आदमी की स्थिति कीड़े-मकौड़े जैसी है। डॉक्टरों का व्यवहार बेहद रूखा है। शायद ही कोई अपवाद होगा, जिसका इलाज दिल्ली सरकार ने अपने खर्च पर निजी अस्पताल में कराया होगा! बहरहाल इन समस्याओं का बजट में अक्सर उल्लेख नहीं होता। बजट तो भारत सरकार की 'बैलेंस शीट' होती है। 2025-26 में स्वास्थ्य बजट 99,858 करोड़ रुपए आवंटित किया गया है। बीते वित्त वर्ष की तुलना में यह 8-9 हजार करोड़ रुपए अधिक है। यह पर्याप्त नहीं है। बजट में अनुसंधान पर भी विशेष फोकस किया गया है। चालू वित्त वर्ष में अनुसंधान विभाग का बजट 3301 करोड़ रुपए था। उसे बढ़ाकर 3900 करोड़ किया गया है। कुछ गंभीर बीमारियों की जीवनरक्षक दवाएं सस्ती करने की घोषणा की गई है, लेकिन असली दवाओं की उपलब्धता बेहद जरूरी है। लंबे अंतराल से बहस जारी है कि शिक्षा और स्वास्थ्य के बजट कमोबेश 6 फीसदी होने चाहिए। चूंकि मुद्रास्फीति बढ़ती रही है, लिहाजा बजट का कमोबेश 10 फीसदी स्वास्थ्य पर खर्च करना चाहिए। यह बजट 1 लाख करोड़ से भी कम है, जबकि कुल बजट 50 लाख करोड़ रुपए से अधिक का है। गणना कर लीजिए कि शिक्षा-स्वास्थ्य पर कितना बजट आवंटित किया गया है।

## कैंसर के लक्षणों को न करें नजर अंदाज : समय रहते पहचानें और बचाव करें


उमेश कुमार सिंह

कैंसर एक गंभीर बीमारी है, जिसका नाम सुनते ही डर का अनुभव होता है। लेकिन अगर इसके शुरुआती लक्षणों को समय रहते पहचान लिया जाए तो इसके इलाज की संभावना बढ़ जाती है। खासकर अनुवांशिक कैंसर की पहचान शुरुआती चरण में पहचान करना अपेक्षाकृत आसान होता है। यदि परिवार में किसी को कैंसर रहा हो, तो युवावस्था में नियमित जांच कराना आवश्यक है। उदाहरण के लिए, यदि किसी महिला की मां या मौसी को ब्रेस्ट या ओवेरियन कैंसर था, तो युवावस्था में जांच करने से डेंस टिश्यू की उपस्थिति का पता लगाया जा सकता है। ऐसी स्थिति में, रेडियोलॉजिस्ट की सलाह पर एक और स्क्रीनिंग टेस्ट कराना चाहिए। अनुवांशिक कैंसर का मुख्य कारण जीन में परिवर्तन (म्यूटेशन) होता है, जिससे कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि, कई मामलों में पर्यावरणीय और जीवनशैली से जुड़े कारक जैसे अस्वस्थ आहार, तंबाकू, शराब और हानिकारक रसायनों के संपर्क में आने से भी कैंसर हो सकता है।

ब्रेस्ट और ओवेरियन कैंसर के मामलों में, बीआरसीए1 और बीआरसीए2 जीन में उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) कैंसर का खतरा बढ़ाते हैं। ये जीन माता या पिता की ओर से संतान में स्थानांतरित हो सकते हैं। अन्य कैंसर की तुलना में, बीआरसीए1 और बीआरसीए2 म्यूटेशन से होने वाला ब्रेस्ट और ओवेरियन कैंसर युवावस्था में ही विकसित हो सकता है।

**कैंसर के सबसे आम लक्षण :** असामान्य गांठ या सूजन : शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ या सूजन महसूस होना एक गंभीर संकेत हो सकता है। अचानक वजन कम होना बिना किसी स्पष्ट कारण के तेजी से वजन घटने को नजरअंदाज न करें। लगातार थकान : यदि पर्याप्त आराम के बावजूद अत्यधिक थकान बनी रहती है, तो यह कैंसर का लक्षण हो सकता है। त्वचा में बदलाव : तिल का आकार बदलना, असामान्य निशान या घाव जो ठीक न हो, स्किन कैंसर का संकेत हो सकता है।

बिना कारण बुखार : लंबे समय तक लगातार बना रहने वाला बुखार कैंसर की ओर संकेत कर सकता है। असामान्य रक्तस्राव : यदि पेशाब, मल, या खांसी में खून आ रहा है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। भोजन निगलने में कठिनाई : गले, अन्नप्रणाली या पेट के कैंसर का लक्षण हो सकता है। खांसी या आवाज़ में बदलाव : लंबे समय तक बनी रहने वाली खांसी, आवाज में बदलाव लंग कैंसर का संकेत हो सकता है। आंत या मूत्र संबंधी समस्याएं : लगातार कब्ज, दस्त, या मूत्र मार्ग में बदलाव प्रोस्टेट, कोलन या ब्लैडर कैंसर का लक्षण हो सकता है। स्थायी दर्द : लगातार बना रहने वाला दर्द गंभीर बीमारी का संकेत दे सकता है।

**कब कराएं जांच :** अनुवांशिक कैंसर के केवल लगभग 10 फीसदी मामले ही होते हैं, लेकिन यदि परिवार में किसी को कैंसर रहा हो, तो जांच करवाना बेहद जरूरी है। 50 वर्ष की उम्र से पहले कैंसर होने का खतरा अधिक रहता है, लेकिन यदि पारिवारिक इतिहास हो तो 30 वर्ष की उम्र से ही नियमित कैंसर स्क्रीनिंग शुरू कर देनी चाहिए।

**कैंसर की जांच और रोकथाम के उपाय :** केमोप्रीवेंशन- इसमें कुछ विशेष दवाइयों का सेवन किया जाता है जो एस्ट्रोजेन के प्रभाव को कम कर कैंसर के खतरे को घटाती हैं। बाइलैटरल प्रोफाइलेक्टिक मास्टेक्टॉमी- यह प्रक्रिया ब्रेस्ट कैंसर के उच्च जोखिम वाली महिलाओं के लिए अपनाई जाती है, जिसमें दोनों स्तनों को हटा दिया जाता है। इससे कैंसर की संभावना 90त्र तक कम हो सकती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं और उन्होंने अन्य सांसदों की ही तरह देश की अखंडता और एकता की रक्षा करने की शपथ ली थी, लेकिन उनके द्वारा समय-समय पर दिये गये वक्तव्य एवं टिप्पणियां पूरी तरह से राष्ट्र विरोधी है। ऐसा लगता है कि राहुल गांधी भारत विरोधी अलगाववादी समूह के नेता बनने की राह पर अग्रसर हैं और उनका इरादा भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव को नष्ट करना और देश को गृहयुद्ध की ओर धकेलना है। इस तरह राहुल गांधी द्वारा देश में विभाजन के बीज बोने के प्रयास निंदनीय ही नहीं, घोर चिन्तनीय है।**

# राहुल गांधी की देश-विरोधी बचकानी राजनीति


ललित गर्ग

एक बार फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नीचा दिखाने के इरादे से ऐसा बयान दिया है जो भारत की साख को आघात लगाने वाला है बल्कि देश की एकता एवं अखण्डता को ध्वस्त करने वाला है। राहुल गांधी किस तरह गैर जिम्मेदाराना बयान देने में माहिर हो गए हैं, यह इस कथन से फिर सिद्ध हुआ कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर इसलिए बार-बार अमेरिका जा रहे थे, ताकि भारतीय प्रधानमंत्री को डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में बुलाया जाए। राहुल गांधी मोदी-विरोध में कुछ भी बोले, यह राजनीति का हिस्सा हो सकता है, लेकिन वे मोदी विरोध के चलते देश-विरोध में जिस तरह के अनाप-शनाप दावे करते हुए गलत बयान देते हैं, वह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता एवं बचकानेपन को ही दर्शाता है। आखिर कब राहुल एक जिम्मेदार एवं विवेकवान प्रतिपक्ष के नेता बनेंगे?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राजनीति से हटकर भी गहरे व्यक्तिगत आत्मीय मित्रवत संबंध है, इसलिये उनका शपथ ग्रहण समारोह में बुलाने पर किसी तरह का संदेह नहीं हो सकता। लेकिन इस बात को लेकर राहुल के बयान पर हैरानी होना स्वाभाविक है। यही कारण है कि लोकसभा में संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने राहुल गांधी की इस विचित्र बात पर आपत्ति जताई, बल्कि विदेश मंत्री जयशंकर ने भी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि वह ऐसी बात कहकर भारत की छवि खराब करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी के झूठ का उद्देश्य राजनीतिक हो सकता है, लेकिन ऐसे झूठे, भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान से भारत की छवि को गहरा नुकसान हुआ है। यह तय है कि विदेशी मंत्री के प्रतिवाद का राहुल गांधी की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। ऐसी मिथ्या बातें करके वे प्रधानमंत्री पर हमला करने का कोई अवसर नहीं चुकते। वह प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी को कोई महत्व नहीं देते। आखिर यह किसी से छिपा नहीं कि वह उनके खिलाफ तू-तड़ाक वाली अशालीन एवं अमर्यादित भाषा का उपयोग करते रहे हैं। विडंबना यह है कि इस आदत का परित्याग वह नेता प्रतिपक्ष का पद हासिल करने के बाद भी नहीं कर पा रहे हैं। समस्या केवल यह नहीं कि वह प्रधानमंत्री पद की गरिमा की परवाह नहीं करते। समस्या यह भी है कि वह प्रायः ऐसी बचकानी बातें कर जाते हैं, जो राष्ट्रीय हितों के प्रतिकूल होती हैं या दूसरे देशों से संबंधों पर बुरा असर डालती हैं।

राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं और उन्होंने अन्य सांसदों की ही तरह देश की अखंडता और एकता की रक्षा करने की शपथ ली थी, लेकिन उनके द्वारा समय-समय पर दिये गये वक्तव्य एवं टिप्पणियां पूरी तरह से राष्ट्र विरोधी है। ऐसा लगता



है कि राहुल गांधी भारत विरोधी अलगाववादी समूह के नेता बनने की राह पर अग्रसर हैं और उनका इरादा भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव को नष्ट करना और देश को गृहयुद्ध की ओर धकेलना है। इस तरह राहुल गांधी द्वारा देश में विभाजन के बीज बोने के प्रयास निंदनीय ही नहीं, घोर चिन्तनीय है। सत्ता के लालच में कांग्रेस एवं उनके नेता देश की अखंडता के साथ समझौता और आम आदमी के भरोसे को तोड़ने से बाज नहीं आ रहे हैं। राहुल के बयानों से ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी लड़ाई सिर्फ भाजपा और आरएसएस से नहीं, बल्कि भारत से है। राहुल गांधी अक्सर भारत राष्ट्र अर्थात भारत के संविधान यानी आंबेडकर के संविधान के खिलाफ विषवमन करते दिखाई देते हैं। गांधी परिवार की 'मुंह में राम और बगल में छुरी' वाली कहावत जनता के सामने बार-बार आती रही है। आंबेडकर के अस्तित्व को नकार कर भारत के संविधान को बदलने के बाद गांधी परिवार देश का विभाजन, दुश्मन देश के नेताओं एवं शक्तियों के सपनों का टुकड़ों वाला भारत चाहता है। आखिर राहुल गांधी और कांग्रेसी किस बात के लिए संविधान की प्रति लेकर चलते हैं? इस तरह एक गैर जिम्मेदार और बचकाने नेता का लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होना क्या देश का दुर्भाग्य नहीं है? राहुल गांधी को गंभीर आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है।

राहुल गांधी अपने आधे-अधूरे, तथ्यहीन एवं विध्वंसात्मक बयानों को लेकर निरन्तर चर्चा में रहते हैं। उनके बयान हास्यास्पद होने के साथ उद्देश्यहीन एवं उच्छृंखल भी होते हैं। राहुल ने पहले भी बातों-बातों में यह कहा था कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। वह देश के प्रमुख विपक्षी दल के नेता हैं। सरकार की नीतियों से नाराज होना, सरकार के कदमों पर सवाल उठाना उनके लिए जरूरी है। राजनीतिक रूप से यह उनका कर्तव्य भी है। लेकिन चीन के साथ उनकी सहानुभूति अनेक प्रश्नों को खड़ा करती है। ऐसे ही सवालों में आज तक इस सवाल का जवाब भी नहीं मिला कि आखिर राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास से चंदा लेने की जरूरत क्यों पड़ी? वह यह नहीं बताते कि 2008 में अपनी बीजिंग यात्रा के दौरान सोनिया गांधी और उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी से समझौता क्यों किया था? इतना ही नहीं, जब राहुल गांधी राफेल विमान सौदे में कथित दलाली खोज लाए थे, तो यहां तक कह गए थे कि खुद फ्रांस के राष्ट्रपति ने उन्हें बताया था कि दोनों देशों में ऐसा कोई समझौता नहीं, जो राफेल विमान की कीमत बताने से रोकता हो। उनके इस झूठ का खंडन फ्रांस की सरकार को करना पड़ा था। डोकलाम विवाद के समय वह भारतीय विदेश मंत्रालय को सूचित किए बिना किस तरह चीनी राजदूत से मुलाकात करने चले गए थे। जब इस मुलाकात की बात सार्वजनिक हो गई तो उन्होंने यह विचित्र दावा किया कि वह वस्तुस्थिति जानने के लिए चीनी राजदूत से मिले थे। क्या इससे अधिक गैरजिम्मेदाराना हरकत और कोई हो सकती है?

राहुल गांधी के गैरजिम्मेदाराना बयानों से यही पता चलता है कि उन्हें न तो प्रधानमंत्री की बातों पर यकीन है, न रक्षा मंत्री की और न ही विदेश मंत्री की। यह भी स्पष्ट है कि उन्हें शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर भी भरोसा नहीं। ध्यान रहे, वह सर्जिकल और एयर स्ट्राइक पर भी बतूके सवाल खड़े कर चुके हैं। उनकी कार्यशैली एवं बयानबाजी में अभी भी बचकानापन एवं गैरजिम्मेदाराना भाव ही झलकता है। लगता है कांग्रेस के शीर्ष नेता एवं प्रतिपक्ष के नेता होने के कारण वे अहंकार के शिखर पर चढ़ बैठे हैं, निश्चित ही राहुल के विष-बुझे बयान इसी राजनीतिक अहंकार से उपजे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत के सबसे बड़े दुश्मन राष्ट्र की वे तरफदारी करते एवं चीन के एजेंडे को बल देते नजर आते हैं। उनका यह रवैया नया नहीं, लेकिन यह देश के लिये घातक है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाए जाने के मोदी सरकार के फैसले की राहुल गांधी की अनावश्यक आलोचना को पाकिस्तान ने अपने पक्ष में भुनाने का काम किया था। अब भी वह सीमा विवाद पर चीन की बातों को अहमियत देते हैं और भारत सरकार की जानकारी पर यकीन नहीं करते।

# कैसे रुकें सिवरेज की सफाई में होने वाली मौत?

**जुलाई 2022 में लोकसभा में प्रस्तुत सरकारी आंकड़ों के अनुसार पांच साल में सीवर सफाई के दौरान 347 लोगों की मौत हुई। पांच सालों में भारत में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कम से कम 347 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 40 प्रतिशत मौतें उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और दिल्ली में हुईं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, 1993 के बाद से सीवर और सेप्टिक टैंक से होने वाली मौतों के 1,248 मामलों में से इस साल मार्च तक 1,116 मामलों में मुआवजे का भुगतान किया गया है।**


अशोक मधुप

कोलकता शहर में सिवरेज की सफाई के दौरान तीन श्रमिकों की मौत हो गई।घटना कोतकता लेदर कंप्लेक्स में सीवरेज लाइन के साफ के दौरान हुई। सुपरिम कोर्ट काफी पहले कह चुका है कि मरने वालों के परिवार को तीस -तीस लाख रूपया मुआवजा दिया जाए, किंतु ऐसा नही हो रहा। प्रदेश सरकार ने बीस - बीस लाख रूपये मुआवजा देकर ही मामला निपटा दिया। यह घटना सर्वोच्च न्यायालय के उस आदेश के चार दिन बाद हुई है, जिस आदेश में सुपरिम कार्ट ने कहा कि कि दिल्ली, मुंबई, कलकत्ता, चिननई, बंगलूरू और हैदराबाद जैसे मैट्रोपालिटिन शहरों में मैनुअल सफाई और सीवर सफाई पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया था।दरअस्ल न्यायालय आदेश करता है किंतु उन आदेश के पालन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को या तो ये आदेश पंहुच नही पाता।आदेश पंहुच पाता है तो फाइलों के दबाव में वे उसे पढ़ नही पाते। इसीलिए बार-बार आदेशों के पालन में अनदेखी होती है। इन आदेशों को संबधित अधिकारियों तक पंहुचाने की प्रदेश स्तर पर त्वरित और प्रभावी व्यवस्था होनी चाहिए।

जुलाई 2022 में लोकसभा में प्रस्तुत सरकारी आंकड़ों के अनुसार पांच साल में सीवर सफाई के दौरान 347 लोगों की मौत हुई। पांच सालों में भारत में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कम से कम 347 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 40 प्रतिशत मौतें उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और दिल्ली में हुईं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, 1993 के बाद से सीवर और सेप्टिक टैंक से होने वाली मौतों के 1,248 मामलों में से इस साल मार्च तक 1,116 मामलों में मुआवजे का भुगतान किया गया है. हालांकि, 81 मामलों में मुआवजे का भुगतान अभी भी लंबित है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि राज्यों द्वारा 51 मामले बंद कर दिए गए हैं क्योंकि मृत व्यक्तियों के कानूनी उत्तराधिकारी नहीं मिल सके। 1993 के बाद के आंकडा से पता चलता है कि कि सीवर और सेप्टिक टैंक में होने वाली मौतों के सबसे अधिक 256 मामले तमिलनाडु में सामने आए. इसके बाद गुजरात (204), उत्तर प्रदेश (131), हरियाणा (115) और दिल्ली (112) का नंबर आता है. सीवर से होने वाली मौतों के सबसे कम मामले छत्तीसगढ़ (1) में दर्ज किए गए हैं, इसके बाद त्रिपुरा और ओडिशा में 2-2 मामले, दादर और नगर हवेली (3) और झारखंड (4) आते हैं। अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक के 58 मामलों में से सबसे ज्यादा मामले तमिलनाडु (11) से हैं, इसके बाद महाराष्ट्र और राजस्थान (11-11 मामले), और गुजरात (8) तथा पंजाब (6) का नंबर आता है.आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि 1993 के बाद से हुई 1,247 मौतों में से 456 मामले 2018 के बाद दर्ज किए गए हैं।

नौ अक्तूबर 2024 को दिल्ली के सरोजिनी



नगर इलाके में एक कंस्ट्रक्शन साइट पर तीन मजदूरों की मौत का मामला सामने आया है। ये मजदूर सीवर लाइन साफ करने के लिए सीवर के अंदर उतरे थे। सीवर लाइन से निकल रही जहरीली गैस की वजह से तीनों मजदूरों का दम घुट गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीवर में उतरे मजदूरों के लिए सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे। 23 अक्तूबर 2024 को राजस्थान के सीकर जिले में सफाई के दौरान तीन कर्मचारियों की मौत हो गई। ये मौत लगातार होती रहती है।रूक नही पातीं। देश में सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौत की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने 20 अक्टूबर 2023 को कहा था कि सरकारी अधिकारियों को मरने वालों के परिजन को 30 लाख रुपए मुआवजा देना होगा।सीवर की सफाई के दौरान कोई सफाईकर्मी स्थायी दिव्यांगता का शिकार होता है तो न्यूनतम मुआवजे के रूप में उसे 20 लाख रुपए दिया जाएगा। वहीं, अन्य दिव्यांगता पर अफसर उसे 10 लाख रुपए तक का भुगतान करेंगे। जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौतों को लेकर दायर एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह खत्म हो। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट्स को सीवर से होने वाली मौतों से संबंधित मामलों की निगरानी करने से ना रोके जाने का निर्देश दिया।

सरकारे और अधिकारी प्रायः मानते हैं कि न्यायालय आदेश करता रहता है।वह करे।उन्हें काम अपनी मर्जी से करना है।इसी कारण सिवरेज की सफाई में लगे कर्मचारियों को कार्य के दौरान न सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराएं जाते हैं, न मौत होने पर मुआवजा दिया जाता है। पीड़ित के परिवार वाले न ज्यादा शिक्षित होते हैं, न संपन्न। उन्हें न्यायालय के आदेश की जानकारी ही नही होती। इतना धन भी नही होता कि वह न्यायालय की शरण में जाएं। इसका फायदा विभागीय अधिकारी उठाते हैं। वह अपनी मनमर्जी करते हैं।ऐसा प्रायः सभी जगह होता है।सिवरेज की सफाई में लगे कर्मचारियों की मौत की घटनाएं रोकने के लिए, उन्हें मैनुअल सिवरेज की सफाई के आदेश देने वालों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराने से ही मौत रूकेंगी, अन्यथा नही।

प्रदेश सरकारों को चाहिए कि वह एक ऐसा सेल बनाए, जो इस तरह की मौत की मोनिटरिंग करें। उनकी मौत के लिए अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई भी अमल में लाए।एक बात और राज्य स्तर पर बनाये सैल न्यायालयों के आदेश नगर पालिका, नगर निगम आदि में भेजने की भी तुंरत व्यवस्था हो।बताए कि यह आदेश हुआ है।सिवरेज की सफाई कराते इन नियमों का पालन करें।ये सैल ये भी मोनिटरिंग करें कि नगर निगम या नगर पालिका के पास सिवरेज की सफाई के समय प्रयोग होने वाले उपकरण हैं या नही। क्या उनके कर्मचारी सफाई करते सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करते हैं या नही। जहां प्रयोग नही करते वहां कर्मचारियों को जागरूक किया जाए। उनके इन सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग के लाभ बताए जाएं।उन्हें कहा जाए कि सिवरेज में उतरने से पहले सुरक्षा उपकरण पहनने से उनकी जान बच सकती है।देखने में आया है कि प्रायः स्थानीय निकाय के के पास सुरक्षा उपकरण ही नही हैं। उन्हें दबाव देकर ये उपकरण खरीदवाएं जाएं। कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण पहनने की प्रशिक्षण दिया जाए। स्थानीय निकायों को कहा जाए कि वह मैनुअल सिवरेज की सफाई न कराएं।इसके लिए उपकरण खरीदें। जिन स्थानीय निकायों के पास इन उपकरण खरीदने के लिए धन नही है, उन्हें धन उपलब्ध कराया जाए।सरकारों के इस मामले में गंभीर होने से ही सिवरेज की सफाई के दौरान सफाई कर्मचारियों की मौत की घटनांए रूक सकेंगी।सिवरेज की सफाई में मरने वाले कर्मचारियों के परिवार अनाथ होने से बच जाएगें।

# गांव में विकास के लिए सड़क जरूरी है

**सड़कों का जाल पहाड़ों की जीवन रेखा माना जाता है, लेकिन उत्तराखंड के दूरस्थ गांवों में सड़क कनेक्टिविटी अब भी एक चुनौती बनी हुई है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने सड़कों के निर्माण पर जोर दिया है, लेकिन विभिन्न कारणों से कई सड़कें आज भी अधूरी पड़ी है। करीब 500 की आबादी वाले सुराग गांव के लोगों को भी सड़क का इंतज़ार है। इस संबंध में 45 वर्षीय नंदी देवी बताती हैं कि सुराग गांव के लिए स्वीकृत सड़क का निर्माण अभी तक नहीं हो सका है।**


हेमा रावल

01 फरवरी को प्रस्तुत केन्द्रीय बजट में ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) और अन्य ग्रामीण सड़क परियोजनाओं के तहत लगभग 70,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस राशि का उपयोग देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने और बुनियादी ढांचे के विकास में किया जाएगा। दरअसल आज भी हमारे देश में कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां सड़क का अभाव है। इनमें उत्तराखंड भी शामिल है। इस पहाड़ी राज्य के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां सड़कों का अभाव विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा बनी हुई हैं। राज्य के बागेश्वर जिला स्थित गरुड़ ब्लॉक का सुराग और भगदानू गांव इसका उदाहरण है। सुराग पंचायत स्थित इन दोनों गांवों की सड़कें आज भी बदहाल स्थिति में हैं। इन ग्रामीण इलाकों में सड़क निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही है, लेकिन अभी तक इसका कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

इस संबंध में सुराग के 70 वर्षीय बुजुर्ग केदार सिंह कहते हैं कि हमें अपने जीवन में रोजमर्रा की सुविधा के लिए भी संघर्ष करनी पड़ती है। गांव में सड़क नहीं होने के कारण बहुत सारी कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी बारिश के दिनों में होती है जब कच्ची सड़क होने के कारण वह फिसलन भरी हो जाती है। जिस पर से इंसान और जानवरों का गुजरना मुश्किल हो जाता है। मवेशी पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक बड़ा माध्यम होता है। प्रतिदिन मवेशियों को चराने के लिए पहाड़ों पर ले जाना पड़ता है। लेकिन बारिश के दिनों में अक्सर मवेशी कच्ची सड़क से फिसल कर पहाड़ के नीचे गिर जाते हैं। बहुत ही मुश्किल होता है ऐसे समय में हमें अपने कामों को करना। वह कहते हैं कि पहाड़ों पर जब बारिश होती है तो कई दिनों तक चलती है, ऐसे में मवेशियों को भूखा नहीं रखा जा सकता है। अगर पक्की सड़क होती तो हमारा जीवन भी आसान होता।

सड़कों का जाल पहाड़ों की जीवन रेखा माना जाता है, लेकिन उत्तराखंड के दूरस्थ गांवों में सड़क कनेक्टिविटी अब भी एक चुनौती बनी हुई है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने सड़कों के निर्माण पर जोर दिया है, लेकिन विभिन्न कारणों से कई सड़कें आज भी अधूरी पड़ी है। करीब 500 की आबादी वाले सुराग गांव के लोगों को भी सड़क का इंतज़ार है। इस संबंध में 45 वर्षीय नंदी देवी बताती हैं कि सुराग गांव के लिए स्वीकृत सड़क का निर्माण अभी तक नहीं हो सका है, जिससे ग्रामीणों में निराशा है। हालांकि इसके लिए गांव वालों ने कई बार शासन-प्रशासन से मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हालांकि सुराग से भगदानू जाने वाली



सड़क का सर्वेक्षण भी किया जा चुका है, लेकिन इसके बाद कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। वह कहती हैं कि सड़क नहीं होने से सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और बुजुर्गों को होती है, जिन्हें जरूरत के समय गाड़ी उपलब्ध नहीं हो पाती है। सड़क नहीं होने के कारण कोई भी गाड़ी इस क्षेत्र में आने को तैयार नहीं होती है। बरसात के दिनों में कच्ची सड़कें पूरी तरह से कीचड़ में बदल जाती हैं, जिससे गाड़ियों का आवागमन बहुत मुश्किल हो जाता है। सड़क की खराब हालत पर 10वीं में पढ़ने वाली गांव की एक किशोरी भावना रावल कहती है कि हमारा स्कूल राजकीय इंटर कॉलेज, सैलानी गांव से लगभग 9 किमी दूर है। जहां पहुँचने के लिए मुझे रोजाना 5 किमी इसी कच्ची सड़क से होकर जाना पड़ता है। रोड नहीं होने की वजह से यहां गाड़ियां नहीं चलती हैं। अन्य मौसम में हमें बहुत अधिक दिक्कत नहीं होती है लेकिन बारिश के दिनों में हम बच्चे अक्सर कीचड़ से सने स्कूल ड्रेस में स्कूल पहुंचते हैं। कई बार अत्याधिक वर्षा के कारण हम स्कूल तक नहीं जा पाते हैं। जिससे हमारी पढ़ाई का नुकसान होता है। वहीं एक अन्य किशोरी 18 वर्षीय कविता का कहना है कि बरसात और सर्दियों के दिनों में हमें स्कूल जाने में बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। साल के आधे महीने हमारी पढ़ाई इन्हीं कारणों से बाधित रहती है। कच्ची और खराब सड़क होने की वजह से पहाड़ से गिरने का भी खतरा बना रहता है। जरूरत के समय यदि कहीं जाना हो तो कोई साधन ही नहीं मिलता है।

इस संबंध में सुराग की ग्राम प्रधान चंपा देवी कहती हैं कि सुराग और भगदानू गांव में सड़क या तो पिछले कई वर्षों से निर्माणाधीन हैं या पूरी तरह अनुपलब्ध हैं। जिससे हर वर्ग को परेशानी हो रही है। पिछले साल ग्रामीणों ने सुराग-भगदानू सड़क निर्माण के लिए आंदोलन और धरना प्रदर्शन भी किया था। लेकिन अभी तक समस्या का हल नहीं निकल सका है। पंचायत की ओर से भी इस सिलसिले में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन इसका कोई ठोस हल नहीं निकल सका है। वहीं सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए एसडीएम गरुड़ जितेंद्र वर्मा कहते हैं कि कई बार प्राकृतिक आपदा के कारण भी निर्मित सड़क टूट जाती है। जिससे लोगों को परेशानियाँ उठानी पड़ती हैं। इसके अतिरिक्त कुछ जगहों पर सड़क निर्माण नहीं होने के पीछे अन्य कारण भी हैं। गांव तक सड़क निर्माण के लिए कुछ निजी ज़मीनों का अधिग्रहण करणी होगी। जिसके लिए ग्रामीणों से बातचीत चल रही है। वह कहते हैं कि सरकार गांव गांव तक सड़क का जाल बिछाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में लगातार प्रयास जारी है। सुराग और भगदानू गांव में भी सड़क निर्माण के लिए आ रही बाधाओं को दूर कर लिया जाएगा। जिससे गांव वालों का जीवन आसान हो सके।

उत्तराखंड में अब तक कुल 33,512 किमी सड़कों का निर्माण किया जा चुका है, और 171 किमी नई सड़कों के निर्माण का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए रखा गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पिछले दो वर्षों में राज्य में 1,481 किमी नई सड़कें बनी हैं, जिससे 519 नई सड़कों और 195 पुलों का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों को मिला है। इससे दूरस्थ गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ा गया है, जिससे यहां शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के अवसरों में वृद्धि हुई है। लेकिन सुराग और भगदानू गांवों की सड़कें आज भी बदहाल स्थिति में हैं, जिससे स्थानीय लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हालांकि केन्द्रीय बजट में जिस प्रकार से ग्रामीण सड़कों के विकास के लिए एक बड़ी राशि आवंटित की गई है, उससे आशा की जा सकती है कि इसका लाभ उत्तराखंड के इन दूरस्थ गांवों को भी मिलेगा। इसके अतिरिक्त यदि सरकार, प्रशासन और स्थानीय लोगों की भागीदारी से सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी जाए, तो जल्द ही ऐसे गांवों में विकास की नई रोशनी पहुंच सकती है। (चरखा फीचर्स)

# प्रयागराज पहुंचे भूटान नरेश, सीएम योगी संग संगम में लगाई डुबकी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संग त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई। भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक सोमवार को ही लखनऊ पहुंचे थे, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया।

वहीं मंगलवार को नामग्याल वांगचुक के साथ मुख्यमंत्री प्रयागराज पहुंचे और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। भूटान नरेश संगम में आस्था की डुबकी लगाने के बाद अक्षय वट और बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन के लिए गये। दोनों नेताओं ने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र का भी दौरा किया। सदी के सबसे बड़े आयोजन महाकुम्भ 2025 में स्नान के लिए पूरी दुनिया लालायित है। इसी क्रम में भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भी गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम में 'पुण्य की डुबकी' लगाने प्रयागराज पहुंचे।





यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें त्रिवेणी संगम पर विधिवत स्नान और पूजा-अर्चना कराई। जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक सोमवार को ही थिम्फू से लखनऊ पहुंचे थे, जहां सीएम योगी ने उनका स्वागत किया। संगम में स्नान-ध्यान के उपरांत भूटान नरेश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अक्षयवट का दर्शन करने पहुंचे। इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान जी के मंदिर में मत्था टेका।

इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान मंदिर के नजदीक बने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र पहुंचकर महाकुम्भ के दिव्य-भव्य और डिजिटल स्वरूप का भी अवलोकन किया। भूटान नरेश का यह दौरा भारत-भूटान मित्रता एवं सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। महाकुम्भ नगर में भूटान नरेश की आध्यात्मिक यात्रा के दौरान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' और विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ के महंत जगद्गुरू संतोष दास सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## लखनऊ-कानपुर समेत छोटी दूरियों के लिए भी चलेगी नमो भारत

**लखनऊ।** लखनऊ-कानपुर और मेरठ-सहारनपुर जैसे छोटी दूरियों के बीच जल्द ही नमो भारत ट्रेनें दौड़ती नजर आएंगी। इन ट्रेनों का स्टापेज सभी प्रमुख स्टेशनों पर होगा और इनमें एसी बोगियां भी लगाई जाएंगी। रेलवे इसके लिए जोरशोर से तैयारियां कर रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को पत्रकारों से वर्चुअल संवाद के दौरान उत्तर प्रदेश की प्रस्तावित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 19,858 करोड़ का बजट उत्तर प्रदेश के लिए रखा गया है। इतना ही नहीं, 1.04 हजार करोड़ रुपये का निवेश भी प्रदेश में किया जा रहा है। दोहरी, तिहरी लाइनों और अमृत भारत स्टेशनों का विकास भी तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में उत्तर प्रदेश में 5200 किलोमीटर नई लाइनें बिछाई गई हैं। 157 स्टेशनों का विकास अमृत भारत योजना से हो रहा है। इसमें स्टेशनों की क्षमता बढ़ाई जा रही है।

# सीएमएस राजाजीपुरम ने जीती शतरंज चैम्पियनशिप




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्रों की टीम ने जिला स्तर पर आयोजित शिवानी डिस्ट्रिक्ट इण्टर-स्कूल चेस चैम्पियनशिप में ओवरऑल चैम्पियनशिप ट्राफी अपने नाम कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह चैम्पियनशिप शिवानी पब्लिक स्कूल, ट्रान्सपोर्ट नगर, लखनऊ में आयोजित हुई।

यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में लखनऊ के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के उदीयमान शतरंज खिलाड़ियों ने अपनी विलक्षण प्रतिभा, शतरंज के दांव-पेंच, रणनीतिक क्षमता व स्मरणशक्ति का शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रों की खेल प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।

# ड्राइंग प्रतियोगिता में सीएमएस छात्राओं को प्रथम पुरस्कार



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस की तीन प्रतिभाशाली छात्राओं फातिमा फिरोज अख्तर, अनन्या यादव एवं तनु अग्रवाल ने अन्तर-विद्यालयी ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। 'माई बेस्ट चाइल्डहुड मेमोरीज' थीम पर आधारित इस प्रतियोगिता में फातिमा फिरोज अख्तर ने 6 से 10 वर्ष आयुवर्ग के अन्तर्गत प्रथम पुरस्कार जीता है तो वहीं दूसरी ओर अनन्या यादव ने 11 से 14 वर्ष आयुवर्ग एवं तनु अग्रवाल ने 15 से 18 वर्ष आयुवर्ग के अन्तर्गत प्रथम पुरस्कार अर्जित कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परचम लहराया है। प्रतियोगिता का आयोजन डैनब्रो मिस्टर ब्राउन एवं ट्रु आब्जर्विंग इण्डिया के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में लखनऊ के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के 6000 से अधिक छात्रों की प्रविष्टियों के बीच सी.एम.एस. की इन प्रतिभाशाली छात्राओं ने अपनी रचनात्मक सोच व कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर प्रथम पुरस्कार अर्जित किया।

## टीएमयू एफओई के 31 स्टुडेंट्स की डिक्सन में जॉब

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग- एफओई के 31 स्टुडेंट्स ने करियर की उडान भरी है। डिक्सन टेक्नोलॉजीज़, नोएडा की ओर से कैंपस ड्राइव के तहत मैकेनिकल के 17 और इलेक्ट्रिकल के 14 छात्रों को जॉब ऑफर की है। चयनित ये छात्र यूपी, बिहार और राजस्थान के हैं।

डिक्सन टेक्नोलॉजी के एचआर हेड श्री देवेन्द्र कुमार ने स्टुडेंट्स की ऑनलाइन टेस्ट के जरिए शैक्षिक ज्ञान को परखा। टेस्ट में क्वालिफाई स्टुडेंट्स के इंटरव्यू के बाद स्टुडेंट्स को जॉब के लिए आमंत्रित किया। चयनित होने वाले छात्रों में अरविंद कुमार, अंकुर कुमार, बलराम सिंह, गौरव कुमार, शिव कुमार, फरिन्द्र कुमार गुप्ता, कपिल कुमार, मगन वरदान, विकास, मो. फराज़, निखित नहता, प्रशांत कुमार, बिट्टू सिंह, सचिन कुमार आदि शामिल हैं।

# भजन एवं पारंपरिक लोकगीत महोत्सव में झूम उठे दर्शक

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से मां दुर्गा सेवा संस्थान लखनऊ द्वारा भजन एवं पारंपरिक लोकगीत महोत्सव के दूसरे दिवस पर मुख्य अतिथि अरविंद कुमार यादव एवं मां दुर्गा सेवा संस्थान की अध्यक्षा गीता मिश्रा, सचिव मगन मिश्र, कोषाध्यक्ष श्याम मिश्र ने संयुक्त रूप से सरस्वती माता का पूजन कर दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ किया।

कार्यक्रम में गणेश वंदना गाइए गणपति जगवंदन, देवी गीत कजरी सावन झूला आदि गीत गाकर के आकाशवाणी प्रसिद्ध लोक गायिका आशा तिवारी ने समा बांध दिया। दूसरी प्रस्तुति प्रसिद्ध लोक गायिका रश्मि उपाध्याय आकाशवाणी ने गाड़ी सोहर मंगल गीत, गंगा गीत गाकर के गंगा मैया के गीत से सबको गंगा स्नान कर दिया। अगली प्रस्तुति में संगीत नाटक अकादमी की सदस्य एवं प्रसिद्ध लोक गायिका उपमा पांडे ने गाड़ी सोहर मंगल गीत, गंगा गीत, धोबिया गीत गाकर के भारतीय संस्कृति की खुशबू बिखेर दी गीत के बोल भैया चलो दिया ना बार हमारे अंगना नन्हे से छोटे से हमका मिले बलम छोटे से...कार्यक्रम की अगली प्रस्तुति में निशु त्यागी ने भजन गायन किया। कार्यक्रम का समापन लोक नृत्य से किया जिसके बोल है हमारी गुलाबी चुनरिया हमका लागी नजरिया में खुला ताला छोड़ दिया ही नींद के मारे..भाव नृत्य में पिंकी सरोज, कृतिका यादव, आरुषि ने भाव नृत्य किया संगत करने वाले कलाकारों में हारमोनियम ओम मिश्रा, बैंजो अनूप तबला, अनिल मिश्रा, मंजीरा संजय पांडे, खजूरी रामचंद्र शुक्ल थे। कार्यक्रम के समापन पर अवध अकादमी इंटर कॉलेज के प्रबंधक अरविंद कुमार यादव ने सभी कलाकारों को प्रमाण पत्र देकर की सम्मानित किया। इस अवसर पर मां दुर्गा सेवा संस्थान के सचिव मगन मिश्र ने आए हुए सभी दर्शकों एवं कलाकारों का अभिनंदन करते हुए सबका आभार व्यक्त किया।



■ हमारी गुलाबी चुनरिया हमका लागी नजरिया में खुला ताला छोड़ दिया ही नींद के मारे..

# भयमुक्त और बाधा रहित हो मतदान : भाकपा (माले)

अवधनामा संवाददाता

■ कहा, मिल्कीपुर में कुंदरकी दुहराने की कोशिशों पर चुनाव आयोग नजर रखे

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में प्रशासन का दुरुपयोग कर धांधली करने और कुंदरकी दुहराने की कोशिशों पर चुनाव आयोग से नजर रखने की अपील की है।

राज्य सचिव सुधाकर यादव ने उपचुनाव की पूर्व संध्या पर जारी बयान में कहा कि चुनाव क्षेत्र से मिली जानकारी के अनुसार प्रशासन द्वारा निष्पक्षता बरतने की जगह सत्तारूढ़ दल को जिताने के लिए अनैतिक तरीकों का सहारा लिया जा रहा है। शांतिपूर्ण चुनाव कराने की आड़ में विपक्षी कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक बहुल कुंदरकी के बीते उपचुनाव में सत्तारूढ़ दल के लोगों द्वारा खास पर्चियां बंटवाई गई थीं और उन्हें ही वोट डालने दिया गया। ढेर सारे मतदाताओं को वोट डालने से रोके जाने के आरोप लगे थे। पुलिस द्वारा चुनाव नियमों के खिलाफ जाकर मतदाताओं के पहचान संबंधी दस्तावेज की जांच की जा रही थी। ये सब बातें दलित बहुल मिल्कीपुर में सत्तारूढ़ दल और सरकार के दबाव में न हों। मतदान भयमुक्त माहौल में बाधारहित हो, चुनाव आयोग इसकी गारंटी करे।

माले नेता ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों व विफलताओं को लेकर जनता में गुस्सा है। बुल्डोजर राज से गरीब परेशान हैं। महाकुंभ भगदड़ में जान गंवाने वालों की सही संख्या सरकार ने आजतक जाहिर नहीं की है। अपनों को खोने वालों में भारी आक्रोश है। अयोध्या में दलित बेटी के साथ दरिंदगी हुई। यदि मिल्कीपुर में चुनाव निष्पक्ष होगा, तो जन आकांक्षाओं की सच्ची जीत होगी और माहौल के अनुसार यह जीत इंडिया गठबंधन समर्थित सपा प्रत्याशी की होगी।

# भाषा विवि 'समर्थ' के सफल कार्यान्वयन का उदाहरण प्रस्तुत कर रहा : कुलपति



अवधनामा संवाददाता

■ भाषा विवि में 'समर्थ' के कार्यान्वयन का अध्ययन करने पहुंचे आंध्र प्रदेश के कॉलेजिएट शिक्षा आयुक्तालय के प्रतिनिधि

**लखनऊ।** आंध्र प्रदेश सरकार के कॉलेजिएट शिक्षा आयुक्तालय के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज भाषा विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में 'समर्थ' प्रणाली के सफल कार्यान्वयन का अध्ययन करना था।

'समर्थ' एक एकीकृत ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म है, जो उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रशासनिक एवं अकादमिक प्रक्रियाओं को डिजिटल और सुगम बनाता है। भाषा विश्वविद्यालय ने इस प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू किया है, जिससे प्रशासनिक कार्यों की दक्षता और पारदर्शिता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रतिनिधि मंडल ने विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ विस्तृत चर्चा की और 'समर्थ' के विभिन्न पहलुओं, जैसे प्रवेश प्रक्रिया, छात्र प्रबंधन, परीक्षा प्रणाली और वित्तीय प्रशासन में इसके उपयोग पर जानकारी प्राप्त की। भाषा विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ अताउर रहमान ने परीक्षा नियंत्रक डॉ भावना मिश्रा के नेतृत्व में इस प्रणाली के प्रभाव और लाभों को साझा किया, जिससे भाषा विश्वविद्यालय में डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा मिल सका है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो जेपी पाण्डे ने कहा, हमें गर्व है कि भाषा विश्वविद्यालय 'समर्थ' के सफल कार्यान्वयन का उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। हमें खुशी है कि आंध्र प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि यहां आकर इस मॉडल को समझ रहे हैं। हमें विश्वास है कि यह प्रणाली उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रशासनिक प्रक्रियाओं को और अधिक कुशल बनाएगी। आंध्र प्रदेश के कॉलेजिएट शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन को इस जानकारीपूर्ण सत्र के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि वे यहां सीखी गई सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपने संस्थानों में लागू करने का प्रयास करेंगे। प्रतिनिधि मण्डल में डॉ कविथा, डॉ मणि, रामजी, डॉ भास्कर रेड्डी, डॉ लक्ष्मण किशोर एवं डॉ सुधाकर पी शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की प्रगति की समीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**सम्भल (बहजोई)।** जिलाधिकारी कार्यालय पर जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने विभागवार मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के आवेदन के लक्ष्य के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शीघ्र ही लक्ष्य के सापेक्ष आवेदन की प्रगति बढाना सुनिश्चित करें। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि योजना के अंतर्गत पात्रता की सूची तैयार की जाए शत प्रतिशत संतृप्तिकरण किया जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पीएम श्री विद्यालयों को भी मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से शत प्रतिशत संतृप्त किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी निर्देशित करते हुए कहा कि योजना प्राथमिकता पर रखते हुए पंजीकरण की प्रगति को बढाया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक डिप्टी कलक्टर शुभि गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, डीपोओ आईसीडीएस महेश सीडीपोओ रचना एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम संभल ने किया रायपुर कला और पाठकपुर में विद्यालयों का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल (बहजोई)।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा विकासखंड बहजोई के सम्भल श्री विद्यालय रायपुर कलां एवं पीएम श्री विद्यालय पाठकपुर का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी द्वारा सर्व प्रथम सम्भल श्री विद्यालय रायपुर कलां का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय की सभी व्यवस्थाओं को चैक किया गया। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी बहजोई को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय के मुख्य द्वार का शीघ्र ही सौंदर्य करण कराया जाए । विद्यालय की चहारदीवारी बाहर से 7 फीट ऊंची कराने के निर्देश दिए तथा मनरेगा के अंतर्गत विद्यालय में सोकपिट बनवाने को लेकर भी निर्देशित किया तथा विद्यालय में गंदगी को देखकर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की तथा सफाई कर्मी के विद्यालय में सफाई न करने पर विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि संभल श्री विद्यालयों में सफाई कर्मियों से नियमित रूप से साफ सफाई कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा अनुपयोगी भवन का भी निरीक्षण किया एवं संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि मरम्मत कराते हुए इसको प्रयोग में लाया जाए । जिलाधिकारी ने विद्यालय के पैमाइश को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए हमारा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय के अंतर्गत साफ-सफाई कराने को लेकर भी संबंधित को निर्देशित किया । ग्राम पंचायत सचिव पर विद्यालय में कार्य की गति को धीमा देख नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम श्री विद्यालय एवं संभल श्री विद्यालय को प्राथमिकता पर रखा जाए। जिलाधिकारी ने विद्यालय के कक्षाओं में लोहे की खिड़की लगवाने एवं उनके ऊपर मच्छर जाली लगवाने के लिए संबंधित को निर्देशित किया।



## बेटी बचाओ बेटी पढाओ के अन्तर्गत बालिकाओ को दिया प्रशिक्षण

**सम्भल (अवधनामा संवाददाता)।** जिलाधिकारी के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत आज दिनांक 3-2-2025 को चंदौसी के बीएमजी डिग्री कॉलेज में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें, ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार व महिला ताइक्वांडो खिलाड़ी अदिति, काजल ने फ्रंट किक, बेसिक किक, लेग राइस, फ्रंट पंच की ट्रेनिंग दी, वहीं पीएम श्री विद्यालय अतरासी तथा पीएम श्री विद्यालय भुलवाई में अदिति, वैष्णवी, गरिमा में बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण ने बताया कि छात्राएं आत्मरक्षा सीखने में काफी रुचि ले रही हैं जो बहुत ही उत्साहित हैं।

# शिक्षा क्षेत्र में सुधार की जरूरत : पीयूष

### आईएससीसी चर्चा में शिक्षा के लिए मजबूत बजट आवंटन व सुधारों को सराहा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** एस आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस के उपाध्यक्ष पीयूष सिंह चौहान ने हाल ही में इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित एक महत्वपूर्ण चर्चा में भाग लिया। यह चर्चा शिक्षा क्षेत्र और उसके बजट आवंटन पर केंद्रित थी। इस अवसर पर श्री अवनीश अवस्थी (मुख्यमंत्री के सलाहकार), श्री अभिषेक प्रकाश, द्धस (सीईओ, इन्वेस्ट यूपी) सहित कई प्रतिष्ठित नेता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बोलते हुए, पीयूष सिंह चौहान ने शिक्षा क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया और निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान आकर्षित किया। कौशल-आधारित और व्यावसायिक शिक्षा के लिए बजट समर्थन बढ़ाया जाए। उद्योग और शिक्षा संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया जाए, जिससे स्नातक छात्र रोजगार के लिए तैयार हों।



तकनीक के प्रभावी उपयोग से ग्रामीण भारत में शिक्षा की पहुंच को बेहतर बनाया जाए। उच्च शिक्षा संस्थानों के सशक्तिकरण के लिए नीतिगत सुधार लागू किए जाएं।

पीयूष चौहान ने इस अवसर पर यह भी बताया कि एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस वर्ष 2025 में विश्वविद्यालय में परिवर्तित होने जा रहा है। उन्होंने नवाचार को प्रोत्साहित करने, नए शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू करने और अकादमिक उत्कृष्टता को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल भारत की शिक्षा व्यवस्था को नए आयाम देने में सहायक सिद्ध हो सकता है, जिससे छात्रों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। चर्चा का समापन इस सामूहिक सहमति के साथ हुआ कि निरंतर और प्रभावी शैक्षिक नीतियों, पर्याप्त वित्तीय सहयोग, और उद्योग जगत के साथ मजबूत संबंधों के माध्यम से भारत को एक प्रतिस्पर्धी ज्ञान अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया जा सकता है।

# 'जनप्रतिनिधियों के अधिकारो को दिलाना मेरा कर्तव्य'

अवधनामा संवाददाता



■ अपनी क्षमता से अधिक विकास कार्य कराए : दिनेश प्रताप सिंह

**रायबरेली।** लालगंज स्थित मामा गेस्ट हाउस में आयोजित पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में सरेनी, लालगंज व डलमऊ ब्लाक के भारी संख्या में जनप्रतिनिधयों ने भाग लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि विनम्रता ही मेरी संस्कृति है तथा सेवा ही मेरा धर्म है। मैने सदैव ही जनप्रतिनिधयों की मांग पर करोडों के विकास कार्य कराये है। जिले की ऐसी कोई ग्रामसभा नही है जहां मेरे द्वारा करोडो के विकास कार्य न कराये गये हो।

अधिकांश ग्राम प्रधानो, बीडीसी सदस्यो व जिला पंचायत सदस्यो ने मुख्य मार्गो से गांवसभा तक सड़के व सीसी रोड बनवायें जाने की मांग की जिसमें अधिकांश मांगो को उन्होने तत्काल मौके पर ही स्वीकृत कर लिया। राज्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के अधिकारो को दिलाना मेरा कर्तव्य है। मै सभी जाति, धर्म के लोगो के लिये सदैव सेवारत रहूंगा। मंत्री ने कहा कि मेरी सेवा के कारण ही एमएलसी के चुनाव में प्रतिनिधियों ने मुझे 95 प्रतिशत मत देकर विजयी बनाया। राज्यमंत्री ने कहा कि उन्होने अपनी क्षमता से अधिक विकास कार्य कराये है तथा जिले के कुल 980 ग्रामसभाओं में लगे विकास संबधी पत्थर स्वयं इसका प्रमाण है। उन्होने कहा कि मेरा सकल्प है कि हारी हुई बाजी जीतकर ही दम लूंगा। सम्मेलन में 6 बार के प्रधान रामसुंदर यादव ने कहा कि मंत्री जी के स्वभाव के कारण ही हम तन, मन, धन से इनके साथ है। किसन वोट दिया किसने नही इस बात को भूलकर सिर्फ और सिर्फ विकास पर ध्यान दें आपको विजयश्री अवश्य मिलेगी। समाजसेवी डा. अनिल सिंह सरेनी ने कहा कि मै भी दिनेश सिंह का विरोधी था किंतु इनके आचार विचार व सेवा भाव के कारण आज में तन मन धन से इनके साथ जुंडा हूं तथा मुझे इस बात पर गर्व है कि हमारा मंत्री का सीधे देश के प्रधानमंत्री से पारिवारिक रिस्ता है तथा हाल ही में मंत्री जी की तीसरी पीढ़ी को उन्होने अपनी गोद में खिलाया जो गर्व की बात है। सम्मेलन में मनीष त्रिवेदी तौधकपुर, प्रधान घुरवारा, प्रधान डलमऊ, प्रधान बेलहनी, संजय बजाज प्रधान, बीडीसी मीरानपुर, प्रधान भोजपुर, प्रधान बिजलामऊ, हसनापुर प्रधान, जिला पंचायत सदस्य अशोक यादव, जितेंद्र बहादुर प्रधान सरेनी, प्रधान भवानीपुर, प्रधान युसुफ्पुर नरेंद्रसिंह, बीडीसी गीता देवी आदि ने अपनी अपनी गांव सभा में सड़के बनवायें जाने की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरेनी क्षेत्र के भाजपा नेता व प्रतिनिधि प्रेमशंकर तिवारी ने की। संचालन शिक्षक नेता आशीष प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम की विशेष देखरेख व सफल बनाने में कुम्हडौरा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व जिला प्रधान संघ अध्यक्ष बच्चा सिंह का विशेष योगदान रहा। धन्यवाद ज्ञापन भाजपा नेता रवींद्र सिंह ने देते हुए कहा कि दिनेश सिंह जिले में करोडो के विकास कार्य कराकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

# मथुरा में महिला अधिकारी रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

- घर से लाखों रुपये भी बरामद
- मथुरा में तैनात डीपीआरओ काम के बदले ले रही थीं रिश्वत, लखनऊ से आई विजिलेंस टीम ने पकड़ कर ले गई अपने साथ

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** जिले में पीसीएस महिला अधिकारी को रिश्वत लेते हुए विजिलेंस की टीम ने गिरफ्तार किया है। हाईवे थाना क्षेत्र इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में लखनऊ की विजिलेंस टीम ने मंगलवार को जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है, पिछले कई दिनों से शिकायत की जा रही थी कि डीपीआरओ पीसीएस किरण चौधरी काम के बदले पैसे मांग रही हैं, शिकायतकर्ता ने लखनऊ की विजिलेंस टीम से संपर्क किया था, इसके बाद मंगलवार को मथुरा डीपीआरओ के निजी आवास पर विजिलेंस की टीम पहुंची और रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया है, विजिलेंस टीम किरण चौधरी को टीम अपने साथ लखनऊ ले गई। जानकारी के मुताबिक, शिकायत मिलने के बाद मंगलवार को लखनऊ विजिलेंस की टीम मथुरा हाईवे थाना क्षेत्र इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में पहुंची, टीम ने डीपीआरओ किरण चौधरी के निजी आवास के पास जाल बिछा दिया, इस दौरान जैसे ही डीपीआरओ ने शिकायतकर्ता से रिश्वत ली तुरंत विजिलेंस की टीम ने दबोच लिया, इस दौरान टीम मे शामिल चार अधिकारियों ने किरण चौधरी के आवास की तलाशी ली तो लाखों रुपये नगदी भी मिली. फ़िलहाल मौके पर जिले में कोई भी अधिकारी कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं. बताया जा रहा है कि शिकायतकर्ता ने लखनऊ में जाकर मथुरा में तैनात डीपीआरओ किरण चौधरी के रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायतकर्ता के प्राथना पत्र पर लखनऊ विजिलेंस टीम ने आवास पर आकर कार्रवाई की है, किरण चौधरी जिले में पिछले तीन वर्षों से जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर तैनात हैं। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक प्रणत पाल सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लिखित में शिकायत की थी उसी शिकायत पर शासन ने कार्रवाई की है।

# दुखी मृतक बच्चे के परिजनों का दुख अखिलेश को बताएंगे: विनोद

अवधनामा संवाददाता

- सपा अंबेडकर वाहिनी ने डीएम को दिया ज्ञापन

**मथुरा।** समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के मथुरा-वृंदावन महानगर के पदाधिकारियों के साथ समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव विनोद कुमार सविता दोपहर 2:00 बजे महाविद्या कॉलोनी थाना गोविंद नगर मे गत एक माह पूर्व 8 वर्षीय बालक माधव की नाले में डूब कर मृत्यु हो गई थी। मृतक के परिजनों से मिलने उनके आवास पर पहुंचे वहां पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया और उनकी पीड़ा को समक्षा साथ ही कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अवगत कराऊंगा और समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डा राजेन्द्र प्रसाद लोधी, मुकेश सैनी महानगर सचिव, जय शर्मा सचिव, लुकेश कुमार राही आदि ने मृतक के परिवार को जिला प्रशासन से एक आवास उपलब्ध कराने एवं आपातकाल राहत कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी मथुरा के नाम उपजिलाधिकारी रितु सिंह को ज्ञापन सौंपा और कहा कि अगर 15 दिन के अंदर पीड़ित परिवार को सरकारी आवास और आर्थिक सहायता उपलब्ध नहीं कराई तो समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी लापरवाह गैर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन को मजबूर होगी। इस मौके पर ज्ञापन के दौरान रमेश सैनी महानगर अध्यक्ष समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी मथुरा, डॉ राजेंद्र प्रसाद लोधी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, मुकेश सैनी , मनोज कुमार सविता, लुकेश कुमार राही, मुकेश नेताजी राजीव यादव, ओमप्रकाश, हरि सिंह लोधी, एड विवेक कुमार, आकाश बाबू आदि उपस्थित रहे।

# फसल अवशेषों का खेती में बडा योगदान: राजपूत

अवधनामा संवाददाता

- केवीके दुवासु मथुरा द्वारा गांव बिजवारी में फसल अवशेष प्रंबधन पर संगोष्ठी

**मथुरा।** कृषि प्रौधोगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान कानपुर व यू.पी. वेटरनरी वि.वि मथुरा के कुलपति प्रो डा. ए.के. श्रीवास्तव, निदेशक प्रसार डा. अतुल सक्सेना एवं केवीके प्रभारी डा. वाई.के शर्मा के कुशल दिशा-निर्देशन में कृषि विज्ञान केन्द्र दुवासु मथुरा द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अन्तर्गत मंगलवार को नन्दगाँव विकास खंड के गांव बिजवारी में फसल अवशेष प्रबंधन पर एक किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों ने बढ चढ कर भाग लिया। वैज्ञानिक डा रविन्द्र कुमार राजपूत ने कहा कि खेती में फसल अवशेष प्रबंधन का बडा योगदान है। उन्होने फसल अवशेषों को खेतों मिलाने वाली मशीनों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा फसल अवशेषों को जलाने से होने वाली हानियों के बारे में भी अन्नदाताओं को समझाया। साथ ही जमीन में कम हो रहे सूक्ष्म पोषक तत्वों के बारे में भी लाभकारी जानकारी दी। एक निजी कंपनी के सचल मृदा परीक्षण प्रयोगशाला प्रभारी जे.पी. पांडेय ने खाद एवं उर्वरक चक्र अपनाने की सलाह दी। साथ ही जमीन सूक्ष्म पोषक तत्वों की आपूर्ति को लेकर चिंता व्यक्त की। राजकीय बीज गोदाम नंदगांव के प्रभारी ने आगामी फसलों के लिए आने वाले बीजों की जानकारी देते हुए किसानों से सरकारी संस्थाओं से बीज क्रय करने की अपील की। कृषि तकनीकी सहायक नंदगांव शेर सिंह ने फार्मर रजिस्ट्री की विस्तृत जानकारी देकर लाभान्वित किया। डा एन. आर. राजपूत ने कहा कि किसी भी दशा में खेतों में फसलों के अवशेषों को ना जलाएं। ऐसा करने से मृदा एवं पर्यावरण को क्षति पहुंचती है। साथ ही उन्होने किसानों को बीज उत्पादन कर अपनी आमदनी बढाने की सीख दी। पराली नहीं जलायेंगे, खेत में मिलायेंगे, फसल अवशेषों का सुदंर काम, उपज बढाने में इनका योगदान, घर-घर देना है संदेश, अब ना जलाएं फसल अवशेष, मथुरा ने ये ठाना है, धान की पराली का नहीं जलाना है। पराली प्रबंधन की मशीनों ये है काम, खेत की पराली को खेत में करे काम आदि स्लोगनों की भी जानकारी दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान राधेश्याम ने की तथा संचालन एफसीए जितेन्द्र सिंह ने किया। इस मौके पर किसान अरविंद, ममता, गुपाल, दाऊजी, नारायन, देवकी नंदन, अशोक, लक्ष्मन, सोनू, चंद्रभान, सियाराम, सुरेश, सीताराम, रमेश सहित करीब सौ किसान मौजूद रहे।

# वृद्धाश्रम का एडीजे/सचिव ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर के निर्देशानुसार एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज ने रामनगर स्थित पं.दीनदयाल उपाध्याय वृद्धाआश्रम का औचक निरीक्षण किया। एडीजे/सचिव की विजिट में वृद्ध पुरूष, महिला कक्षों, भोजनशाला का निरीक्षण किया। भोजनशाला में साफ-सफाई पायी गयी तथा मीनू के अनुसार राजमा की सब्जी, चावल, रोटी परोसी गयी। संस्थान में कुछ कमियां पाई गई केयरटेकर को निर्देशित किया गया कि कमियों का सुधार करें। पं.दीनदयाल उपाध्याय वृद्धाआश्रम की विजिट के समय केयरटेकर/प्रबंधक दामोदर, सेवादार स्नेहलता निगम, रूपेश, अजय बहादुर, ज्योति, शमाबानो नर्स व न्यायालय से रोहित राठौर, विकास कुशवाहा उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने गौशाला का अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मनीष मीना, मुख्य विकास अधिकारी जनपद मथुरा द्वारा जनपद की सबसे बडी अस्थाई गौशाला बिहार वन गौशाला ग्राम पंचायत, राल विकास खण्ड मथुरा का आकस्मिक सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ए. के. उपाध्याय, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण / खण्ड विकास अधिकारी मथुरा, पशु चिकित्साधिकारी राकेश तिवारी, सहायक विकास अधिकारी (सां.) राजीव कुमार सक्सैना गौशाला प्रवन्धन समिति के सभी सम्मानित सदस्य ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा टीम लगाकर गौशाला के गौ-पशुओ की गणना कराई गई। दस हजार से अधिक सरंक्षित किये जा रहे गौवशों के रख रखाव भोजन प्रवन्धन एवं बुनियादी सुविधाओं के प्रत्येक पहलुओ पर बारीकी से निरीक्षण किया। पशुओ के रखने हेतु निर्माणाधीन पशु शेडो को तेज गति से तैयार कराने हेतु निर्देश दिया एवं यह सुनिश्चित करने को कहा कि स्वस्थ मजबुत गौवंश, बीमार एंव कमजोर गौवशं, एवं बछडो को अलग अलग बाडो में रखा जाए ताकि कमजोर एवं छोटे गौवंश चोटिल न होने पाए। सभी छायादार बाडो के साथ गौवश हेतु विचरण हेतु खुला स्थान रखने हेतु निर्देशित किया गया। बीमार गौवंशों के इलाज हेतु निर्धारित किये गये अलग बाडे का निरीक्षण किया गया तथा पशु चिकित्साधिकारी को यह निर्देश दिया कि इनका नियमित स्वास्थ्य की देख भाल की जाए। खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं गौशाला प्रवन्धन समिमि के सदस्यों को कडे निर्देश दिये कि पर्याप्त मात्रा में पशुओं को भूसा, हरा चारा, खली चोकर आदि उत्तम गुणवत्ता वाले खाने के पदार्थ नियमित रूप से दिया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कमजोरी के कारण किसी भी गौवंश की क्षति न पहुंचने पाए। गौशाला के साथ बन रहे निमार्णाधीन पशु चिकित्सालय, राल के भवन को फरवरी माह तक मय बाउन्ड्री पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये। गौशाला में भ्रमण करते समय मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निरीक्षण करते समय गोवर गैस प्लान्ट, सोलर विद्युत आपूर्ति प्लान्ट, गोंवर पेन्ट के प्लान्ट एवं गौकाष्ट आदि का निरीक्षण किया। इस बडी गौशाला में गौवंशों की सेवा कर रहे सेवादारो के अस्सी छोटे बच्चो को पढाने के लिए श्रीमती राजुल अशोक हमराही लेखिका, विविध भारती पूर्व उद्धघोषिका और समाज सेविका द्वारा की जा रही पहल की भूरी भूरी सराहना की तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को इस अभियान में सार्थक समर्थन हेतु निर्देशित किया। श्रीमती राजुल द्वारा गौसेवक परिवारो के छोटे बच्चो को संस्कारमय शिक्षा दी जा रही है जो अपने आप में नूतन एवं उल्लेखनीय पहल है। मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चो की ग्रहण क्षमता एवं प्रतिभा को सवारने के लिए हर सम्भव प्रशासनीक सहयोग देने के लिए आश्वासन दिया।

# तीसरी शादी कर महिला से दहेज में मांगे पांच लाख

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** मोहल्ला नेहरू नगर निवासी सरिता पुत्री स्व.मुकुन्दीलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी 2 दिसम्बर 2022 को पूरे हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत थाना बीना क्षेत्र के गांधी वार्ड बर्फ फैक्ट्री के पास रहने वाले सुलोक श्रीवास पुत्र उत्तमचंद्र के साथ सम्पन्न हुयी थी। बताया कि शादी के 6 माह बाद समाज व आसपास के लोगों से उसे जानकारी हुयी कि सुलोक उसके पहले भी दो शादी कर चुका है। यह बात उसके पति सुलोक व उसके परिजनों में सास शान्ति देवी, ससुर पिता उत्तमचंद्र, जेठ विनय श्रीवास, आलोक सिंह द्वारा उससे छिपाई गयी। जानकारी होने के बाद जब उसने इसका विरोध किया तो आरोप है कि ससुरालियों ने उसे धमकाया और बंधक बनाकर रखा। पीड़िता के अनुसार वह जैसे-तैसे अपने मायके वापस पहुंची तो वहां उसने पूरी बात परिजनों को बतायी, जिसके बाद उसके पति ने उसे अपने साथ रखने से भी मना कर दिया। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी में परिजनों ने छह लाख रुपये व अन्य सामान दिया था, वह भी वापस करने से इंकार कर दिया गया। यह भी आरोप है कि अब उसके ससुराली पांच लाख रुपये का अतिरिक्त दहेज मांग रहे हैं। आगे बताया कि 16 जनवरी 2025 को हुये सुलहनामा के बाद ससुराली उसे अपने घर ले गये और वहां पहुंच कर उक्त लोगों ने गालियां देकर भगा दिया।

# किसान उत्पादक संगठन एफ.पी.ओ. का उद्घाटन संपन्न

- नाबार्ड एवं बजाज फाउंडेशन की संयुक्त पहल
- किसानों को उनके उत्पादन का सही दाम दिलाने का प्रयास

अजय श्रीवास्तव



**ललितपुर।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा वित्त पोषित बाबा झूमरनाथ किसान उत्पादक संगठन का भव्य उद्धाटन कार्यक्रम ग्राम बुरौगांव (बार) स्थित कार्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजन एवं मंत्रोच्चार के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नाबार्ड के उपमहाप्रबंधक राजेश कुमार सिंह एवं विशेष अतिथि ललितपुर पॉवर जनरेशन कंपनी (एलपीजीसीएल) के प्रेसीडेंट मनोज मेहता रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नाबार्ड के उपमहाप्रबंधक ने बताया की सामूहिक पहल से कृषि उत्पादन में बढ़ोत्तरी, लागत में कमी, बाजार तक सामूहिक पहुँच के माध्यम से क्रांतिकारी बदलाव लाने में किसान उत्पादक संगठन महती भूमिका निभा सकता है। नाबार्ड एवं बजाज फाउंडेशन मिलकर लोगों की भागीदारी से आने वाले समय में बेतहर परियोजनाएं लागू करने हेतु संकल्पित हैं।

इस अवसर पर बजाज पॉवर प्लांट के प्रेसीडेंट मनोज मेहता ने बताया की आने वाले वर्षो में इस पहल के बहुत ही सकारात्मक परिणाम किसानों को सशक्त कर उनकी आजीविका बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होंगे। साथ ही उन्होंने बजाज ग्रुप की सीएसआर के माध्यम से क्षेत्र के कृषक समुदाय की तरक्की में योगदान हेतु प्रतिबद्धता दोहराई। डी.डी.एम.नाबार्ड सलिल कुमार अर्कवंशी ने बजाज फाउंडेशन एवं नाबार्ड के संयुक्त सौजन्य से बार ब्लॉक में संचालित विभिन्न परियोजनाओं पर प्रकाश डालते हुए किसान बंधुओं से आग्रह किया की सभी को एफपीओ की सदस्यता लेते हुए आगामी समय में होने वाले संभावित योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। समारोह को सम्बोधित करते कृषि विज्ञान केन्द्र टीकमगढ़ के हेड सह मुख्य वैज्ञानिक हुए डा.बी.एस.किरार ने बताया की कृषि एवं सम्बंधित क्षेत्रों में हो रहे नए-नए अनुसन्धान, तकनीकी हस्तांतरण, सरकारी योजनाओं का लाभ आम किसानों तक पहुंचाने में एफपीओ एक बेहद कारगर एवं प्रभावी मंच है। साथ ही सरकार के तमाम विभाग इनके सशक्तिकरण एवं क्षमतावर्धन हेतु कृतसंकल्पित हैं। एलपीजीसीएल के वाइस प्रेसीडेंट राजीव श्रीवास्तव ने बताया की सहभागी रूप के किसानों की जरूरतों एवं संसाधनों का विश्लेषण कर एक बेहतर बिजनेस प्लान के माध्यम से विभिन्न प्रकल्पों से किसान काफी तरक्की कर सकते हैं। उन्होंने कन्वर्जेन्स का महत्व भी प्रतिपादित किया। इस विशेष अवसर पर बजाज फाउंडेशन के रीजनल प्रोग्राम मैनेजर राजेन्द्र सिंह खतेडिया ने बताया की आज के बदलते एवं प्रतिस्पर्धात्मक समय में किसान उत्पादक संगठन की प्रासंगिकता एवं जरुरत पर बल देते हुए अधिक से अधिक किसानों को इससे जुडने का आव्हान किया। सी.ई.ओ. एवं अध्यक्ष ने किसान उत्पादक संगठन को सफल एवं संवहनीय बनाने हेतु आगामी कार्ययोजना की रुपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कंपनी के वाइस प्रेसीडेंट पी.के. सिंह ने बताया की नाबार्ड द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से किसानों के जीवन स्तर में सुधार हेतु जो सहयोग प्रदान किया जा रहा है। वह बहुत ही सराहनीय है। साथ ही उन्होंने बजाज फाउंडेशन एवं नाबार्ड के संयुक्त सौजन्य से और भी नयी-नयी परियोजनाओं की जरुरत पर बल दिया एवं सभी किसानों एवं आगंतुकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस महत्वपूर्ण अवसर एलपीजीसीएल के वाइस प्रेसीडेंट अविनाश कुमार, अनुराग चौबे, हनुमान सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र टीकमगढ़ के वैज्ञानिक डा.एस. के. जाटव, डा.आई.डी. सिंह, डा.सत्येंद्र कुमार, बजाज फाउंडेशन के उमाकांत सुड़ेले, प्रमोद पटेरिया, रामेश्वर यादव, मनीष सिंह, पंकज महथा, निर्भान सिंह, राजवेन्द्र सिंह, संदीप कटारे, नाथूराम राजपूत, अंकेश जोशी, चेन सिंह जोधा, सचिन सोनी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बार विकास खंड के 30 गाँवों के 300 से अधिक कृषक, एफ.पी.ओ. के अध्यक्ष सोबरन सिंह, समस्त डायरेक्टर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी उमाकांत सुड़ेले, ग्राम प्रधान करतार सिंह यादव, मौजीलाल कुशवाहा, ज्ञानचंद अहिरवार, संतोष पुरोहित एवं पूर्व प्रधान किशोरीलाल रजक एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन बजाज फाउंडेशन के कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद पटेरिया द्वारा किया गया।

# सुम्मेरा तालाब से पानी निकासी के लिए खुलवाये जा रहे नाले

- नाले पर किये गये अतिक्रमण हटवाने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** शासन ने सुम्मेरा तालाब के सौन्दर्यीकरण के लिए 1 करोड़ 80 लाख रूपए की धनराशि स्वीकृत की गई थी। इसी क्रम में ठेकेदार द्वारा तालाब के सौन्दर्यीकरण कार्य के मद्देनजर सुम्मेरा तालाब के पानी की निकासी का कार्य आरंभ किया गया। तालाब के पानी की निकासी से मोहल्ला तालाबपुरा की सड़कों पर पानी फैल गया, जिस कारण मोहल्लेवासियों, राहगीरों व स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों सहित मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी समस्या हो रही थी। उक्त समस्याओं से वार्ड पार्षद जगदीश यादव व मोहल्लेवासियों ने ईओ को अवगत कराया गया। मोहल्लेवासियों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए ईओ ने कर्मचारियों के साथ तालाबपुरा पहुंच कर निरीक्षण किया। जहां पाया गया कि तालाब से पानी की निकासी किये जाने पर मोहल्ले की सड़क पर पानी फैल गया था व नालियों पर मोहल्लेवासियों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किया भी पाया गया। इस दौरान ईओ ने नपा कर्मियों को निर्देशित करते हुए मौके पर ही बंद पड़े नालों व नालियो को खुलवाया। नालों की सफाई के लिए कर्मियों लगाकर नालों की सफाई का कार्य कराया गया एवं नालियों पर किये गये अवैध अतिक्रमण को जे.सी.बी. से हटाया गया, जिससे



कि सुम्मेरा तालाब से पानी की निकासी सुचारू रूप से की जा सके। इस दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा, वार्ड पार्षद जगदीश यादव, कर निर्धारण अधिकारी/अतिक्रमण प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक/प्रभारी सफाई निरीक्षक राजेश जैन, राजस्व निरीक्षक आशुतोष, निर्माण लिपिक हबीब खान, नजूल लिपिक सुधीर रावत, अमित कुमार, स्वास्थ्य नायक अजय, स्वास्थ्य नायक मंजीत करौसिया सहित मोहल्लेवासी एवं पालिका के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# विश्व कैंसर दिवस पर सीएमओ कार्यालय में गोष्ठी का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चार फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। सीएमओ कार्यालय सभागार में गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस का उद्देश्य लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करना एवं कैंसर की बीमारी से लडने के लिये एकजुट करना है। विश्व कैंसर दिवस पहली बार 04 फरवरी 2000 को मनाया गया था, तब से प्रत्येक वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन कैंसर संबंधी जागरूकता बढाने कैंसर का जल्दी पता लगाने हेतु स्क्रीनिंग, स्वस्थ्य जीवन शैली का प्रोत्साहन, कैंसर अनुसंधान एवं उपचार को बढावा देना, कैंसर के बारे में गलत धारणाओं को दूर करना आदि गतिविधियां की जाती है। कैंसर के प्रति जागरूकता, भ्रान्तियों की रोकथाम, शुरूआती पहचान और उपचार में निरंतर प्रयास कई जीवन बचा सकते है। उपसीएमओ/नोडल अधिकारी एनसीडी डा.अमित तिवारी ने बताया कि फेंफड़े, मुख, गुहा एवं स्तन व बच्चेदानी का कैंसर सबसे आम प्रकार के कैंसरों में शामिल हैं। जागरूकता एवं समय पर पता लगाना कैंसर मरीजों की मृत्युदर को कम करने की कुंजी है। पब्लिक हैल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने कैंसर के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे है, इसके पीछे लाईफ स्टाईल में बदलाव, प्रदूषण, तम्बाकू एवं शराब का सेवन आदि कारण जिम्मेदार है। विश्व कैंसर दिवस का उद्देश्य इन सभी कारकों के बारे में लोगो का जागरूक करना और उन्हें इस बीमारी से बचने के लिये सही जानकारी उपलब्ध कराना है। शरीर के किसी अंग में लम्बे समय तक असामान्य सूजन, तिल, मस्से का आकार या रंग में परिवर्तन, न भरने वाले घाव आदि कैंसर के संकेत हो सकते है। यदि किसी व्यक्ति को तीन हफ्ते से अधिक समय तक मुंह या जीभ पर न भरने वाले घाव, भोजन निगलने में लगातार असुविधा, मूत्र विसर्जन में कठिनाई/रक्त स्त्राव, आवाज में परिवर्तन जैसे लक्षण हो, तो निकटतम सरकारी चिकित्सालय में चिकित्सक से तुरंत परामर्श लेना चाहिए। स्वस्थ्य आहार एवं जीवन शैली अपना कर, नियमित रूप से व्यायाम करके, तम्बाकू एवं शराब के सेवन से बचकर तथा नियमित चिकित्सा जांच कराकर कैंसर के जोखिम को कम किया जा सकता है। आयोजित गोष्ठी में सीएमओ कार्यालय के विभिन्न अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

# मूंगफली क्रय का भुगतान जल्द करने की मांग



धरना प्रदर्शन करते भाकिसं के किसान नेता

अवधनामा संवाददाता

- भाकियू ने सीएम आवास के सामने प्रदर्शन करने की दी चेतावनी

**ललितपुर।** भारतीय किसान संघ के बैनर तले मंगलवार को धरना प्रदर्शन के दूसरे दिन जिले में किसानों के किये जा रहे शोषण, दमन और उत्पीडन् के खिलाफ जारी रहा। इस दौरान एक सभा का आयोजन किया गया। सभा में जिला प्रवक्ता नवीन जैन थनवारा ने किसानों, प्रतिनिधियों के माध्यम से आह्वान किया कि शासन द्वारा यदि किसानों का शोषण, दमन और उत्पीडन् को समाप्त कर समस्त किसानों की क्रय की गयी मूंगफली का भुगतान नहीं किया गया तो किसानों द्वारा भारतीय किसान संघ के आह्वान पर वृहद आंदोलन व आमरण अनशन किया जायेगा। इसके बाद भी यदि किसानों को न्याय नहीं मिलता है तो अन्य किसान संगठनों के सहयोग से मुख्यमंत्री के लखनऊ स्थित आवास पर किसानों को धरना प्रदर्शन व आमरण अनशन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस दौरान केन्द्रीय अध्यक्ष बाबूलाल दुबे, हरीओम राजपूत, हरपाल सिंह, जिला प्रवक्ता नवीन जैन थनवारा, आनंद देवलिया, धर्मलाल, परशुराम, प्रेमा, भीकम सिंह, नौने राजा, महेश प्रसाद, अनिल कुमार, विजय सिंह, करन सिंह, बद्री नारायण के अलावा अनेकों किसान मौजूद रहे।

## सपा महिला सभा ने निकाला कैण्डिल मार्च

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में युवती के साथ दुष्कर्म के बाद निर्मम तरीके से नृशंस हत्या के मामले ने पूरे उत्तर प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस सम्बन्ध में मंगलवार को समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव के निर्देश पर महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा के निर्देशन में जिला स्तर पर कैण्डिल मार्च निकाला गया। घण्टाघर मैदान पर आयोजित इस कार्यक्रम में दिवंगत युवती की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामनायें की गयीं। वहीं वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। कहा कि महिला सुरक्षा का नारा देने वाली सरकार सिर्फ कागजी आंकड़ों पर बात कर रही है, जबकि धरातल पर हकीकत कुछ और ही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में युवती के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या जैसे जघन्य प्रकरण में दोषियों को पकड़कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाये और मृतका के परिजनों को सही न्याय दिलाया जाये। इस दौरान सपा की पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया, वरिष्ठ सपा नेता शत्रुघन यादव, बिट्टू यादव, चारू जैन, मोनू विश्वकर्मा, रानू मंसूरी, रोहित, प्रीति पाठक के अलावा अनेकों लोग मौजूद

# आधा दर्जन जुआरी गल्ला मण्डी चौकी पुलिस ने दबोचे

अवधनामा संवाददाता

- हवाई पट्टी के सामने ईंट के चट्टे की आड़ में चल रहा था जुआ

**ललितपुर।** चौकी क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था को दुरुस्त बनाये रखने के लिए गश्त कर रहे गल्ला मण्डी चौकी प्रभारी ने अपने हमराहियों के साथ हवाई पट्टी के सामने ईंट के चट्टे के पीछे सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे आधा दर्जन जुआरियों को दबोचने में सफलता हांसिल की है। पकड़े गये जुआरियों के पास से पुलिस ने नकदी, ताश की गड्डी बरामद की है। चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक सुशील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार की रात करीब 9.22 बजे वह अपने प्राईवेट वाहन से क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए गश्त कर रहे थे। गश्त करते हुये वह जियो पेट्रोल पम्प के पास खड़े होकर वार्ता कर रहे थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी, कि कुछ लोग आगे जुआ खेल रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबे पांच मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर दी। जुआरियों की टोह लेते समय आवाज आयी, जिसमें एक जुआरी चिल्लाया कि बेगम आ गयी है और वह जीत गया। मुखबिर की सूचना पर इत्मिनान कर पुलिस ने हवाई पट्टी के सामने ओम ट्रेडर्स के पास ईंट के चट्टे के पास दविश दी। दविश के दौरान पुलिस ने जुआ खेल रहे जुआरियों में ग्राम रोंडा निवासी प्रदीप अहिरवार पुत्र काशीराम, मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अन्तर्गत थाना दिगौड़ा के वर्मा ताल निवासी सोनू अहिरवार पुत्र रामलाल, रोंडा निवासी निर्भान अहिरवार पुत्र कैलाश, कैलाश अहिरवार पुत्र गजू, ग्राम सिलगन निवासी अंगद लोधी पुत्र जगभान और सिलगन निवासी धर्मेंद्र चंदेल पुत्र अशोक कुमार को धर दबोचा। पुलिस ने पकड़े गये जुआरियों के पास से जामा तलाशी के दौरान 2225 रुपये व माल फड़ से 2770 रुपये कुल 4995 रुपये बरामद किये। पुलिस ने पकड़े गये जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 और बीएनएस की धारा 112 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# सर्दियों में शकरकंद खाने से मिलते हैं ढेरों फायदे, जानिए कैसी होती है इसकी तासीर

सर्दियों का मौसम शुरू होते ही कुछ चीजों की डिमांड तेजी से बढ़ती है। इन्हीं में से एक शकरकंद है। कुछ लोग इसको भूनकर खाते हैं, तो कुछ लोग उबालकर खाते हैं। इसकी गिनती फल और सब्जियों दोनों में की जाती है और यह ठंड में खूब बिकता है। शकरकंद न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होता है बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। शकरकंद में कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर के लिए अच्छे माने जाते हैं।

बता दें कि शकरकंद में कार्बोहाइड्रेट और फाइबर की भरपूर मात्रा पाई जाती है। इसकी वजह से लोग आलू की जगह शकरकंद खाने की सलाह देते हैं। शकरकंद में विटामिन ए की अच्छी मात्रा पाई जाती है। वहीं इसमें मौजूद फाइबर मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। इसके अलावा शकरकंद में जिंक, कार्बोहाइड्रेट और मैग्नीशियम जैसे तत्व पाए जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसकी तासीर गर्म होती है या ठंडी। तो इस आर्टिकल में हम आपको बताने जा रहे हैं कि शकरकंद की तासीर ठंडी होती है या गर्म।



### ठंडा या गर्म होता है शकरकंद

बहुत से लोगों को शकरकंद खाना पसंद होता है। लेकिन लोग कंफ्यूज होते हैं कि इसकी तासीर ठंडी होती है या गर्म। तो बता दें कि शकरकंद की तासीर गर्म होती है, इसलिए सर्दियों में इसका अधिक सेवन किया जाता है। क्योंकि इसमें विटामिन सी की अच्छी मात्रा पाई जाती है। जो आपकी इम्यूनिटी को मजबूत करता है और फ्लू जैसी समस्याओं से बचाता है। साथ ही यह शरीर को सर्दी भी प्रदान करता है।

### इन समस्याओं में है फायदेमंद

सर्दियों में शकरकंद का सेवन स्वास्थ्य के लिहाज से काफी फायदेमंद माना जाता है। इसको खाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। शकरकंद में विटामिन सी की अच्छा मात्रा पाई जाती है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। शकरकंद में फाइबर पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है और इसको खाने से पाचन में सुधार होता है। अगर आप खाना पचा नहीं पा रहे हैं, तो आपको इसको अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। सर्दियों के मौसम में लोग एक्सरसाइज करने में आलस करते हैं। जिसकी वजह से वजन तेजी से बढ़ता है। ऐसे में अगर आप अपनी डाइट में शकरकंद को शामिल करते हैं, तो फाइबर से भरपूर होने की वजह से आपको जल्दी भूख नहीं लगेगी और आप ज्यादा खाने से बच जाएंगे।

### कब न खाएं शकरकंद

हम में से बहुत से लोग कभी भी शकरकंद का सेवन कर लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा करना आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए रात के समय शकरकंद खाने से बचना चाहिए और यदि आप मधुमेह या फिर मोटापे से पीड़ित हैं, तो आपको दोपहर 12 से 3 बजे के बीच शकरकंद खाना चाहिए। हालांकि आप शकरकंद को कई तरह से खा सकते हैं। आप इसको उबालकर, भाप में पकाकर या फिर बेक करके खा सकते हैं। आप सर्दियों में इसका सूप बनाकर भी सेवन कर सकते हैं।

# सर्दियों में चाहिए गुलाब जैसा निखार! घर पर बनाएं टमाटर-चुकंदर का सूप, नोट करे रेसिपी

सर्दियों में स्किन देखभाल मांगती है। इस मौसम त्वचा की देखभाल करना भी काफी मुश्किल होता है। नमी की कमी के कारण त्वचा रुखी हो जाती है। ठंडी हवाओं के कारण त्वचा भी फटने लगती है। जिस कारण से रुखी त्वचा और भी बेजान हो जाती है। अगर आप अपनी टमाटर-चुकंदर का सूप को एड करते हैं, तो आपकी त्वचा काफी चमकेगी और आपका चेहरा भी गुलाबी दिखेगा। इस लेख में हम आपके लिए न्यूट्रिएंट से भरपूर ग्लो-एन्हांसिंग सूप की रेसिपी लेकर आए, इसे आप अपने दैनिक आहार में जरुर शामिल करें। आइए आपको बताते हैं इसे कैसे बनाएं।

### टमाटर-चुकंदर का सूप कैसे बनाएं

**सामग्री**

- 2 टमाटर
- 1 छोटा चुकंदर
- 2-3 लहसुन की कलियां
- 1 चुटकी काली मिर्च
- स्वादानुसार नमक
- 1 कप पानी



### टमाटर-चुकंदर का सूप बनाने का तरीका

- टमाटर और चुकंदर को छोटे टुकड़ों में काट लें।
- अब एक पैन में थोड़ा पानी डालें और उसमें कटे हुए टमाटर, चुकंदर और लहसुन डालकर उबालें।
- इस मिश्रण को धीमी आंच पर 10 मिनट तक पकने दें, फिर ठंडा होने दें।
- फिर आप इस मिश्रण को मिक्सर में डालकर चिकना पेस्ट बना लें, फिर छान लें।
- अब आप सूप को दोबारा गर्म करें, नमक और काली मिर्च डालें और अच्छी तरह मिला लें।
- आपका गरमागरम सूप तैयार है। आप चाहें तो इसे छानने की जरूरत नहीं है और स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें एक चम्मच सफ़ेद मक्खन भी मिला सकते हैं।

बता दें कि, यह सूप टेस्टी तो है साथ ही सर्दियों के दौरान आपकी त्वचा को अंदर से चमकने भी मदद करता है। गौरतलब है कि टमाटर और चुकंदर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को डिटॉक्सीफाई करते हैं। इतना ही नहीं, लहसुन रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

# ठंड में खुद को गर्म रखने के लिए हॉट चॉकलेट की इन रेसिपीज को घर में बनाएं, नोट करें विधि

ठंड के मौसम में कंबल में सोते रहना सभी को अच्छा लगता है इसके साथ ही हॉट चॉकलेट का मग मिल जाए तो और भी आनंद आ जाता है। हॉट चॉकलेट गाढ़ा और मीठा डेजर्ट बेवरेज है जो गर्माहट प्रदान करने के साथ-साथ चॉकलेटी स्वाद से मन को खुश कर सकते हैं। आप हॉट चॉकलेट के कई फ्लेवर ट्राई कर सकते हैं। इस लेख में हम आपको ऐसी रेसिपीज बताएंगे जिनका आप आसानी से बना सकते हैं और स्वाद भी लाजवाब हो।



### क्लासिक क्रीमी हॉट चॉकलेट

**सामग्री**

-2 कप मिल्क
-2 चम्मच बिना चीनी वाला कोको पाउडर
-2 चम्मच चीनी
-1/4 चम्मच वनिला एक्सट्रैक्ट
-टॉपिंग के लिए व्हीप्ड क्रीम या मार्शमैलो

**इसे बनाने का तरीका**

- सबसे पहले आप सॉस पैन में मीडियम आंच पर दूध गर्म करें। ध्यान रहे कि दूध को उबालना नहीं है।
- इसमें कोको पाउडर और चीनी डालें। इसके साथ ही चीजों को अच्छे से मिक्स कर सकते हैं।
- सभी चीजें अच्छे से घुल जानी चाहिए।
- वनिला एक्सट्रैक्ट डालकर मिक्स करें। दूध को अच्छे से पकने दें।
- फिर आप मग में गर्मागर्म डेजर्ट बेवरेज डालें और ऊपर से व्हिप्ड क्रीम या मार्शमैलो डालकर सर्व करें।

### पेपरमिंट हॉट चॉकलेट

**सामग्री**

-2 कप दूध
-2 बड़ा चम्मच कोको पाउडर
-2 बड़ा चम्मच चीनी
-1/2 छोटा चम्मच पेपरमिंट एक्सट्रैक्ट
-गार्निश के लिए क्रश की हुई कैंडी केन

**बनाने का तरीका**

- दूध को गर्म कर लें, ध्यान रहे उबालना नहीं है।
- दूध पकने पर उसमें कोको पाउडर और चीनी मिला लें।
- फिर आप पेपरमिंट एक्सट्रैक्ट डालें। ध्यान रखें कि इसे पहले कम मात्रा में डालें। नहीं तो आपकी हॉट चॉकलेट कड़वी हो जाएगी।

### मैक्सिकन हॉट चॉकलेट

**सामग्री**

-2 कप दूध
-2 बड़ा चम्मच कोको पाउडर
-2 बड़ा चम्मच चीनी
-1/2 छोटा चम्मच दालचीनी
-एक चुटकी लाल मिर्च

**बनाने का तरीका**

- जैसे ऊपर बताया कि दूध को गर्म कर लें।
- अब इसमें कोको पाउडर, दालचीनी और लाल मिर्च डालकर फेंटें।

# सरसों ही नहीं, सर्दियों मे भारत के कोने-कोने में खाए जाते हैं ये साग

सर्दियों के दिनों में लोग हरी पत्तेदार सब्जियां प्रमुखता से खाते हैं। इनमें भी सरसों का साग काफी खाया जाता है। सरसों का साग पंजाब की सिग्नेचर डिश है और ठंड के दिनों में हर घर में बनती है। हालांकि, अगर आप यह सोचते हैं कि सर्दियों में सिर्फ सरसों का साग ही खाया जाता है तो आप गलत है। इस मौसम में भारत के अलग-अलग राज्यों में कई तरह के अलग-अलग पारंपरिक साग बनाए जाते हैं। इनका ना केवल स्वाद और टेक्सचर अलग होता है, बल्कि ये क्षेत्रीय रीति-रिवाजों और संस्कृति के बारे में भी काफी कुछ बताते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको भारत के अलग-अलग राज्यों में बनने वाले साग के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अक्सर लोग ठंड के दिनों में बनाते हैं-



### सरसों का साग (पंजाब)

शायद ही कोई पंजाबी हो, जिसे सरसों का साग पसंद ना हो। इस डिश को सरसों के साग और कुछ मसालों का उपयोग करके बनाया जाता है। इसे बनाते समय पालक और बथुआ भी डाला जाता है। सरसों के साग का क्रीमी टेक्सचर होता है और अमूमन लोग इसे मक्की के आटे से बनी रोटी के साथ खाना काफी पसंद करते हैं। साथ ही, बहुत सारा सफेद मक्खन टेस्ट को कई गुना बेहतर बना देता है।

### गुंडी साग (ओडिशा)

ओडिशा में लोग गुंडी साग बड़े चाव से खाते हैं। इस साग को गुंडी के पत्तों की मदद से बनाया जाता है। यह एक नई हरी किस्म है, जिसका उपयोग इसके विशेष स्वाद और औषधीय गुणों के लिए किया जाता है। गुंडी के पत्तों को पारंपरिक ओडिशा के मसालों के साथ पकाया जाता है। इसे सूखी लाल मिर्च, जीरा और लहसुन से बनाया जाता है। साथ ही, इसमें ओडिशा के पांच मसालों का तड़का लगाया जाता है।

### साई भाजी (सिंधी)

यह सिंधियों की स्पेशलिटी है। साई भाजी दाल, सब्जियों और पालक और अन्य साग का एक बैलेंस है। इसे बनाते समय मौसमी साग जैसे मेथी के पत्ते, डिल और ताजा पालक आदि का इस्तेमाल किया जाता है। उबालने पर, चने की दाल प्रोटीन और क्रीमी टेक्सचर देती है। टमाटर, गाजर और आलू जैसी सब्जियां इस डिश के पोषक तत्वों को बढ़ाती है।

### लाल साग भाजा (पश्चिम बंगाल)

लाल साग भाजा विशेष रूप में पश्चिम बंगाल में खाया जात है। इसे अमरनाथ के पत्ते यानी लाल साग की मदद से तैयार किया जाता है। ताज़े लाल अमरनाथ के पत्तों को हरी मिर्च, पंचफोरन (पांच मसालों का मिश्रण) और साग की हल्की कड़वाहट को दूर करने के लिए थोड़ी चीनी के साथ स्टर फ्राई किया जाता है। सरसों के तेल के साथ अंतिम तड़का इस डिश के टेस्ट को बढ़ाता है।

# इस तरह से बनाएं आंवले की स्वादिष्ट चटनी, बच्चों से लेकर बड़ों सबको आएगी पसंद, नोट करें रेसिपी

आंवला सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है, डॉक्टर भी आंवला खाने की सलाह देते हैं। क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। सर्दियों में आंवला खाना काफी फायदेमंद माना जाता है। इसके सेवन से कई समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है। आंवले का स्वाद खट्टा होते है, जिस वजह से बच्चों को इसे खाना पसंद नहीं करते हैं। अगर आप घर पर आंवले की चटपटी चटनी बनाएंगे तो इसे सभी लोग खाना पसंद करेंगे। आइए आपको बताते हैं इसे बनाने का तरीका।



### आंवले की चटनी बनाने के लिए

**सामग्री**

- 1/2 किलो आंवला
- 1 बड़ा चम्मच तेल
- 1 बड़ा चम्मच पंचफोरन ( मेथी दाना, कलौंजी, जीरा, काली सरसों और सौंफ बीज का मिक्स)
- 1 चम्मच साबुत धनिया के बीज
- आधा चम्मच से भी कम हिंग पाउडर
- 1/2 कप गुड़
- 1 चम्मच मिर्च पाउडर
- 1 चम्मच हल्दी पाउडर
- 1 चम्मच धनिया पाउडर
- 1 चम्मच काला नमक
- 1 चम्मच अदरक कटा हुआ

### कैसे बनाएं आंवला की चटनी

- सबसे पहले आंवला को मीडियम आंच पर 10-15 मिनट भाप में पकाएं। जब आंवले नरम हो जाएं तो इसके बीज निकालकर आंवले का गूदा को अलग कर लें। अब एक पैन में 1 बड़ा चम्मच तेल लें, उसमें 1 चम्मच मेथी दाना, कलौंजी, जीरा, काली सरसों और सौंफ बीज डालें। इसके बाद 1 चम्मच साबुत धनिया के बीज और थोड़ा सा हींग पाउडर डालें। फिर आप इसमें उबले हुए आंवले डालें और 5 मिनट तक अच्छे से भून लें। अब आप इसमें आधा कप गुड़ डाल दें। इसको आप मध्यम आंच पर तब तक पकाएं जब तक गुड़ पिघल न जाए और मिक्स थोड़ा गाढ़ा न हो जाए। जब यह गाढ़ा हो जाएगा तो इसे धीमी आंच पर रखें। फिर आप इसमें मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर और काला नमक डालें। फिर बारीक कटा हुआ अदरक भी इसमें मिला दें। अच्छे से मिक्स के बाद आपकी आंवले की चटनी तैयार है। इसे रोटी, पराठा, चावल के साथ सर्व करें।

# बच्चों के टिफिन में रखें चुकंदर से बनी ये 2 टेस्टी और हेल्दी रेसिपी, तुरंत होगा फिनिश

हर घर में मम्मियों की चिंता रहती है रोजाना सुबह उठकर बच्चों के लांच बॉक्स में क्या रखें। इसको लेकर वह काफी कंफ्यूज रहती है कि आखिर टिफिन बच्चों क्या बनाकर रखें, जो हेल्दी और टेस्टी हो। अब चिंता को छोड़िए, आप अपने बच्चे के टिफिन में चुकंदर से बनी ये दो रेसिपी जरुर रख सकते हैं। ये डिश हेल्दी होने के साथ ही काफी टेस्टी है आपके बच्चें इससे खाकर टिफिन को साफ कर देंगे। इसे बनाना भी काफी आसान है। आइए आपको इसकी रेसिपी बताते है।


### चुकंदर के अप्पे

**सामग्री**

-चुकंदर- 2 कद्दूकस किए हुए
-सूजी- 2 कप
-छाछ या खट्टा दही- आधा कप
-ईनो/बेकिंग सोडा-एक चुटकी
-नमक-स्वादानुसार
-तेल

**इसे बनाने का तरीका**

- इसके लिए आप पहले एक बाउल में सूजी, चुकंदर, नमक और खट्टा दही और छाछ लेना है।
- इन चीजों को अच्छे से मिला लें।
- अब इसमें थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर स्मूद बेटर तैयार कर सकते हैं।
- इस मिश्रण को अब करीब 10-15 मिनट के लिए फर्मेंट होने के लिए रख दें।



- फिर आप इसमें ईनो या बेकिंग सोडा और हल्का पानी डालकर दुबारा मिक्स करें।
- अब आप इडली स्टैंड को गैस पर रखकर उसमें तेल लगाकर बेटर डालें और करीब 10 मिनट के लिए पका लें।
- और आपकी गरमा-गरम अप्पे तैयार है। इसे आप चटनी या सॉस के साथ सर्व कर सकते हैं।

### बीटरुट चाट

**सामग्री**

-काबुली चना- 1 कटोरी (उबले हुए)
-लोबिया- 1 कटोरी (उबले हुए)
-चुकंदर- 2 (उबले छोटे टुकड़ों में कटे हुए)
-तेल- 1 टेबलस्पून
-राई- 1 टेबल स्पून
-नमक- स्वादानुसार
-चाट मसाला- आधा टेबल स्पून
-हल्दी- आधा टीस्पून
-प्याज- बारीक कटा हुआ
-अनार के दाने- आधा कटोरी
-हरा धनिया- बारीक कटा हुआ
-नींबू का रस- 1 टेबलस्पून

**इसे बनाने का तरीका**

- बीटरुट चाट बनाने के लिए आपको एक रात पहले काबुली चना और लोबिया को रात भर पानी में डालकर भिगो दें।
- फिर पानी को हटाकर कुकर में पानी और नमक डालकर इसे उबाल लें।
- इसके बाद एक बर्तन में चुकंदर को छीलकर उसको छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें।
- अब आप गैस पर एक पैन चढ़ाएं फिर इसमें तेल डालें। जब तेल गर्म हो जाए तो इसमें राई को डाल दें।
- फिर उबले हुए छोले और लोबिया डालें साथ ही ऊपर से नमक, चाट मसाला और हल्दी डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।
- अब इसमें चुकंदर डालकर दो-तीन मिनट के लिए भून लें।
- गैस बंद कर दें अब ऊपर से हरा धनिया, नींबू का रस, कटा हुआ प्याज और अनार दाने डालकर फिर मिक्स करें।
- यह आपकी चुकंदर चाट तैयार है। इसे आप टिफिन बॉक्स में सर्व करके रख दें।

# जड़ी-बूटियों से बना ये घोल लगाने से 6 महीने तक काले रहेंगे बाल, असर देख आप भी रह जाएंगे हैरान

हम में से कई लोग सफेद बालों की समस्या से परेशान रहते हैं। सफेद बालों की समस्या से निजात पाने के लिए डाई या फिर केमिकल वाली मेहंदी का इस्तेमाल करते हैं। आजकल बालों का सफेद होना आम समस्या है। लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं कि आप सफेद बालों पर केमिकल घिस-घिसकर इन्हें बेजान कर दें। बालों की हेल्थ को बनाए रखने के लिए आप घरेलू नुस्खे भी आजमा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे नुस्खे के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको अपनाने से आपके सफेद बाल नेचुरली काले हो जाएंगे और इसका असर 6 महीने तक बना रहेगा।



### एक्सपर्ट से जानिए कमाल का नुस्खा

एक्सपर्ट के मुताबिक इस नुस्खे को अपनाने से 6 महीने तक आपके बाल नेचुरल काले रहेंगे। वहीं ये मेहंदी आपके बालों पर 6 महीने तक टिकी रहेगी। तो आइए जानते हैं कि बालों को काला करने वाले इस घोल को तैयार करने के लिए क्या-क्या सामग्री चाहिए होगी।

### इन चीजों की होगी जरूरत

चाय पत्ती- 2 चम्मच
मेहंदी पाउडर- 100 ग्राम
खाने वाला चूना- 1/4 चम्मच
मुर्दा सिंगी- 1/4 चम्मच
सरसों का तेल- जरूरत अनुसार?
नोट- मुर्दा सिंगी आपको पंसारी की दुकान में आसानी से मिल जाएगा।

### ऐसे तैयार करें लेप

एक बाउल में 2 चम्मच पिसी हुई चायपत्ती लें और इसमें खाने वाला चूना, मुर्दा सिंगी और 100 ग्राम मेहंदी पाउडर मिलाएं।

अब इसे अच्छे से मिक्स कर लें और घोल बनाने लायक जरूरत के मुताबिक सरसों का तेल मिलाएं।

यह घोल ज्यादा गाढ़ा या ज्यादा गीला नहीं होना चाहिए। वरना यह बालों पर अधिक देर तक टिक नहीं पाएगा या फिर बालों में चिपक जाएगा।

### इसको लगाने के 20 मिनट बाद बाल धो लें।

इस नुस्खे का इस्तेमाल करने से आप पाएंगे कि आपका एक-एक बाल काला हो गया है और यह बालों को भी हेल्दी बनाता है।

### डाई भी होगी फेल

एक्सपर्ट की मानें, तो इस नुस्खे का इस्तेमाल करने के बाद आप मार्केट में मिलने वाली केमिकल वाली मेहंदी को भूल जाएंगे। आप देखेंगे कि इसका इस्तेमाल करने से आपके बालों में नेचुरल शाइन आएगी।

### जानिए क्या होती है मुर्दा सिंगी

बता दें कि मुर्दा सिंघी पत्थर की तरह दिखने वाली जड़ी-बूटी है। जो ब्यूटी के लिए इस्तेमाल की जाती है और यह बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद होती है। मुर्दा सिंघी में मौजूद प्राकृतिक मिनरल्स बालों के पोषण की कमी को दूर कर उन्हें मजबूती देते हैं। साथ ही यह एक्ने, डार्क स्पॉट, पिंपल्स, एक्जिमा और सूजन जैसी कई त्वचा संबंधी समस्या को ठीक करने के लिए भी किया जाता है।

# टॉयलेट की भयंकर बदबू से छुटकारा दिला सकता है ये कमाल का जुगाड़, बिना क्लीन किए दूर होगी स्मेल

टॉयलेट की भयंकर बदबू से कई बार पूरा दिन खराब हो जाता है। तो वहीं कई बार बदबू इतनी ज्यादा बढ़ जाती है कि टॉयलेट इस्तेमाल करने का भी मन नहीं करता है। वहीं अगर कहीं घर में मेहमान आ जाएं, तो आपको शर्मिंदगी का सामना भी करना पड़ता है। अक्सर बिजी शेड्यूल होने की वजह से लोगों के पास टाइम नहीं होता है, जिससे कि वह रोजाना टॉयलेट की सफाई कर सकें। लेकिन अगर हम आपसे कहें कि आप बिना इसको क्लीन किए ही बदबू को दूर कर सकते हैं।

दरअसल, आप नींबू और मास्क की मदद से टॉयलेट से आने वाली भयंकर बदबू को दूर कर सकते हैं। ऐसे में आपको मास्क और नींबू की ट्रिक को जान लेना चाहिए। वहीं आपको एक बार इस ट्रिक को आजमाना है और इससे हफ्ते भर आपको टॉयलेट की सफाई करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सिर्फ फ्लश करने से न सिर्फ टॉयलेट क्लीन होगा, बल्कि बदबू भी दूर हो जाएगी। वहीं सबसे अच्छी बात है कि इसके लिए आपको ज्यादा खर्च भी नहीं करना होगा।



### चाहिए होगा ये सामान

नींबू
सर्जिकल मास्क
कैंची

### ऐसे डालें मास्क में नींबू

कंबोड से बदबू को हटाने के लिए आप नींबू और मास्क वाली ट्रिक आजमा सकते हैं। इसके लिए नींबू को छोटे-छोटे स्लाइस में काट लें और फिर मास्क का ऊपरी हिस्सा स्ट्रिप्स के साथ कट कर दें। इससे आपको मास्क में नींबू के स्लाइस डालने की जगह मिल जाएगी। अब इसमे नींबू की स्लाइस डालने के बाद कटी हुई स्ट्रिप्स से इसको बांध लीजिए।

### जानिए कैसे काम करेगी ये ट्रिक

बता दें कि जब आप मास्क के अंदर नींबू की स्लाइस बांधेंगे तो यह एक पैकेट की तरह लगेगा। अब इस नींबू वाले पैकेट को वन साइड स्ट्रिप्स की मदद से फ्लश टैंक के अंदर लटकाएं। इससे नींबू का एसिड फ्लश के साथ टैंक के पानी में मिल जाएगा। फिर आप जब भी इसे फ्लश करेंगे, तो नींबू का एसिड कंबोड क्लीन हो जाएगा। ठीक इसी तरह से आप बोतल वाला नुस्खा भी आजमा सकते हो।

## एसटीएफ को मिली बड़ी कामयाबी



**नई दिल्ली।** खुफिया जानकारी के आधार पर एसटीएफ असम ने कोकराझार पुलिस के सहयोग से सोमवार सुबह एक ऑपरेशन किया, जिसमें कोकराझार जिले से नसिम उदीन एसके को गिरफ्तार किया गया।

असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को बड़ी कामयाबी मिली है। एसटीएफ ने ऑपरेशन प्रघात के तहत एक महत्वपूर्ण आतंकवादी ऑपरेटर को गिरफ्तार किया है, जो कट्टरपंथी नेटवर्क और वैश्विक आतंकवादी संगठनों (जीटीओ) से जुड़ा हुआ था। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक खुफिया जानकारी के आधार पर एसटीएफ असम ने कोकराझार पुलिस के सहयोग से सोमवार सुबह एक ऑपरेशन किया, जिसमें कोकराझार जिले से नसिम उदीन एसके को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति को अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) और जमात-उल-मुजाहिदीन (जेएएम) का सक्रिय सदस्य बताया गया है।

अधिकारियों ने पुष्टि की है कि वह प्रमुख आरोपी नूर इस्लाम मंडल का करीबी सहयोगी था, जिसे पहले इसी मामले में चरमपंथी गतिविधियों के लिए गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों के मुताबिक वह लगातार पुलिस को चमका देने में कामयाब हो रहा था। आखिर में खुफिया जानकारी के आधार पर उसे सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को भारतीय दंड संहिता, अवैध गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम [UA(P)A], पासपोर्ट अधिनियम, विस्फोटक अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और विदेशी अधिनियम के तहत कई कड़े धाराओं में गिरफ्तार किया गया है। उस पर 61(2)/147/148/149,UA(P)A 10/13/16/18/18B/20, पासपोर्ट अधिनियम की धारा 12(1)(a), विस्फोटक अधिनियम की धाराएं 4/5, शस्त्र अधिनियम की धाराएं 25/27 और विदेशी अधिनियम की धाराएं 13/14 शामिल लगाई गईं हैं। सूत्रों के मुताबिक, जांच से पता चला कि वह कई साजिशों में शामिल था।

## टीएमसी ने एक बार फिर की पश्चिम बंगाल का नाम बदलने की मांग, राज्यसभा में सांसद ने उठाया मुद्दा

**प्रस्ताव**

**राज्यसभा सांसद ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा ने जुलाई 2018 में सर्वसम्मति से राज्य का नाम बदलने का प्रस्ताव पारित किया था।**



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान टीएमसी सांसद रीताब्रत बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल का नाम बदलकर बांग्ला किया जाए। इसमें राज्य के इतिहास और संस्कृति की छाप है। सांसद ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा ने जुलाई 2018 में सर्वसम्मति से राज्य का नाम बदलने का प्रस्ताव पारित किया था। लेकिन केंद्र ने इस पर सहमति नहीं जताई। तृणमूल कांग्रेस ने एक बार फिर पश्चिम बंगाल का नाम बदलने की मांग की है। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान टीएमसी सांसद रीताब्रत बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल का नाम बदलकर बांग्ला किया जाए। इसमें राज्य के इतिहास और संस्कृति की छाप है। इसके अलावा शून्यकाल में अन्य मुद्दे उठाए गए।

राज्यसभा सांसद ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा ने जुलाई 2018 में सर्वसम्मति से राज्य का नाम बदलने का प्रस्ताव पारित किया था। लेकिन केंद्र ने इस पर सहमति नहीं जताई। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा था कि पश्चिम बंगाल का नया नाम हमारे राज्य के इतिहास, संस्कृति और पहचान के अनुरूप होगा। साथ ही यह हमारे लोगों की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करेगा। उन्होंने कहा कि आज कोई पूर्वी पाकिस्तान नहीं है। इसलिए हमारे राज्य का नाम बदलने की जरूरत है। पश्चिम बंगाल के लोगों के जनादेश का सम्मान किया जाना चाहिए। 2011 में उड़ीसा का नाम बदलकर ओडिशा किया गया था। इससे पहले 1995 में बॉम्बे का नाम बदलकर मुंबई किया गया था। इसके बाद 1996 में मद्रास का नाम बदलकर चेन्नई और 2001 में कलकत्ता का नाम बदलकर कोलकाता और इसके बाद 2014 में बैंगलोर का नाम बदलकर बंगलूरू किया गया था। राज्यसभा में अन्य मुद्दे भी उठाए गए। बीजद के सांसद देवाशीष सामंतराय ने बाली यात्रा को राष्ट्रीय त्योहार का दर्जा देने की मांग की। वहीं तृणमूल कांग्रेस के साकेत गोखले ने कहा कि पेट्रोल में सस्ते एथेनॉल का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जाए। सुष्मिता देव ने कहा कि असम में बराक नदी की सफाई की जाए। जलमार्ग का उपयोग माल की आवाजाही के लिए किया जाए। भाजपा की कविता पाटीदार ने मां की रेलवे लाइन अंडरपास में जलभराव की समस्या का समाधान किया जाए। पीटी ऊषा ने केरल के कोझिकोड ने एम्स की स्थापना की मांग की। भाजपा के एस सेल्वागनबथी ने कहा कि अनियमित मौसम के कारण फसल की पैदावार प्रभावित हुई है। किसानों के नुकसान की भरपाई की जाए।

## महामारी से निपटने के लिए भारत के पास मजबूत प्रणाली



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि भारत के पास भविष्य में होने वाली महामारियों से निपटने के लिए एक ठोस प्रणाली है, जिसमें राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र और तत्काल प्रतिक्रिया दल जैसी सुविधाएं शामिल हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को कहा कि भारत के पास भविष्य में होने वाले महामारी और स्वास्थ्य आपातकाल से निपटने के लिए एक मजबूत प्रणाली है। राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए नड्डा ने बीते दस वर्षों में स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला। नड्डा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व भारत ने साबित कर दिया है कि हमारे पास भविष्य में आने वाले किसी भी महामारी से निपटने की एक ठोस प्रणाली है। भारत की क्षमताओं का जिक्र करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि देश के पास महामारी की निगरानी और जांच के लिए राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र है। उन्होंने कहा, यह शीर्ष निकाय रोगों और उनके उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) और वायरस के नए रूपों (वैरिएंट) की निगरानी करता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एनसीडीसी के तहत भारत के पास एक एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) है। नड्डा ने कहा, हमारे पास तत्काल प्रतिक्रिया दल (आरआरटी) है, जो राज्यों में उपलब्ध है। हमारे पास स्वास्थ्य नियंत्रण और रोकथाम के लिए कई विशेषज्ञों के दल हैं। इसके अलावा, हमारे पास एक एकीकृत स्वास्थ्य जानकारी मंच भी है, जिसमें डाटा, विश्लेषण करने वाले उपकरण उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा, हम सभी उभरती हुई महामारियों के बारे में रियल टाइम रिपोर्ट प्रदान करते हैं।

## खिचड़ी घोटाले में आरोपी शिवसेना यूबीटी नेता को मिली जमानत, मनी लॉन्ड्रिंग के हैं आरोप



**मुंबई।** अदालत ने कहा कि अगर आवेदनकर्ता को ज्यादा लंबे समय तक बंद रखा जाता है तो यह संविधान में अनुच्छेद 21 के तहत मिले मानवाधिकारों का उल्लंघन होगा, जो जल्द सुनवाई और निजी आजादी की गारंटी देता है।

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने मुंबई में हुए खिचड़ी घोटाले में आरोपी शिवसेना यूबीटी नेता को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। कोरोना महामारी के दौरान मुंबई में प्रवासी मजदूरों को खिचड़ी के पैकेट बांटे गए थे। आरोप है कि उसमें करोड़ों रुपये का घोटाला हुआ था। जस्टिस मिलिंद जाधव की पीठ ने खिचड़ी घोटाले के आरोपी शिवसेना यूबीटी नेता सूरज चव्हाण को जमानत देते हुए कहा कि आरोपी को जेल में एक साल से ज्यादा का समय हो गया है और इस मामले में सुनवाई के जल्द पूरा होने की उम्मीद कम है। अदालत ने कहा कि अगर आवेदनकर्ता को ज्यादा लंबे समय तक बंद रखा जाता है तो यह संविधान में अनुच्छेद 21 के तहत मिले मानवाधिकारों का उल्लंघन होगा, जो जल्द सुनवाई और निजी आजादी की गारंटी देता है। ईडी ने चव्हाण को जनवरी 2024 में गिरफ्तार किया था। चव्हाण शिवसेना यूबीटी की युवा शाखा युवा सेना का समिति सदस्य है। खिचड़ी घोटाले में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने जांच कर एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद मामले की जांच ईडी को सौंप दी गई। ईडी के अनुसार, बीएमसी ने मजदूरों को खिचड़ी के पैकेट बांटने के लिए 8.64 करोड़ रुपये जारी किए थे। आरोप है कि इसमें से 3.64 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ। जिसमें 1.25 करोड़ रुपये कथित तौर पर सूरज चव्हाण के बैंक खाते में स्थानांतरित किए गए और 10 लाख रुपये चव्हाण की साझेदार फर्म फायर फाइटर एंटरप्राइजेज को ट्रांसफर किए गए। आरोप है कि चव्हाण ने 1.35 करोड़ रुपये से संपत्ति और डेयरी उद्योग में निवेश किया।

## हिंदू संगठन के विरोध के बीच थिरुपरनकुंद्रम में निषेधाज्ञा लागू, आठ कार्यकर्ता पुलिस हिरासत में

**याचिका**

**हिंदू मुन्नानी संगठन के नेता ने कहा कि मुदरै जिला प्रशासन के निषेधाज्ञा के लागू करने के फैसले को लेकर मद्रास उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है।**



**मदुरै।** थिरुपरनकुंद्रम में मुदरै प्रशासन ने निषेधाज्ञा लागू की है। पहाड़ी पर बने भगवान सुब्रमण्यम स्वामी के मंदिर के पास मांसाहारी भोजन का सेवन करने के विरोध में होने वाले प्रदर्शन को लेकर मंदिर पर 10 जिलों के चार हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। वहीं पुलिस ने हिंदू मुन्नानी संगठन के आठ कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। तमिलनाडु के पहाड़ी शहर थिरुपरनकुंद्रम में मुदरै प्रशासन ने निषेधाज्ञा लागू की है। पहाड़ी पर बने भगवान सुब्रमण्यम स्वामी के मंदिर के पास मांसाहारी भोजन का सेवन करने के विरोध में होने वाले प्रदर्शन को लेकर मंदिर पर 10 जिलों के चार हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। वहीं पुलिस ने प्रदर्शन करने वाले हिंदू मुन्नानी संगठन के आठ कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। प्रशासन के फैसले की हिंदू संगठन और भाजपा नेता ने आलोचना की है।

दरअसल थिरुपरनकुंद्रम में पहाड़ की चोटी पर भगवान सुब्रमण्यम स्वामी का मंदिर बना हुआ है। इसी पहाड़ पर सिकंदर बादुशा की दरगाह भी है। पिछले दिनों कुछ तस्वीर सामने आई थीं, जिसमें पहाड़ पर कुछ लोगों को मांसाहारी भोजन का सेवन करते दिखाया गया था। इसे लेकर क्षेत्र के हिंदू समुदाय में आक्रोश फैल गया। हिंदू मुन्नानी संगठन ने विरोध प्रदर्शन करने का एलान किया था। इसे लेकर पुलिस प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए। मंदिर पर मदुरै जिला प्रशासन ने 10 जिलों के चार हजार पुलिसकर्मी और अधिकारियों को तैनात किया। साथ ही हिंदू मुन्नानी संगठन के आठ कार्यकर्ता हिरासत में लिए। हिंदू मुन्नानी संगठन के नेता ने कहा कि मुदरै जिला प्रशासन के निषेधाज्ञा के लागू करने के फैसले को लेकर मद्रास उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है। वहीं प्रशासन के फैसले की भाजपा नेता एच राजा ने निंदा की। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्रीय एजेंसियां तमिलनाडु में छिपे आतंकियों को गिरफ्तार करने में लगी थीं तब राज्य पुलिस ने हिंदू संगठनों के सदस्यों को गिरफ्तार किया। जबकि वे थिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि एक दिन यह स्थिति बदलेगी। हिंदू मुन्नानी संगठन के राज्य अध्यक्ष कादेश्वर सुब्रमण्यम ने कहा कि प्रशासन का आदेश लोकतांत्रिक अधिकारों और श्रद्धालुओं की भावनाओं का दमन करने वाला है।

## सुप्रिया सुले के आरोपों पर केंद्रीय कृषि मंत्री का जवाब

**नई दिल्ली।** एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र के एक मंत्री और विधायक ने कहा है कि राज्य के कृषि विभाग में पांच हजार करोड़ का भ्रष्टाचार हुआ है। इसके जवाब में लोकसभा में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार अनियमितताओं को बर्दाश्त नहीं करेगी। जांच के बाद अगर कोई भ्रष्टाचार में शामिल पाया जाएगा तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। महाराष्ट्र कृषि विभाग में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जांच कराने की बात कही। लोकसभा में केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार अनियमितताओं को बर्दाश्त नहीं करेगी। जांच के बाद अगर कोई भ्रष्टाचार में शामिल पाया जाएगा तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अमेरिका ने अवैध भारतीय अप्रवासियों को वापस भेजना शुरू किया



**वॉशिंगटन।** अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर अमेरिकी सेना का एक सी-17 विमान भारत के लिए रवाना हो चुका है। अभी तक अमेरिका द्वारा दक्षिण अमेरिकी देशों के अवैध अप्रवासियों को निर्वासित किया जा रहा था, लेकिन अब भारत के अवैध अप्रवासियों पर भी कार्रवाई शुरू हो गई है। अवैध अप्रवासियों को वापस उनके देश भेजने के डोनाल्ड ट्रंप के आदेश के बाद अमेरिका से बड़ी संख्या में अवैध अप्रवासियों को निर्वासित किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब अमेरिका ने अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को भी निर्वासित करना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर अमेरिकी सेना का एक सी-17 विमान भारत के लिए रवाना हो चुका है। अभी तक अमेरिका द्वारा दक्षिण अमेरिकी देशों के अवैध अप्रवासियों को निर्वासित किया जा रहा था, लेकिन अब भारत के अवैध अप्रवासियों पर भी कार्रवाई शुरू हो गई है। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने कहा है कि अमेरिका के एल पासो, टेक्सास और सैन डिएगा, कैलिफोर्निया से पांच हजार से ज्यादा अवैध अप्रवासियों को लेकर जल्द ही सेना के विमान उड़ान भरेंगे। राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद ही डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका से करीब 1.1 करोड़ अवैध अप्रवासियों को निर्वासित करने की बात कही थी। पिछले सप्ताह ही अमेरिकी सेना ने लैटिन अमेरिकी देशों में अवैध अप्रवासियों को लेकर छह उड़ानें भरी हैं। हालांकि कोलंबिया ने अमेरिका के विमानों को अपने देश में उतरने की इजाजत नहीं दी थी, लेकिन ट्रंप के सख्त रुख के बाद कोलंबिया ने अपने नागरिकों को लाने के लिए अपने ही विमान भेजे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका ने लगभग 18,000 भारतीय अप्रवासियों की पहचान की है जो अवैध रूप से अमेरिका में हैं। वहीं अमेरिका द्वारा अवैध अप्रवासी भारतीयों को निर्वासित किए जाने की रिपोर्ट के बीच भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने कहा कि अमेरिका आव्रजन कानूनों को सख्ती से लागू कर रहा है। दूतावास के एक अधिकारी ने कहा कि %मैं कोई विवरण साझा नहीं कर सकता, लेकिन मैं कह सकता हूं कि अमेरिका अपनी सीमा पर सख्ती कर रहा है, आव्रजन कानूनों को सख्त कर रहा है और अवैध प्रवासियों को हटा रहा है। उन्होंने कहा, ये कार्रवाइयां एक स्पष्ट संदेश देती हैं कि अवैध प्रवास जोखिम के लायक नहीं है। पिछले महीने भारतीय विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा था कि वह अवैध आव्रजन का विरोध करता है और अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को वापस लेने के लिए तैयार है, बशर्ते उनकी राष्ट्रीयता सत्यापित हो।

## वेस्ट बैंक में इस्राइली सेना की चौकी पर हमला

**तेल अवीव** यह हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब वेस्ट बैंक के जेनिन के पास इस्राइली सेना व्यापक अभियान चला रही है, जिसमें इस्राइली सैनिकों ने बुलडोजर से कई मकानों को नष्ट कर दिया है। वेस्ट बैंक में मंगलवार को इस्राइली कब्जे वाले इलाके में एक चेकपोस्ट पर हमला हुआ। इस हमले में छह इस्राइली सैनिक घायल हुए हैं। घायलों में से दो की हालत गंभीर है। हमलावर को इस्राइली जवानों ने मौके पर ही ढेर कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना वेस्ट बैंक के तैसिर गांव की है, जहां इस्राइली सेना की चेकपोस्ट स्थित है। मंगलवार को एक हमलावर ने चेकपोस्ट पर गोलीबारी की। चेकपोस्ट पर गोलीबारी में इस्राइली सेना के छह जवान घायल हुए हैं। घायलों में दो जवानों की हालत गंभीर है।

## मणिपुर में सुरक्षा बलों की बड़ी कामयाबी

**प्रतिबंधित**

**मणिपुर के इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, काकचिंग और थौबल जिलों से सुरक्षा बलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है।**



**नई दिल्ली।** सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान के दौरान बिष्णुपुर और तेंगनौपाल जिलों से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद जब्त किए। इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, काकचिंग और थौबल जिलों से सुरक्षा बलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार भी किया गया है। मणिपुर के इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, काकचिंग और थौबल जिलों से सुरक्षा बलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि इंफाल पूर्वी जिले के मंत्रिपुखरी ठाकुरबाड़ी इलाके से सोमवार को 'कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी' (सिटी मेइती) के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से नौ एमएम की एक पिस्तौल, एक मैगजीन, 11 कारतूस, दो हथगोले और तीन मोबाइल फोन जब्त किए गए। पुलिस ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के सिंगजामेई थोकचोम लेईकाई से जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल प्रतिबंधित 'कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (एमसी) प्रोग्रेसिव' के एक सदस्य को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। 'प्रतिबंधित यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक' (यूपीपीके) के एक सदस्य को भी जबरन वसूली की गतिविधि में शामिल होने के आरोप में सोमवार को काकचिंग जिले के इरेंगबैंड हवाइरौ क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। मणिपुर पुलिस ने सोमवार को थौबल जिले के याइरीपोक बाजार से पीआरईपीएके (पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक- प्रो) के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि रविवार को सुरक्षा बलों ने काकचिंग जिले के वबागई बाजार क्षेत्र से जबरन वसूली की गतिविधि में शामिल प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लुप के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया। इस बीच सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान के दौरान बिष्णुपुर और तेंगनौपाल जिलों से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद जब्त किए। बिष्णुपुर जिले में खुगा नदी के तट के पास फोगाकचाओ ममांग लेईकाई इलाके में सोमवार को चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने एक एके-47 राइफल और एक मैगजीन, एक 2 इंच मोर्टार, दो एसएमजी कार्बाइन, दो देशी 9 एमएम पिस्तौल और मैगजीन, तीन हथगोले, दो आईईडी विस्फोटक, 20 जिलेटिन छड़ें और पांच 9 एमएम जिंदा कारतूस जब्त किए। पुलिस ने सोमवार को इंफाल पश्चिम जिले के खुयाथोंग क्रॉसिंग से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से एक 9 एमएम पिस्तौल और एक मैगजीन जब्त की। इससे पहले रविवार को सुरक्षा बलों ने तेंग्नौपाल जिले के दुथांग लाइचिंग ट्रैक में तलाशी अभियान के दौरान एक 9 एमएम पिस्तौल मैगजीन के साथ, एक एके-47 राइफल मैगजीन के साथ, एक .303 राइफल, 12 बोर राइफल (देशी) के साथ गोला-बारूद जब्त किए थे।

## पूर्व पीएम किशिदा के हमलवार ने आरोपों से किया इनकार

**प्रणाली**

**घटना की जांच के बाद सामने आया था कि आरोपी युवक देश की चुनाव प्रणाली से नाराज था।**



**क्योटो।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा पर 15 अप्रैल 2023 को जानलेवा हमला हुआ था। वाकायामा शहर में भाषण के दौरान उन पर एक व्यक्ति ने पाइप बम फेंक दिया था। मामले में जापानी युवक रियूजी किमुरा को हिरासत में लिया गया था। अदालत में मंगलवार को मुकदमे की सुनवाई के दौरान आरोपी रियूजी किमुरा ने पूर्व पीएम के हत्या के प्रयास के आरोप से इनकार किया। जापान के पूर्व प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा पर जानलेवा हमला करने के आरोपी युवक ने अदालत में बड़ा बयान दिया है। आरोपी युवक ने पश्चिमी जापान की अदालत में कहा कि उसका इरादा पूर्व पीएम को मारने का नहीं था। हालांकि युवक ने बम बनाने के आरोपों को स्वीकार किया।

जापान के पूर्व प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा पर 15 अप्रैल 2023 को जानलेवा हमला हुआ था। वाकायामा शहर में भाषण के दौरान उन पर एक व्यक्ति ने पाइप बम फेंक दिया था। हालांकि, जब तक यह बम फटता, पूर्व पीएम किशिदा को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मामले में जापानी युवक रियूजी किमुरा को हिरासत में लिया गया था। उस पर पूर्व पीएम की हत्या का प्रयास करने, विस्फोटकों और हथियार बनाने का आरोप लगाया गया। वाकायामा जिला अदालत में मंगलवार को मुकदमे की सुनवाई के दौरान आरोपी रियूजी किमुरा ने पूर्व पीएम के हत्या के प्रयास के आरोप से इनकार किया। आरोपी ने कहा कि उसका इरादा पूर्व पीएम किशिदा को मारने का नहीं था। उसने बम बनाने के आरोपों को स्वीकार किया। घटना की जांच के बाद सामने आया था कि आरोपी युवक देश की चुनाव प्रणाली से नाराज था। रिपोर्ट्स के मुताबिक आरोपी ने 2022 में सरकार पर यह आरोप लगाया था कि सरकार ने उसे ऊपरी सदन का चुनाव लड़ने से रोक दिया था। उसने कोबे क्षेत्रीय न्यायालय में मुकदमा दायर किया था। साथ ही उसने हर्जाने की मांग भी की थी। न्यायालय में दिए गए दस्तावेजों के मुताबिक, किमुरा का कहना था कि लोक कार्यालय निर्वाचन कानून के तहत उम्मीदवारी की योग्यता के लिए 30 वर्ष या उससे अधिक आयु की शर्त, संविधान का उल्लंघन है। किमुरा ने यह भी दावा किया था कि ऊपरी सदन के चुनाव की उम्मीदवारी के लिए 30 लाख येन यानि क़रीब 22,300 डॉलर जमा कराने की अनिवार्यता संबंधी अनुच्छेद भी संविधान का उल्लंघन है। अपने दावों के साथ ही किमुरा ने चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराए जाने के कारण हुई मानसिक पीड़ा के एवज में एक लाख येन यानि लगभग 700 डॉलर के हर्जाने की मांग की थी।

## मस्क हमारी मंजूरी के बिना कुछ नहीं कर सकते, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान



**वॉशिंगटन।** विपक्षी सांसदों का कहना है कि मस्क और उनके विभाग द्वारा अवैध रूप से संघीय भुगतान को रोका जा सकता है, जो अमेरिका की अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। मस्क के कार्यभार संभालने के बाद ही अमेरिका के वित्त विभाग के एक शीर्ष अधिकारी डेविड लेब्रिक ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने एक बयान में कहा है कि एलन मस्क उनकी सरकार में खुद कोई फैसला नहीं ले सकते। ट्रंप ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मस्क हमारी मंजूरी के बिना कोई फैसला नहीं कर सकते और न ही वे करेंगे। ट्रंप ने कहा कि जहां सही लगेगा, हम मस्क को मंजूरी देंगे और जहां सही नहीं लगेगा, वहां मंजूरी नही दी जाएगी। ट्रंप का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब हाल ही में ये खबर आई है कि टेस्ला के सीईओ एलन मस्क द्वारा संचालित किए जा रहे सरकारी दक्षता विभाग को अमेरिकी सरकार के संवेदनशील वित्तीय डेटा तक पहुंच मिल गई है। विपक्षी डेमोक्रेट पार्टी के कई नेताओं ने संवेदनशील वित्तीय डेटा तक मस्क की पहुंच को लेकर चिंता जाहिर की थी। विपक्षी सांसदों का कहना है कि मस्क और उनके विभाग द्वारा अवैध रूप से संघीय भुगतान को रोका जा सकता है, जो अमेरिका की अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है।

## टिकटॉक को लेकर ट्रंप का एक और बड़ा फैसला

**वॉशिंगटन।** ट्रंप ने कहा कि टिकटॉक से मिलने वाले धन को हम सॉवरेन वेल्थ फंड में डाल सकते हैं। कई देशों के पास ऐसे फंड हैं। अगर अमेरिका ऐसा फंड बनाता है तो वह सऊदी अरब के फंड के आकार को पार कर सकता है। हम इसे बनाकर ही रहेंगे। राष्ट्रपति ने ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट और वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक को फंड बनाने के लिए आधार तैयार करने का जिम्मा सौंपा है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक नए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। इस आदेश में राष्ट्रपति ट्रंप ने एक सॉवरेन वेल्थ फंड (संप्रभु धन कोष) बनाने के निर्देश दिए हैं। ट्रंप का कहना है कि अगर कोई अमेरिकी खरीदार टिकटॉक को खरीदता है तो उससे होने वाले लाभ को इस फंड में रखा जा सकता है।

आदेश पर हस्ताक्षर करने के दौरान ओवल ऑफिस में ट्रंप ने कहा कि टिकटॉक से मिलने वाले धन को हम सॉवरेन वेल्थ फंड में डाल सकते हैं। चाहें वह अमीर लोगों से साझेदारी करने के बाद मिले या हमें कुछ करना पड़े। हम टिकटॉक को



वेल्थ फंड में उदाहरण के तौर पर रख सकते हैं। इसके अलावा अन्य कई ऐसी चीजें हैं जिन्हें हम फंड में डाल सकते हैं।

ट्रंप ने कहा कि कई देशों के पास ऐसे फंड हैं। अगर अमेरिका ऐसा फंड बनाता है तो वह सऊदी अरब के फंड के आकार को पार कर सकता है। हम इसे बनाकर ही रहेंगे। राष्ट्रपति ने ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट और वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक को फंड बनाने के लिए आधार तैयार करने का जिम्मा सौंपा है। इसके लिए कांग्रेस की मंजूरी की जरूरत होगी। आदेश में कहा गया है कि फंड की योजना में निवेश रणनीतियों और शासन मॉडल के लिए सिफारिशों को शामिल किया जाए और 90 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। ट्रेजरी सचिव बेसेन्ट ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य अगले 12 महीनों के भीतर कोष खोलना है। लुटनिक ने कहा कि कोष का एक अन्य उपयोग सरकार द्वारा वैक्सीन निर्माताओं में लाभ कमाने वाली हिस्सेदारी लेने के लिए किया जा सकता है। अमेरिकी सरकार का असाधारण आकार और पैमाना तथा कंपनियों के साथ उसका व्यापार अमेरिकी नागरिकों के लिए मूल्य सृजन करेगा।

अमेरिका में टिकटॉक के 17 करोड़ से ज्यादा यूजर्स हैं। पहले अमेरिका ने सुरक्षा चिंताओं के चलते टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया था। इसे लेकर अमेरिकी सरकार एक कानून भी लेकर आई। कानून के तहत 19 जनवरी को टिकटॉक को अमेरिका में बंद कर दिया गया।

# स्तन कैंसर की शुरुआती पहचान से बच सकती है जान: प्रो. मल्लिका तिवारी




**अवधनामा संवाददाता**

**जांच एवं निदान विषय पर हुआ कार्यक्रम**

**जौनपुर।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में स्तन कैंसर जांच एवं निदान÷ विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जैव रसायन विभाग द्वारा किया गया, जिसमें इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी की प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ प्रो. मल्लिका तिवारी ने स्तन कैंसर से बचाव और उपचार पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। प्रो. तिवारी ने कहा कि स्तन कैंसर महिलाओं में होने वाला एक गंभीर और जानलेवा रोग है। भारत में हर घंटे एक महिला की मौत इस बीमारी के कारण होती है। यदि शुरुआती चरण में इसकी पहचान कर ली जाए, तो इसका इलाज संभव है। उन्होंने आत्म-परीक्षण और नियमित चिकित्सा जांच की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे शुरुआती लक्षणों को पहचाना जा सके। प्रो. तिवारी ने बताया कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और धूम्रपान व शराब से परहेज स्तन कैंसर के खतरे को कम कर सकता है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे जागरूक रहें और किसी भी असामान्य लक्षण को नज़रअंदाज न करें। विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. राजेश शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया और जैव रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम की आवश्यकता और उद्देश्य को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जागरूकता बढ़ाकर इस घातक बीमारी से होने वाली मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजीव कुमार मौर्य ने किया, डॉ. एस. पी. तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। बायोटेक्नोलॉजी विभाग की शोध छात्रा आतिफा हाफिज ने अतिथियों का परिचय कराया। कार्यक्रम में डॉ. सिपाही लाल, डॉ. मारुति सिंह, डॉ. विवेक, डॉ. अभय, डॉ. दिनेश, डॉ. श्वेता, डॉ. प्रतिमा, ऋषि श्रीवास्तव, ईशानी भारती सहित 300 महिला छात्राएं उपस्थित रहीं।

## देवरानी और जेठानी के आपसी लड़ाई में बदनाम हो रहे रिश्ते

**जौनपुर (खुटहन)** परिवार के बीच आपसी लड़ाई में हमेशा एक दूसरे के प्रति निष्ठा, प्रेम, सौहार्द, संस्कार और रिश्ते ही बलिदान होते हैं। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण क्षेत्र के एक गांव में स्पष्ट देखने को मिला। जहां एक भयहू ने अपने जेठ पर छेड़खानी का केस थाने में दर्ज कराया तो जेठ की पत्नी ने अपनी ही देवरानी पर ससुर से अवैध संबंध होने का आरोप लगाते हुए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अपना बयान प्रसारित कर दिया गया। देवरानी और जेठानी की आपसी लड़ाई में पवित्र रिश्ते बदनाम होकर रह गए। उक्त गांव निवासी देवरानी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके जेठ उस पर बुरी नीयत रखते हैं। मौका मिलने उसे गलत तरीके से स्पर्श करते हैं। अंदेशा जताया कि मौका पाने पर उसके साथ गलत काम भी कर सकते हैं। आरोप के आधार पर पुलिस ने जेठ के खिलाफ छेड़छाड़ सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया। उधर इसकी खबर जेठानी को लगते ही वह भी थाने पर पहुंच गई। उसने आरोप लगाया कि उसकी देवरानी का ससुर से अंतरंग संबंध हैं। जिसका विरोध करने पर वह मेरे पति के खिलाफ फर्जी केश दर्ज करवा दिया है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने आश्वासन देकर उन्हें थाने से भेज दिया तो वह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर बयान प्रसारित कर दिया।

# जागरुकता और टीकाकरण ही सर्वाइल कैंसर से बचाव : डॉ. स्मिता

**ईशा हास्पिटल में विश्व कैंसर दिवस पर संगोष्ठी आयोजित**




**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** मंगलवार को ईशा हास्पिटल परिसर में विश्व कैंसर दिवस पर एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे मानव शरीर के विभिन्न अंगों में होने वाले कैंसर के बारे में चर्चा की गई। संगोष्ठी का संचालन प्रबन्धक आमिर सुहेल द्वारा किया गया। संगोष्ठी में कैंसर के बारे में बताते हुए ईशा हास्पिटल की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डा0 स्मिता श्रीवास्तव ने महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी दिवस को मनाने की वजह उस विषय की जागरुकता द्वारा समाज को बताना! ये ह्यूमन पेएप्लोमा वायरस के द्वारा फैलता है। इसके मुख्य कारण सेक्सूअल सम्बन्ध है, ये मेल टू फिमेल, फिमेल टू मेल, मेल टू मेल सेक्सुअल सम्पर्क में आने पर ही फैलता है,ये महिलाओ और पुरूषो दोनो मे होता है। इसके मुख्य कारण है कि मरीज को होने वाले इंफेक्शन का असर बहुत देर में आता है। ये बीमारी प्रारम्भिक जांच में पकड़ में नहीं आती है। ये वायरस ब्लड की जाँच से पता नहीं चलता। इस की दिक्कत आने पर तुरन्त डाक्टर से परामर्श लेना चाहिए। इसके जाँच के दो तरीके है जो स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा किया जाता है। डब्लू 0 एच0 ओ0 द्वारा हर तीन मास पर स्क्रीनिंग कराने की सलाह दी गई है। इसका अब टिका भी आ गया है जिससे महिलाओ ओर पुरूषो मे 9 साल से 26 साल के बीच में टिका करण द्वारा बचाव किया जा सकता है, अगर ये टीका करण हो जाता है वो 87 प्रतिशत तक सर्वाइकल कैंसर से बचाव हो सकता है। भारत में इसकी जागरुकता न के बराबर है जिसे प्रचार प्रसार के द्वारा समाज को जागरूक करने की अत्याधिक आवश्यकता है।। डा0 स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि जागरुकता और टीकाकरण ही सर्वाइल कैंसर से समाज में महिलाओं एवं पुरुषों के बचाव के लिये मुख्य रूप से अपनाया जाना चाहिये! डा0 स्मिता श्रीवास्तव ने सभी उपस्थित महिलाओ का मुफ्त स्क्रीनिंग जाँच करने को कहा है। इस अवसर पर डा0 सी0 एस0 कन्नौजिया, डा0 मधुरिमा सिह, प्रबन्धक वीरेन्द्र प्रताप सिह, प्रबन्धक निर्मल श्रीवास्तव, समस्त हास्पिटल स्टाफ एवं कई गणमान्य उपस्थित रहे।संगोष्ठी के अन्त मे ईशा हास्पिटल के प्रशासक गर्वित पारिख ने सभी आगन्तुक का आभार व्यक्त किया।

## कांग्रेसियों ने मृतकों की सूची जारी करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**आजमगढ़।** जिला ध्शहर कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष मोहम्मद नजम शमीम के अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री अजय राय जी के निर्देशानुसार महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन हुई हृदय विदारक घटना में मृत श्रद्धालुओं और घायलों की सूची उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए जाने के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल महोदय को ज्ञापन सौंपा। जैसा की विदित हो की महाकुंभ में मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज में हुई भगदड़ के दौरान कई श्रद्धालुओं की दुखद मृत्यु हो गई और घायल हो गए इसके उपरांत अभी तक उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मृत श्रद्धालुओं और घायलों की सूची जारी नहीं की गई जिससे घायलों और मृतकों के परिजनों को विश्वसनीय स्रोत से पता चल सके जिससे परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस पार्टी ने ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राज्यपाल महोदय से इस प्रकरण में हस्तक्षेप कर उत्तर प्रदेश सरकार से मृतक श्रद्धालुओं और घायलों की अविलंब सूच सूची जारी करने का निर्देश देने की मांग की है ताकि परिजनों को सही जानकारी प्राप्त हो सके।

# चार अन्तर्जनपदीय लुटेरे गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** थाना सुरेरी व स्वाट की संयुक्त टीम ने थाना सुरेरी पर पंजीकृत लूट के मुकदमे का सफल अनावरण करते हुए 04 अर्न्तजनपदीय लुटेरों को किया गिरफ्तार, कब्जे से तमंचा कारतूस, मोटरसाइकिल, मोबाइल व नकदी बरामद-पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सुरेरी सुनील वर्मा मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 03.02.2025 समय करीब 18.30 बजे छेरहटी पुलिया से कोटिया के बारी में हुए लूट से सम्बन्धित राका गैंग के 1.शिवम चौबे पुत्र कमलेश चौबे नि0ग्राम नीबी बौरी बोझ थाना दुर्गागंज जनपद सन्त रविदास नगर( भदोही ) 2.विनय मिश्रा पुत्र ज्ञानेन्द्र मिश्रा नि. ग्राम निबी बौरी बोझ थाना दुर्गागंज जनपद भदोही 3.अर्पित पुत्र महेन्द्र गौतम नि0ग्राम छनौरा पट्टी बेजाव थाना सुरियावाँ जनपद भदोही, 4.विजय बिन्द पुत्र भगवती प्रसाद बिन्द नि0ग्राम बरामदपुर थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराज को थाना क्षेत्र में पुनः लूट जैसी घटना को अंजाम देने की तैयारी के दौरान थाना सुरेरी व स्वाट टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से थाना सुरेरी पर पंजीकृत मुकदमें से सम्बन्धित लूट के 9000/- रु0 व थाना सिकरारा पर पंजीकृत मुकदमें से सम्बन्धित 2600- रु0, एक मोटरसाइकिल, एक मोबाइल झपटमारी का तथा अभियुक्त शिवम चौबे के कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-07/25 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट थाना सुरेरी जनपद जौनपुर पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# डीएम ने सीएचसी तथा एमआरएफ सेन्टर का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**बांदा।** जिलाधिकारी बाँदा जे0रीभा ने आज सीएचसी बहेरी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महुआ तथा एमआरएफ सेन्टर हटेटी पुरवा का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महुआ का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों की उपस्थिति, पंजीकरण केन्द्र, आयुष्मान केन्द्र, दवा वितरण केन्द्र, प्रशव कक्ष का निरीक्षण करते हुए महिला वार्ड में प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराये जाने एवं अस्पताल परिसर में गन्दगी पाये जाने पर तत्काल सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं का चिकित्सा कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डॉ0 दिनेश चन्द्र, स्वास्थ्य कर्मी अर्चना, ओम प्रकाश व अन्य उपस्थित पाये गये तथा एक कर्मचारी अवकाश पर बताया गया। उन्होंने निर्देश दिये कि एचआरपी महिलाओं की सभी जांचे समय से कराते हुए उनका अलग रजिस्टर अवश्य तैयार किया जाए एवं जांच रिपोर्टों का विवरण भी अंकित करें अन्यथा सम्बन्धित स्टाफ नर्स/ सम्बन्धित चिकित्सक के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहेरी का निरीक्षण करते हुए चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ का रजिस्टर चेक किया। निरीक्षण के दौरान एमओआईसी मुख्यालय में मीटिंग पर बताये गये। उन्होंने औषधि वितरण केन्द्र, प्रसव कक्ष, पुरूष एवं महिला वार्ड आदि का निरीक्षण करते हुए स्टाफ नर्स को निर्देशित किया कि अस्पताल में जिन महिलाओं की डिलीवरी की जा रही है, उन्हें अस्पताल में एक दिन अवश्य रखा जाए एवं नवजात बच्चे को दी जाने वाली आवश्यक दवायें देते हुए उसका स्वास्थ्य परीक्षण करें। उन्होंने दवा वितरण केन्द्र का निरीक्षण करते हुए दवाओं की वैद्यता तिथि का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कई पैरामेडिकल स्टाफ के अनुपस्थित पाये जाने पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ओपीडी के समय सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी अपने स्वास्थ्य केन्द्र पर ही उपस्थित रहें। उन्होंने बीएचएनडी दिवस में एएनएम के द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं की सभी एएलसी की जांचे कराये जाने एवं कुपोषण से बच्चों का बचाव करने हेतु सभी बच्चों का भी स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी निर्देश दिये कि स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवाओं की समीक्षा ब्लाक वार ओपीडी समय के बाद की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी पीएचसी/सीएचसी पर एचआरपी रजिस्टर आवश्यक रूप से बनाया जाए अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इससे पूर्व उन्होंने एमआरएफ सेन्टर हटेटी पुरवा का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के प्रभारी अधिशाषी अधिकारी/ अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये कि केन्द्र के प्रभावी रूप से संचालन के लिए मैनपावर को बढाते हुए कूडे का उचित निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने शहर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराते हुए कूडे का उठान कराये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रजत वर्मा एवं चिकित्सकगण एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

# तेज हुई यूपी बोर्ड की हाई स्कूल एवं इंटर परीक्षा की तैयारियां

**हर जिले में तैनात होंगे राज्य पर्यवेक्षक, चीटिंग करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई**

**अवधनामा संवाददाताप**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में 24 फरवरी से हाई स्कूल और इंटर मीडिएट स्टूडेंट्स के बोर्ड एग्जाम्स शुरू होने जा रहे हैं। जिसके लिए शासन ने अभी से हर स्तर पर तैयारी शुरू कर दी हैं। परीक्षा को नकल विहीन और शुचितापूर्ण ढंग से कराने के लिए शिक्षा विभाग समूह स्तर के अधिकारियों को राज्य पर्यवेक्षक के रूप में तैनात करेगा। इसके लिए एक जिले में एक पर्यवेक्षक नियुक्ति की जाएगी।

यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए प्रदेश के सभी 75 जिलों में किस पर्यवेक्षक की नियुक्ति कहां होगी इसकी सूची बनाई जा रही है। नियमानुसार किसी पर्यवेक्षक को उसके गृह जनपद में तैनाती नहीं दी जाएगी। परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट और सचल दल बनाए जाएंगे। इसमें जिला स्तर के अधिकारी और शिक्षक शामिल होंगे। वहीं राज्य स्तर के पर्यवेक्षक जिले में स्ट्रांग रूम और परीक्षा के दौरान केंद्र की निगरानी के लिए टीमों के साथ समन्वय भी बनाएंगे।

यूपी में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट स्कूलों में बोर्ड की परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू हो रही हैं, जो 12 मार्च तक चलेंगी। राज्य पर्यवेक्षकों की लिस्ट लगभग बनकर तैयार हो गई है। विभाग की अनुमति के बाद लिस्ट जारी की जाएगी। जिला पर्यवेक्षकों पर परीक्षा केंद्रों के परीक्षण के साथ-साथ जिला स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूम की भी जिम्मेदारी होगी।

# ग्रामीणों की समस्याओं का निष्पक्षता एवं पारिदर्शिता से करें निस्तारण: आयुक्त

**अवधनामा संवाददाता**



**बांदा।** आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत सतत् विकास लक्ष्य, ग्राम पंचातय विकास योजना एवं पंचायत डेवलपमेंट इन्डेक्स विषयक जनपद स्तरीय अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयुक्त कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए आयुक्त ने कहा कि गॉव में विकास कार्यो को करते हुए मजबूत करना ही इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि इस कार्यशाला से सब लोग कुछ न कुछ सीख कर जाइये और हमेशा नवाचार को जानने की जिज्ञासा होना चाहिए। अगर कहीं पर नही समझ में आ रहा है तो क्वार्डीनेटर से पुनः समझिये। उन्होंने यह भी कहा कि सभी के अंदर एक लीडरशिप क्वालिटी और निर्णय तत्काल लेने की क्षमता होना चाहिए और हमेशा सक्रिय एवं सकारात्मक रहे और अपने आप को हमेशा अपडेट रखें तभी आप बेहतर कार्य कर सकेगें। उन्होंने पंचायतीराज विभाग को निर्देशित किया कि पंचायतीराज की बहुत बडी जिम्मेदारी है। गॉवों में बैठकों का अयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुने और उनका त्वरित निस्तारण निष्पक्षता एवं पारिदर्शिता के साथ करें। इन बैठकों में महिलाओं एवं बच्चों की जरूर सहभागिता करायी जाए और जो वाकई पात्र लोग है, उन्हें प्राथमिकता पर शासन की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं से लाभान्वित कराया जाए। दिनांक 10 एवं 11 फरवरी, 2025 को सभी जनपदों में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन करने के निर्देश दिये। कार्यशाला में सतत् विकास के लक्ष्य एवं ग्राम पंचायत की भूमिका, समस्त ग्राम सभा की बैठकें समय से आयोजित करने, सतत् विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण, महिला सभा एवं बाल सभा का आयोजन, ग्राम पंचायत विकास योजना, पीडीआई पोर्टल पर कार्य कैसे होता है, कम लागत की गतिविधियां एवं बिना लागत की गतिविधियों, सुशासन वाले गॉवों, आत्मनिर्भर एवं बुनियादी ढाचें वाले गॉवों, स्वच्छ एवं हरा भरा गॉव, शुद्ध एवं पर्याप्त जल युक्त गॉव, स्वस्थ्य गॉव सहित इत्यादि के विषय में कार्यशाला में स्टेट क्वार्डीनेटर के द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी प्रदान की गयी। यूपीआईडी पोर्टल पर गॉव में किये जा रहे कार्यो को अपलोड करना है। उन्होंने कार्यशाला में यूनीसेफ के निर्धारित इंडीकेटर्स में कार्यो को किये जाने के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, संयुक्त विकास आयुक्त अरविन्द कुमार, उप निदेशक पंचायती राज सहित सम्बन्धित एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन झूम उठे दर्शक

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया। गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव विद्यालय की निदेशिका कंचन यादव प्रधानाचार्य विधान तिवारी एवं किड्ज जी विद्यालय की निदेशिका डॉ0 अंशु अस्थाना ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके उपरान्त स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के चित्रों पर माल्यार्पण एव पुष्प अर्पित किया गया। तत्पश्चात् राष्ट्रगान वंदे मातरम् और झंडा गीत के उपरान्त रंगारंग कार्यक्रम की मनमोहकता ने समा बाँध दिया। विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। इसी क्रम में समूह गीत ऐ वतनश, श्मेरे देश की धरती छोड़ो कल की बातें, सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्ता हमारा, तेरी मिट्टी में मिल जावाँ हम सब भारतवासी आदि तथा इंटर हाउस गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ जिसकी झंनकार पर लोग हर्षातिरेक से झूम उठे। साथ ही सर्वोदय पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा जनपद के पुलिस लाइन में गीत-संगीत प्रतियोगिता में प्रतिभागिता रही और बच्चों ने प्रमाण पत्र और पुरस्कार अर्जित किये। संस्था के संस्थापक प्रबन्धक राजेन्द्र प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि देश सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। आप शहीदों के जीवन से सीख लेते हुए देश सेवा के प्रति समर्पित हों और भारत के संविधान में गहरी आस्था-विश्वास रखें, तभी हमारा समाज और देश समृद्ध होगा। प्रधानाचार्य सर्वोदय पब्लिक स्कूल ने बच्चों के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हमारा संविधान राष्ट्र का सर्वप्रमुख महानतम ग्रन्थ है।

# यूपीएससी द्वारा चयनित ओ.बी.सी युवाओं को नियुक्ति क्यों नहीं जा रही : धर्मेंद्र

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** लोकसभा के बजट सत्र में आजमगढ़ के सांसद धर्मेंद्र यादव ने नियम 377 के अधीन भारत सरकार से सूचना मांगा की 2014 में यूपीएससी द्वारा चयनित ओ.बी.सी युवाओं को नियुक्ति नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि 1993 के आदेश के अनुसार वेतन और कृषि आय को क्रीमीलेयर निर्धारण में शामिल नहीं किया जाना चाहिए,लेकिन 2004 में गलत व्याख्या के कारण वर्ग 3 और वर्ग 4 के कर्मचारियों के बच्चों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली मद्रास और केरल उच्च न्यायालय ने डीओपीटी की व्याख्या को भेद पूर्ण माना है। उन्होंने कहा कि क्रीमी लेयर में वेतन जोड़कर सरकार ने ऐसा माहौल बनाया है, जिससे ओ.बी.सी अभ्यर्थियों की नियुक्ति में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है इस मुद्दे को सरकार ने जटिल बना दिया है। वर्तमान सरकार की नीतियां ओ.बी.सी समुदाय के प्रति भेदभावपूर्ण हैं। जिसके कारण ओ.बी.सी समुदाय सरकारी नौकरियों से वंचित हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि सरकार 1993 के आदेश में क्या कोई संशोधन किया है,और यदि किया है तो कब और क्यों।उन्होंने पूछा कि यदि बैंकों, सार्वजनिक उपक्रमों एवं विद्यालयों के प्रमाण पत्र 2004 से पहले वैध थे तो अब क्यों नहीं है। क्या केंद्र सरकार राज्य सरकारों द्वारा जारी किए गए ग्रुप सी एवं ग्रुप डी के प्रमाण पत्रों को मान्यता देने से हिचकिचा रही है।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक में नई कार्यकारिणी गठित

**बाँदा/अतर्रा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई अतर्रा की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।बैठक में पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और संगठन को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया।बैठक की अध्यक्षता संगठन के तहसील अध्यक्ष अवधेश शिवहरे ने की।

## मुनि आगमन तड़का बध की लीला का सुंदर मंचन

**बिलगांव।** अजीत पारा गांव के प्रमुख एवं प्राचीन कौशल किशोर मंदिर परिसर में बसंतोत्सव से शुरू हुई चार दिवसीय रामलीला के दूसरे दिन अनुज समेत देहु रघुनाथा निसिचर बध मै होहु सनाथा आदि मानस प्रसंग के बीच ताड़का वध की लीला का सुंदर मंचन उच्चकोटि के कलाकारों द्वारा किया गया जिसे देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। अजीत पारा कौशल किशोर संस्कृत विद्यालय मंदिर तथा रामलीला कमेटी के प्रबंधक सुरेंद्र कुमार शिवहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि रामलीला के दूसरे दिन मुनि आगमन तड़का बध की लीला का सुंदर मंचन किया गया जिसे देख दर्शक फूले नहीं समाए इस वर्ष दूर दराज जनपदों से पधारे कलाकारों में श्रीराम लक्ष्मण की भूमिका रामदत्त द्विवेदी, राजकुमार त्रिपाठी, सीता मे नीरज शर्मा, संतोष शर्मा भाऊ, लाला कॉमिक चंदन कक्कड़ के अलावा नृत्यकारों में देवकुमार, पूजा, नेहारानी आदि शामिल रहे।

# कोर्ट जा रहे वकील से पुलिस ने की मारपीट

**मचा बवाल, वकीलों ने किया चक्का जाम चौकी इंचार्ज सस्पेंड**

**अवधनामा संवाददाताप**

**प्रयागराज।** महाकुंभ में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे के बीच ही पुलिस और वकीलों के बीच झड़प हो गई है। हिंदू हॉस्टल के पास मुख्यमंत्री योगी के लिए लगाए गए बैरिकेट पर एक वकील को रोकने पर विवाद शुरू हुआ। इसी दौरान चौकी प्रभारी दारोगा और सिपाहियों ने एक वकील को पीट दिया। इससे अन्य वकील आक्रोशित हो गए। कुछ देर में ही बड़ी संख्या में वकील मौके पर पहुंच गए। वकीलों ने पास की सड़क पर खुद से बैरिकेडिंग लगाते हुए चक्काजाम की कोशिश की और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई। भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और वकीलों को समझाने बुझाने की कोशिश की। वकीलों की मांग पर तत्काल नाका चौकी प्रभारी अतुल कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया। मामले की जांच का आदेश भी दे दिया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार की सुबह भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांग्चुक के साथ प्रयागराज पहुंचे थे। जिस समय सीएम योगी सर्किट हाउस से निकलने की तैयारी कर रहे थे, उसी समय रास्ते के सभी चौराहों को बैरिकेट कर यातायात रोका जाने लगा। यह समय वकीलों के लिए कोर्ट जाने का भी था। हिंदू हॉस्टल चौराहे पर एक वकील ने बैरिकेट को पार करने की कोशिश की तो मौके पर मौजूद नाका चौकी प्रभारी अतुल कुमार सिंह से बहस हो गई। बहस के बीच ही दारोगा ने वकील को पीटना शुरू कर दिया। दारोगा के साथ मौजूद सिपाहियों ने भी वकील पर हाथ आजमाया।

एक वकील की इस तरह से चौराहे पर पिटाई देख अफरातफरी मच गई। आसपास खड़े कई वकील मौके पर पहुंच गए। काफी संख्या में पुलिस वाले भी आ गए। वकीलों और पुलिस के बीच नोकझोंक शुरू हो गई। वकीलों ने भी मौके पर ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। खुद से बैरिकेडिंग कर चक्काजाम की कोशिश की। मामला गरमाता देख अधिकारियों को जानकारी दी गई। शहर में मुख्यमंत्री और वकीलों-पुलिस के बीच बवाल की सूचना मिलते ही प्रशासनिक हलके में भी खलबली मच गई।

# एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत सतत् विकास लक्ष्य,ग्राम पंचायत विकास योजना एवं पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स विषयक जनपद स्तरीय अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयुक्त कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुक्त चित्रकूट मंडल,अजीत कुमार सिंह ने की। आयुक्त ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि गाँवों में विकास कार्यो को मजबूती प्रदान करना इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया,कि वे इस प्रशिक्षण से कुछ नया सीखें और नवाचार के प्रति जिज्ञासु बने रहें। यदि किसी विषय में संदेह हो तो समन्वयकों से पुनः समझने का प्रयास करें। उन्होंने अधिकारियों में नेतृत्व क्षमता,त्वरित निर्णय लेने की योग्यता, सक्रियता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने पर जोर दिया। पंचायतीराज विभाग को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा,कि ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित बैठकें आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करें। इन बैठकों में महिलाओं और बच्चों की सहभागिता अनिवार्य रूप से कराई जाए तथा पात्र व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्राथमिकता पर दिया जाए। इसके साथ ही,10 व 11 फरवरी,2025 को सभी जनपदों में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत कार्यशालाओं के आयोजन के निर्देश दिए। कार्यशाला में स्टेट कोऑर्डिनेटर द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से सतत् विकास लक्ष्यों, ग्राम पंचायत की भूमिका, स्वच्छ एवं हरा-भरा गाँव,जल उपलब्धता एवं स्वास्थ्य सुविधाओं से युक्त गाँव सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई।

# रमा हास्पिटल में 77 मरीजों को मिला नि:शुल्क चिकित्सकीय परामर्श

**बदलते मौसम को हल्के में ना ले मॉ, खाने-पीने का रखें ध्यान-खुशबू**

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** रमा चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निशुल्क कैम्प का आयोजन मंगलवार को नगर के नरौली स्थित रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में किया गया। कैम्प में 77 मरीजों को चिकित्सकीय परार्मश किया गया। इस दौरान स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एमडी डा खुशबू सिंह ने कहा कि इस मौसम में खाने-पीने का विशेष ध्यान रखें साथ ही घरों को भी साफ सुथरा रखें ताकि संक्रमण से बचा जा सकें। गर्भवती महिलाए स्वच्छ पानी और हरी सब्जी का प्रयोग करें व मसालेदार खाने से परहेज करें लापरवाही बिल्कुल ना करें गर्भवती महिलाएं इससे बचने का पूरा प्रयास करें जिससे जच्चा-बच्चा दोनों ठीक रहे। रमा चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक डा अमित सिंह ने बताया की कुल 77 महिलाओं का निशुल्क जांच व प्रशिक्षण किया गया। हमारा लक्ष्य की हर वह व्यक्ति जो गरीब से गरीब तबके का है उनके घर की गर्भवती महिलाएं इस शिविर में जांच जरूर करवाएं जिससे जच्चा बच्चा दोनों का प्रशिक्षण कर देखा जा सकें कि वह स्वस्थ है। हास्पिटल के व्यवस्थापक अविनाश सिंह ने बताया कि हर महीने की पहले मंगलवार को सुबह 11 बजे से 4 बजे तक सेवाओं का लाभ उठा सकते है। श्री सिंह ने बताया कि रमा हास्पिटल आगामी दिनों में हाईटेक स्तर की सुविधाओं को बढ़ाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ा मुकाम हासिल करेगा। इस अवसर पर व्यवस्थापक अविनाश सिंह, गौरव सिंह, मनीष सिंह, मोनू सिंह, श्रीकांत खरवार, विकास, नागेन्द्र मौर्य, सीमा अनिता गीता सहित आदि स्टाफ मौजूद रहे।

# तेजी से बढ़ते निर्माण उद्योग में बढ़ रही है प्रभावी नेतृत्व और प्रबंधन पेशेवरों की मांग



**मुंबई।** आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में एमबीए की डिग्री की वैल्यू विशेष रूप से बिल्ट एनवायरनमेंट यानी मानव निर्मित पर्यावरण के क्षेत्र में बहुत अधिक है।निर्माण उद्योग को व्यवसाय प्रबंधन और प्रौद्योगिकी में विशेषज्ञता के साथ एक कुशल वर्कफोर्स की आवश्यकता है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सबसे महत्वपूर्ण योगदान कर्ताओं में से एक है निर्माण उद्योग।आईबीईएफ की 2021 में जारी रिपोर्ट के मुताबिक जीडीपी में निर्माण उद्योग की हिस्सेदारी करीब 9 फीसद है। भारतीय उद्योग परिसंघ के मुताबिक भारत में निर्माण उद्योग का आकार वर्ष 2030 तक बढ़कर 1 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।बुनियादी ढांचे के विकास और अफोर्डेबल हाउसिंग पर सरकार के बहुत अधिक ध्यान देने से निर्माण परियोजनाओं का प्रभावी ढंग से नेतृत्व और प्रबंधन करने के लिए व्यावसायिक कार्यों और प्रबंधन प्रथाओं की मजबूत समझ रखने वाले व्यक्तियों की आवश्यकता भी बढ़ रही है। आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में एमबीए की डिग्री की वैल्यू विशेष रूप से बिल्ट एनवायरनमेंट यानी मानव निर्मित पर्यावरण के क्षेत्र में बहुत अधिक है।निर्माण उद्योग को व्यवसाय प्रबंधन और प्रौद्योगिकी में विशेषज्ञता के साथ एक कुशल वर्कफोर्स की आवश्यकता है। ऐसे में एमबीए डिग्री ग्रेजुएट्स को बाजार की जरूरत के अनुसार तैयार करती है और तमाम नई खूबियों से लैस करती है, ताकि वे भारतीय निर्माण उद्योग के लिए एक मूल्यवान एसेट्स बन सकें। जैसे-जैसे भारतीय निर्माण उद्योग आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे एमबीए डिग्री धारकों की मांग भी बढ़ रही है।एमबीए ग्रेजुएट न केवल अपने करियर में सफल हो रहे हैं बल्कि भारत में अधिक न्यायसंगत और सस्टेनेबल कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री बनाने में योगदान दे रहे हैं। जनरेटिव एआई और लार्ज लैंग्वेज मॉडल जैसी नई टेक्नोलॉजी के आने के बाद भारतीय निर्माण उद्योग, विशेष रूप से बिल्ट एनवायरनमेंट यानी मानव निर्मित पर्यावरण के क्षेत्र में, एमबीए की डिग्री का महत्व और अधिक बढ़ गया है। इसका एक मुख्य कारण यह है कि एमबीए प्रोग्राम छात्रों को एकाउंटेंसी, फाइनेंस, मार्केटिंग , ऑपरेशन और स्ट्रेटजी जैसे व्यावसायिक कार्यों की व्यापक समझ प्रदान करता है। जो भारतीय निर्माण उद्योग में काम करने वाले व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा एमबीए की डिग्री छात्रों में नेतृत्व, संचार, टीमवर्क और सांस्कृतिक समझ जैसे महत्वपूर्ण पारस्परिक कौशल को भी विकसित करने में मदद करती है।भारतीय निर्माण उद्योग में विभिन्न हितधारकों जैसे ग्राहक, नियामक प्राधिकरण, ठेकेदार, सलाहकार आदि के साथ ही जटिल निर्माण परियोजनाओं के प्रबंधन के लिए प्रभावी संचार और टीमवर्क की जरूरत होती है। भारत में निर्माण उद्योग काफी विविधतापूर्ण है और इसमें विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के लोगों के साथ काम करना शामिल है, जो एमबीए ग्रेजुएट्स को भारतीय निर्माण उद्योग में प्रभावी ढंग से काम करने के लिए आवश्यक उपकरणों से लैस करता है। एमिटी यूनिवर्सिटी अपने आरआईसीएस स्कूल ऑफ बिल्ट एनवायरनमेंट (आरआईसीएस एसबीई) के जरिये निर्माण उद्योग के लिए एमबीए ग्रेजुएट्स को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसकी स्थापना 2013 में, संस्थापना, रॉयल इंस्टीट्यूशन ऑफ चार्टर्ड सर्वेयर्स (आरआईसीएस), यूनाइटेड किंगडम के सहयोग से की गई थी।

# डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर चीन का पलटवार



**नई दिल्ली।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को घोषणा की है कि वह अमेरिका के खिलाफ कई उत्पादों पर जवाबी शुल्क लागू कर रहा है। चीन की सरकार ने कहा कि वह कोयला और तरलीकृत प्राकृतिक गैस उत्पादों पर 15 प्रतिशत टैरिफ लागू करेगी, साथ ही कच्चे तेल, कृषि मशीनरी, बड़े विस्थापन वाली कारों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लागू करेगी।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन पर लगाया गया 10 प्रतिशत टैरिफ मंगलवार से लागू होना था, हालांकि ट्रम्प ने अगले कुछ दिनों में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बात करने की योजना बनाई है।

चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को घोषणा की कि वह कई उत्पादों पर अमेरिका के खिलाफ जवाबी शुल्क लागू कर रहा है। चीन ने गूगल की जांच करने का एलान करते हुए अन्य व्यापार संबंधी कार्रवाइयों की भी घोषणा की है। सरकार ने कहा कि वह कोयला और तरलीकृत प्राकृतिक गैस उत्पादों पर 15 प्रतिशत टैरिफ लागू करेगी। इसके साथ ही कच्चे तेल, कृषि मशीनरी, बड़े विस्थापन वाली कारों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लागू रहेगा।बयान में कहा गया, ÷अमेरिका की एकतरफा टैरिफ वृद्धि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों का गंभीर उल्लंघन है।÷ ÷यह न केवल उनकी अपनी समस्याओं को हल करने में मददगार नहीं है, बल्कि चीन और अमेरिका के बीच सामान्य आर्थिक और व्यापार सहयोग को भी नुकसान पहुंचाता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से चीन पर लगाया गया 10 प्रतिशत टैरिफ मंगलवार से लागू होना था, हालांकि ट्रंप ने अगले कुछ दिनों में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बात करने की योजना बनाई है।

चीन के स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन फॉर मार्केट रेगुलेशन ने मंगलवार को कहा कि वह गूगल पर एंटीट्रस्ट कानूनों के उल्लंघन के संदेह में जांच कर रहा है। हालांकि, घोषणा में किसी टैरिफ का विशेष रूप से उल्लेख नहीं किया गया, लेकिन यह घोषणा ट्रंप के 10% टैरिफ लागू होने के कुछ ही मिनटों बाद हुई।

# टिकटॉक को लेकर ट्रंप का एक और बड़ा फैसला



**वॉशिंगटन।** ट्रंप ने कहा कि टिकटॉक से मिलने वाले धन को हम सॉवरेन वेल्थ फंड में डाल सकते हैं। कई देशों के पास ऐसे फंड हैं। अगर अमेरिका ऐसा फंड बनाता है तो वह सऊदी अरब के फंड के आकार को पार कर सकता है। हम इसे बनाकर ही रहेंगे। राष्ट्रपति ने ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट और वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक को फंड बनाने के लिए आधार तैयार करने का जिम्मा सौंपा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक नए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। इस आदेश में राष्ट्रपति ट्रंप ने एक सॉवरेन वेल्थ फंड (संप्रभु धन कोष) बनाने के निर्देश दिए हैं। ट्रंप का कहना है कि अगर कोई अमेरिकी खरीदार टिकटॉक को खरीदता है तो उससे होने वाले लाभ को इस फंड में रखा जा सकता है। आदेश पर हस्ताक्षर करने के दौरान ओवल ऑफिस में ट्रंप ने कहा कि टिकटॉक से मिलने वाले धन को हम सॉवरेन वेल्थ फंड में डाल सकते हैं। चाहें वह अमीर लोगों से साझेदारी करने के बाद मिले या हमें कुछ करना पड़े। हम टिकटॉक को वेल्थ फंड में उदाहरण के तौर पर रख सकते हैं। इसके अलावा अन्य कई ऐसी चीजें हैं जिन्हें हम फंड में डाल सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि कई देशों के पास ऐसे फंड हैं। अगर अमेरिका ऐसा फंड बनाता है तो वह सऊदी अरब के फंड के आकार को पार कर सकता है।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश में दो नए शाखाओं का उद्घाटन किया, वित्तीय पहुंच का विस्तार

**कुशीनगर/प्रतापगढ़।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश में दो नए बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन करने की घोषणा की है– नेबुआ रायगंज (कुशीनगर) और पुरा (प्रतापगढ़)। इन लॉन्च के साथ, बैंक अब उत्तर प्रदेश में 218 शाखाओं और देश भर में 1046 बैंकिंग आउटलेट्स का संचालन करता है, जो अल्पसेवित समुदायों को सुलभ और व्यापक वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के अपने मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, श्री गोविंद सिंह, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने कहा, ÷नेबुआ रायगंज और पुरा में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन उत्तर प्रदेश में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नेबुआ रायगंज, अपनी गहरी कृषि



परंपराओं के लिए जाना जाता है, और पुरा, जो अपनी ऐतिहासिक महत्व और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है, ऐसे समुदायों का घर है जिनमें विशाल विकास की संभावना है। उपयुक्त वित्तीय समाधान पेश करके, हम व्यक्तियों को सशक्त बनाने, स्थानीय व्यवसायों का समर्थन करने, और इन ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध क्षेत्रों के आर्थिक विकास में योगदान करने का लक्ष्य रखते हैं।÷

नेबुआ रायगंज और पुरा के निवासी अब विभिन्न बैंकिंग उत्पादों तक पहुंच प्राप्त करेंगे, जिनमें बचत खाता, चालू खाता, निश्चित जमा, और आवर्ती जमा शामिल हैं। बैंक विभिन्न ऋण उत्पादों की भी पेशकश करता है, जैसे आवास ऋण, व्यापार ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, क्रेडिट, बीमा और निवेश उत्पाद। अपनी मजबूत बुनियादी ढांचे, डिजिटल बैंकिंग क्षमताओं और एटीएम नेटवर्क के साथ, उत्कर्ष एसएफबीएल अपने ग्राहकों को निर्बाध और सुविधाजनक बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करता है।ये बैंकिंग आउटलेट्स उन पिछड़े या निम्न-आय वाले व्यक्तियों या समूहों के लिए माइक्रो-बैंकिंग ऋण प्रदान करेंगे जिनके पास वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच है। जॉइंट लाइबिलिटी ग्रुप मॉडल, समूह उधारी मॉडल है, जो व्यक्तियों को बिना व्यक्तिगत सुरक्षा या संपत्ति के ऋण लेने में सक्षम बनाता है, जबकि समूह के भीतर आपसी समर्थन और ऋण के त्वरित पुनर्भुगतान के माध्यम से क्रेडिट अनुशासन को बढ़ावा देता है। ग्राहक विभिन्न चैनलों के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं, जैसे बैंकिंग आउटलेट्स, माइक्रो एटीएम (बैंकिंग घंटों के दौरान), इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस और कॉल सेंटर। इसके अतिरिक्त, बैंक डिजी ऑन-बोर्डिंग नामक टैबलेट-आधारित आवेदन सहायक मॉडल के माध्यम से ग्राहकों को बिना बैंकिंग आउटलेट पर गए बैंक खाता खोलने की सुविधा भी प्रदान करता है।

## विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां छह माह के उच्च स्तर पर, निर्यात में 14 साल की सबसे तेज वृद्धि



**नई दिल्ली।** कीमतों के मोर्चे पर एचएसबीसी इंडिया ने कहा, कंपनियों पर लागत का दबाव 11 महीनों में सबसे कमजोर स्तर पर पहुंच गया। लागत से जुड़ी महंगाई लगातार दूसरे महीने घटी है, जिससे कंपनियों पर उत्पादन मूल्य बढ़ाने का दबाव कम हुआ। निर्यात में करीब 14 वर्षों में सबसे तेज वृद्धि के कारण देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां जनवरी, 2025 में बढ़कर छह महीने के उच्च स्तर 57.7 पर पहुंच गईं। एचएसबीसी इंडिया का विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर, 2024 में एक साल के निचले स्तर 56.4 फीसदी पर आ गया था। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भार) प्रांजुल भंडारी ने कहा, घरेलू मांग और अंतरराष्ट्रीय बिक्री मजबूत रहने से नए ऑर्डर में वृद्धि को समर्थन मिला। भारत में विनिर्माताओं ने उत्पादन की मात्रा को बढ़ाना जारी रखा। यह वृद्धि अक्तूबर, 2024 के बाद से सबसे तेज है। पीएमआई का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में विस्तार और इससे नीचे का आंकड़ा गिरावट का संकेत है। कीमतों के मोर्चे पर एचएसबीसी इंडिया ने कहा, कंपनियों पर लागत का दबाव 11 महीनों में सबसे कमजोर स्तर पर पहुंच गया। लागत से जुड़ी महंगाई लगातार दूसरे महीने घटी है, जिससे कंपनियों पर उत्पादन मूल्य बढ़ाने का दबाव कम हुआ।

## राष्ट्र निर्माण, रोजगार और आर्थिक विकास में सीमेंट उद्योग की अहम भूमिका





**नई दिल्ली।** सीमेंट निर्माताओं के संघ ने केंद्रीय बजट 2025-26 का स्वागत किया है, जिसे माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने पेश किया। इ्रकी सदस्य कंपनियाँ देश के विकास में अहम योगदान दे रही हैं। वे बुनियादी ढांचे के निर्माण, रोजगार बढ़ाने और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। CMA का मानना है कि यह बजट भारत को आगे बढ़ाने के लिए लोगों, अर्थव्यवस्था और नई तकनीकों में निवेश को बढ़ावा देता है।बजट पर टिप्पणी करते हुए, श्री नीरज अखोरी, प्रेसिडेंट, सीमेंट मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन (सीएमए) और मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सीमेंट लिमिटेड, ने कहा, सीएमए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट की सराहना करता है, जो कि समग्र और समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। बजट भारत के विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत और सुदृढ़ अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी यात्रा को और सशक्त बनाता है। सरकार द्वारा घोषित विभिन्न पहलों ने लोगों की आकांक्षाओं और देश की आर्थिक वृद्धि की भविष्य की जरूरतों के बीच सही संतुलन बनाए रखा है। राज्यों में इंफ्रास्ट्रक्चर में बढ़ी हुई निवेश प्राथमिकता सीमेंट क्षेत्र के विकास के लिए नए अवसर और रास्ते खोलती है। हम इंफ्रास्ट्रक्चर पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने की सराहना करते हैं। साथ ही, हम राष्ट्र की प्रगति में साझेदार बनने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखेंगे।÷श्री पार्थ जिंदल, वाइस प्रेसिडेंट, सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीएमए) और मैनेजिंग डायरेक्टर, जेएसडब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड, ने कहा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट एक दूरदर्शी रोडमैप है। यह वर्ष 2047 के विकसित भारत की हमारी दृष्टि के अनुरूप है और भारत के सीमेंट उद्योग के भविष्य को बेहतर बनाने में अहम् भूमिका निभाएगा। यह इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में वृद्धि को प्राथमिकता देता है।

टेक्नोलॉजी में बढ़ा हुआ निवेश हरित सीमेंट समाधानों में प्रगति को तेज करेगा, जिससे उद्योग में स्थिरता और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। उम्मीद है कि महत्वपूर्ण आवंटनों से सीमेंट क्षेत्र सहित बहुत क्षेत्रों में वृद्धि को मजबूती मिलेगी। इनमें नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 20,000 करोड़ रुपए और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए, राज्यों को पूंजी खर्च पर 50 साल तक बिना ब्याज के 1.5 लाख करोड़ रुपए के ऋण शामिल हैं।

## देश में हर पांचवां घर शेयर बाजार से जुड़ा

**लखनऊ।** एनएसई की एक रिपोर्ट के अनुसार, शेयर बाजार निवेश से जुड़े खातों की संख्या 21 करोड़ को पार कर गई है, जिसमें 18 करोड़ से अधिक डीमैट खाते हैं। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार दो करोड़ निवेशक बीते पांच महीने से थोड़े अधिक समय में ही शेयर बाजार से जुड़े। पिछले एक दशक में भारतीय कंपनियों के कुल बाजार पूंजीकरण में छह गुना वृद्धि हुई है। भारत में हर पांच में से एक परिवार अब शेयर बाजारों से जुड़ा हुआ है। एनएसई ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।

एनएसई की रिपोर्ट के अनुसार, शेयर बाजार निवेश से जुड़े खातों की संख्या 21 करोड़ को पार कर गई है, जिसमें 18 करोड़ से अधिक डीमैट खाते हैं। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार दो करोड़ निवेशक बीते पांच महीने से थोड़े अधिक समय में ही शेयर बाजार से जुड़े। एनएसई ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अकेले वर्ष 2024 में 2.32 करोड़ नए निवेशक जुड़े, जो किसी एक वर्ष में अब तक का सबसे अधिक आंकड़ा है।

रिपोर्ट में शेयर बाजार में निवेश कर भारतीय परिवारों की आमदनी पर भी प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले पांच वर्षों में इक्विटी में भारतीय परिवारों की संपत्ति 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक और पिछले तीन वर्षों में 28 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि हुई है। अकेले 2024 में, घरेलू निवेशकों ने 13.2 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की। एनएसई के अनुसार संपत्ति का यह अनुमान सूचीबद्ध कंपनियों में स्टॉक निवेश और म्यूचुअल फंड दोनों के जरिए हुई व्यक्तिगत होल्डिंग्स में सालाना बदलाव पर आधारित है।

एनएसई के अनुसार, बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय निवेशक शेयर बाजारों में विश्वास दिखाना जारी रखते हैं। एनएसई ने कहा कि सितंबर 2024 तक, व्यक्तिगत निवेशक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय शेयर बाजार का 17.6 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं। इस आंकड़े में बीते वर्षों की तुलना में एक महत्वपूर्ण उछाल आया है। यह विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की हिस्सेदारी के लगभग बराबर है।

## सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी एस25 सीरीज की समय से पहले डिलीवरी शुरू की, ग्राहकों को मिलेगा ताजगी का अहसास!

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने अपने प्रमुख गैलेक्सी स25 सीरीज स्मार्टफोन के लिए प्री-ऑर्डर करने वाले ग्राहकों को खुश करते हुए, समय से पहले डिलीवरी शुरू कर दी है। गैलेक्सी स25 सीरीज की आधिकारिक बिक्री 7 फरवरी 2025 से शुरू होगी, लेकिन प्री-ऑर्डर करने वाले ग्राहकों को इसका लाभ पहले ही मिल रहा है। सैमसंग ने 23 जनवरी 2025 को अपनी वेबसाइट Samsung.com और प्रमुख ऑनलाइन और ऑफलाइन रिटेल स्टोर्स पर गैलेक्सी एस25 सीरीज के लिए प्री-ऑर्डर शुरू किए थे। गैलेक्सी एस25 के 12जीबी/256जीबी वर्जन की कीमत 80999 रुपये है, वहीं गैलेक्सी एस25+ की कीमत 99999 रुपये और गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा की कीमत 129999 रुपये से शुरू होती है।


गैलेक्सी एस25 आइसीब्लू, सिल्वर शैडो, नेवी और मिंट रंगों में उपलब्ध है। गैलेक्सी एस25+ नेवी और सिल्वर शैडो रंग में मिल रहा है, जबकि गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा टाइटेनियम सिल्वरब्लू, टाइटेनियम ग्रे, टाइटेनियम व्हाइट सिल्वर और टाइटेनियम ब्लैक रंगों में उपलब्ध है।

सैमसंग.ष्द्व से गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा खरीदने वाले ग्राहकों को तीन खास रंगों टाइटेनियम जेडग्रीन, टाइटेनियम जेट ब्लैक और टाइटेनियम पिंक गोल्ड में से चुनने का विकल्प मिलेगा। इसके अलावा, गैलेक्सी एस25 और गैलेक्सी एस25+ खरीदने वाले ग्राहकों के पास तीन विशेष रंगों ब्लू ब्लैक, कोरल रेड और पिंक गोल्ड का चुनाव करने का अवसर होगा

गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा के प्री-ऑर्डर करने वाले ग्राहकों को 21000 रुपये तक का फायदा मिलेगा। इसमें 12000 रुपये का स्टोरेज अपग्रेड शामिल है, जिसके तहत ग्राहक 12GB 256GB वैरिएंट की कीमत पर 12GB 512GB वैरिएंट प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही उन्हें 9000 रुपये का अपग्रेड बोनस भी मिलेगा।

गैलेक्सी एस25+ के प्री-ऑर्डर करने पर ग्राहकों को 12000 रुपये का लाभ मिलेगा, क्योंकि वे 12GB 256GB वैरिएंट की कीमत पर 12GB 512GB वैरिएंट पा सकेंगे। वहीं, गैलेक्सी एस25 के प्री-ऑर्डर करने वाले ग्राहकों को अपग्रेड बोनस के रूप में 11000 रुपये का लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त, जो ग्राहक गैलेक्सी एस25 और एस25+ को अधिक किफायती दामों पर खरीदना चाहते हैं, वे 3375 रुपये प्रति माह से शुरू होने वाले 24 महीने के नो-कॉस्ट ईएमआई ऑफर का फायदा उठा सकते हैं। गैलेक्सी एस25 सीरीज एआई एजेंट्स और मल्टीमॉडल क्षमताओं को सहजता से जोड़ते हुए यूजर्स के इंटरैक्शन के तरीके को बदल देती है। गैलेक्सी के लिए बनाए गए स्नैपड्रैगन 8एलीट मोबाइल प्लेटफॉर्म के साथ,यह स्मार्टफोन बेहतर ऑन-डिवाइस प्रोसेसिंग पावर और कैमरा रेंज प्रदान करता है,जो गैलेक्सी के अगली पीढ़ी के प्रोविज़ुअल इंजन से बेहतर कंट्रोल सुनिश्चित करता है।

## कैंसर से डरने की नहीं, मिलकर लड़ने की जरुरत है: डॉ. एन. ए. सिद्दीकी



**लखनऊ।** नबील कैंसर केयर सेंटर खुर्रमनगर, लखनऊ में विश्व कैंसर दिवस मनाया गया, जिसमे क्लीनिक के वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. एन.ए. सिद्दीकी,डॉ. निशा सिद्दीकी एवं उपस्थित लोगो ने जागरूकता हेतु गुब्बारे हवा में उड़ाए,कैंसर जागरूकता सन्देश के बैनर से पर्दा हटाया एवं दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम की शुरुआत की एवं उपस्थित लोगो को कैंसर के बारे में जागरूक किया तथा कैंसर के बारे में प्राथमिक जानकारियां दी,साथ ही कैंसर के मरीजों को निःशुल्क परामर्श भी दिया।कैंसर रोग विशेषज्ञ एन०ए०सिद्दीकी ने कहा कि कैंसर से जंग के दौरान नकारात्मक ऊर्जा के लिए समय नहीं होना चाहिए,हमें जरुरत है ऐसे लोगो के साथ की जो आपको प्रेरित करते हैं,आपको चुनौती देते हैं और आपको बेहतर बनाते हैं। आज हमारा समाज कैंसर जैसी बीमारी से जूझ रहा है ।जरुरत है हमें जागरूक होनी की और समाज में जागरूकता फ़ैलाने की।कैंसर बहुत सारी बीमारियों के एक बड़े समूह को कहते हैं,जिसमे असामान्य कोशिकाएँ अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं तथा शरीर में अपने आस पास के अंगों में तेजी से फैलने लगती है। वैसे तो यह बीमारी लाइलाज नहीं है लेकिन सिर्फ तब तक जब तक कि इसका सही समय पर पता लग जाए। शरीर में नई कोशिका और पुरानी कोशिका के बदलाव की प्रक्रिया में कैंसर हो सकता है। आमतौर पर शरीर के किसी भी भाग पर उत्तकों में असामान्य रूप से गाँठ बनना या उभार आना कैंसर हो सकता है।

# यूजेनिक्स हेयर साइंसेज क्रिकेट दिग्गजों और सेलेब्रिटीज़ का सबसे भरोसेमंद हेयर ट्रांसप्लांट ब्रांड

**दिल्ली।** यूजेनिक्स हेयर साइंसेज ने हेयर रिस्टोरेशन में अपनी स्थिति को मजबूत किया है और यह क्रिकेट के दिग्गजों, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और बॉलीवुड हस्तियों के एक प्रतिष्ठित सर्कल द्वारा विश्वसनीय है। दिल्ली एन सी आर , मुंबई, हैदराबाद और भुवनेश्वर में अत्याधुनिक क्लिनिक के साथ,यूजेनिक्स हेयर ट्रांसप्लांट सॉल्यूशन्स के लिए एक प्रमुख गंतव्य बन चुका है, जो वैज्ञानिक विशेषज्ञता को कला के साथ सहजता से जोड़ता है।क्रिकेट के आइकॉन मोहम्मद शमी, रवि शास्त्री, मोहम्मद अजहरुद्दीन और माइकल वेवेन ने यूजेनिक्स पर भरोसा जताया है, और उन्होंने इसके उन्नत हेयर ट्रांसप्लांट तकनीकों की ट्रांसफरमेटिव शक्ति का अनुभव किया है। प्राकृतिक, सहज और दीर्घकालिक परिणाम देने के लिए प्रसिद्ध, यूजेनिक्स अब क्रिकेट की




दुनिया और उसके बाहर के प्रमुख चेहरों का निर्विवाद विकल्प बन चुका है।भारतीय क्रिकेट स्टार मोहम्मद शमी, जिन्होंने यूजेनिक्स में हेयर रिस्टोरेशन प्रक्रिया करवाई, ने साझा किया,यह प्रक्रिया मेरे ऑफफील्ड जीवन को फिर से ऊर्जावान बना चुकी है। यूजेनिक्स ने मेरी अपेक्षाओं को पार कर दिया है, और परिणाम अद्भुत रहे हैं।4500+ ग्राफ्ट ट्रांसप्लांट करवा चुके शमी की सफलता की कहानी इस क्लिनिक की क्षमता को उजागर करती है, जो न्यूनतम असुविधा के साथ असाधारण परिणाम प्राप्त कराता है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने यूजेनिक्स पर अपने विश्वास की पुष्टि करते हुए कहा जब बात हेयर ट्रांसप्लांट की हो, तो सभी रास्ते यूजेनिक्स की ओर जाते हैं–कहीं और नहीं! उनकी प्रक्रिया के परिणामस्वरूप एक अत्यधिक प्राकृतिक और उम्र के अनुकूल लुक प्राप्त हुआ, जो यूजेनिक्स की बेमिसाल विशेषज्ञता को और भी मजबूत करता है। इसी प्रकार, पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने यूजेनिक्स की सराहना की और कहा, मैं शुरुआत में संकोच कर रहा था, लेकिन यूजेनिक्स ने प्रक्रिया को बेहद सहज बना दिया, और परिणामों से मैं बहुत खुश हूं।

8,000 से अधिक ग्राफ्ट ट्रांसप्लांट करवा चुके अजहरुद्दीन का रूपांतरण यूजेनिक्स की क्षमता का प्रमाण है, जो अप्रकट और सौंदर्यपूर्ण पूर्णता प्रदान करता है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने अर्जुन पुरस्कार विजेता प्रणव सूरमा को उनकी खेल उपलब्धि के लिए सम्मानित किया



**लखनऊ।** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने बैंक के अ और वर्ष 2024 के प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार विजेता श्री प्रणव सूरमा को सम्मानित किया ।

सूरमा ने पेरिस पैरालिंपिक गेम्स 2024 में पुरुषों की स्र51 क्लब थ्रो स्पर्धा में भारत के लिए रजत पदक जीत एथलेटिक्स में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों और देश को गौरव दिलाने के लिए उन्हें जनवरी 2025 को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी देबदत्त चांद ने कहा, प्रणव की उल्लेखनीय उपा उनके अथक समर्पण और दृढ़ निश्चय का परिणाम है और एक संगठन के रूप में हम उनके साथ खड़े हैं क्योंकि व उपलब्धियों से लगातार देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। हम अपने खेल कोटे का उपयोग करते हुए प्रतिभाशाली व्यक्ति उनकी रुचि के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए संस्थान के स्तर पर आवश्यक सहयोग प्रदान कर रहे हैं। हम एक ऐसी विकसित के लिए प्रतिबद्ध हैं जो प्रणव जैसी खेल प्रतिभाओं को निखारती है और उन्हें जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

चांद ने सूरमा को उनकी उपलब्धियों के लिए प्रबंधक के पद पर आउट ऑफ़ टर्न पदोन्नति तथा दस लाख रुपये व पुरस्कार राशि के साथ सम्मानित किया और उन्हें बैंक में खिलाड़ी श्रेणी में वर्गीकृत किया।

## अब अटल जी की यादों के सहारे संगठन को धार देने की तैयारी में जुटी भाजपा

### 15 से 15 मार्च तक सभी जिलों में होंगे अटल विरासत सम्मेलन



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,जनसंघ और भाजपा में काम कर चुके बुजुर्ग कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने के साथ अटल जी की स्मृतियों को सहेजने के लिए एक बड़ा अभियान 15 फरवरी से शुरू करेगी। अटल जी की विरासत के सहारे पार्टी संगठन को धार देने के लिए साल भर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हर जिले में अटल विरासत सम्मेलन करने की कार्ययोजना तैयार की गई है।

पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय ने उनसे जुड़े संस्मरणों को साझा किया। उनके राजनीतिक जीवन पर चर्चा की।उन्होंने कहा शताब्दी वर्ष के दौरान भाजपा पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई के यादों को सहेजेंगी। उनके स्मृतियों को संजोकर भाजपा उनके लेख, पत्र, फोटो,ऑडियो व वीडियो का संकलन करेगी। उन्होंने कहा अटल जी के आदर्श हम सबके लिए अमूल्य धरोहर है।उन्होंने अटल जी को लोकतांत्रिक व मानवतावादी मूल्यों की प्रतिमूर्ति बताया। उन्होंने कहा वह इतने विशाल व्यक्तित्व के नेता थे कि विपक्ष समेत दुनिया भर के नेता उनकी सराहना और सम्मान करते थे। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी से 15 मार्च तक अटल विरासत सम्मेलन आयोजित होगा। जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा ने पूर्व पीएम अटल जी को राजनीति का अजातशत्रु बताया। उन्होंने बताया की पूर्व पीएम अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष के तहत 25 दिसम्बर 2024 से 25 दिसम्बर 2025 तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उनको याद किया जाएगा। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक व जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला मौजूद रहे।

#### नहीं हुई भाजपा और कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की घोषणा

सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस में नये जिलाध्यक्षों के चयन के लिए जरूरी प्रक्रियाएं एक महीने पहले पूरा हो चुकी थी, दोनों दलों के नेतृत्व ने नये नामों पर मंथन भी पूरा कर लिया है, अभी तक घोषणा नहीं हुई है। दिसंबर महीने में आवेदन लेते समय गणतंत्र दिवस के बाद घोषणा होने की बात की गई थी। जनवरी महीना पूरा गुजर चुका है, अभी तक घोषणा नहीं हुई है।

## अज्ञात कारण से मकान में लगी आग

**अमेठी/गौरीगंज अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे रोहिणी मजरे सराय भगमानी गांव में एक मकान में अचानक आग लगने से पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने पुलिस टीम के साथ आग पर काबू पाया। क्षेत्रीय लेखपाल ने नुकसान की रिपोर्ट तैयार तहसीलदार को सौंपा है। पूरे रोहिणी मजरे सराय भागमानी गांव के निवासी अशोक मिश्र के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचित किया। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही गौरीगंज पुलिस और दमकल विभाग की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने पहले घर में फंसे लोगों और मवेशियों को सुरक्षित बाहर निकाला और फिर आग पर काबू पाया। क्षेत्रीय लेखपाल ने नुकसान की रिपोर्ट तैयार तहसीलदार को सौंपा है। एसएचओ श्याम नारायण पांडेय ने बताया कि पुलिस और दमकल विभाग की समयबद्ध कार्रवाई से किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई।



## आइजीआरएस रैंकिंग में देवरिया सदर, भाटपाररानी एवं सलेमपुर तहसील को मिला प्रदेश में पहला स्थान

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** आईजीआरएस रैंकिंग में जनपद की तीन तहसीलों; देवरिया सदर, भाटपाररानी एवं सलेमपुर तहसील को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित उप जिलाधिकारी गण को बधाई दी और सभी को भविष्य में जन शिकायतों के बेहतर निस्तारण हेतु निर्देशित किया।शासन द्वारा जारी जनवरी माह की रैंकिंग में सदर, भाटपाररानी एवं सलेमपुर तहसील को 90 पूर्णांक में से शत-प्रतिशत अंक मिले हैं। आईजीआरएस रैंकिंग में देवरिया जनपद ने प्रदेश में 14वां स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने इस उपलब्धि के लिए आईजीआरएस के नोडल अधिकारी एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव एवं संबंधित उपजिलाधिकारी सहित तहसील प्रशासन के समस्त अधिकारियों, कार्मिकों को बधाई दी हैं। उन्होंने कहा कि शासन की नीति के अनुसार आईजीआरएस प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। आईजीआरएस प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग एवं समीक्षा की जा रही है। शिकायतों के निस्तारण में जन अपेक्षाओं के अनुरूप और बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा। आईजीआरएस रैंकिंग का निर्धारण जन शिकायतों के निस्तारण के आधार पर किया जाता है। इन शिकायतों में जिलाधिकारी जनता दर्शन, तहसील दिवस, पीजीपोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय संदर्भ, सहित विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों के माध्यम से आने वाली शिकायतों एवं उनके निस्तारण के आधार पर किया जाता है।



## संविधान के नाम पर भाजपा, कांग्रेस और सपा की झूठी राजनीति से सावधान रहे बहुजन समाज : बलराम यादव

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** मंगलवार को पीपरपुर और सरुवांवा में बहुजन समाज पार्टी की ओर से सेक्टर स्तरीय कैडर कैम्प का आयोजन किया गया। कैडर कैम्पों में बहुजन समाज पार्टी की विचारधारा, अब तक के सफर और वर्तमान राजनीति पर विस्तार से संवाद हुआ। कार्यकर्ताओं को देश में भारतीय संविधान के अनुरूप शासन व्यवस्था की स्थापना और सर्व समाज का हित सुरक्षित रखने के लिए बसपा को मजबूत करने के संदेश दिए गए।

- पीपरपुर और सरूवांवा में हुआ बसपा का कैडर कैम्प

पीपरपुर में कैडर कैम्प को जिला प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध ने सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि बसपा देश में एक मात्र राजनीतिक दल है जिसने चालीस साल के सफर में कभी भी झूठा घोषणा पत्र नहीं जारी किया।बहन मायावती जी का पूरा जीवन बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के मानवतावादी मूवमेंट को समर्पित है। उन्होंने अपने चार बार के मुख्यमंत्रित्व काल में उत्तर प्रदेश में गरीबी और बेरोज़गारी की समस्याओं को कम करने के साथ कानून का राज कायम करते हुए बाबा साहब डॉ अम्बेडकर और मान्यवर कांशीराम जी के सपनों को साकार किया है। यहां सेक्टर अध्यक्ष पप्पू कोरी, विधानसभा प्रभारी राम करन, धर्मेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, सूरज आदि मौजूद रहे। सरुवांवा में कैडर कैम्प में विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद और विधान सभा प्रभारी बलराम यादव ने कार्यकर्ताओं को पार्टी मूवमेंट के बारे में प्रशिक्षित किया। बलराम यादव ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के बनने के बाद देश की राजनीति में पिछड़ी जातियों की हैसियत बढ़ी है।

बहुजन समाज पार्टी ने देश व्यापी आंदोलन चलाकर मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू कराई। भाजपा, कांग्रेस और सपा भारतीय संविधान के नाम पर बहुजन समाज को गुमराह करने के लिए झूठी राजनीति कर रही हैं। विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद ने बहुजन समाज पार्टी की चार बार की सरकार की उपलब्धियां गिनाई और कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता आज बहन मायावती के शासन की याद कर रही है। अपराध चरम सीमा पर है। महिलाओं के साथ रैंप , छेड़छाड़ और सामाजिक हिंसा की घटनाएं रोज हो रही हैं।

श्याम सुंदर जायसवाल, सेक्टर अध्यक्ष विजय बहादुर, कल्लू राम बौद्ध,जगत बहादुर, श्री कृष्ण यादव,राम किशोर, जितेन्द्र कुमार, सुखी राम, प्रवेश के साथ कंचन, अनीता, राजकुमारी आदि दो दर्जन महिलाएं भी मौजूद रहीं।

## नेबुआ नौरंगिया सीएचसी में धनउगाही का मामला उजागर

अवधनामा ब्यूरो



पीड़ित महिला के परिजन

- प्रसव कराने आई महिला से इलाज के नाम पर रुपए लेने का आरोप

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों से अवैध वसूली का एक और मामला सामने आया है। स्थानीय क्षेत्र के सिसवनिया गांव की अंजली देवी पत्नी प्रमोद यादव को प्रसव पीड़ा होने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री अमरावती देवी द्वारा भर्ती कराया गया था। रविवार दोपहर दो बजे अंजली देवी ने सामान्य प्रसव के जरिए एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। लेकिन इसके बाद अस्पताल प्रशासन की मनमानी शुरू हो गई।

प्रसूता अंजली देवी से जन्म के तुरंत बाद इलाज और दवाओं के नाम पर पैसे वसूले गए। इसके बावजूद, सोमवार को जब डिस्चार्ज का समय आया, तो आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने दोबारा 1000 रुपए की मांग की। परिजनों ने जब यह राशि देने में असमर्थता जताई, तो स्वास्थ्यकर्मियों ने डिस्चार्ज करने से इनकार कर दिया और कहा कि बिना पैसे दिए छुट्टी नहीं मिलेगी। प्रसूता के परिवारवालों को जब इस जबरन वसूली की जानकारी हुई, तो वे अस्पताल पहुंचे और स्वास्थ्यकर्मियों से रुपयों की मांग का कारण पूछने लगे। देखते ही देखते दोनों पक्षों में तीखी बहस होने लगी और अस्पताल परिसर में हंगामा खड़ा हो गया। मामले को बढ़ता देख स्थानीय संभ्रांत लोगों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया। इस घटना का एक ऑडियो और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अस्पताल के कर्मचारी रुपए की लेन-देन की बातचीत कर रहे हैं।

इस वायरल वीडियो के बाद अस्पताल प्रशासन कटघरे में आ गया है और स्थानीय लोग इस अवैध वसूली के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि सरकार ने गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए मुफ्त इलाज और दवा की सुविधा देने की घोषणा की है, लेकिन इस प्रकार की घटनाएं सरकारी योजनाओं की सच्चाई को उजागर कर रही हैं। इस प्रकरण के बाद क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की लचर व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह पहला मामला नहीं है जब नेबुआ नौरंगिया सीएचसी में इस तरह की अवैध वसूली की गई हो। अब देखना यह होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और दोषी कर्मचारियों पर क्या कदम उठाए जाते हैं।

## विनम्रता ही मेरी संस्कृति है और सेवा ही मेरा धर्म है : दिनेश प्रताप सिंह

अवधनामा संवाददाता




**रायबरेली।** लालगंज स्थित मामा गेस्ट हाउस में आयोजित पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में सरेनी व लालगंज ब्लाक के भारी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि विनम्रता ही मेरी संस्कृति है तथा सेवा ही मेरा धर्म है। मैने सदैव ही जनप्रतिनिधियों की मांग पर करोडों के विकास कार्य कराये है। जिले की ऐसी कोई ग्रामसभा नही है जहां मेरे द्वारा करोडो के विकास कार्य न कराये गये हो।

अधिकांश ग्राम प्रधानो, बीडीसी सदस्यो व जिला पंचायत सदस्यो ने मुख्य मार्गो से गांवसभा तक सड़के व सीसी रोड बनवायें जाने की मांग की। जिसमें अधिकांश मांगो को उन्होने तत्काल मौके पर ही स्वीकृत कर लिया। राज्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के अधिकारो को दिलाना मेरा कर्तव्य है। मै सभी जाति, धर्म के लोगो के लिये सदैव सेवारत रहूंगा। मंत्री ने कहा कि मेरी सेवा के कारण ही एमएलसी के चुनाव में प्रतिनिधियों ने मुझे 95 प्रतिशत मत देकर विजयी बनाया।

राज्यमंत्री ने कहा कि उन्होने अपनी क्षमता से अधिक विकास कार्य कराये है तथा जिले के कुल 980 ग्रामसभाओं में लगे विकास संबधी पत्थर स्वयं इसका प्रमाण है। उन्होने कहा कि मेरा सकल्प है कि हारी हुई बाजी जीतकर ही दम लूंगा। सम्मेलन में 6 बार के प्रधान रामसुंदर यादव ने कहा कि मंत्री जी के स्वभाव के कारण ही हम तन, मन, धन से इनके साथ है। किसन वोट दिया किसने नही इस बात को भूलकर सिर्फ और सिर्फ विकास पर ध्यान दें आपको विजयश्री अवश्य मिलेगी। समाजसेवी डा. अनिल सिंह सरेनी ने कहा कि मै भी दिनेश सिंह का विरोधी था किंतु इनके आचार विचार व सेवा भाव के कारण आज में तन मन धन से इनके साथ जुंडा हूं तथा मुझे इस बात पर गर्व है कि हमारा मंत्री का सीधे देश के प्रधानमंत्री से पारिवारिक रिस्ता है तथा हाल ही में मंत्री जी की तीसरी पीढ़ी को उन्होने अपनी गोद में खिलाया जो गर्व की बात है।

## मामा के घर आई बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**देवरिया।** देवरिया जिले के बनकटा थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मामा के घर आई 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ 53 वर्षीय पड़ोसी ने दुष्कर्म किया। आरोपी ने दो दिनों तक बच्ची को निशाना बनाया। घटना के अनुसार, एक महिला अपनी 6 वर्षीय बेटी के साथ मायके आई थी। शनिवार को पड़ोसी ने बच्ची को खेलने के बहाने बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। इतना ही नहीं, अगले दिन रविवार को भी उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। जब मां को घटना की जानकारी हुई, तो उसने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण किया और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए हैं। एसपी विक्रांत वीर ने बताया कि पीड़िता की मां की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए सख्त कार्रवाई कर रही है।

## विश्व कल्याण के लिए दूसरी काशी में नवदिवसीय अनुष्ठान प्रारंभ

**रुद्रपुर देवरिया।** श्री त्रिलोक शक्ति अनुष्ठान पूजन समिति रूद्रपुर द्वारा विश्व कल्याण के लिए नव दिवसीय अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। भव्य अनुष्ठान का शुभारंभ मंगलवार को दुग्धेश्वर नाथ मंदिर के प्रांगण 51 ब्राह्मणों द्वारा बेदी पूजन प्रतिष्ठा के साथ भगवान शिव का कुशा धारा अभिषेक प्रारंभ किया गया। उक्त अवसर पर सैकड़ों पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे। समिति के महामंत्री पं0 गुलाबचंद ने बताया समिति विश्व कल्याण हेतु नवदिवसीय अनुष्ठान करा रही है। काशी से आए हुए विद्वान पंडित तथा समिति से जुड़े हुए पंडितों द्वारा बेदी पूजन अनुष्ठान के साथ ही भगवान शिव का कुश धारा से अभिषेक किया जाएगा।उक्त अवसर पर श्री त्रिलोक शक्ति अनुष्ठान पूजन समिति के अध्यक्ष पं मानिक लाल वाराणसी के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारी तथा सदस्यों की मौजूदगी में अनुष्ठान प्रारंभ किया गया है। उक्त अवसर पर उपाध्यक्ष पं0 तरुण, कोषाध्यक्ष पं0 कमलेश्वर ,समिति प्रवक्ता पं0 संजीव महाराज, संगठन मंत्री पं अशोक ,मीडिया प्रभारी पंडित रामसहारे, सचिव पं चंदन, सहसचिव पं ज्ञानेश्वर, प्रचार प्रसार मंत्री पं शर्मेन्द्र, पं रविन्द्र,पं दिलीप,पं.देवीकान्त , पंडित अजय,पं0 अनिल,पं सत्येन्द्र,पं विनय ,पं. शिवभगवान पं त्रयंबकेश्वर, पं मोहन, पं चन्दन पं सुनील,पं0 अंकित , पं0 विशाल , पं. हरिदर्शन , पं शिवधनी ,पं0 ब्रिजेश, पं. सूरज, पं0 कुन्दन , पं0 मनिष ,पं अजीत , पं0 रणजीत,पं. बालकुवर , पं0 शिवाजी पं0 पंडित हनुमान, पं0 चित्रमणि, पं0 महेश, पं0 मुकेश सहित समिति के सैकड़ों सदस्य तीर्थ पुरोहित ब्राह्मण समाज द्वारा अनुष्ठान प्रारंभ किया गया।



## मनरेगा में फर्जीवाड़े पर अंकुश की तैयारी, अब चेहरा देखने के बाद होगा मजदूरी का भुगतान

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** मनरेगा में भुगतान में फर्जीवाड़े को रोकने के लिए एन एम एम एस सिस्टम का अपडेटेड वर्जन सरकार अप्रैल से लागू करेगी। मजदूरों के फोटो के मिलान के बाद ही मजदूरी की धनराशि खाते में भेजी जाएगी। मनरेगा के कार्यों के भुगतान के लिए ईएमबी सिस्टम लागू कर दिया गया है। चालू वित्तीय वर्ष में केन्द्र सरकार ने मनरेगा के बजट में कोई बढ़ोतरी नहीं की है।

- ई एम बी लागू, अप्रैल से लागू होगा एन एम एम एस सिस्टम का अपटेडेट वर्जन
- पटरी से उतरी मनरेगा, 190 ग्राम पंचायतों में काम बंद, अमेठी, संग्रामपुर, भादर और शाहगढ़ में स्थिति सबसे अधिक खराब

चालू वित्तीय वर्ष में वर्षाकाल में मनरेगा के कार्यों में गड़बड़ी को सरकार ने गंभीरता से लिया है। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सरकार अगले वित्तीय वर्ष में एन एम एम एस सिस्टम का अपटेडेट वर्जन लागू करने जा रही है। कार्यस्थलों पर काम करने वाले मजदूरों के फोटो मिलान करने के बाद ही भुगतान किया जाएगा। **तीन महीने से नहीं आया पैसा, पटरी से उतरी मनरेगा** -मनरेगा में लेबर और मैटेरियल पेमेंट तीन महीने से नहीं हुआ है। ग्राम प्रधानों को मनरेगा के काम कराना मुश्किल हो रहा है। विलम्बित भुगतान भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। बड़ी संख्या में ग्राम प्रधानों ने मनरेगा के काम बंद करा दिए हैं। मंगलवार को जिले की 190 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के काम बंद रहे। एक भी नये मास्टर रोल नहीं जारी हुए। नये कार्यों के लिए इस्टीमेट तैयार करने का काम भी बंद है। मंगलवार को जिले की 492 ग्राम पंचायतों में मनरेगा का काम करने वाले मजदूरों की संख्या 14748 रही। अमेठी, संग्रामपुर, भादर और शाहगढ़ विकास खंडों में स्थिति सबसे अधिक खराब है, यहां कार्यस्थलों पर श्रमिको की संख्या 1000 से कम हो गई है। **गांव में रोजगार नहीं, मजदूरों को पलायन को मजबूर कर रही सरकार**- भाकपा माले के नेता कामरेड वासुदेव मौर्य और भारतीय किसान संघ के जिला संयोजक आर के मिश्रा ने केंद्र सरकार के आम बजट को मजदूर विरोधी बताया और कहा कि वित्त मंत्री ने मनरेगा मजदूरों को पूरी तरह निराश किया है। गांवों में रोजगार सृजन के अवसर कम होने और मजदूरी कम होने से ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूर पलायन को मजबूर हैं। बजट में सरकार ने न तो श्रम दिवस बढ़ाया है और न ही मजदूरी की दर। पिछले बजट की तरह ही मनरेगा में 86000 करोड़ रूपए के बजट का प्रावधान किया है। मनरेगा में विलम्बित भुगतान की समस्या दूर नहीं हो पा रही है। 25 करोड़ रु से अधिक का लेबर पेमेंट बकाया है।

## छह दिन से जाम में फंसी गन्ना लदी गाड़ियां, किसानों ने किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



प्रदर्शन करते आक्रोशित किसान

**खड्डा, कुशीनगर।** सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड छितौनी परिक्षेत्र के जेएचवी सुगर गडौरा चीनी की क्रय केन्द्र छितौनी बी पर छह दिनों से गन्ना लदी गाड़ियों की जाम पर आक्रोशित सैकड़ों किसानों ने समिति में गन्ना लदी गाड़ी खड़ा कर तीन घंटे प्रर्दशन कर चार सुत्रीय मांग सचिव को सौंपा। सचिव के आश्वासन पर गन्ना किसान गन्ना लदी गाड़ी को क्रय केन्द्र पर तौल के लिए लौटे।

बता दें कि दो दशक से रामकोला चीनी मिल क्रय केन्द्र छितौनी बी (214) अन्तर्गत गांव बुलहवा, छितौनी, टेगरहा टोला गांवों के अनुमानित गन्ना 280.813 हेक्टेयर के करीब 650 किसानों की गन्ना आपूर्ति करती आ रही है। लेकिन 19 दिसम्बर को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एक जनवरी से जे एच वी सुगर गडौरा चीनी मिल द्वारा छितौनी बी क्रय केन्द्र पर तौल होने लगी। जिसके बाद से किसानों ने गडौरा चीनी मिल को गन्ना आपूर्ति नही करने की ज्ञापन डीसीओ कुशीनगर को देने के बाद भी आवंटित क्रय केन्द्र पर गन्ना लाना शुरु किया। लेकिन चीनी मिल द्वारा क्रय केन्द्र से गन्ना की ढुलाई में उदासिनता से आजीज आकर सैकड़ों किसान ओम प्रकाश गिरी, रामचन्द्र गुप्ता, राजकुमार कुशवाहा, शम्भु यादव, त्रिभुन गुप्ता, सुभाष चन्द्र जायसवाल, इन्द्रजीत कुशवाहा, कपिलदेव , टिम्मल चौहान आदि ने छह दिनों से करीब 110 खड़ी गन्ना लदी ट्रेक्टर ट्राली की नही उठान पर प्रर्दशन कर विभाग के उच्चाधिकारियों को सुचना दिया। फिर दर्जनों आक्रोशित किसानों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए करीब 10 गन्ना लदी ट्रेक्टर- ट्राली लाकर मंगलवार को सुबह केन युनियन परिसर में घुसा कर विरोध प्रदर्शन करने लगे। किसानों ने चार सुत्रीय मांग में बताया कि गन्ना ढुलाई में चीनी मिल द्वारा लापरवाही बरतने, खेतों में गन्ना खत्म हो चुके किसानों को गन्ना सप्लाई टिकट जारी करने, भुगतान में भारी अनियमितता बरतने व ओवरवेट तौल को रोकने की मांग किया। सुचना पर पहुंचे सचिव पवन कुमार पटेल ने किसानों से बात किया, लेकिन बात नही बन सकी। जिसके कुछ देर बाद गडौरा चीनी मिल के एसीएम अमित सिंह के संग चेयरमैन प्रतिनिधि समीर सिंह ने पहुंच कर किसानों की समस्या को समाधान कराने का निर्देश दिए। तब जाकर किसान केन युनियन परिसर से गन्ना लदी ट्रेक्टर- ट्राली को हटाकर क्रय केन्द्र पर ले गए। जहां दो लोडर लगाकर एसीएम के देखरेख में व तौल शुरु हुई।

## सुकरौली नगर पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की जांच में लीपापोती

अवधनामा ब्यूरो



- सभासद ने भ्रष्टाचार की जांच कराने के लिए डीएम को दिया था पत्र

**कुशीनगर।** सुकरौली नगर पंचायत में निर्माण से लेकर सामग्रियों की खरीददारी में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की बू आ रही है। इस भ्रष्टाचार की जांच कराने के लिए नगर के ही एक सभासद ने पिछले वर्ष डीएम को शिकायती पत्र देकर जांच कराने की मांग किया था। डीएम के निर्देश पर हाटा एसडीएम की अध्यक्षता में तीन सदस्यों की एक टीएसी जांच टीम का गठन हुआ था। टीम गठन के बाद एक वर्ष तक टीएसी टीम ने जांच रिपोर्ट जिम्मेदारों को नहीं सौंपा। हालांकि डीएम ने एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था।

बता दें कि नगर पंचायत सुकरौली के वार्ड संख्या 11 आजादनगर की सभासद प्रियंका यादव ने फरवरी-2024 में डीएम को पत्र देकर नगर पंचायत की के निर्माण कार्यों की खराब गुणवत्ता का आरोप लगाया था। शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि नगर में जो भी निर्माण कार्य हुए है मानक के विपरीत हुए है। सीसी रोड, आरसीसी व भूमिगत नाली निर्माण में मानक की खूब धज्जियां उड़ाई गई है। इतना ही नहीं सामग्रियों की खरीदारी मनमाने तरीके से हुई है। इसमें भी गुणवत्ता दरकिनार कर घटिया क्वालिटी की सामग्री खरीददारी हुई है। वह भी अपने चहेतों के फर्म से ही खरीदा गया है। इस तरह से निर्माण से लेकर खरीदारी तक की हुई भ्रष्टाचार की जांच और भुगतान आदि की जांच कर एक सप्ताह में डीएम को रिपोर्ट देनी थी, लेकिन एक वर्ष बीत गए कोई जांच रिपोर्ट नहीं मिली। शिकायतकर्ता का आरोप है कि एसडीएम को कई बार प्रार्थनापत्र देने के बाद भी टीएसी जांच रिपोर्ट अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। जांच के नाम पर खानापूर्ति की गई है। शिकायतकर्ता ने जांच में लीपापोती का आरोप लगाते हुए पुन~ जांच की मांग किया है। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी वि./रा. वैभव कुमार मिश्रा ने बताया कि फाइल देखने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## मुशहर समाज के लोग को शत प्रतिशत मिले योजनाओं का लाभ : जिलाधिकारी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** नोडल अधिकारी/ सहायक नोडल अधिकारी मुसहर बाहुल्य ग्रामों में सर्वेक्षण कार्य दौरान चौपाल का आयोजन कर समस्त योजनाओं से संबंधित भौतिक सत्यापन करते हुए शत प्रतिशत लाभान्वित करने का कार्य करें, इस कार्य में किसी भी तरह की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुसहर ग्रामों में विभिन्न योजनाओं से संबंधित सर्वेक्षण कार्य की प्रगति के समीक्षा बैठक दौरान जिलाधिकारी ने उक्त निर्देश सभी नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों को दिए। जनपद के 9 विकास खंडों अंतर्गत 43 ग्रामों में निवासरत मुसहर टोली में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, मनरेगा अंतर्गत जाब कार्ड, स्वयं सहायक समूहों से लिंकेज, आयुष्मान कार्ड, वृद्धा पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड, आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के नामांकन, पोषाहार वितरण, व्यक्तिगत शौचालय, जीरो पावर्टी अंतर्गत चिन्हित परिवार तथा कितने बच्चे विद्यालय जा रहे हैं, आदि बिंदुओं पर सर्वेक्षण कार्य नोडल अधिकारियों द्वारा किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सभी नामित नोडल अधिकारियों सहित संबंधित खंड विकास अधिकारी से किए गए सर्वे कार्य के संबंध ग्रामवार पुछताछ की गई। समीक्षा दौरान सर्वे कार्य की प्रगति रिपोर्ट पर जिलाधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया, तथा सभी को निर्देशित किया गया कि नोडल अधिकारी संबंधित मजरे में चौपाल का आयोजन कर प्रत्येक योजनाओं का सर्वे करें तथा छूटे हुए लाभार्थी का तत्काल आवेदन कराना सुनिश्चित करें, उन्होंने कहा कि सर्वे के दिन पूरा समय देकर एक एक लाभार्थी का भौतिक सत्यापन करें ताकि कोई पात्र छूटने न पाए।



कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा करते डीएम

- मुसहर ग्रामों में हो रहे सर्वे की प्रगति संबंधी डीएम ने की बैठक

उन्होंने कहा कि चौपाल में ग्राम प्रधान, सदस्य, कोटेदार,की उपस्थिति अनिवार्य होगी। उन्होंने निर्देशित किया कि नोडल अधिकारी दुबारा सर्वे कर एक सप्ताह के अंदर अपनी रिपोर्ट सीडीओ को प्रस्तुत करें। मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने बताया कि जनपद में लगभग 100 मजरों/टोले में मुसहर आबादी है जिसमें 43 मजरों में सत्यापन हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों को नोडल, तथा सहायक विकास अधिकारी पंचायत/ कृषि को सहायक नोडल नामित किया गया है तथा इस कार्य में खंड विकास अधिकारी भी सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी मुसहर समाज को उक्त लाभ परक योजनाओं से शत प्रतिशत संतृप्त करना है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुरेश पटारिया, परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी, डीसी मनरेगा राकेश, जिला विकास अधिकारी सहित बीएसए, डीएसओ, प्रवेशन अधिकारी के साथ समस्त नोडल अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# थीम यूनाइटेड बाय यूनीक पर मनाया गया विश्व कैंसर दिवस

- जिले की सभी स्वास्थ्य इकाईयों पर आयोजित हुए जागरूकता तथा हस्ताक्षर अभियान

**अवधनामा संवाददाता**




**बहराइच।** जनपद में मंगलवार को सीएमओ कार्यालय समेत जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर चिकित्सा शिविर, गोष्ठी और हस्ताक्षर अभियान चलाकर विश्व कैंसर दिवस÷ का आयोजन किया गया। सीएमओ कार्यालय सभागार में हुई गोष्ठी में यूनाइटेड बाई यूनीक थीम के तहत जन जागरुकता एवं हस्ताक्षर अभियान का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचनाधिकारी बृजेश सिंह ने किया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि हर साल विश्व कैंसर दिवस को एक थीम के साथ मनाया जाता है। इस साल विश्व कैंसर दिवस की थीम यूनाइटेड बाय यूनीक रखी गई है। इस थीम का उद्देश्य यह बताना है कि कैंसर सिर्फ इलाज से नहीं, बल्कि लोगों के साथ से जीतने वाली एक लड़ाई है जिसे हमें जड़ से खत्म करना है। लोगों में खराब खानपान, अनियमित जीवनशैली, तंबाकू का सेवन और हार्मोनल संतुलन के कारण कैंसर होने की आशंका बनी रहती है। इसलिए कैंसर के लक्षणों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी के अलावा अब मरीजों का इलाज इम्यूनोथेरेपी, हार्मोन थेरेपी से भी किया जा रहा है।

कार्यक्रम में जिला एनसीडी प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ0 संदीप मिश्रा ने कहा कि शब्द 'कैंसर' अपने आप में इतना भयावह है कि इसे सुनते ही व्यक्ति की रूह कांप जाती है। कैंसर के मरीजों की मानसिक स्थिति का विवरण करना नामुमकिन है। हम लोगों को जागरुक बनाना चाहते हैं ताकि ज्यादातर प्रकार के कैंसर का उपचार किया जा सके और इसे नियन्त्रित किया जा सके। अगर इसे शुरूआती अवस्था में ही पहचान कर इलाज शुरू कर दिया जाए तो कैंसर के खिलाफ हम जंग जीत सकते हैं। इसके लिए हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रोग की रोकथाम, जल्दी निदान एवं उपचार तथा पैलिएटिव केयर से जुड़ी सेवाओं को युनिवर्सल हेल्थ कवरेज में शामिल किया जाए।

कीमोथेरेपी विशेषज्ञ एवं जेरियाट्रिक क्लीनिक के प्रभारी डा0 परितोष तिवारी ने कहा कि लोगों को कैन्सर जैसी जानलेवा बीमारी के बारें में अवगत कराने के लिए ÷विश्व कैन्सर दिवस÷ हर वर्ष 4 फरवरी को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते ही हैं कि हमारे शरीर में कई प्रकार की कोशिकाएं होती है। जब ये कोशिकाएं अनावश्यक बढ़ कर अनियन्त्रित हो जाती हैं तब शरीर को काम करने मे बाधा उत्पन्न करती है और कोशिकाओं का गुच्छा सौम्य गाँठ या ट्यूमर बन जाता है और बढ़ता रहता है इस अवस्था को ही कैन्सर कहते हैं और यह शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकता है। कैन्सर सेल्स सबसे पहले शरीर को संक्रमण से बचाने वाले हिस्से में फलती है और उसके बाद खून के रास्ते शरीर के अलग अलग हिस्सों में जाती है और उन्हें सक्रमित करती है। कैन्सर जैसी बीमारी से हमें बचने के लिए सबसे पहले सावधान होकर बचाव रखना चाहिए और लोगों को इसके प्रति जागरूक करना चाहिए। जिला स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर वर्ष 1933 में पहला कैंसर दिवस जिनेवा, स्विट्जरलैंड में मनाया गया था। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली ही दीर्घायु और निरोगी जीवन का आधार है। एनसीडी क्लीनिक के डॉ0 अंशुमान सिंह ने कहा कि जीवनशैली में बदलाव जैसे सेहतमंद आहार, शारीरिक व्यायाम, एल्कोहल एवं तंबाकू का सेवन न करना कैंसर से बचने के कारगर तरीके हैं। इससे न सिर्फ कैंसर से बचाव होता है बल्कि जीवन की गुणवत्ता भी बेहतर होती है। विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में समस्त स्वास्थ्य इकाइयों एवं जिला एनसीडी क्लीनिक में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। लगाया गया। डॉ0 अंशुमान सिंह ने शिविर में आए मरीजों के उच्च रक्तचाप, मधुमेह एवं कैंसर की स्क्रीनिंग की। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी सतीश गौतम अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 राजेश कुमार, डॉ0 संतोष राणा, डॉ0 अनुराग वर्मा, विवेक श्रीवास्तव, रियाजुल हक, पुनीत शर्मा, सन्तोष सिंह, बृज प्रकाश, स्वाती श्रीवास्तव, मोहम्मद हारून, मोहम्मद फहीम, शरद श्रीवास्तव, मनीष कुमार सिंह के साथ मेंटल हेल्थ की टीम व समस्त ब्लॉक की एएनएम मौजूद रही।

## जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में पदस्थ सुरेश बाबू बिना सूचना के रहते हैं अनुपस्थित

**सुल्तानपुर।** योगी सरकार में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय मैं बाबू बेलगाम हो गए हैं। उनकी कार्यशैली में शामिल है,उनका ऑफिस में ना आना,तो इनका जन्म सिद्ध अधिकार है। इसी सब संबंध में मंगलवार को एडीएम प्रशासन द्वारा निरीक्षण कर पांच बाबुओं को अनुपस्थित किया गया है। सूत्रों द्वारा खबर मिली है और मौके पर जानकारी मिलते ही जब मीडिया के लोग वहां पर पहुंचे,तो सुरेश कुमार के कार्यालय में ताला लटका हुआ मिला। जब और लोगों से पूछताछ की गई तो पता चला कि आए दिन सुरेश बाबू नदारद ही रहते हैं। उनके पटल पर जो भी कोई कार्य रहते हैं, वह महीना कार्य लटका रहता है। अब देखना यह कि जिला प्रशासन द्वारा इन लोगों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाती है।

## समय पर इलाज शुरू करके कैंसर से जीता जा सकता है: डॉ. सलिल

**सुल्तानपुर।** जब भी कोई हानिकारक अवशिष्ट हमारे शरीर में रहेगा, वही हमारे लिए खतरनाक है। जब यह अपशिष्ट अधिक संख्या में इकट्ठा होते हैं तो यह दो प्रकार का परिवर्तन करते हैं।शरीर की बेसिक कोशिकाओं की कार्य में परिवर्तन करते हैं,जिससे मेटाबॉलिक डिसऑर्डर होता है। कोशिकाओं का नियंत्रण केंद्र की रचनाओं को प्रभावित करते हैं तो हमारे शरीर में कैंसर रोग का जन्म होता है। इन अवशिष्ट को शुरुआत में ही अगर हम इलाज के माध्यम से सही कर ले तो कैंसर होने की उम्मीद बहुत कम हो जाती है। इसके लिए जन जागरण आवश्यक है। बीमारियों की जानकारी जल्दी हो और उसका इलाज जल्दी करें। उक्त बातें राज्य मेडिकलिल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव ने कहीं। उन्होंने बताया कि कई तरह के कैंसर जो सही हो सकते हैं। सही समय पर जानकारी हो और उसका इलाज समय से हो तो बहुत सारे कैंसर रोगों को सही किया जा सकता है। कैंसर पूरे शरीर में कहीं भी हो सकता है। कैंसर से डरे नहीं, कम समय में जांच कर कर इलाज सुनिश्चित करे।

# शारदा सहायक खंड 16 का स्क्रैप घोटाला

- एक्सईन ने गठित की तीन सदस्यीय जांच कमेटी
- एक तारीख को ऑनलाइन मुकदमा, दो को भी चलती रही लोहे की ढुलाई

**अवधनामा संवाददाता**

### पुलिस ने झाड़ा पल्ला, बताया नहीं मिली तहरीर

जयसिंहपुर कोतवाली कोतवाली पुलिस ने शारदा सहायक खंड- 16 के स्क्रैप घोटाले के मामले से पल्ला झाड़ा है। प्रभारी निरीक्षक अनिरुद्ध सिंह का कहना है कि उन्हें विभाग के किसी भी अभियंता या कर्मचारी की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है, अगर मिली होती तो विधिक कार्रवाई की जाती। हालांकि उन्होंने कहा कि आगे अगर तहरीर मिली तो आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**सुलतानपुर।** सिंचाई विभाग के शारदा सहायक खंड 16 में स्क्रैप घोटाला प्रकाश में आने के बाद विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। एक ओर जहां अधिशासी अभियंता ने अपने को मामले से दूर करते कहा तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी है। वहीं इस मामले में अवर अभियंता को मोहरा बनाते हुए ऑनलाइन एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। अभियंता हड़बड़ी में गड़बड़ी करते जा रहे हैं,जिससे विभागीय कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कार्यस्थल से लोहा ढुलाई का क्रम लगातार जारी है। बीते वर्ष ड्रेन और नहरों पर बने 50 वर्ष से अधिक पुराने हो चुके पुलों को शासन ने तकनीकी जांच के बाद जर्जर घोषित कर दिया था। इनमें कूरेभार ड्रेन की 6 पुलिया और एक नहर का पुल भी शामिल है। उनके स्थान पर नए का बजट आने के बाद कार्य भी शुरू हो चुका है। इन दिनों शारदा सहायक खंड 16 नहर और ड्रेन पर जर्जर हो चुकी पुलिया के स्थान पर नए पुलों का निर्माण कर रहा है। ड्रेन पर 3.15 करोड़ की लागत से कुल 6 पुल बनाए जा रहे हैं। जबकि एक करोड़ 88 लाख की लागत से नहर पर भी एक पुल का जीर्णोद्धार चल रहा है। कुल 5 करोड़ 13 लाख की लागत से होने वाले इन पुलों के निर्माण के इस्टीमेट में जर्जर पुलों को तोड़ने से लेकर नए पुलों का निर्माण शामिल है। जयसिंहपुर विकासखंड क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर संपर्क मार्ग के अलावा पलिया, बरसोमा, राम बहादुर नदी धाम मार्ग पर ,कूरेभार ड्रेन पुल बनाए जा रहे है। कई स्थानों पर पोकलैंड मशीनों द्वारा युद्ध स्तर पर तोड़फोड़ का काम हो चुका है। कहीं-कहीं नए पुलों का निर्माण भी प्रारंभ हो चुका है। वहीं इन आधा दर्जन से अधिक पुलों को तोड़ने से निकले मलबे को लूटने का खेल भी शुरू है। सूत्रों के मुताबिक तोड़े गए पुलों में से लाखों की कीमत की सरिया निकली हैं। जिन्हें कबाड़ियों की दुकान पर पहुंचाया जा रहा है। जर्जर पुलों के तोड़ने से बड़े पैमाने पर ईंटें, अद्धा और मलबा निकला है,उसे भी निर्माण में लगे लोग बेच रहे हैं। लोहा जहां कबाड़ी खरीद रहे हैं वहीं पुरानी ईंट,अद्धा को गिट्टी तोड़ने वाले व्यापारियों के पास बेचा जा रहा है। इसके अलावा पुल के निर्माण में लगे ठेकेदार और अभियंताओं का गठजोड़ मलबे को पटाई वाले जरूरतमंदों को बेच रहे हैं। मामला उजागर होने पर अधिशासी अभियंता शरद कुमार ने तीन सदस्य जांच कमेटी गठित कर अपना पल्ला झाड़ लिया। इस मामले में अवर अभियंता जावेद अंसारी को मोहरा बनाते हुए उनसे ऑनलाइन एफआईआर भी दर्ज करवा दी गई। 1 फरवरी को उनकी ओर से फिर दर्ज करवाई गई और 2 फरवरी को वाहन संख्या यूपी 44/ज्ञ8621 पर फिर लोहा ढोया जाते हुए देखा गया। अवर अभियंता जावेद का कहना है कि उन्होंने थाने पर भी तहरीर दी है।

## 20 शातिर अपराधियों की खोली गई हिस्ट्रीशीट, कड़ी निगरानी जारी

**सुलतानपुर।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सख्त बनाने तथा अपराधियों पर नकेल कसने के लिए सुलतानपुर पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक श्री कुँवर अनुपम सिंह के निर्देशन में जिले के 20 शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। यह कार्रवाई अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की गई है।अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खुलने के बाद अब पुलिस की कड़ी निगरानी में रहेंगे। थाना स्तर पर इनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी और जरूरत पड़ने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की सूची में हत्या, लूट, डकैती, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट और धोखाधड़ी जैसे गंभीर मामलों में संलिप्त अपराधी शामिल हैं। पुलिस के इस सख्त कदम से अपराधियों में भय व्याप्त हो गया है,वहीं आम जनता ने इस कार्रवाई की सराहना की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुलिस की सख्ती से अपराधों में कमी आएगी और जिले का माहौल सुरक्षित बनेगा।

# डीआईजी ने किया फिरोजाबाद महोत्सव का उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा पुलिस महानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा, जिलाधिकारी फिरोजाबाद एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद की उपस्थित में पीडी जैन इंटर कॉलेज में 01-02-2025 से 07-02-2025 तक आयोजित हो रहे फिरोजाबाद महोत्सव में उपस्थित समस्त पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारीगण, छात्र-छात्राएँ, मीडिया बन्धुओं, सम्भ्रांत नागरिकों-आमजनों को ऑपरेशन जागृति-मिशन शक्ति के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा पुलिस महानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा, जिलाधिकारी फिरोजाबाद एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद की उपस्थित में पुलिस लाइन में नवनिर्मित बहुउद्देशीय हॉल का फीता काटकर उद्धाटन किया गया एवं उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को अभियोजन के सम्बन्ध में ब्रीफिंग करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिसकर्मियों द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए अभियुक्तों को समयबद्ध अधिकाधिक सजा दिलाने वाले विवेचकगण-पुलिस कर्मियों-कोर्ट मौहर्रिर-कोर्ट पैरोकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए हौसला अफज़ाई की गयी। तत्पश्चात द्वारा पुलिस लाइन में जनपद के समस्त ग्राम प्रहरियों को ट्रैक सूट व गर्म कैप वितरित किए गए। अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा, पुलिस महानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा, जिलाधिकारी फिरोजाबाद एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा पी0डी0 जैन इंटर कॉलेज के ग्राउंड में 01-02-2025 से 07-02-2025 तक आयोजित किए जा रहे फिरोजाबाद महोत्सव में दीप प्रजवल्लित किया तथा अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा ऑपरेशन जागृति-मिशन शक्ति के सम्बन्ध में उपस्थित समस्त पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राओं, महिलाएं उपस्थित रहीं तथा सम्भ्रांत नागरिकों-आमजन को जागरूक किया गया। तत्पश्चात अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा पुलिस महानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा, जिलाधिकारी फिरोजाबाद एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद की उपस्थित में पुलिस लाइन में नवनिर्मित बहुउद्देशीय हॉल का फीता काटकर उद्धाटन किया गया एवं उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारीगण को अभियोजन के सम्बन्ध में ब्रीफिंग करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# 193 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत जिलाधिकारी मोनिका रानी व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के कुशल निर्देशन में विकास खण्ड मुख्यालय तेजवापुर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले ज़रूरतमन्द, निराश्रित/निर्धन परिवारों की 193 विवाह योग्य कन्या/ विधवा/ परित्यक्ता /तलाकशुदा महिलाओं का विवाह उनकी सामाजिक, धार्मिक मान्यता एवं परम्परा/रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न कराया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विकास खण्ड महसी से 81, तेजवापुर से 37, फखरपुर से 13, जरवल से 02, शिवपुर से 31, कैसरगंज से 09, चित्तौरा से 06, रिसिया से 04, मिहींपुरवा से 02, नगर पालिका परिषद बहराइच से 07 व बलहा से 01 जोड़े इस प्रकार कुल 193 जोड़ों में से 173 हिन्दू जोड़ों का विवाह विद्धान ब्राहमणों द्वारा हिन्दू रीति-रिवाजों से विधि-विधान के साथ सम्पन्न कराया गया जबकि 20 मुस्लिम जोड़ों का निकाह पढ़ाया गया।

# महाकुंभ की घटना से नाराज़ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

- राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा
- हिंदुत्व के ठेकेदार कुंभ की सच्चाई को छुपा रहे है : अभिषेक सिंह राणा

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** प्रयागराज महाकुंभ मेले में हुई भगदड़ में श्रद्धालुओं की मौत व घायलों की सूची को सरकार द्वारा सार्वजनिक करने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भेजा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की मौजूदगी में दो दर्जन से अधिक कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जमकर नारेबाजी की और सरकार से सभी घायलो व मृतकों की संख्या सार्वजनिक करने की मांग करते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर को सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 29 जनवरी मौनी अमावस्या के दिन हुई भगदड़ में शासन प्रशासन की लापरवाही सामने आई है उक्त घटना में मृतको व घायलों की संख्या को सरकार सार्वजनिक करे। स्नान पर्व में हुई भगदड़ में मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख व घायलों को 2-2 लाख का मुआवजा सरकार की तरफ से दिया जाए। शेष बचे हुए मेले में वीआईपी ट्रीटमेंट दिलवाना बंद करते हुए आम श्रद्धालुओं हेतु सुविधा प्रदान किए जाने का आदेश दिया जाए। इन्हीं मांगों के साथ दर्जनों कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला अधिकारी के प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे सदर एसडीएम विपिन द्विवेदी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि महाकुंभ घटना की सच्चाई को सरकार छुपा रही है, इनके द्वारा अधिकारिक आंकड़ा 18 घंटे बाद जारी किया गया जिसमें 30 श्रद्धालुओं की मौत तथा 68 श्रद्धालुओं की घायल होने की पुष्टि की गई। जबकि वहां की मीडिया के रिपोर्ट के अनुसार इसकी संख्या काफी अधिक बताई जा रही है, सोशल मीडिया के माध्यम से देखा जा रहा है कि घटना 6 जगह हुई है लेकिन सरकार द्वारा सिर्फ दो ही जगह बताया जा रहा है आखिर सरकार सच्चाई को क्यों छुपा रही है। वहीं उन्होंने कहा कि हिंदुत्व के ठेकेदार बनने वाले लोगों ने यह कैसी व्यवस्था दी है जिसमें देश विदेश से आये आम श्रद्धालु अपनों को खोकर, इधर-उधर भटक रहे हैं अपनों को ढूंढ रहे हैं लेकिन उनका कोई पता नहीं चल रहा है। इतनी निर्दयी सरकार है कि श्रद्धालुओं की मौत पर पुष्प वर्षा करा रही है,श्रद्धालुओं की लाशें कूड़े कचरे की गाड़ियों में भर भर कर कहीं छुपा दिया गया। इतिहास का सबसे बड़ा बजट कुंभ मेले के लिए पास हुआ है लेकिन शासन प्रशासन की अव्यवस्थाओं ने न जाने कितने श्रद्धालुओं की जान ले ली। हम कांग्रेस पार्टी के लोग सरकार से यह मांग करते हैं कि जितने भी श्रद्धालु हताहत हुए हैं उनकी सूची सार्वजनिक कर मृतकों को 50-50 लाख और घायलों को दो-दो लाख रुपये सरकारी मुआवजा तत्काल देने का आदेश जारी किया जाए। जिला प्रवक्ता अमोल बाजपेई ने धीरेंद्र शास्त्री के मोक्ष वाले बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया जारी की है उन्होंने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री का यह बयान बेहद निंदनीय है वहां के शंकराचार्य, साधु संतों ने वीडियो जारी करके कहा कि अगर ऐसे ही मोक्ष की प्राप्ति हो रही है तो धीरेंद्र शास्त्री आए और उन्हें एक लात मार कर मोक्ष की प्राप्ति हम लोग दिला दें।

## ब्रह्माकुमारी पाठशाला ने निकाली शिव संदेश रैली



**टूंडला।** आंवलखेड़ा की ब्रह्माकुमारी पाठशाला गांव मुरत्थर में आने वाली शिवरात्रि के उपलक्ष में बड़े धूमधाम से शिव संदेश रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में भाई एवं बहनों ने भाग लिया। इस दौरान बीके धीरज ने नारे लगाते हुए व्यसन मुक्त रहने का दिया संदेश कि जागो जागो, समय को पहचानो, बीडी सिगरेट और शराब मानव जीवन करें खराब। ब्रह्माकुमारी तनु बहन ने बताया की महाशिवरात्रि पर्व सारे सृष्टि के रचयिता सर्व आत्मओं के परमपिता परमात्मा शिव का भारत पर अवतरण का यादगार दिवस है। बीके मधु बहन ने प्रभु स्मृति का गीत सुनाया बीके खुशी बहाने शिव शंकर में महान अंतर बताया। इस मौके पर उमा, मनोरमा, शकुंतला, ऋषि, आदि के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## मां सरस्वती पूजा महोत्सव में हुआ धार्मिक कार्यक्रम



**टूंडला।** न्यू रेलवे कालौनी मनोरंजन केन्द्र पर बसंत पंचमी के दूसरे दिन मां सरस्वती पूजा महोत्सव कार्यक्रम में माता की चौकी एवं हवन का आयोजन किया गया। जिसमें महिला-पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सोमवार को मां सरस्वती पूजा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन न्यू रेलवे कालौनी मनोरंजन केन्द्र टूंडला पर हवन एवं माता की चौकी का आयोजन किया गया। जिसमें आचार्यो द्वारा विधिविधान के साथ पूजा-पाठ की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुगणों ने भाग लिया। वहीं सांय को महिलाओ एवं बालिकाओं ने माता के भजनों पर जमकर नृत्य किया। इस मौके पर पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

# अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया सम्मानित

- लड़कियां अपने मां-बाप का तिरस्कार न करें: डीआईजी

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद महोत्सव के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण स्थापित करने तथा उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किए जाने एवं चिन्हित किए गए अभियोगों को न्यायालय में प्रभावी पैरवी कराकर संलिप्त अभियुक्तों को अधिकाधिक सजा कराए जाने हेतु ÷ऑपरेशन कन्विक्शन÷ चलाया गया है। उक्त अभियान के अतर्गत अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा व पुलिस महानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा द्वारा विवेचना के दौरान एकत्रित किए गए इलेक्ट्रॉनिक, भौतिक एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर की गयी कार्यवाही के फलस्वरूप प्रभावी पैरवी करते हुए अभियुक्तों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पुलिस अधिकारियों-विवचको-कर्मचारियों-कोर्ट पैरोकार-लोक अभियोजकों-कोर्ट मौहर्रर आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

विवेचकगणों में नि. नरेन्द्र कुमार शर्मा, नि. रोशनलाल, नि. वंशीधर पाण्डेय, नि. मोहर सिंह, नि. के.डी. शर्मा, नि. जयदेव तोमर, नि. फतेह बहादुर सिंह, नि. प्रवेन्द्र कुमार, नि. प्रदीप कुमार, नि. सुनील कुमार,. नि. आजादपाल सिंह, म. नि. सविता सेंगर, नि. जितेन्द्र द्विवेदी, नि. बैजनाथ सिह, नि. ऋषि कुमार, नि. दिनेश वर्मा, नि. रमेश यादव, नि. योगेन्द्र पाल सिंह, उ.नि. विजय गोस्वामी, उ.नि. विकल सिंह ढाका, उ.नि. आजाद सिंह, उ.नि. अनिल कुमार, उ.नि. सतीश चन्द, उ.नि. श्रीमती भावना चौधरी रहे। कोर्ट मोहर्रिर एचसी अतुल कुमार, एचसी तेजवीर सिंह, एचसी प्रवीन सोलंकी, एचसी हरेन्द्र सिंह, एचसी धीरेन्द्र प्रताप सिंह, देवेन्द्र कुमार, संजय दीक्षित, संतोष कुमार, एचसी अनिल कुमार सिंह।

कोर्ट पैरोकार में एचसी प्रदीप कुमार, एचसी वेदपाल सिंह, एचसी अजय कुमार, एचसी देवेन्द्र सिंह, एचसी हरेन्द्र सिंह, एचसी जगदीश सिंह, एचसी राकेश कुमार, एचसी अजय सिंह, एचसी सुनील कुमार,. का. मनमोहन सिंह, का. प्रमोद कुमार, का. चन्द्रेश, एचसी योगेश कुमार, एचसी कृष्णकुमार, का. योगेश दीक्षित, का. विकास सिंह, एचसी लक्ष्मण सिंह, का. संदीप कुमार, एचसी मुकेश शर्मा, एचसी कैलाशकान्त, एचसी अकबर खाँ, का. यशपाल सिंह, का. सुरेन्द्र सिंह, का. पुष्पेन्द्र सिंह, एचसी विनोद कुमार, एचसी महावीर सिंह, एचसी सुनील कुमार शामिल हैं।

कार्यालय संयुक्त निदेशक अभियोजन जनपद फिरोजाबाद सुनील सिंह पटेल संयुक्त निदेशक, भईया प्रेमचन्द्र ज्येष्ठ, हरेन्द्र यादव, श्रीमती प्रीति यादव, सत्यप्रकाश मिश्रा सहायक, अतुल कुमार तिवारी सहायक, अतुल कुमार पाण्डेय सहायक, रिषिपाल सिंह सहायक अभियोजन अधिकारी सम्मिलित रहे। लोक अभियोजक में अवधेश भारद्वाज, कमल सिंह, संजीव शर्मा, अरबेश शुक्ला, राजीव उपाध्याय, अजय कुमार यादव, अवधेश शर्मा, प्रिय प्रताप सिंह, नारायण सक्सेना, अजय कुमार शर्मा, मनोज शर्मा, नरेन्द्र सोलंकी, प्रेम सिंह वर्मा, नरेन्द्र राठौर, अजमोद सिंह चौहान, प्रदीप चौहान, शीलेन्द्र प्रताप सिंह, मुरारीलाल लोधी रहे। जनपद में प्रभावी परैवी करते हुए अभियुक्तों को समयबद्ध सजा दिलाई गयी जिसमें विभिन्न अभियोगों से सम्बन्धित अभियोगों के वादियों द्वारा भी पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया गया एवं पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना की गयी। तत्पश्चात द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा पुलिस महानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा, जिलाधिकारी फिरोजाबाद एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद की उपस्थित में जनपद के समस्त ग्राम प्रहरियों को ट्रैक सूट व कैप (टोपा) वितरित किए गए।


पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली" ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है जो उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कालोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है :-

**निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण : 02-2025-कालोनी, कार्य का नाम** - (अ) "जीएम कार्यालय परिसर, पीसीसीएम कार्यालय, पीसीई कार्यालय परिसर और पीसीईई परिसर में स्थित विभिन्न हॉल और कार्यालयों में एयर कंडीशनिंग का प्रावधान" से संबंधित विद्युतीय कार्य तथा (ब) "पीएफए कार्यालय परिसर, पीसीएसटीई, पीसीओएम, पीसीएमडी, पीसीपीओ, पीसीएसओ, पीसीएमएम और पीसीएमई कार्यालय में स्थित विभिन्न हॉल और कार्यालयों में एयर कंडीशनिंग का प्रावधान" से संबंधित विद्युतीय कार्य, **अनुमानित लागत :** ₹ 8,05,78,022.00, **बयाने की राशि :** ₹ 5,52,900.00, **ई-निविदा फार्म का मूल्य :** शून्य, **कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से : 9 माह।**

• ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 25.02.2025 समय 15:00 बजे तक। • इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कालोनी/
मुजाधि/विद्युत-234 पू.उ.रे./गोरखपुर

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें



उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **05.03.2025** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या :** 01202025 dated 29.01.2025 |
| 2 | **निविदा संख्या :** 44-Sr.DEN-IV-LKO/2024-25 |
| 3 | **कार्य का नाम :** वरि. मण्डल इन्जीनियर/चतुर्थ के क्षेत्राधिकार में सहायक मण्डल इंजीनियर (प्रथम) सुलतानपुर और सहायक मण्डल इंजीनियर (द्वितीय) सुलतानपुर के तहत जफराबाद–सुलतानपुर–उतरेटिया सेक्शन में समपार सं. 3B, 6AC, 9B, 21C, 31SPL, 47SPL, 48SPL, 55SPL, 79B, 85B, 107C, 118B, 120C, 125B, 129SPL, 159A, 162B, 171/C, 179SPL, 182C, 183C व 193A और अयोध्या कैंट – सुलतानपुर सेक्शन व में समपार सं. 11B, 13B, 15C, 31A व 32A पर रबरयुक्त फर्श द्वारा सड़क की सतह में सुधार का कार्य। |
| 4 | **अनुमानित लागत :** रु. 6,38,06,775.60 |
| 5 | **धरोहर राशि :** रु. 4,69,000.00 |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | **निविदा डालने का प्रारंभ :** 19.02.2025 |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 05.03.2025 at 15:00 hrs. |
| 9 | **बेबसाईट :** www.ireps.gov.in |

नोट:- 1 निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। 382/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# धनुष भंग का मंचन देख आनंद में डूबे दर्शक

अवधनामा संवाददाता



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** सोमवार की रात ग्राम पंधरी के मदारी दास बाबा मंदिर प्रांगण में धनुष भंग लीला का भव्य मंचन हुआ। रामलीला आयोजन में राम की भूमिका सुमित शुक्ला ने निभाई, वहीं लक्ष्मण की भूमिका में उदित शुक्ला (कानपुर) नजर आए। परशुराम का किरदार गोपाल अवस्थी (कानपुर) ने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। जनक की भूमिका राजू तिवारी (टेढ़ा), पेटूराजा की भूमिका पिंटू तिवारी (महोबा) ने निभाई। कार्यक्रम में नर्तकी की भूमिका छोटी गुड़िया (कानपुर) ने निभाई। संगीत संयोजन में मेवालाल (मानिकपुर) और तबला वादन में गोपाल द्विवेदी का योगदान रहा। व्यास की भूमिका प्रदीप मिश्रा (कानपुर) ने निभाई जबकि एक्टर महेश्वरी दीन तिवारी (महोबा) ने शानदार प्रस्तुति दी। गणेश शर्मा (बांदा) और कुलदीप लावा भी विशेष भूमिकाओं में रहे।परशुराम और लक्ष्मण संवाद ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, समाजसेवी जुग्गीलाल गुप्ता ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से रामलीला का सफल आयोजन किया गया। पूर्व प्रधान अरविंद कुमार उर्फ बाले गुप्ता, रामदेव तिवारी, अनीश साहू, प्रेम चंद गुप्ता, मैकूलाल गुप्ता, अनुज तिवारी, बड़े साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी कलाकारों एवं सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान दर्शकों की भारी भीड़ मौजूद रही, जिसने आयोजन की भव्यता को और भी बढ़ा दिया।

# मासूम बच्ची के पेट से निकला 250 ग्राम बालों का गुच्छा

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** 5 साल की बच्ची के पेट से 250 ग्राम बालों का गुच्छा निकला। बच्ची के पेट में दर्द और उल्टियां होने पर परिवार ने डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टरों ने 40 मिनट ऑपरेशन कर बच्ची के पेट से बालों का गुच्छा निकाला। परिवार को बताया- बच्ची ट्राइकोबेजार नामक बीमारी से पीड़ित थी। मां ने 4 दिन पहले एक प्राइवेट क्लिनिक में बच्ची को भर्ती कराया। मंगलवार को उसे डिस्चार्ज कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के किरतुआ गांव निवासी महिला ने बताया 3 साल से मेरी बेटी के पेट में दर्द हो रहा था। पति मजदूरी करते हैं। हमारी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। हमीरपुर में इस बीमारी का इलाज महंगा था, इसलिए बच्ची को कानपुर में दिखा रहे थे, लेकिन डॉक्टर ने इलाज का खर्च डेढ़ लाख बताया। इसके बाद हमने हमीरपुर में एक प्राइवेट क्लिनिक के डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने अपनी क्लिनिक में बच्ची का ऑपरेशन किया। 35 हजार रुपए खर्च आया। बच्ची का इलाज करने वाले डॉक्टर केके लच्छकार ने बताया-बच्ची के परिजन हमारे क्लिनिक पर आए। जांच की गई तो पता चला कि बच्ची ट्राइकोबेजार नामक बीमारी से पीड़ित है। उसके पेट में 250 ग्राम का बालों का गुच्छा था। जो पेट और नली में फंसा हुआ था, जिसे ऑपरेशन कर निकाला। बच्ची की हालत अब ठीक है। टांके भी काट दिए गए हैं। एक साल तक बच्ची की दवा चलेगी। जिससे बच्ची के बाल खाने की लत दूर हो जाएगी। डॉक्टर ने बताया कि ऑपरेशन में सबसे बड़ी दिक्कत ये थी कि मरीज की उम्र कम थी। इसकी बॉडी भी बहुत वीक थी। मानसिक रूप से परेशान बच्चे ट्राइकोबेजार नामक बीमारी से ग्रसित हो जाते हैं। बाल खाने लगते हैं। पेट में एसिड बनता है, जो हर चीज को डाइजेस्ट कर लेता है, लेकिन बाल और नाखून को डाइजेस्ट नहीं कर पाता है। ये सब पेट में जाकर जमा होकर गुच्छा बन जाता है। डॉक्टर ने बताया- बड़ा गुच्छा होने की वजह से पेट में दर्द बना रहता है। खाना हजम नहीं होता, उल्टी की शिकायत बनी रहती है। मरीज बहुत कमजोर भी हो जाता है। सही समय पर इलाज मिलने पर बीमारी ठीक हो जाती है।

## डीएम ने शिकायतों के जल्द निस्तारण के दिए निर्देश

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 78 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल व जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने आयोजित किया जागरूकता शिविर



अवधनामा संवाददाता

**विश्व कैंसर दिवस**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** विश्व कैंसर दिवस के मौके पर एनटीपीसी विंध्याचल ने अपनी कर्मचारी कल्याण नीति के तहत एक व्यापक मौखिक और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन किया। यह आयोजन विंध्या अस्पताल में ÷आह्वान÷ कार्यक्रम के तहत किया गया, जिसमें कॉन्ट्रैक्ट श्रमिकों और लेडीज क्लब की सदस्यों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. प्रतिभा महेन्द्र (वरिष्ठ विशेषज्ञ, गायनकोलॉजी) द्वारा महिलाओं के लिए गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के बारे में जागरूकता सत्र से की गई, जबकि डॉ. मंजू रावत (दंत चिकित्सक) ने सभी प्रतिभागियों को तम्बाकू के सेवन से होने वाले मौखिक कैंसर के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सभी महिला श्रमिकों की गर्भाशय ग्रीवा कैंसर स्क्रीनिंग डॉ. प्रतिभा महेन्द्र और डॉ. हेमा उराव ने की, जबकि सभी श्रमिकों का मौखिक कैंसर स्क्रीनिंग डॉ. मंजू रावत ने किया।एनटीपीसी विंध्याचल के मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी ने तम्बाकू मुक्त कार्यस्थल की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ÷नो तम्बाकू पॉलिसी÷ का पालन किया जा रहा है और तम्बाकू के सेवन और कैंसर के बीच के संबंध को स्पष्ट किया। उन्होंने सभी से तम्बाकू से बचने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आह्वान किया।इस शिविर में डॉ. आर.पी. सिंह, डॉ. ब्रिजेश जैन, डॉ. दीपक डे, डॉ. वर्तिका कुलश्रेष्ठ, डॉ. प्रतिश राज, डॉ. तनमय पटेल और श्री सुरजन सिंह राजपूत ने सक्रिय रूप से भाग लिया और स्क्रीनिंग तथा परामर्श प्रदान किया।

# एलीट पब्लिक स्कूल का हुआ भव्य उद्घाटन

अवधनामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** नगर में विगत 5 वर्षों से संचालित की नई प्राइमरी शाखा का एलीट पब्लिक स्कूल के रूप में भव्य उद्घघाटन सम्पन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर कई गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अविनाश कुशवाहा एवं रमेश चंद्र दुबे पूर्व विधायक द्वय सहित राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत ओमप्रकाश त्रिपाठी व को साधन सहकारी समिति डायरेक्टर बलदेव सिंह संयुक्त रूप से उपस्थित रहे। एलिट पब्लिक स्कूल के उद्घघाटन सत्र का शुभारंभ सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन से किया गया। तत्पश्चात विद्यालय में नामांकित छात्र छात्राओं द्वारा सुंदर सरस्वती वंदना, स्वागत गीत ,नृत्य सहित अंग्रेजी, संस्कृत व हिंदी भाषाओं में गीत, संगीत व संस्कृत सूक्तियों आधारित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमो से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। उद्घघाटन समारोह के संबोधन सत्र में विधायक गण सहित सभी वक्ताओं द्वारा संस्थान के निदेशक विशेष पांडे, गौरी त्रिपाठी एवं प्रिंसिपल रागिनी विशेष जी को शुभकामनाएं संदर्भित करते हुए नन्हे मुन्ने बच्चों को वर्तमान परिवेश के तकनीकी ज्ञान को कला व संगीत आधारित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या रागिनी विशेष ने सभा को संबोधित करते हुए स्व्4 छोटा स्कूल के करिकुलम को नए संस्करण के साथ जोड़ते हुए नई शिक्षा नीति आधारित शिक्षण हेतु अपना संकल्प व्यक्त किया। संस्थान के प्रबंध निदेशक विशेष पांडेय एवं गौरी त्रिपाठी द्वय द्वारा भी अपने संबोधन में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने सहित सभी अतिथियों व अभिभावकों को सहभागिता हेतु धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का सुंदर संचालन अधिवक्ता विनीत श्रीवास्तव द्वारा किया गया। परिसर में संचालित बोधिसत्व संस्थान के बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थियों के शुभ विदाई कार्यक्रम को भी संयुक्त रूप से आयोजित करते हुए विद्यालय शिक्षकों के द्वारा सभी परीक्षार्थियों को आगामी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी गई। इस समारोह में विद्यालय परिवार के छात्राओं सहित उनके अभिभावक गण जनसमूह की उपस्थिति में कार्यक्रम को मूर्त स्वरूप प्रदान किया।

# आई.जी.आर.एस. रैंकिंग में जनपद टाप पर

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (जनसुनवाई) की माह जनवरी 2025 में आईजीआरएस पोर्टल पर किए गए कार्यो के संबंध में रैंकिंग जारी की गई है,जिसमें पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व आईजीआरएस सेल के नामित नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक जनपद के नेतृत्व में, प्रदेश के जनपदों की रैंकिंग में जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आईजीआरएस में की गई शिकायतों के निस्तारण में हमीरपुर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।जनपद के 14 में से 13 थाने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर जारी रैंकिंग में हमीरपुर को 125/125 फीसदी अंक मिले है। आईजीआरएस सेल में नियुक्त प्रभारी आईजीआरएस सेल उपनिरीक्षक प्रिंस दिक्षित, कम्प्यूटर ऑपरेटर सुनैना, कांस्टेबल वीरेद्र कुमार व अंकित पाण्डेय, शिकायतकर्ताओं से फीडबैक प्राप्त कर कार्यवाही भी की गई।पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्राप्त प्रकरणों की सर्किलवार समीक्षा कर गुणवत्ता की जांच कराई गयी। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीमों को मिलकर भूमि विवादों जैसी समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के लिए प्रेरित किया। आईजीआरएस प्रणाली में न केवल शिकायतों का समाधान किया गया,बल्कि शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेकर उनकी संतुष्टि को भी प्राथमिकता दी गई । इस प्रक्रिया से हमीरपुर पुलिस केवल समस्याओं का समाधान नहीं करती, बल्कि यह सुनिश्चित करती है कि समाधान संतोषजनक हो।पुलिस अधीक्षक द्वारा आईजीआरएस सेल में नियुक्त कर्मचारी व थानों पर नियुक्त आईजीआरएस कर्मचारियों को भविष्य में इसी प्रकार मेहनत और लगन से कार्य कर जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु उत्साहवर्धन किया गया।

# दो ट्रकों की सीधी टक्कर के बाद लगी आग

अवधानामा संवाददाता



**मौदहा, हमीरपुर।** जनपद में उस वक्त सनसनी फैल गयी जब नेशनल हाइवे में दो ट्रको की आमने सामने भिड़ंत हो गयी और फिर आग लग गयी।

हादसे में तीन लोगों की ट्रको के बीच फसने व आग लगने से झुलस कर मौत हो गयी।सूचना पर पहुँची पुलिस व फायर ब्रिग्रेट की टीम ने लगभग दो घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।इस दौरान नेशनल हाइवे पर आमागमन कर रही गाड़ियों के पहिये थम गए जिससे लंबा जाम लग गया। मामला जनपद से निकले कानपुर सागर नेशनल हाइवे स्थित मौदहा कोतवाली क्षेत्र के छिरका मोड़ के पास गजानन ढाबा के पास का है। जहाँ पर पड़ोसी जनपद महोबा के उघोग नगरी कबरई से गिट्टी लोड कर ट्रक संख्या यूपी32डब्लू एन07271 गाडी चला रहे जनपद उन्नाव थाना हसनगंज ग्राम नबलगंज निवासी 25 वर्षीय ड्राइवर विकास यादव पुत्र ब्रजपाल व जनपद उन्नाव के ही ग्राम उलरापुर निवासी 22 वर्षीय खलासी कुँवर राजपूत कानपुर की ओर जा रहे थे। वही कानपुर की ओर से कबरई की ओर जा रहे ट्रक नम्मर यूपी 32 वी0एन01023 खाली गाड़ी चला रहे जनपद सीतापुर थाना सिधौली ग्राम रेवरी पुरवा निवासी 30 वर्षीय ड्राइवर पंकज पुत्र अग्नेलाल, जनपद सीतापुर के थाना हसनापुर ग्राम मानपुर निवासी खलासी अनिल कुमार पुत्र राजकुमार तथा उनके साथ ड्राइवर पंकज का साला जनपद सीतापुर थाना लहरपुर के ग्राम कुंभारनपुरवा कपिल की गाड़ी जैसे ही कस्वा मौदहा से निकल ग्राम छिरका मोड़ गजानन ढाबा के पास पहुँची दोनों में आमने सामने भीषण भिड़ंत हो गयी।बताया जा रहा टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गाड़ियों के परख्च्चे उड़ गए देखते ही देखते गाड़ियों में आग लग गयी।जिससे सभी गाड़ियों में सवार लोग गाड़ियों में फस गए।सूचना लगते ही स्थानीय पुलिस व क्षेत्राधिकारी मौदहा व फायर विग्रेट हमीरपुर व महोबा की टीम ने मौके पर पहुँच कर बचाव कार्य जारी किया। पुलिस ने ट्रको में फसे एक गाडी के ड्राइवर विकास यादव व दूसरी गाड़ी के क्लीजर अनिल को निकाल कर आनन फानन में कस्वे के समुदायक स्वस्थ केंद्र में भर्ती कराया गया। जिनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें रिफर किया गया।बाकी ट्रको में फसे अन्य तीन लोग खलासी कुँवर राजपूत,ड्राइवर पंकज रिश्तेदार कपिल गाड़ियों के बीच बुरी तरह फसने व आग लगने के कारण जल कर उनकी मौत हो गयी।

# कांग्रेस पार्टी ने दिया ज्ञापन



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** कांग्रेस पार्टी द्वारा महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। महामहिम को संबोधित ज्ञापन में कांग्रेस पार्टी इटावा द्वारा मांग की गई की मौनी अमावस्या के अवसर पर संगम प्रयागराज महाकुंभ में हुई भगदड़ में कई श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई घायल हो गए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अभी तक मृतक श्रद्धालुओं एवं घायलों की सूची जारी नहीं की गई जिससे इस घटना में मारे गए एवं घायल हुए श्रद्धालुओं के परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है कांग्रेस पार्टी मांग करती है की जनहित में उत्तर प्रदेश सरकार अभिलंब उक्त घटना में मारे गए एवं घायल हुए श्रद्धालुओं की सूची जारी करे। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, शहर अध्यक्ष पल्लब दुबे, पीसीसी सदस्य प्रमोद संखवार, आलोक यादव संजय तिवारी, संजय दोहरे, अतुल आक्रोश, ललित दुबे , करन सिंह राजपूत, प्रेम किशोर दुबे, विष्णु कांत मिश्रा, सोजेब रिजवी, सरवर अली, सुनीता कुशवाहा, सतीश शाक्य, आनंद वर्मा, श्याम सिंह कुशवाहा, सचिन संखवार, मोहनलाल प्रजापति, अनूप परमार, रीना यादव, नासिर जलील, पदम दुबे, लव कुश, नारायण शंकर शर्मा, दिनेश शाक्य, मोहसिन अली, विजय कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# कुंभ में मारे गए लोगों की तत्काल सूची जारी करे सरकार

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी सोनभद्र के अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड, शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी के संयुक्त नेतृत्व में मौनी अमावस्या के अवसर पर संगम प्रयागराज में हुई भगदड़ में श्रद्धालुओं की मृत्यु के वाजिब आंकड़े देने हेतु उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदया के नाम संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी सोनभद्र के माध्यम से भेजा गया ज्ञापन के माध्यम से यह मांग की गई की उक्त घटना में मारे गए एवं घायल हुए तथा लापता हुए श्रद्धालुओं की उत्तर प्रदेश सरकार तत्काल सूची जारी करें । उक्त कार्यक्रम मगलवार को कांग्रेस कमेटी सोनभद्र के पदाधिकारी कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय से एकजुट होकर जनपद सोनभद्र के जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे और जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने कहा कि यह सरकार सैकड़ो परिवारों को एक असहनीय पीड़ा दे रही है जो लोग लापता है उनके परिजन दर-दर हाथों में फोटो लेकर भटक रहे हैं तमाम मीडिया चैनलों के माध्यम से सोशल मीडिया पर खबरें आ रही है लोग रो रहे हैं बिलख रहे हैं सरकार संवेदनशीलता का परिचय नहीं दे रही है हम सब सोनभद्र के कांग्रेस जन अपने नेता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माननीय अध्यक्ष अजय राज के आवाहन पर महामहिम राज्यपाल से यह अनुरोध करते हैं कि उत्तर प्रदेश की सरकार हादसे में मारे गए लोगों का हादसे में घायल हुए लोगों का हादसे में मामूली रूप से घायल हुए लोगों की सूची अभिलंब प्रकाशित करें जिससे कि आम जनमानस को जिनके परिजन अथवा रिश्तेदार लापता है अथवा दर-दर भटक रहे हैं उनको इंसानियत रूपी न्याय मिल सके कार्यवाहक शहर अध्यक्ष राजू त्रिपाठी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार मानवीय मूल्यों को ठेका दिखाते हुए देश के कोने-कोने से आए हुए श्रद्धालुओं के परिजनों को एक ऐसा जख्म दे रही है जिसका परिणाम खुद सरकार को भोगना पड़ेगा सरकार से हम यह मांग करते हैं कि हादसे में लापता, मारे गए एवं घायल हुए लोगों की सरकार तत्काल सूची जारी करें ।

ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड, शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ,पूर्व प्रदेश सचिव कमलेश ओझा, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शशांक मिश्रा पीसीसी सदस्य हाजी फरीद अहमद जिला उपाध्यक्ष जगदीश मिश्रा बृजेश तिवारी गोपाल पाठक जिला महासचिव बाबूलाल पनिका,राजबली देव पांडे, जिला सचिव आशीष सिंह पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सेतराम केसरी, पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव शीतला सिंह पटेल, घोरावल ब्लाक के अध्यक्ष लल्लूराम पांडे, कर्मा ब्लॉक के अध्यक्ष बंशीधर देव पांडे, चतरा ब्लॉक के अध्यक्ष निगम मिश्रा, सदर ब्लॉक रावटसगंज के अध्यक्ष अमरेश देव पांडे मोहम्मद निसार अहमद सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### इकबाल राईन बने युवा शहर उपाध्यक्ष



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** ऑल इंडिया/उत्तर प्रदेश जमीअत उर राईन के जिलाध्यक्ष मुहम्मद मुस्तक़ीम राईन ने युवा शहर उपाध्यक्ष इक़बाल राईन को नियुक्त किया। जमीअत का कार्यक्रम कटरा शमशेर खां में सम्पन्न हुआ जिसमें समाज के सम्मानित लोगों ने अपने विचार वियक्त किये। आये हुए लोगों ने श्री इकबाल का फूल-माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। शहर अध्यक्ष इमरान नौशे राईन तथा लोगों ने जमीअत के काम की सरहाना की। कार्यक्रम में ज़ाकिर हुसैन राईन, शहवाज़ अली राईन मुजम्मिल राईन, साबिर राईन, मुस्तक़ीम राईन आदि राईन समाज के लोग मौजूद रहे। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष मुहम्मद मुस्तक़ीम राईन ने दी।

### हमारा आँगन हमारे बच्चें कार्यक्रम का आयोजन



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत जनसमुदाय को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने एवं 3 से 6 वर्ष के बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों में नामांकन व उपस्थिति में बढ़ोतरी के सम्बंध में हमारा आँगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन ब्लाक सभागार जसवंतनगर में मंगलवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विकास खण्ड के नौनिहालों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम में वित्त एवं लेखाधिकारी राजकुमार यादव खण्ड शिक्षा अधिकारी गिरीश कुमार जिला समन्वयक प्रशिक्षण ज्ञानेंद्र सिंह डायट मेंटर मनोज यादव एआरपी जवाहर लाल राजेन्द्र यादव शांतिस्वरूप जितेंद्र यादव अरबिंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

### शिवपाल सिंह ने आशीष कुमार का किया सम्मान



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** ग्राम किराना सौरिख, कानपुर हॉल निवास, गोवर्धन कॉलोनी, घुगलपुर, इटावा के आशीष कुमार यादव ने थाईलैंड में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय मॉडलिंग प्रतियोगिता IAMS इंटरनेशनल में विश स्टार पर 4 स्थान प्राप्त किया और विशेष पुरस्कार मोस्ट प्रमिसिंग मॉडल इंटरनेशनल का खिताब भी हासिल किया। यादव संतोष कुमार यादव के सुपुत्र हैं इससे पहले दिसंबर में आयोजित हुई मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता, जो पुणे, महाराष्ट्र में हुई थी उसमे भी अपनी प्रतिभा से मिस्टर इंडिया IAMS का खिताब हासिल किया था, जो कि ग्लोबल मॉडल इंडिया द्वारा आयोजित की जाती है। श्री यादव की इस उपलब्धि पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व विधायक शिवपाल सिंह यादव ने थाईलैण्ड से फैशन शौ जीतकर आने पर उनका स्वागत व सम्मान कर उन्हें बधाई दी। इसके साथ-साथ आशीष के परिवार और मित्रों ने उन्हें बधाई दी है और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

### शराबियों के उत्पात से आमजन परेशान

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम मुंडेरा में एक आटा चक्की के बगल में खुले आम जुआडियो का अड्डा होने से लोग परेशान है। ग्राम मुंडेरा के ग्रामीणों ने बताया शिवानी आटा चक्की के बगल में सुबह से ही जुआड़ियों का जमघट लग जाता है जो देर तक चलता रहता है। जुआ के साथ-साथ यहां शराब पीने का भी दौर चलता है।

# पर्यावरण पर क्रियान्वन की जरूरत है: सिंह

- ऐश बाध पर बनी मधुमन पार्क लोगों की बनी पहली पसंद
- मधुमन पार्क में भव्य पुष्प प्रदर्शनी लगाई गई

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/अनपरा।** हिंडालको रेणुसागर पावर डिवीज़न पर्यावरण के प्रति सदैव सजग है, रेणुसागर पर्यावरण संतुलन बेहतर बनाये रखने के लिए सदैव प्रयासरत रहता है इसी क्रम में कई एकड़ में फैले पुराने ऐश बाध पर बने मधुमन पार्क में भव्य पुष्प प्रदर्शनी लगाई गई।जिसमें सैकड़ो किस्म के फ्लॉवर प्रदर्शनी में लगाई गई थी।इस अवसर पर मुख्य अतिथि हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह पुष्प प्रदर्शनी के दौरान उत्तम योगदान देने वाले कर्मचारियों को उत्साह वर्धन के लिए पुरस्कृत किया।मुख्य अतिथि यूनिट हेड आरपी सिंह ने अपने सम्बोधन कहा कि पर्यावरण पर सिर्फ चिंतन ही नही क्रियान्वन की जरूरत है। पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति अधिक से अधिक मात्रा में पौधरोपण जरूर करे और उससे भी ज्यादा जरुरी है कि पौधरोपण को संरक्षित और विकसित करे, उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हमारा देश कोविद -19 कि त्रासदी से गुजरा जिसमे ऑक्सीजन कि कमी के कारण कितने लोगो को अपंनी जान गवानी पड़ी , यदि हम पौधरोपण करते और उन्हे बचाते तो वह बृछ हमें चौबीस घंटे ऑक्ससीजन प्रदान करते द्वमुख्य अतिथि में माली डिपार्टमेंट की सराहना करते हुये कहा कि मधुमन पार्क आज उर्जान्चल की बेहतरीन खूबसूरत पिकनिक स्पॉट बना हुआ है ,उसी तरह आवासीय परिसर में स्थित सभी पार्को खूबसूरत बनाने के लिये निर्देश दिया।पुष्प प्रदर्शनी में मुख्य रूप से फूलों के संग्रह, कोलियस, गुलदावदी के फूल, गुलाब के फूल ,लीलीयम, जरबेरा, कारनेशन, ग्लैडियोलस, रजनीगंधा, बर्ड ऑफ पैराडाइज, गेंदा ,डहेलिया, पंजी, वरबीना, डिपोरिया, बराइकम, गजेनिया, जेरेनियम, स्टाक, सालविया, आस्टर, डैफोडिल, फ्रेशिया, आयरस सहित सैकड़ों पुष्प शोभा बनी हुई थी। इसके पूर्व सेवा निव्रित कर्नल जयदीप मिश्रा ने मुख्य अतिथि हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह का स्वागत किया।इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा इंदु सिंह, हेड एच आर शैलेश विक्रम सिंह वरिष्ठ सदस्याएं विभा शैलेश विक्रम सिंह,कविता श्रीमाली रोहित फरासी ,सतनाम सिंह, सदानन्द पांडेय,मान्यता प्राप्त श्रम संगठनों के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण हाल का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज जिला शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थान में स्थापित नव निर्मित प्रशिक्षण हाल का औचक निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी वित्तीय वर्ष-2023-24 में बनकर तैयार भवन की स्थिति का जायजा लिये, निरीक्षण में पाया गया कि भवन का मरम्मत, देख-रेख समय-समय पर नहीं किया जाता है, जिससे भवन के दीवार में दरार आ गया है, जिसे ठीक करने के लिए सम्बन्धित कार्यदायी संस्था यू0पी0 पी0सी0एल0 को सूचित करते हुए भवन के मरम्मत व अन्य आवश्यक व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश प्रभारी प्रचार्य डायटध्जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि भवन मरम्मत के कार्य में जो भी सामग्री उपयोग किया जाये, वह गुणवत्तायुक्त हो, जिससे भविष्य मे भी भवन की मजबूती बनी रहें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रभारी प्रचार्य डायटध्जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण हाल के दीवार में आयी दरार को तत्काल मरम्मत करते हुए दुरूस्त किया जाये, परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था की जाये, भवन के छत पर पत्तों के ढेर को हटाया जाये, छत पर अनावश्यक सामानों को एकत्रित न होने दें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्यदायी संस्था द्वारा इन तथ्यों का संज्ञान नहीं लिया जाता है व मरम्मत आदि के कार्य में शिथिलता व लापरवाही बरती जाती है, तो सम्बन्धित जिम्मेदार के खिलाफ विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

# महाकुंभ में हो रहा है विविध साधनाओं का संगम



## वैष्णव अखाड़ों में खालसा के संतों में है साधना की यह कठिन परम्परा

वैष्णव अखाड़े के खालसा में इस अग्नि स्नान की साधना की परम्परा है जो बेहद त्याग और संयम की स्थिति में पहुंचने के बाद की जाती है। श्री दिगंबर अनी अखाड़े में महंत राघव दास बताते हैं कि अग्नि साधना वैष्णव अखाड़ों के सिरमौर अखाड़े दिगंबर अनी अखाड़े के अखिल भारतीय पंच तेरह भाई त्यागी खालसा के साधकों की विशेष साधना है। यह साधना अठारह वर्षों की होती है। इस अनुष्ठान को पूरा करने के पीछे न सिर्फ साधना के उद्देश्य की पूर्ति करनी होती है बल्कि साधु की क्षमता और सहनशीलता का परीक्षण भी होता है। लगातार 18 वर्ष तक साल के 5 माह इस कठोर तप से गुजरने के बाद उस साधु को वैरागी की उपाधि मिलती है।

- बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर्व से शुरू हुई वैष्णव अखाड़ों की अद्भुत अग्नि स्नान साधना
- महा कुंभ के तपस्वी नगर में दिगम्बर अनी अखाड़ों के साधकों ने आरंभ की पंच धूनी की कठिन तपस्या

**अवधनामा संवाददाता**

**महाकुम्भ नगर/लखनऊ।** महाकुंभ त्याग और तपस्या के साथ विभिन्न साधनाओं के संकल्प का भी पर्व है। प्रयागराज महाकुम्भ साधनाओं के विविध संकल्पों का साक्षी बन रहा है ऐसी ही एक साधना है पंच धूनी तपस्या जिसे अग्नि स्नान की साधना भी कहा जाता है जिसकी शुरुआत बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर्व से हो गई। कुम्भ क्षेत्र जप ,तप और साधना का क्षेत्र है जिसके हर कोने में कोई न कोई साधक अपनी साधना में रत नज़र आएगा। महाकुम्भ के तपस्वी नगर में बसंत पंचमी से एक खास तरह की साधना का आरंभ हुआ है जिसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा कौतूहल है। इस साधना को पंच धूनी तपस्या कहा जाता है जिसे आम भक्त अग्नि स्नान साधना के नाम से भी जानते हैं। इस साधना में साधक अपने चारों तरफ जलती आग के कई घेरे बनाकर उसके बीच में बैठकर अपनी साधना करता है। जिस आग की हल्की से आंच के सम्पर्क में आने से इंसान की त्वचा झुलस जाती है उससे कई गुना अधिक आंच के घेरे में बैठकर ये तपस्वी अपनी साधना करते हैं।

## बसंत पंचमी की दूसरे दिन भी 66.70 लाख ने किया संगम स्नान

- अब तक कुल 38.15 करोड़ लोगों ने किया संगम स्नान



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ के वसंत स्नान पर्व के दूसरे दिन 66 लाख 70 हजार लोगों ने संगम स्नान किया।

भोर से श्रद्धालुओं ने संगम स्नान शुरू कर दिया। मंगलवार शाम04 बजे तक 20.65 लाख श्रद्धालु और 10 लाख कल्पवासी संगम स्नान कर चुके थे। सुबह 10 बजे स्नान करने वाले श्रद्धालु और कल्पवासियों की संख्या 51.20 लाख पहुंच गई। दोपहर 12 बजे 54.58 लाख लोग स्नान कर चुके थे। कुम्भ मेला प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक दोपहर दो बजे तक 61.20 लाख लोगों ने संगम स्नान किया। और शाम 4:00 बजे तक स्नानार्थियों की संख्या 66.70 लाख पहुंच चुकी थी। इस प्रकार अबतक 38 करोड़ 15 लाख लोगों ने महाकुम्भ में संगम स्नान किया। वसंत पंचमी स्नान पर्व पर 37.54 करोड़ ने संगम में डुबकी लगाई थी।

## आठ सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर नामजद, मुकदमा

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ के सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावसया को भगदड़ को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें व वीडियो भी पोस्ट किया जा रहा है। हालांकि कुम्भपुलिस ने अब भ्रामक खबर प्रसारित करने वाले सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर को चिह्नित कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने अब तक आठ सोशल मीडिया एकाउंट की पहचान कर नामजद मुकदमा दर्ज किया है। कुम्भ पुलिस की मानें तो सोशल मीडिया एकाउंट से नेपाल के वीडियो को महाकुम्भ का बताकर पोस्ट करते हुए अफवाह फैलाई जा रही थी कि प्रयागराज यानी मौत का महाकुम्भ भगदड़ कांड में एक परिवार से तीन-तीन लोगों की जान गई परिजन पोस्टमार्टम हाउस से कंधे पर शवों को लेकर जा रहे लोग जैसे वीडियो व खबर पोस्ट की गई। इस वीडियो का सच्चाई का पता लगाने के बाद पुलिस ने एक्स एकाउंट आईडी धारक बृजेश कुमार प्रजापति, रज्जन शाक्य, असरफ खान, सत्यप्रकाश नागर, प्रियंका मौर्या, आकाश सिंह भारत व अभिमन्यु सिंह जर्नलिस्ट के खिलाफ कोतवाली कुम्भ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके अलावा इंस्टाग्राम एकाउंट पर टाइगर यादव ने एक वीडियो पोस्ट किया गया। जिसमें नाट्य रूपांतरण करते हुए यह दिखाया जा रहा था कि कुम्भ मेला में मृतकों के शवों को नदी में प्रवाहित कराया जा रहा है। जिनकी सांस चल रही है, उनकी किडनी निकालकर उनके शवों को नदी में प्रवाहित करने की बात वीडियो में कही जा रही है। इस तरह भ्रामक वीडियो पोस्ट करने पर इंस्टाग्राम एकाउंट धारक के विरुद्ध भी कोतवाली कुम्भ में एफआईआर दर्ज की गई है। डीआईजी कुम्भ वैभव कृष्ण ने बताया कि भ्रामक सूचना व वीडियो प्रसारित करने वालों को चिह्नित कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## रेलवे ने बसंत पंचमी पर्व पर 300 से अधिक ट्रेनों का किया सफल संचालन

- बसंत पंचमी पर्व पर प्रयागराज रेल मण्डल के सभी स्टेशनों से चलीं 106 मेला स्पेशल ट्रेनें
- बसंत पंचमी पर्व पर प्रयागराज जंक्शन के कंट्रोल रूम से किया गया सफल क्राउड मैनेजमेंट



### प्रयागराज जंक्शन से सबसे अधिक 55 मेला स्पेशल ट्रेनें चलाई गई

प्रयागराज रेलवे के वरिष्ठ जन संपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि बसंत पंचमी पर्व के लिए प्रयागराज जक्शंन से सबसे अधिक 55 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। जबकि छिवकी से 11, नैनी जंक्शन से 2 और सूबेदारगंज से 8 स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं। वहीं उत्तर रेलवे के प्रयाग और फाफामऊ स्टेशनों से लगभग 15 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। वाराणसी की ओर जाने के लिए रामबाग और झूंसी स्टेशनों से क्रमशः 6 और 9 ट्रेनों का संचालन किया गया। उन्होंने बताया कि क्राउड मैनेजमेंट के लिए पूर्वनियोजित तरीके से यात्रियों को दिशावार कलर कोडेड आश्रय स्थलों के जरिये प्लेटफार्म पर पहुंचाया गया। रेलवे के कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों की मदद से निगरानी और निर्देश जारी कर सफल क्राउड मैनेजमेंट किया गया।

महाकुम्भ प्रयागराज में बंसत पंचमी का दिव्य, भव्य अमृत स्नान संपन्न हो गया। जिसमें देश के कोने-कोने से आये करोड़ों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। मेला प्राधिकरण के अनुमान के मुताबिक बसंत पंचमी पर्व पर 2.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम स्नान किया। श्रद्धालु पिछले कई दिनों से अमृत स्नान में सम्मिलित होने के लिए लाखों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे थे। प्रयागराज रेल मण्डल ने तीर्थ यात्रियों के सुगम आवागमन के लिए बसंत पंचमी पर्व के दिन 106 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया। इसके साथ ही लगभग 200 नियमित ट्रेनें भी शहर के सभी स्टेशनों से चलाई गई। जिससे लाखों की संख्या में तीर्थयात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य स्टेशनों तक पहुंचाया गया।

महाकुम्भ में बसंत पंचमी के अमृत स्नान का विशेष महत्व है। इस वर्ष महाकुम्भ में बसंत पंचमी पर्व पर 2.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। जिनके सुगम और सुरक्षित आवागमन के लिए प्रयागराज रेल मण्डल ने लगभग 200 नियमित और 106 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया। मेला स्पेशल ट्रेनें शहर के सभी स्टेशनों से दिशावार गंतव्य स्टेशनों के मुताबिक चलाई गई। लखनऊ, रायबरेली के लिये प्रयाग, फाफामऊ स्टेशन से तो वारणसी की ओर जाने के लिए रामबाग और झूंसी स्टेशन से स्पेशल ट्रेने चलाई गई। दिल्ली, आगरा और कानपुर की ओर प्रयागराज जंक्शन और सूबेदारगंज से, जबकि सतना, मैहर, मानिकपुर दिशा के लिए नैनी और छिवकी स्टेशन से ट्रेनों का संचालन किया गया। अनुमान के मुताबिक बसंत पंचमी पर्व पर लगभग 10 लाख यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य स्टेशनों तक पहुंचा गया।

## रोटरी मिडटाउन ने किया भंडारे का आयोजन

**प्रयागराज।** रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने इनर व्हील मिडटाउन के सहयोग से महात्मा गांधी मार्ग, सिविल लाइन्स स्थित यूनिवर्सल बुक डिपो के पास एक भंडारा आयोजित किया। इस भंडारे का मुख्य उद्देश्य महाकुंभ मेले में आए लाखों श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना था ताकि कोई भी भक्त भूखा न जाए।

इस आयोजन का प्रायोजन रोटरी क्लब के सदस्यों द्वारा किया गया। जिनमें गौरव मोहन, विदुप अग्रहरी, अभिषेक रंजन, संस्कार गुप्ता, अमित मिश्रा, नीरजचुग, वरुण सूद, नीरज अग्रवाल, नीरज मेहरोत्रा, अंकुर अग्रवाल, विनीत चावला, राजीव अरोरा, जगदीश्वर खन्ना, रोहित मलिक, स्वाति और मयंक खर्बदा आदि तथा इनर व्हील मिडटाउन के सदस्य शामिल थे। इस भंडारे के माध्यम से रोटरी और इनर व्हील मिडटाउन के सदस्यों ने समाज की सेवा में अपना योगदान दिया और क्लब अध्यक्षा राधा सक्सेना, सचिव नीरज इनरव्हील क्लब अध्यक्षा रंजना सिंघानिया और सचिवा आरती सक्सेना ने सुनिश्चित किया कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो।



## दिव्यांग नसीम बेगम ने श्रद्धालुओं का किया खैरमखदम

**प्रयागराज।** बसंत पंचमी पर सामाजिक सेवा के लिए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा सम्मानित दिव्यांग नसीम बेगम ने महाकुंभ में दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं को बिस्किट पानी की बोतल चाय पिलाया और गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की। प्रयागराज के बहादुरगंज निवासी नसीम बेगम जो बोल और सुन नहीं सकती इन्होंने रोड पर उतर कर महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं का दिल खोल कर स्वागत किया।

नसीम बेगम ने इशारों में कहा कि हम अल्लाह के वास्ते कुंभ में आ रहे लोगों की सेवा कर रहे हैं। ज्ञात हो कि नसीम बेगम को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सामाजिक क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया था। इस दौरान राना परवीन, जरीना बेगम, इरशाद उल्ला, अल्तमस अल्लाह,जाकी खान, असद, इमरान, आदि लोग रहे।



## आरडीएसओ ने किया आईआईएफ-2025 में विक्रेता संपर्क सत्र का आयोजन




**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** आरडीएसओ ने राजकोट, गुजरात में लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित 9वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर -2025 में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस आयोजन के दौरान, आरडीएसओ द्वारा 4 फरवरी को उद्योग जगत के अग्रणियों और प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य आरडीएसओ के विक्रेता आधार को बढ़ाना था। संजय कुमार शर्मा, कार्यकारी निदेशक, गुणवत्ता आश्वासन/यांत्रिकी/मुंबई ने सेमिनार में विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसके माध्यम से उन्होंने विभिन्न उद्योग भागीदारों, विक्रेताओं और उद्योग प्रतिनिधियों को भारतीय रेलवे की खरीद प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी और उन्हें विक्रेता पंजीकरण और अनुमोदन के लिए बनाए गए ऑनलाइन पोर्टल यूवीएएम से परिचित कराया। उन्होंने आरडीएसओ द्वारा नए विक्रेताओं के लिए पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में भी पूरी जानकारी दी और वहां उपस्थित सभी उद्योग प्रतिनिधियों और विक्रेताओं की शंकाओं का समाधान किया। पवन कुमार शर्मा, कार्यकारी निदेशक/ गुणवत्ता आश्वासन/ एस एंड टी ने भी विभिन्न रेलवे इकाइयों की भागीदारी के साथ भारतीय रेलवे के लिए विक्रेता आधार को बढ़ाने के उद्देश्य से 3 फरवरी को आयोजित एक संगोष्ठी में आरडीएसओ की ओर से ऑनलाइन विक्रेता पंजीकरण और अनुमोदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। ये विक्रेता संवाद सत्र सबसे बड़ी विक्रेता बैठकों में से एक थे और इनमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। राजकोट भारत में फाउंड्री का केंद्र है और अधिकांश प्रतिभागी फाउंड्री और इंजीनियरिंग उद्योगों से थे। यह पूरी तरह से अपेक्षित है कि इन वार्ताओं और संवाद सत्रों के बाद, आरडीएसओ का विक्रेता आधार और बढ़ेगा और भारतीय रेलवे को उत्पादों की खरीद के लिए नए और बेहतर स्रोत और अवसर मिलेंगे।

## अवैध प्लाटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्वाई

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को पीजीआई के कल्ली पश्चिम में अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि सी.डी. यादव, गया प्रसाद, संतोष कुमार, धर्मेन्द्र, दीपक व अन्य की ओर से पीजीआई के कल्ली पश्चिम में प्रस्तावित बस स्टैण्ड के पास भूमि खसरा नम्बर 2627क और 2635ग पर लगभग 16 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग करते हुए अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे। विहित न्यायालय के आदेश पर सहायक अभियंता राम सागर वर्मा के नेतृत्व में अवर अभियंता भरत पाण्डेय और विवेक कुमार ने अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई। इस दौरान स्थल पर विकसित की गयी सड़कें, नालियां, बाउण्ड्रीवॉल और भूखण्डों के डिमार्केशन के लिए की गयी चुनाई को ध्वस्त कराया गया।

## ग्रीन कॉरिडोर के दूसरे फेज ने पकड़ी रफ्तार

- आईआईएम रोड से समतामूलक चौराहे तक वाहन सीधा भर सकेंगे फर्राटा
- आवास आयुक्त ने निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की समीक्षा की



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** ग्रीन कॉरीडोर परियोजना के दूसरे चरण में किये जा रहे कामों ने रफ्तार पकड़ ली है। इन कामों के पूरे होने से आईआईएम रोड से समतामूलक चौराहे तक वाहन सीधे फर्राटा भर सकेंगे। आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने मंगलवार को ग्रीन कॉरीडोर परियोजना का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान संतोषजनक काम मिलने पर उन्होंने लविप्रा अधिकारियों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार सहित अन्य अधिकारी व अभियंतागण उपस्थित थे। आवास आयुक्त ने मंगलवार को ग्रीन कॉरीडोर के पहले चरण के आईआईएम रोड से पक्का पुल तक बंधा चौड़ीकरण, 4 लेन सड़क और गऊ घाट ब्रिज का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पक्का पुल से डालीगंज तक 1.8 किलोमीटर लम्बाई में बनाए जा रहे फ्लाईओवर/ आरओबी का निरीक्षण किया। लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि फ्लाईओवर का निर्माण 210 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है, जिसका लगभग 30 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। हनुमान सेतु पर लगभग 27 करोड़ रुपये की लागत से 240 मीटर लम्बाई में बनाए जा रहे 2 लेन ब्रिज का काम 50 प्रतिशत पूरा हो चुका है। हनुमान सेतु से निशातगंज तक 1.8 किलोमीटर लम्बाई में बंधा चौड़ीकरण व 4 लेन सड़क निर्माण शुरू करा दिया गया है। लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि इसी तरह निशातगंज में 210 मीटर लम्बे 4 लेन ब्रिज का निर्माण 49 करोड़ रुपये कराया जा रहा है, जिसका लगभग 65 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। निशातगंज से कुकरैल पुल के बीच लगभग 1 किलोमीटर लम्बाई में बंधा चौड़ीकरण व 4 लेन सड़क निर्माण का काम 35 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह कुकरैल नदी पर 50 करोड़ की लगात से 240 मीटर लम्बाई में बनाए जा रहे 4 लेन ब्रिज का काम 60 प्रतिशत पूरा हो गया है। कुकरैल पुल से बैकुण्ठ धाम के बीच 330 मीटर लम्बे 4 लेन ब्रिज निर्माण के लिए टेण्डर जारी कर दिया गया है। आवास आयुक्त ने परियोजना के तहत किये जा रहे सभी कामों को निर्धारित अवधि में पूरा करने के निर्देश दिये, जिससे शहरवासी जल्द से जल्द इनका लाभ उठा सकें। आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने बसंत कुंज योजना के सेक्टर-जे में 65 एकड़ में बनाए जा रहे राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान लविप्रा उपाध्यक्ष ने बताया कि परियोजना के लिए शासन ने 165 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं, जिसके तहत महापुरुषों की मूर्तियां स्थापित करने सहित 90 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। इसके अलावा म्यूजियम क्यूरेशन, सिंथेटिक ट्रैक व हॉर्टीकल्चर के कुछ काम अलग से कराए जाने हैं, जिनके लिए संशोधित डीपीआर शासन को स्वीकृति के लिए भेजी गयी है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल में 2 आर्मी टैंक प्रदर्शित किये जाएंगे।

## वर्ल्ड कैंसर डे पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**लखनऊ।** वर्ल्ड कैंसर डे के अवसर पर मंगलवार को जकात एण्ड चैरिटेबल फाउण्डेशन और ह्यूमन वेलफेयर फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में मोअज्जम नगर में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मौजूद चिकित्सकों ने 80 से अधिक मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर और सामान्य स्वास्थ्य जांच की। शिविर का उद्देश्य कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरुकता बढ़ाना और लोगों को इसकी रोकथाम के उपायों से अवगत कराना था। शिविर में जकात एण्ड चैरिटेबल फाउण्डेशन की ओर से डॉ. सुहैल अहमद, जफरुद्दीन अंसारी, मोहम्मद आरिफ, कोआर्डिनेटर असद अली ने मरीजों की जांच कर सलाह दी। वहीं ह्यूमन वेलफेयर फाउण्डेशन की ओर से आस मोहम्मद शिविर में मौजूद थे। शिविर में कैंसर के लक्षण, कारण और बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि तम्बाकू, धूम्रपान और अस्वास्थ्यकर जीवनशैली कैंसर का प्रमुख कारण हैं। कैंसर का समय रहते पता चल जाए तो इलाज संभव है।

## वित्तीय मामलों की जांच कर निर्माण शुरू किया जाये

- विलम्ब के लिए दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी: जयवीर सिंह



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्माण के लिए प्रस्तावित सभी परियोजनाओं की डीपीआर तथा अन्य वित्तीय मामलों को विधिवत जांच करने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाये। उन्होंने कहा कि किसी भी विवादित जमीन का प्रस्ताव तैयार न किया जाये। उन्होंने कई योजनाओं की टेण्डर प्रक्रिया की गति धीमी पाये जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि विलम्ब के लिए दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी। उन्होंने एक प्रकरण में जिलाधिकारी मिर्जापुर को निर्देश दिये कि एक विवादित मामले को यथाशीघ्र हल करायें। मंत्री ने राजकीय अभिलेखागार संस्कृति विभाग की वार्षिक पत्रिका पहल और राजकीय संग्रहालय की पत्रिका अन्वेषणम का विमोचन किया। जयवीर सिंह पर्यटन तथा संस्कृति विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कई परियोजनाओं की स्वीकृति मिलने के बाद भी टेण्डर न किये जाने पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि डीपीआर को पूरी सावधानी के साथ तैयार किया जाये। किसी भी दशा में डीपीआर को संशोधित अथवा पुनसंशोधित न किया जाये। उन्होंने उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा बार बार डीपीआर की धनराशि बढ़ाने एवं केन्द्र सरकार द्वारा कराये गये 5.5 करोड़ रुपये की परियोजना को स्टीमेट में शामिल करने पर जांच के निर्देश दिए और कहा कि जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये।

## वाहनों के बकाया टैक्स का जुर्माना जमा करने की अंतिम तिथि आज

**लखनऊ।** 5 फरवरी को परिवहन विभाग में वाहनों के बकाया टैक्स का जुर्माना जमा करने के लिए एकमुश्त समाधान योजना ओटीएस की अंतिम तारीख है। ओटीएस के तहत लखनऊ में मात्र 5.12 प्रतिशत बकायेदारों ने इस सुविधा का लाभ लिया है। परिवहन अधिकारियों के मुताबिक वाहन स्वामियों के लिए ओटीएस योजना की तिथि बढ़ाई जा सकती है। लखनऊ में एक नवम्बर 2024 तक 62746 वाहनों पर 14703.28 लाख रुपये का बकाया था। चार फरवरी तक 2747 वाहन स्वामियों ने ओटीएस के लिए आवेदन किया और इसमें से 2632 ने 753.4 लाख रुपये जमा किए। यह कुल बकाया का 5.12 प्रतिशत टैक्स ही है। पूरे प्रदेश में 806695 वाहनों का 226531.69 लाख रुपये का टैक्स बकाया था। इसमें से करीब 52255 वाहन स्वामियों ने 12286.05 लाख रुपये का भुगतान किया है। ओटीएस योजना का लाभ लेने के लिए तिपहिया और हल्के वाहनों के लिए फीस 200 रुपये और भारी वाहनों के लिए 500 रुपये निर्धारित है।

## अवैध रूप से संचालित मोटर वर्कशॉप और कार वॉशिंग सेंटर पर होगी कार्रवाई




**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण अपनी आवासीय योजनाओं में अवैध रूप से संचालित मोटर वर्कशॉप और कार वॉशिंग सेंटर आदि के खिलाफ कार्रवाई करेगा। प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने लोगों को मोटर वर्कशॉप से होने वाली असुविधा को देखते हुए इस संबंध में आदेश जारी किये हैं। इसके तहत सभी जोनल अधिकारी अपनी टीम के साथ अपने-अपने क्षेत्र में अभियान चला कर अवैध रूप से संचालित मोटर गैराज के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण की विभिन्न आवासीय योजनाओं में लोगों ने खाली भूखण्डों पर अवैध रूप से मोटर वर्कशॉप, कार डेकोर, कार वॉशिंग सेंटर खोल रहे हैं, जहां रोज स्थानीय नागरिकों को सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहनों से कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसी के साथ वाहनों का आवागमन भी बाधित होता है। कार वॉशिंग सेंटर में गाडियों की धुलाई से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर भरता है, जिससे क्षेत्रीय लोगों को परेशानी होती है। उपाध्यक्ष ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान गोमती नगर, अलीगंज, जानकीपुरम, महानगर और आशियाना आदि के कई ऐसे प्रकरण सामने आए जहां आवंटियों ने आवासीय भू-उपयोग में अवैध रूप से संचालित मोटर-गैराज व कार स्पा से होने वाली परेशानी को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। इसे ध्यान में रख प्राधिकरण की योजनाओं में अवैध रूप से संचालित मोटर वर्कशॉप व कार वॉशिंग सेंटर के खिलाफ अभियान चला कार्रवाई के आदेश दिये गये हैं। लविप्रा सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि सभी जोनल अधिकारियों को प्रवर्तन टीम के साथ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर ऐसे अवैध मोटर वर्कशॉप और कार वॉशिंग सेंटर को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं। खाली भूखण्डों से हटेंगी अवैध झुग्गी-झोपड़ी लविप्रा की योजनाओं में खाली पड़े भूखण्डों पर अवैध रूप से बनी झुग्गी-झोपड़ी के खिलाफ भी अभियान चलेगा। प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान आवंटियों ने घर के पास खाली भूखण्डों पर अवैध रूप से झुग्गियों के खिलाफ लगातार शिकायत की जाती है।

## कैंसर दिवस पर संगोष्ठी

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेंद्रनाथ के नेतृत्व में विश्व कैंसर दिवस पर ऐशबाग स्थित रेलवे पॉलीक्लिनिक में अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.संजय तिवारी की उपस्थिति में संगोष्ठी हुई। यूनाइटेड बाई यूनीक थीम के माध्यम से आम जनमानस को यह समझाना है कि कैंसर सिर्फ इलाज से नहीं जीता जा सकता है, बल्कि यह एक ऐसी लड़ाई है जिससे हमें मिलजुल कर लडना् हैए और जड़ से खत्म करना है। संगोष्ठी में अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय तिवारी ने कैंसर के प्रकार, लक्षण एवं बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंनें बताया कि मुंह का कैंसर, स्तन कैंसर और लिवर कैंसर आदि से बचाव के लिए परिवार के स्वास्थ्य इतिहास को जानें और अनुशासित होकर कैंसर की जांच करवाये, तम्बाकू का प्रयोग न करें, अपनी त्वचा को धूप से बचायें, हरी सब्जी खाय्रें शराब से बचें, अपने शरीर के वजन की निगरानी रखें और नियमित व्यायाम कर शारीरिक रूप से सक्रिय रहें, असुरक्षित यौन संबंध और जोखिम भरे व्यवहार से बचें। इस अवसर पर डॉ. मोहित, डॉ. रुचिका किशोर तथा बड़ी संख्या में पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य रेलकर्मियों तथा परिजनों ने भाग लिया।